अन्य*	13.789	0.000	0.000	0.000	0.224	0.597	14.611
कुल	**59.252**	**0.807**	**1.156**	**6.641**	**0.224**	**0.597**	**68.677**

* अन्य के अंतर्गत स्पॉट ई–ऑक्शन, भूतपूर्व नॉन–कोर ग्राहक, स्पंज लोहा, सी.पी.पी. एवं राज्य ऐजेंसियाँ।



4. कोयला–भंडार :

दिनांक 31.03.2018 को 13.469 मिलियन टन कोयला–भंडार* की तुलना में 31 मार्च 2019 को अपरिष्कृत कोयले का भंडार 13.745 मिलियन टन था ।

(*सभी उत्पादक ईकाइयों, कोयला परिष्करण इकाईयों एवं कोक संयंत्रों में अपरिष्कृत कोयला–भंडार)

5. सकल विक्रय तथा विक्रय–प्राप्ति :

वर्ष 2018–19 के दौरान कंपनी का सकल विक्रय 16,343.92 करोड़ रूपये एवं विक्रय–प्राप्ति 17,870.10 करोड़ रूपये रही (सभी ग्राहकों से प्राप्य अग्रिम राशि सहित)। 31 मार्च 2019 तक कर्जदारों(कुल) की क्षेत्रवार सारणी निम्नवत है :

(आंकड़े करोड़ रूपये में)

क्षेत्र	31.03.2019 तक	31.03.2018 तक
उर्जा	1338.09	923.07
इस्पात	800.20	984.48
अन्य	40.33	58.93
कुल	**2178.62**	**1966.48**

6. एचइएमएम की संख्या एवं उपलब्धियां :

31.03.2018 की तुलना में सीसीएल की मशीनीकृत खुली खदानों में 31.03.2019 को एचईएमएम की संख्या निम्नवत है:

एचईएमएम	संख्या (निम्न तिथि तक)	
	31.03.2019	**31.03.2018**
शॉवेल	104	116
डंपर	421	429
डॉजर	164	142
ड्रिल	116	105
कुल	**805**	**792**

एचईएमएम	% उपलब्धता			% उपयोगिता		
	मानक	वास्तविक		मानक	वास्तविक	
		2018-19	2017-18		2018-19	2017-18
शॉवेल	80	75.2	79.9	58	40.9	40.4
डंपर	67	72.9	77.2	50	35.4	36.1
डॉजर	70	73	67.1	45	20.8	21.2
ड्रिल	78	83.3	83.7	40	28.2	28.3

7. प्रणाली धारिता उपयोगिता :

वर्ष 2018–19 में 01.04.18 को आकलित प्रणाली धारिता	खुली खदान से उत्पादन की प्राप्ति(2018–19) (औपबंधिक)			% धारिता उपयोग	
	कोयला (एम.टी.)	ओबीआर (एम.एम.^{3})	कम्पोजिट (एम.एम.^{3})	**2018-19**	**2017-18**
179.15	68.407	100.47	144.036	80.40	78.20

8. कोयला विपणन :

8.1 एएपी के अनुसार मांग पूर्ति

(आंकड़े मिलियन टन में)

क्षेत्र	2018 - 19			2017 - 18			विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि %
	मांग (एएपी)	प्रेषण	% संतुष्टि	मांग (एएपी)	प्रेषण	% संतुष्टि	
	2018-19	**2018-19**	**2018-19**	**2017-18**	**2017-18**	**2017-18**	
स्टील(स्टील सीपीपी सहित)	3.114	1.600	**51%**	3.810	2.027	**53.20%**	**-21.1%**
उर्जा	51.000	52.379	**103%**	45.000	49.589	**110.20**	**5.6%**
उर्वरक	0.350	0.087	**25%**	0.250	0.148	**59.20**	**-41.2%**
अन्य	14.236	14.611	**103%**	21.440	17.080	**79.66**	**-14.5%**
कुल	**68.700**	**68.677**	**100%**	**70.500**	**68.844**	**97.65**	**-0.24%**

8.2 वैगन लोडिंग :

वर्ष 2018–19 एवं 2017–18 में कोलफील्डवार लोडिंग की वस्तुस्थिति निम्न सारणी में दी गयी है :

(आंकड़े रेक/दिन में)

रेलवे क्षेत्र	2018-19	2017-18	गत वर्ष सापेक्ष वृद्धि %
दक्षिणी कर्णपुरा	6.2	7.3	30%
उत्तरी कर्णपुरा	15.2	16.3	–73%
उप–योग कर्णपुरा	**21.4**	**23.6**	**–41%**
झरीया	8.1	6.7	125%
कुल ई.सी. रेलवे	**29.5**	**30.3**	**–4%**
गिरीडीह	0.4	0.6	–33%
कुल पूर्व रेलवे	**0.4**	**0.6**	**–33%**
रांची	0.7	0.7	0%
कुल एस.ई.रेलवे	**0.7**	**0.7**	**0%**
सकल सीसीएल	**30.6**	**31.6**	**–5%**

8.3 कोयले की ई–नीलामी

2018–19 की अवधि के दौरान स्पॉट ई–नीलामी का प्रदर्शन निम्नानुसार है:

अवधि	स्पॉट ई–नीलामी योजना	प्रस्तुत मात्रा (मिलियन टन)	बुक मात्रा (मिलियन टन)	अधिसूचित मूल्य के ऊपर लाभ (लाख में रु)	अधिसूचित मूल्य के ऊपर लाभ %
2018–19	रेलमार्ग	0	0	0	0
	भूमार्ग	7.873	6.436	76085	90
	स्लरी	0.287	0.219	3396	87
	रिजेक्ट्स	0.380	0.380	3312	108
कुल		8.540	7.035	82793	91

2018–19 के दौरान, स्पॉट ई–नीलामी हेतु प्रस्तुत अपरिष्कृत कोयला कुल उत्पादन का लगभग 12.4% रहा।

9. कोयले का चूर्णनः

2018–19 में फीडर ब्रेकरों और कोल हैंडलिंग प्लांट के माध्यम से लगभग 10.3 मि.टन कोयले को चूर्णन किया गया जोकि 2017–18 में लगभग 9.12 मि.टन था। 2017–18 के समान उपस्करों की संख्या होते हुए भी चूर्णन में 11.45% की वृद्धि दर्ज की गई है जिसमे प्रमुख योगदान ढोरी क्षेत्र के तारमी – अमलो साइडिंग और उ.कर्णपुरा क्षेत्र की के.डी.एच परियोजना का है।

10. तुलन–गृहों का प्रदर्शन :

सीसीएल की वर्तमान रोड–वेब्रिजों के स्थानांतरण से परिसंपत्ति का कुशल उपयोग होगा। प्रेषण को गति प्रदान करने हेतु मगध और आम्रपाली जैसी अतिमहत्वपूर्ण परियोजनाओं में रोड–वेब्रिजों की संख्या बढ़ाकर 25 कर दी गई है ।

न्यू बालूमाथ साइडिंग में 02 रेल–वेब्रिजों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे टोरी–शिवपुर मार्ग पर वजनीकरण की आवश्यकताओं की पूर्ती होगी।

04 स्थानों पर नये 120 इन–मोशन रेल–वेब्रिजों की स्थापना की गई हैं – अमलो, तारमी, कुजू न्यू साइडिंग और कथारा(पश्चिम)।

13 इन–मोशन रेल–वेब्रिजों की स्थापना प्रक्रियाधीन है ।

भविष्य में विशाल वाहनों के समायोजन और स्थापन–पश्चात बेहतर सेवाओं के प्रयोजन से रोड–वेब्रिजों के तकनीकी विनिर्देशन को पंचवर्षीय व्यापक रख–रखाव अनुबंध (सीएएमसी) सहित 60 टन (प्लेटफॉर्म आकार 9मी x 4.5 मी) को 100 टन (प्लेटफॉर्म आकार 16 मी x 3.5 मी) में स्तरोन्नत किया गया है ।

स्तरोन्नत खूबियों के साथ 100 टन के 36 रोड–वेब्रिजों का क्रय प्रक्रियागत है।

06 वर्षीय व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) सह आरडीएसओ का अनुपालन करने वाले 140 टन क्षमता के 14 रेल–वेब्रिजों का क्रय प्रक्रियागत है ।

तुलनगृहों के संचालन में सुधार और ब्रेकडाउन अवधि को कम करने हेतु सीसीएल में रोड एवं रेल–वेब्रिज के संचालन और रखरखाव से सम्बद्ध एक मानक संचालन प्रक्रिया कार्यान्वित की गई है।

10.1 सौर परियोजनाएं :

सीसीएल,मुख्यालय के दरभंगा हाउस परिसर के छह भवनों में 400 केडब्लूपी की क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली का इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग कर ली गयी है जो सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

सी.सी.एल ने गांधीनगर अस्पताल की चार इमारतों में कुल क्षमता 220 कि.वाट.पीक के रूफ–टॉप ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्र को लगाने एवं प्रारंभ करने हेतु कार्य–आदेश निर्गत किया है । सीआरएस,बरकाकाना परिसर की विभिन्न इमारतों में बैटरी बैकअप के साथ रूफ–टॉप ग्रिड से जुड़े 125 कि.वाट.पीक की क्षमता वाले सौर–उर्जा संयंत्र और अधिकारी आवास,कथारा में रूफ–टॉप ग्रिड से जुड़े 50 कि.वाट.पीक की क्षमता वाले सौर–उर्जा संयंत्र का इंस्टालेशन किया जा रहा है.

केंद्रीयकृत निविदाकरण हेतु सीसीएल की आगामी रूफ–टॉप सौर परियोजनाएं – महाप्रबंधक कार्यालय, कुजू क्षेत्र के छत के ऊपर ग्रिड से जुड़े 90 कि.वाट.पीक की क्षमता वाले सौर–ऊर्जा संयंत्र और रजरप्पा टाउनशिप अस्पताल की छत के ऊपर रूफ–टॉप ग्रिड से जुड़ी 250 केडब्लूपी की कुल क्षमता सौर–ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु सी.आई.एल, मुख्यालय को अवगत कराया गया।

रूफ–टॉप सौर परियोजनाओं के अतिरिक्त, सीसीएल ने मेसर्स एनटीपीसी को पी.एम.सी सेवाओं के लिए सी.एच.पी/सी.पी.पी, पिपरवार के आरएलएस के बल्ब क्षेत्र के भीतर 20 एमडब्लूपी सौर–ऊर्जा संयंत्र के लिए कार्य–आदेश जारी किया गया जिसके स्थापना की प्रत्याशा 2019–20 में है।

10.2 चुरी भूमिगत परियोजना का कन्टीनियुअस माइनर प्राद्योगिकी के साथ संचालन प्रारंभ ।

दिनांक 24.03.2019 से इस परियोजना का संचालन प्रारंभ किया गया है। कन्टीनियुअस माइनर प्राद्योगिकी प्रयोग करने वाली यह सीसीएल की प्रथम वृहत भूमिगत परियोजना है। उपकरण आपूर्ति और फेस उपकरण का संचालन नौ वर्षों के लिए किराया–प्रणाली पर उपलब्ध कराया गया है।

इस परियोजना के सफल संचालन हेतु प्रमुख विभागीय इंस्टालेशन निम्नलिखित है :

क) 08 की संख्या में फेस से सतह तक 1000 मिमी बेल्ट कन्वेयर सिस्टम की आपूर्ति एवं स्थापना ।

ख) 33 किलोवाट की नवीन उर्जा आपूर्ति प्रणाली सहित 02 की संख्या में 33 केवी फीडर की ड्राइंग ।

ग) पीवी – 200 के समकक्ष वेंटिलेशन पंखा (ऑपरेशन हेतु 01 एवं स्टैंडबाय के लिए 01) की स्थापना ।

घ) नवीनतम तकनीकी युक्त ट्रैकलेस मैन एंड मटेरियल ट्रांसपोर्टेशन प्रणाली को अंगीकृत एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैन राईडिंग हेतु दो एफएसवी(फ्री स्टीयरड व्हीकल) एवं मेटेरियल परिवहन हेतु 10टन एमयूवी(मल्टी यूटिलिटी व्हीकल) का क्रय प्रक्रियागत है।

परियोजना पर्यवेक्षण, भूमिगत कोयला परिवहन, भूमिगत पम्पिंग, वेंटिलेशन, विद्युत आपूर्ति आदि की जिम्मेदारी सीसीएल के अधीन है।

10.3 उर्जा–उपभोग में कमी :

2017–18 की तुलना में वर्ष 2018–19 में ऊर्जा की खपत में 3.25% की कमी आई है। 2017–18 के दौरान सी.सी.एल की बिजली खपत 735.27 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे थी जबकि 2018–19 में सी.सी.एल द्वारा बिजली की खपत 711.33 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे रहीं।

11. उपभोक्ता–संतुष्टिः

सीसीएल का मुख्य ध्येय उपभोक्ता की संतुष्टि है। सभी उपभोक्ताओं को उत्तम गुणवत्ता के 100% चूर्ण कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं। सीसीएल कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार (–100 मि.मि.) आकार के कोयले की आपूर्ति कर रहा है।

सीसीएल मुख्यालय एवं इसके प्रत्येक क्षेत्र में सुप्रशिक्षित अधिकारीगण युक्त पूर्ण विकसित गुणवत्ता–प्रबंधन विभाग है । मुख्यालय तथा प्रत्येक क्षेत्र में सैम्पलिंग एवं विश्लेषण हेतु पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सुसज्जित प्रयोगशालाएं मौजूद हैं। विभिन्न प्रयोगशालाओं में जी.सी.वी. के निर्धारण हेतु वर्तमान में 11 स्वचालित बम कैलोरीमीटर प्रयोग में लाये जा रहें हैं। मुख्यालय की केन्द्रीय प्रयोगशाला तथा पिपरवार क्षेत्र की क्षेत्रीय प्रयोगशाला को एन.ए.बी.एल. से मान्यता मिली हुई है । कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार ईंधन आपूर्ति समझौते (एफएसए) के अन्तर्गत विद्युत गृहों को प्रेषित कोयले की सैम्पलिंग एवं विश्लेषण हेतु सिम्फर को थर्ड पार्टी के रूप में रखा गया है । फॉरवर्ड ऑक्शन (उर्जा), लिंकेज ऑक्शन (गैर–उर्जा) एवं स्पॉट ऑक्शन के तहत डिस्पैच कोयले की सैम्पलिंग एवं विश्लेषण हेतु थर्ड पार्टी एजेंसी के रूप में क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इण्डिया को लगाया गया है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी निवारण हेतु यहाँ उपयुक्त प्रणाली उपलब्ध है। गुणवत्ता संबंधी सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।

12. वर्ष 2018–19 में सीसीएमसी विभाग का प्रदर्शन एवं उपलब्धियां :–

1. वित्त वर्ष 2018–19 में सी.एम.पी.डी.आई.एल के सहयोग से सी.सी.एल की 31 खुली खदानों में विशिष्ट डीजल खपत की बेंचमार्किंग की गई, एवं ईंधन संरक्षण के लागू करने हेतु उनकी अनुशंसा समस्त संबंधित क्षेत्रों में परिचालित किए गए ।

2. सी.सी.एल की परियोजनाओं में डीजल खपत की निरंतर एवं सख्त निगरानी के परिणामस्वरुप कुल डीजल खपत एवं विशिष्ट डीजल खपत में कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में एच.ई.एम.एम. में कुल डीजल खपत 51811 किलो लीटर है जबकि वित्त वर्ष 2017–18 में यह 54268 कि.ली. था। इस प्रकार वित्त वर्ष 2017–18 की तुलना में इस वित्त वर्ष 2018–19 में 2457 किलो लीटर डीजल खपत में कमी आई है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2018–19 में दर्ज की गई विशिष्ट डीजल खपत 1.03 लीटर प्रति क्यूबिक मीटर है, जो कि सी.एम.पी.डी.आइ.एल द्वारा निर्धारित 1.07 लीटर प्रति क्यूबिक मीटर की तुलना में 3.25 प्रतिशत अधिक है ।

3. वित्तीय वर्ष 2018–19 में बिजली की कुल खपत 711.33 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे रही, जबकि वित्त वर्ष 2017–18 में यह 735.27 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे थी, यह दर्शाता हैं कि वित्त वर्ष 2017–18 की तुलना से वित्त वर्ष 2018–19 में 23.94 मिलियन किलो वाट प्रति घंटे कम बिजली खपत हुई है और इस प्रकार इसमें 3.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई हैं।

4. सी.सी.एल की विभिन्न परियोजनाओं से इंजन एवं ट्रांसमिशन में प्रयुक्त होने वाले 165 तेल नमूनों के परीक्षण हेतु आई.ओ.सी., एच.पी.सी.एल. और बी.पी.सी.एल. को प्रेषित किया जाता है तथा उन रिपोर्टों की आवश्यक कार्यवाई हेतु संबधित परियोजनाओं को अग्रेषित किया जाता है ।

5. प्रयुक्त विभिन्न तेलों के विश्लेषण हेतु तीन पार्टिकल काउंटर इंस्ट्रूमेंट और टीएएन, टीबीएन, नमी की मात्रा निर्धारण करने वाले यंत्र खरीदे गए हैं। एचईएमएम के विभिन्न उप–उपस्करों की समयपूर्व खराबी से रोकथाम एवं लुब्रीकेटिंग तेलों में मिलावट की जांच हेतु सीसीएल में तीन आरआर शॉप उत्तरी तापिन, कथारा और डकरा में लगाने की प्रक्रिया जारी है।

6. वर्ष 2017–18 की वार्षिक ऊर्जा लेखा का संकलन कर नवंबर 2018 में एक पुस्तक प्रकाशित कि गई और समस्त सबंधित को परिचालित किया गया।

7. सी.सी.एल के उरीमारी एवं अशोक परियोजना में डीजल वितरण मशीन के ऑटोमेशन को पूर्ण कर लिया गया है, और द्वितीय चरण में (i) रजरप्पा, (ii) परेज(पूर्व) (iii) तापिन(उत्तरी) (iv) करमा (v) पिपरवार (vi) केडी हेसालॉग एवं (vii) पूरनाडीह परियोजना में डीजल वितरण यंत्र को स्वचालित करने का कार्य प्रगति पर है।

8. सूचना एवं प्रौद्योगिकी पहल के अंर्तगत सी.सी.एल के सभी डीजल वितरण इकाईयों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली लगाई गई है जो डीजल की प्राप्ति, निर्गम, भंडारण एवं खपत के संदर्भ में मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एस.ओ.पी) में शामिल हैं। सी.सी.एल की सभी क्षेत्रों में अनुपालन हेतु यह संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) परिचालित की गई हैं।

13. इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विभाग

'डिजिटल भारत' के युग में, ईएंडटी विभाग किसी संगठनात्मक निकाय के संवेदी प्रत्यंग (आँख,नाक,गले) के समान है। इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विभाग द्वारा कई क्रांतिकारी परियोजनाएं कार्यान्वित की गयीं हैं । इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से दैनिक सम्प्रेषण सुगम हुआ है जिसके कारण हमारे वृहत प्रसरित क्षेत्र करीब आयें है तथा कोयला प्रेषण एवं परिवहन में पारदर्शिता आई है। कुछ प्रमुख कार्य निम्नानुसार हैंः–

13.1 सीसीएल कमान क्षेत्रों में आरएफआईडी युक्त सीसीटीवी आधारित वजन नियंत्रण एवं निगरानी प्रणाली और जीपीएस/ जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम :

सुरक्षित खानों की उत्पादकता अधिक होती हैं अतएव सीसीएल ने जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी आधारित वजन नियंत्रण और आर.एफ.आई.डी. निगरानी प्रणाली की सहायता से अपनी खानों को सुरक्षित, उत्पादक और प्रभावकारी बनाने की पहल की है। कोयला मंत्रालय ने जी.पी.एस. (ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम) के माध्यम से सीआईएल के सभी खदानों के भीतर एवं खादानों से रेलवे साइडिंग या वाशरी भेजे जाने वाले समस्त कोयले की निगरानी करने का निर्देश दिया है ।

सी.आई.एल. पर्यावरणानुकूल उत्पादन तकनीक के प्रयोग पर निरंतर जोर दे रहा है, साथ ही साथ कर्मचारियों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और कोयला–उत्पाद की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जा रहा है । सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु, मेसर्स ऑरेंज बिजनेस सर्विसेज इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा सीसीएल में 36.31 करोड़ की कुल लागत से एकीकृत प्रणाली लगायी गयी हैं। कार्य–आदेश के तहत विभागीय ट्रक, डंपर्स और प्राइवेट टिपर्स की ट्रैकिंग शामिल है, 112 रोड वेब्रिजों में सीसीटीवी के साथ आर.एफ.आई.डी. निगरानी प्रणाली, 52 परियोजना कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण और 11 क्षेत्रीय कार्यालयों में 24´7 नियंत्रण कक्ष जिसकी निगरानी के लिए केंद्रीय नियंत्रण–कक्ष सीसीएल(मुख्यालय), रांची में होगा । परियोजना 5 साल के लिए किराये के आधार पर है। दो चरणों में परियोजना का कार्यान्वयन किया गया है :

प्रथम चरण – उत्तरी कर्णपुरा और पिपरवार क्षेत्र

द्वितीय चरण – अन्य सभी क्षेत्र (अरगडा, बोकारो–करगली, बरका सयाल, ढोरी, हजारीबाग, कथारा, कुजू, रजहरा और रजरप्पा)

आर.एफ.आई.डी आधारित समेकित जी.पी.एस. / जी.पी.आर.एस. आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली जैसे स्वचालित बूम–बैरियर आदि और वेब्रिजों के नियंत्रण / निगरानी के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली प्रारंभ की गयीं है। परियोजना का रेंटल फेज 01.06.18 से प्रारंभ हो चुका है. जैसा कि सभी क्षेत्रों में पर्याप्त इन्टरनेट लीज लाइन बैंडविड्थ उपलब्ध है, सीसीएल ने सभी 112 रोड वेब्रिजों के सीसीटीवी कैमरों से सजीव फुटेज प्राप्त करने का प्रबंध किया है जिनकी केन्द्रीयकृत निगरानी सीसीएल,मुख्यालय से की जा रही है। उपर्युक्त 11 क्षेत्रों के अतिरिक्त, मगध–आम्रपाली के सीसीटीवी कैमरों की भी निगरानी सीसीएल, मुख्यालय द्वारा की जा रही है। डैशबोर्ड अलर्ट का विश्लेषण क्षेत्र एवं सीसीएल,मुख्यालय दोनों के स्तर पर किया जाता है एवं उत्पन्न अलेर्टों की संख्या न्यून करने हेतु क्षेत्र स्तर पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट मासिक तौर पर प्राप्त किया जाता है। यह योजना चोरी रोकने तथा संपूर्ण डिस्पैच की परिचालन क्षमता की वृद्धि में सहायक सिद्ध होगी। इस प्रणाली को लागू करने से श्रमिकों और खानों के आसपास काम करने वाले लोगों की सुरक्षा में सुधार करने में सहायता प्राप्त होती है, ट्रक चालकों द्वारा ड्राइविंग नियमों के अनुपालन में सुधार और अनियंत्रित वाहन परिचालन के कारण होने वाली दुर्घटना, ट्रक की गति में नियंत्रण और ओवरलोडिंग से बचाव होता है।

13.2 सीसीएल का वैन / लैन नेटवर्क

केंद्रीकृत इकाइयों एवं रांची स्थित मुख्यालय सहित सीसीएल 12 क्षेत्रों में कार्यरत है। वैन / लैन की कनेक्टिविटी दूरस्थ क्षेत्रों में अवस्थित समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजना कार्यालयों, वेब्रिजों (भूमार्ग एवं रेल), क्षेत्रीय स्टोर और केंद्रीकृत इकाइयों में प्रदान की जाती है. सभी इकाइयों, परियोजनाओं, रोड तथा रेल वेब्रिजों और सीसीएल के क्षेत्रीय भंडार से सीसीएल(मुख्यालय) को डेटा ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध है । मेसर्स टेलीकम्यूनिकेशन कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा 5 साल के लिए किराये के आधार पर सीसीएल में वैन लगाया गया । मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड एमपीएलएस, वीएसएटी और आईएलएस के लिए बैंडविड्थ की सेवा प्रदान कर रहा है। प्रत्येक कमान क्षेत्र, क्षेत्रीय स्टोर और केंद्रीकृत इकाईयों को ओएफसी या आरएफ लिंक के माध्यम से 2 एमबीपीएस का एमपीएलएस दिया जाता हैं और सीसीएल (मुख्यालय) में 10 एमबीपीएस का एमपीएलएस और 10 एमबीपीएस आईएलएल लिंक है, जिसकी आवश्यकता अब नहीं है । वैन पॉइंट 176 स्थानों पर दिया गया है . क्षेत्रीय कार्यालय के सभी वैन पॉइंट में लैन पोर्ट के न्यूनतम 20 पोर्ट हैं और सभी परियोजना कार्यालयों में लैन के 5 पोर्ट दिये जाते हैं। भविष्य में किसी भी डेटा आधारित नेटवर्क का विकास लैन / वैन प्लेटफॉर्म के संचार नेटवर्क पर ही किया जायेगा ।

यह प्रणाली पहले से ही स्थापित है एवं सितंबर'15 से कार्य कर रही है । यह वास्तविक समय में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, केंद्रीय और क्षेत्रीय स्टोर, परियोजना कार्यालयों, केंद्रीय अस्पताल, माइन रेस्क्यू स्टेशन, सभी क्षेत्रीय मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों के मध्य ऑनलाइन डेटा एक्सचेंज को सुनिश्चित करेगा। सीसीएल में सुरक्षा, दक्षता और चोरी की रोकथाम में इस कनेक्टिविटी का उपयोग जीपीएस / जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम और आरएफआईडी सहित सीसीटीवी आधारित वजन नियंत्रण और निगरानी प्रणाली के साथ किया जाएगा। यह प्रणाली सभी परियोजना कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और सीसीएल, मुख्यालय से वास्तविक समय पर वाहनों की निगरानी प्रदान करती है।

13.3 सेकेंडरी वैन नेटवर्क

सीसीएल के समस्त कमान क्षेत्रों में बेहतर वैन कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए मेसर्स टीसीआईएल की मौजूदा वैन नेटवर्क के अतिरिक्त दिनांक 26.02.2018 को मेसर्स बीएसएनएल को कार्य–आदेश जारी किया गया। कुल 57.09 करोड़ रुपये की लागत के साथ इस नेटवर्क के अंतर्गत 5 साल तक किराये पर 279 लिंक उपलब्ध रहेंगे । सीसीएल मुख्यालय में 100 एमबीपीएस एमपीएलएस–वीपीएन लिंक और एमआरएस, रामगढ़ में स्टैंडबाय सर्वर के लिए 40 एमबीपीएस एमपीएलएस वीपीएन लिंक प्रदान किया गया है। 10 एमबीपीएस एमपीएलएस–वीपीएन लिंक का उपयोग समस्त क्षेत्रीय मुख्यालय, केंद्रीय इकाइयों और क्षेत्रीय स्टोर को सीसीएल मुख्यालय जोड़ने के लिए किया जाएगा। सीसीएल के सम्बद्ध क्षेत्रों एवं विक्रय कार्यालयों, परियोजना अधिकारी कार्यालय, इकाइयों, रोड और रेल वेब्रिज के ऑनलाइन कार्यों हेतु 2 एमबीपीएस लिंक का उपयोग किया जाएगा । इस योजना अंतर्गत 261 लिंकों को सफलतापूर्वक पूर्ण एवं क्रियान्वयन किया गया है ।

13.4 सीसीएल कमान क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी द्वारा निगरानी :

कोयला मंत्रालय और सीवीओ, सीआईएल के निर्देशानुसार कोयला चोरी की किसी भी संभावना की रोकथाम के लिए सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित की गयी है। सीवीओ,सीआईएल के दिशानिर्देशानुसार प्रत्येक क्षेत्र को सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से कवर किया जा रहा है। स्टोर्स, विस्फोटक मैगजीन, प्रवेश–निकास बिंदु, रेल वेब्रिज और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी लगाया जा रहा है।

सीसीएल कमान क्षेत्रों के सभी संवेदनशील स्थलों पर 1423 सीसीटीवी स्थापित किए गए हैं और कार्य कर रहें हैं। सीसीएल कमान क्षेत्रों में सीसीटीवी के माध्यम से रेलवे साइडिंग और कोयला डंप की निगरानी की जा रही है। क्षेत्र के सभी कैंमरो की व्यवस्था / नेटवर्किंग की केन्द्रीयकृत निगरानी क्षेत्रीय मुख्यालय में की जाती है ।

13.5 इंटरनेट लीज लाइनः

सीसीएल द्वारा सीसीएल मुख्यालय और समस्त क्षेत्रों में विभिन्न इन्टरनेट प्रदाताओं के माध्यम से विभिन्न बैंडविड्थ की इंटरनेट लीज लाइन प्रदान की है। सीसीएल मुख्यालय में प्रदत्त इंटरनेट भी वैन / लैन के माध्यम से केंद्रीकृत इकाइयों तथा सभी आवश्यक स्थानों पर दिया गया है। इंटरनेट लीज लाइनों का व्यापक उपयोग वाई–फाई, बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली, वीटीएस, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई–खरीद / ई–निविदा, वेब ब्राउजिंग इत्यादि में किया जाता है ।

सीसीएल,मुख्यालय द्वारा मेसर्स सिफी टेक्नोलॉजी लिमिटेड से ई–निविदा द्वारा 310 एमबीपीएस बैंडविडथ का आईएलएल सर्वोत्तम बाजार मूल्य रु0 9,97,100,00 में खरीदा गया, जबकि इसकी प्राक्कलित राशि रु0 53,00,000.00/– थी । सीसीएल मुख्यालय में मेसर्स सिफी टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा आईएलएल बैंडविड्थ को 30 एमबीपीएस

से 155 एमबीपीएस में स्तरोन्नत किया गया है जिसका प्रयोग लैन के वितरण में किया गया . इसके अलावा मेसर्स ऑरेन्ज बिजनेस सर्विसेज द्वारा प्रदत्त जीपीएस/जीपीआरएस, आरएफआईडी, विडियों कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम एवं बायोमिट्रिक उपस्थिति प्रणाली हेतु आईएलएल बैंडविड्थ को मेसर्स सिफी द्वारा 30 एमबीपीएस से 155 एमबीपीएस में स्तरोन्नत किया गया है। गिरीडीह एवं रजहारा के अतिरिक्त सभी क्षेत्रों में न्यूनतम 10 एमबीपीएस का आईएलएल बैंडविडथ है।

13.6 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली : मुख्यालय एवं क्षेत्र

वर्ष 2017 के नवंबर महीने से सीसीएल के समस्त 12 क्षेत्र, केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना और सीसीएल,मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली स्थापित एवं परिचालित है। रिकॉर्डिंग सर्वर एवं सेंट्रल स्ट्रीमिंग के साथ मास्टर कंट्रोल यूनिट (एमसीयू) सीसीएल मुख्यालय, रांची में स्थापित है। सभी दूरस्थ स्थानों में 01 वीडियो एंडपॉइंट के साथ एक पब्लिक आईपी, यूपीएस और एक डिस्प्ले यूनिट प्रदान किया गया हैं। यह प्रणाली आईएलएल पर काम करती है, जिसके कारण सीआईएल(कोलकाता) की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के एमसीयू और सार्वजनिक आईपी की किसी भी वीसी सिस्टम से कनेक्ट किया जा सकता है।

विगत वर्ष, समस्त कार्यकारी निदेशकों, सीवीओ कक्ष एवं गिरिडीह क्षेत्र में वीसी प्रणाली के विस्तार हेतु 9 विडियो एंडपॉइंट्स एवं यूपीएस खरीदे गए.

13.7 स्मार्ट–क्लासः

सीसीएल एवं बीसीसीएल की ''मेरे लाल'' और ''मेरी लाडली'' के लिए वीडियो इंटरैक्टिव सुविधा सहित स्मार्ट–क्लास हेतु मेसर्स बीएसएनएल को 2,21,57,477.00 की राशि का कार्य–आदेश दिया गया । सीसीएल एवं बीसीसीएल के 08 स्थानों पर वीडियो इंटरएक्टिव सुविधा सहित स्मार्ट क्लासरूमों को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। सीआईएल, कोलकाता से 09.09.2017 को माननीय रेल एवं कोयला मंत्री श्री पियूष गोयल ने इसका उद्घाटन किया । प्रथम चरण में, इस प्रणाली का केंद्रीय सर्वर सहित मुख्य स्टूडियो गांधीनगर,रांची में स्थित है जो मेसर्स बीएसएनएल के 20 एमबीपीएस के एमपीएलएस बैंडविड्थ के माध्यम से सीसीएल और बीसीसीएल के 07 स्थानों(धोरी (सीसीएल), बरकाकाना (सीसीएल), डाकरा (सीसीएल), ब्लॉक–2(बीसीसीएल), कतरास(बीसीसीएल), लोदना(बीसीसीएल), कल्याण भवन (बीसीसीएल) से 02 एमबीपीएस एमपीएलएस बैंडविड्थ के माध्यम से जुड़ा हुआ है। परियोजना का द्वितीय चरण जुलाई'19 में पूर्ण कर लिया जायेगा जिसमे उपरोक्त 08 स्थलों पर समान इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित एक अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था की जाएगी।

इस स्मार्ट क्लास के द्वारा दूरूस्त क्षेत्रों के छात्रों को इंजीनियरिंग एवं बोर्ड स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिली है।

14. सुरक्षाः

किसी भी संगठन में संवहनीयता के लिए सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो उद्योग के विकास हेतु सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सुरक्षा विभाग का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों एवं अनिवार्य नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं को शून्य हानि हेतु अंगीकार करना है ।

कंपनी ने वर्ष 2015 और 2016 के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त करके सुरक्षा के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है, जिसका विवरण इस प्रकार है :–

वर्ष	खदान के प्रकार	श्रेणी	खदान के नाम	पुरस्कार
2015	खुली खदान परियोजना	एल. आई. एफ. आर. एम.–टा. इप –3	जरंगडीह	उप–विजेता
2015	खुली खदान परियोजना	एल. आई. एफ. आर. ओ.–टाइप –3 ए	आम्रपाली	उप–विजेता
2016	खुली खदान परियोजना	एल. ए. एफ. पी. –टाइप –3	चयनित ढोरी खदान 1 (कल्याणी परियोजना)	उप–विजेता
2016	खुली खदान परियोजना	एल. आई. एफ. आर. ओ. –टाइप –3 बी	जारंगडीह	विजेता

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान, विभाग द्वारा कई पहल किये गए जिनका निम्नलिखित हैं:–

14.1 सुरक्षा प्रबंधन योजनाः

खुली खदानों एवं भूमिगत खानों में सम्बद्ध खतरे को देखते हुए डीजीएमएस अधिकारियों,खदान कर्मियों और आईएसओ के सिमटार्स (SIMTARS) के प्रशिक्षित विशेषज्ञों के संगठित प्रयासों से सुरक्षा प्रबंधन योजना तैयार की गई है। सुरक्षा संचालन प्रक्रिया बनाकर संबंधित कर्मियों को वितरित की गई है। आवधिक अंतराल पर इसकी समीक्षा की जाती है। यह एक अविरल प्रक्रिया है।

14.2 सीसीएल सुरक्षा बोर्ड की बैठकः

सीसीएल सुरक्षा बोर्ड की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को रोटेशन के आधार पर निदेशक (तक.)(संचा.) की अध्यक्षता में सीसीएल सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ किसी क्षेत्र विशेष में आयोजित की जाती है। यह बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक, सीसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि और आईएसओ अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न होती है । ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि तथा आईएसओ अधिकारीगणों द्वारा निर्धारित बैठक से 15 दिन पूर्व उस क्षेत्र विशेष के प्रत्येक खदान का निरीक्षण किया जाता है । निरीक्षण के आधार पर प्रत्येक खदान की खामियों को दूर करने के लिए खदान प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई संबंधित परियोजना अधिकारी और प्रबंधक द्वारा पॉवरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित की जाती है।

14.3 क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के साथ समीक्षा बैठकः

प्रत्येक महीने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित बैठक में की जाती है। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता निदेशक(तक./संचा.) या निदेशक(तक./यो. एवं परि.) द्वारा की जाती है एवं इसमें क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी तथा आईएसओ अधिकारीगण शामिल होते हैं ।

14.4 सुरक्षा समिति का सुदृढ़ीकरणः

पिट सुरक्षा समिति की दो बैठकें खदान में आयोजित की जाती हैं और किसी एक बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक सम्मिलित होते हैं। त्रिपक्षीय समिति के ट्रेड यूनियन सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाता है। प्रत्येक खदान में, जहां विभागीय और संविदात्मक दोनों का संचालन होता हैं ,खादान की विभागीय बैठक में संविदात्मक श्रमिकों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाता है। अन्य दूसरी बैठक प्राथमिकतः ठेकेदार

की कर्मशाला में आयोजित की जाती है और ठेकेदार के कर्मियों के प्रतिनिधियों की अधिकतम भागीदारी बल दिया जाता है ।

यह सर्वाधिक प्रभावशाली मंच है जहां प्रतिभागी जमीनी स्तर पर अपना बहुमूल्य सुझाव देते हैं।

14.5 आईएसओ का सुदृढ़ीकरणः

दो सिम्तास (SIMTARS) प्रशिक्षित अधिकारियों और एक वरिष्ठ भूवैज्ञानिक के पदस्थापन से आईएसओ को सुदृढ़ किया गया है। ई–8 रैंक अधिकारी की अध्यक्षता में स्ट्रेटा नियंत्रण कोषांग को आईएसओ, सीसीएल मुख्यालय में स्थापित किया गया है, जिनकी सहायता दो वरिष्ठ खनन अधिकारीगण कर रहें है ।

इसके अलावा 10 प्रबंधन प्रशिक्षुओं(भूविज्ञान) को विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया है एवं जो दैनिक कार्य हेतु संबंधित क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को रिपोर्ट करते हैं।

14.6 सुरक्षा ड्राइवः

आईएसओ द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा अभियान इस प्रकार हैं:

(क) दिनांक 12.06.2018 से 28.06.2018 तक संविदात्मक श्रमिकों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा अभियान।

(ख) दिनांक 16.05.2018 से 29.05.2018 तक खुली खादानों के मानसून की तैयारी पर सुरक्षा अभियान ।

(ग) दिनांक 22.05.2018 से 26.05.2018 तक भूमिगत खानों में मानसून की तैयारी पर सुरक्षा अभियान।

14.7 सुरक्षा कार्यशालाः

(क) दिनांक 14.05.2018 एवं 15.05.2018 को "विचार मंच", सीसीएल, मुख्यालय, रांची में सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैप (ट्रिगर्ड रिसपोंस एक्शन प्लान), परिवहन निगम, खुली खदानों में इल्युमिनेशन, शटडाउन प्रक्रिया, एन. जी. आर., ओ. सी. बी. का चरणबद्ध प्रवर्तन, एच. ई. एम. एम. में सुरक्षा सुविधा तथा स्लोप निगरानी पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक, खानों के सभी सुरक्षा अधिकारी, खानों के सभी प्रबंधक, सभी परियोजना अभियंता (ई. एंड एम.)/ (उत्खनन), सभी परियोजना अधिकारी, सभी कोलियरी सर्वेक्षक उपस्थित थे।

(ख) केन्द्रीयकृत सुरक्षा सूचना प्रणाली पर एक दिवसीय कार्यशाला सितम्बर 2018 को विचार मंच, सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित की गई जिसमे सभी प्रबंधकों, सभी क्षेत्रीय सुरक्षा और आईएसओ अधिकारियों ने भाग लिया था।

14.8 कृत्रिम पूर्वाभ्यासः

प्रत्येक भूमिगत खदानों को आवधिक अंतराल पर खदान प्रबंधन द्वारा कृत्रिम पूर्वाभ्यास हेतु संचालित किया जाता है, जिसकी निगरानी आईएसओ अधिकारियों द्वारा की जाती है।

हॉलाकि, आईएसओ अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित कृत्रिम पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया था।

(क) दिनांक 05.10.2018 को भुरकुंडा के भूमिगत खदान में ।

(ख) दिनांक 14.12.2018 को सारुबेरा के भूमिगत खदान में ।

यह अविरल प्रक्रिया है।

14.9 केंद्रीकृत सुरक्षा सूचना प्रणाली (CSIS) पोर्टलः

सीएसआईएस पोर्टल को ऑपरेटिव बनाया गया है जहां खदान प्रबंधक द्वारा समस्त रिपोर्ट, आंकड़े और डेटा, सांविधिक श्रमशक्ति, वैधानिक दस्तावेज, प्रशिक्षण, निरीक्षण रिपोर्ट, दुर्घटना/घटनाएं आदि अपलोड किये जाते हैं। इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए आईएसओ अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाती है।

14.10 अंतर क्षेत्रीय सुरक्षा लेखाः

अंतर क्षेत्रीय सुरक्षा लेखा सितंबर 2018 के महीने में आयोजित की गई थी । लेखा परीक्षण के दौरान पाए गए खंडन को संबंधित क्षेत्रों के आईएसओ अधिकारियों द्वारा नियमित जांच की जाती है।

14.11 वैधानिक श्रमशक्तिः

सीसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित श्रमशक्ति बजट 2018–19 अनुसार वैधानिक श्रमशक्ति की अपर्याप्तता निम्नवत हैं:

ओवरमैन	–	49
माइनिंग सरदार	–	176
विद्युत पर्यवेक्षक	–	67
इलेक्ट्रीशियन	–	124

वैधानिक श्रमशक्ति की अपर्याप्तता विषयक कृत कार्रवाई प्रतिवेदन :–

(क) माइनिंग सिरदार – माइनिंग सिरदार के चयन हेतु 269 पद विज्ञापित किए गए थे । लिखित परीक्षा के उपरांत परिणाम प्रकाशित कर दिया गया है। पदस्थापन हेतु 241 सफल अभ्यर्थियों का चयन किया गया है ,सत्यापन हेतु प्रमाण–पत्र डीजीएमएस में प्रक्रियाधीन है।

(ख) इलेक्ट्रीशियन – इलेक्ट्रीशियन के चयन हेतु 211 पद विज्ञापित किए गए थे । लिखित परीक्षा के उपरांत परिणाम प्रकाशित कर दिया गया है। पदस्थापन हेतु 88 सफल अभ्यर्थियों का चयन किया गया है । दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। उन्हें 2019 के चुनाव पश्चात पदस्थापित किया जाएगा।

14.12 सुरक्षा प्रदर्शनः

विवरण	अप्रैल 2018– मार्च 2019	अप्रैल 2017– मार्च 2018
संघातक दुर्घटना	7	4
मृत्यु	10	5
गंभीर दुर्घटना	8	5
गंभीर चोट	14	6
मृत्यु दर प्रति मिलियन क्यूबिक मीटर सम्पूर्ण (ओ. बी. कोयला) (भूमिगत खुली खदान परियोजना)	0.06	0.04
मृत्यु दर प्रति 3 लाख मैनशिफ्ट, सम्पूर्ण	0.36	0.17
गंभीर आघात दर प्रति मिलियन क्यूबिक मीटर	0.11	0.04
गंभीर आघात दर प्रति 3 लाख मैनशिफ्ट	0.59	0.21

14.13 वैज्ञानिक अध्ययनः

(क) 5 खुली खदान हेतु पिट स्लोप और डंप स्लोप की स्थिरता के लिए वैज्ञानिक अध्ययन पूरा कर लिया गया है और सीसीएल के कमांड क्षेत्र के अंतर्गत 33 खुली खदान हेतु कार्य आदेश जारी किया गया है।

(ख) 4 भूमिगत खदानों के लिए स्ट्रेटा नियंत्रण और जांच योजना तैयार करने का कार्य आदेश जारी कर लिया गया है।

(ग) 2018–19 के दौरान सीसीएल के 6 भूमिगत खानों से 620 खदान वायु के नमूनों का विश्लेषण किया गया है।

(घ) निम्नलिखित विषयों पर प्रबंधन प्रशिक्षुओं (भूविज्ञान) हेतु संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(i) दिनांक 30.06.2018 को खान–सुरक्षा में भूवैज्ञानिक रिपोर्ट का उपयोग ।

(ii) 05.09.2018 को खुली खादानों के पिट स्लोप और डंप स्लोप की स्थिरता हेतु वैज्ञानिक अध्ययन की अवधारणा।

(iii) दिनांक 27.02.2019 को सीसीएल अंतर्गत विभिन्न खादानों के भूविज्ञान से सम्बद्ध खादान के सुरक्षात्मक पहलू।

14.14 सुरक्षात्मक उपस्करों का क्रय :

(क) कैनवास के 32392 जोड़े खनन जूते क्रय किए गए हैं।

(ख) 11565 पानी की बोतलें खरीदी गई।

(ग) 6000 मि. ब्रेटिस कपड़े की खरीद की गई है।

(घ) 568 जोड़े नी. बूट और 835 जोड़े एंकल बूट खरीदे गए।

(ङ) भूमिगत खदानों में लकड़ियों की आपूर्ति हेतु रु 95,00,200.00 का दर अनुबंध निष्कर्षित किया गया।

(च) 150 एम. टी. टी एम टी बार की आपूर्ति के लिए मेसर्स सेल द्वारा आपूर्ति आदेश जारी किया गया।

15. कार्मिक प्रबंधन तथा औद्योगिक सम्बन्ध

15.1 कार्मिक प्रबंधन

31.03.2018 की वर्तमान श्रमशक्ति–40777 की तुलना में 31.03.2019 को कम्पनी का श्रमशक्ति–39222 था। 31.03.2018 की तुलना में 31.03.2019 का श्रेणीवार श्रमशक्ति निम्न प्रकार है :

श्रेणी	31.03.2019	31.03.2018
अधिकारी	2361	2401
पर्यवेक्षक	3165	3206
अतिकुशल / कुशल	13005	13448
कुशल / अकुशल (टी.आर.)	15524	16078
अर्द्धकुशल / अकुशल(पी.आर.)	1075	1261
लिपिक कर्मचारी	3720	3749
अन्य	372	634
कुल	**39222**	**40777**



अतः वर्ष 2018–19 के दौरान कम्पनी की कुल श्रमशक्ति में 1555 की कमी दर्ज की गई, संदर्भित वर्ष के दौरान 2267 कर्मचारियों की संख्या घटी, मौजूदा श्रमशक्ति में 712 कर्मचारियों को जोड़ा गया।

कटौती :

मदों के अंतर्गत श्रमशक्ति कटौती	कर्मचारियों की संख्या **(31.03.2019)**
सेवानिवृत्ति / सुपरएनुएशन	1642
वीआरएस (जीएचएस)	0
मृत्यु	362
निष्कासन / बर्खास्तगी	33
इस्तीफा	17
अन्तर–कम्पनी स्थानान्तरण	82
चिकित्सीय अयोग्यता	0
अन्य	131
कुल कटौती	2267

जोड़ :

मदों के अंतर्गत श्रमशक्ति कटौती	कर्मचारियों की संख्या **(31.03.2019)**
9.3.0 के तहत नियुक्ति	402
9.4.0 के तहत नियुक्ति	05
मृत अधिकारियों के आश्रितों की नियुक्ति	03
लैंड लूजर स्कीम के तहत नियुक्ति	73
अन्तर–कम्पनी स्थानान्तरण	68
पुनःस्थापन	04
नयी भर्ती	109
पुरस्कार प्रकरण	00
अन्य	48
कुल जोड़	712

15.2 भर्ती विभाग की प्रमुख उपलब्धियां :

वर्ष 2018–19 में सीसीएल ने राष्ट्र के युवाओं को रोजगार के प्रचुर अवसर प्रदान किए गए तथा राष्ट्र में कोयले की मांग के समुनुरूप भर्ती विभाग द्वारा सांविधिक एवं गैर–सांविधिक श्रमशक्ति की नियुक्ति की गयी ।

मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :–

डिजिटल इंडिया प्लैटफार्म को ध्यान में रखकर, सीसीएल नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता अक्षुण्ण रखने तथा अभ्यर्थियों को सूचित करने हेतु ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया जारी रखी गयी है ।

1. बाह्य भर्ती की प्रक्रिया में पूर्णतया ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है . सीसीएल की सम्पूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी, किफायती एवं समयबद्ध करने हेतु एसबीआई के ऑनलाइन भुगतान पटल के माध्यम से ई–भुगतान की सुविधा प्रदान की जा रही है .
2. ओएमआर मशीन के द्वारा ओएमआर शीट का पूर्णरूपेण कम्प्यूटरीकृत मूल्यांकन । कंप्यूटरीकृत ओएमआर मूल्यांकन की सुविधाएं कोल इंडिया की अन्य सहायक कंपनियों जैसे ई०सी०एल, बी०सी०सी०एल, डब्ल्यू०सी०एल तथा सी०एम०पी०डी०आई और सीसीएल की विभिन्न विभागीय परीक्षाओं हेतु प्रदान की जाती है।

3. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट में कोल इंडिया प्रबंधन प्रशिक्षुओं की परिवीक्षा समापन परीक्षा के लिए भी ओएमआर मशीन द्वारा पूर्णरूपेण कम्प्यूटरीकृत मूल्यांकन की सुविधा सीसीएल प्रदान करती है।

4. सीसीएल/बीसीसीएल के लाल/लाडली प्रवेश परीक्षा जैसी विशाल परियोजना के लिए भी ओएमआर मशीन द्वारा लगभग 4000 ओएमआर शीट का पूर्णरूपेण कम्प्यूटरीकृत मूल्यांकन सफलतापूर्वक किया गया।

5. वित्त वर्ष 2018–19 में निम्लिखित पदों पर नियुक्ति हेतु 01 आंतरिक अधिसूचना एवं 02 रोजगार सूचनाएं प्रकाशित की गयीं –

आंतरिक अधिसूचनाः

(क) फार्मासिस्ट – 10 पद

(ख) तकनीशियन (पैथोलॉजिकल) – 7 पद

(ग) जू. सेनेटरी इंस्पेक्टर – 3 पद

आंतरिक अधिसूचना के आधार पर विभागीय अभ्यर्थियों के मध्य 3 अभ्यर्थी सफल हुए–

(क) फार्मासिस्ट – 02

(ख) तकनीशियन(पैथोलॉजिकल) – 01

(ग) जू. सेनेटरी इंस्पेक्टर – शून्य

बाह्य अधिसूचना :

(क) माइनिंग सिरदार – 269 पद (एससी/एसटी/ओबीसी के 208 बैकलॉग पदों सहित)

(ख) इलेक्ट्रीशियन(गैर–उत्खनन) – 211(एससी/एसटी/ओबीसी के 166 बैकलॉग पदों सहित)

(ग) फार्मासिस्ट – 08 पद

(घ) तकनीशियन (पैथोलॉजिकल) – 08 पद

(ङ) जू. सेनेटरी इंस्पेक्टर – 3 पद

6. माइनिंग सिरदार पद की 269 रिक्तियों के लिए बाह्य भर्ती तथा एलेक्ट्रिशन (गैर–उत्खनन) की 211 रिक्तियों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। माइनिंग सिरदार के 142 एवं इलेक्ट्रीशियन(गैर–उत्खनन) के 82 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रेषित कर दिया गया हैं।

16. मानव संसाधन विकास विभाग

16.1 2018–19 की उपलब्धियाँ

मानव संसाधन विकास विभाग कंपनी के प्रबंधकीय अधिकारियों, श्रमिको एवं संविदात्मक श्रमिकों, कर्मचारियों और हितधारकों के सैद्धांतिक एवं प्रयोगकीय कौशल के विकास एवं संश्लेषण हेतु प्रयासरत है।

प्रबंधन के प्रयोजनमूलक क्षेत्रों को कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए, यह विभाग, कार्यात्मक अधिकारियों को क्रॉस–फंक्शनल इनपुट प्रदान करता है। अधिकारियों के लिए सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, प्रबंधन प्रशिक्षुओं एवं नवनियुक्त अधिकारियों हेतु प्रवेशन एवं विषयबोध कार्यक्रम आयोजित करता है।

फ्रंटलाइन पर्यवेक्षकों का कौशल–विकास और गैर–अधिकारियों का कौशल–उन्नयन कार्यक्रम इस विभाग के कुछ केंद्रीय कार्य–क्षेत्र हैं।

भागीदारों के कौशल संवर्द्धन और लाभकारी उपजीविका हेतु कौशल प्रदान करने हेतु यह विभाग प्रतिबद्ध है।

उपरोक्त उद्देश्यों एवं पद्धतियों को दृष्टिगत करते हुए, वर्ष 2018–19 के दौरान इस विभाग की प्रमुख उपलब्धियां निम्नवत है :

सीसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की वह एकमात्र सहायक कंपनी है जिसे बीटीटीआई, भुरकुंडा के आईटीआई पाठ्यक्रम में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड प्रारंभ करने का सम्मान प्राप्त है। सत्र 2014 –16 में 20 छात्रों का चयन किया गया था, 19 छात्रों को विभिन्न एजेंसियों द्वारा रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र दिया गया । सत्र 2015–17 के लिए, 19 छात्रों का चयन कर पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त कर लिया गया है और सभी को कमिन्स इंडिया प्राइवेट लि. की सहयोगी कंपनी जैकारा टेक्नो द्वारा नियुक्ति का प्रस्ताव दिया गया है। सत्र 2016–18 के लिए ,19 छात्रों का चयन किया गया था । प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात ये सभी छात्र सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है एवं सत्र 2017–19 मे 21 छात्रों का चयन किया गया है तथा अभी ये छात्र बी०टी०टी०आई, भुरकुंडा मे चतुर्थ–सत्र मे अध्यनरत है। इसके अतिरिक्त सत्र 2018–20 मे 19 छात्र प्रथम–सत्र मे अध्यनरत हैं। इनके अतिरिक्त कंपनी की सीएसआर नीति के अंतर्गत, अजा/अजजा एवं परि. प्र. क्षेत्र के 25 छात्रों के एक बैच को खनन सिरदार प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए भूमिगत खदानों में कोचिंग दी जा रही है।

2016 के अजा/अजजा बैच के वर्तमान 40 छात्रों को खनन सिरदर परीक्षा की अहर्ता को प्राप्त करने के लिए हमारे भूमिगत खदानों में 04 वर्षीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, अब तक उन्होंने 02 वर्षों का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है।

सीसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की एकमात्र सहायक कंपनी है जो सीआईएल एसएफवीआरएस स्कीम–2015 का चयन करने वालों के 15 बच्चों को आईटीआई के इलेक्ट्रिशियन, फिटर और वेल्डर ट्रेड तथा 39 बच्चों को माइनिंग सिरदारशिप का प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। वर्ष 2018 में उपरोक्त ट्रेड के प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है.

सीसीएल ने राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन को गति प्रदान करने हेतु सीईटीआई,बरकाकाना में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों और अन्य के लिए कौशल विकास केंद्र विकसित करने की पहल की है। कंपनी ने कमान क्षेत्र अंतर्गत परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के कौशल–विकास के लिए एक पहल की है,जिससे सीएसआर योजनाओं के अंतर्गत उन्हें रोजगार प्रदान किया जा सके. वर्तमान में प्रशिक्षित किए जाने वाले इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं. इसकी अवधि छह महीने की जिसके अंतर्गत सैद्धांतिक एवं केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना में अंतःकार्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । प्रशिक्षण अवधि की समाप्ति के पश्चात खनन क्षेत्र कौशल परिषद्, दिल्ली द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा एवं सफल अभ्यर्थियों को मेसर्स राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र दिया जाएगा. उक्त प्रशिक्षण बहु–कौशल विकास केंद्र, बरकाकाना द्वारा प्रदत्त होगा जो मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण प्रदाता है एवं एससीएमएस/एनएसडीसी, नयी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है.

चालू वित्त वर्ष के दौरान, 01/01/2018 को प्रारंभ एवं 30/06/2018 को समाप्त बैच–5 के सभी 49 प्रतिभागियों को सफल घोषित किया गया एवं एनएसडीसी द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया । 10/12/2018 को प्रारंभ बैच–6 में 39 प्रतिभागी हैं जो 06/06/2019 को समाप्त होगा।

डंपर, डोजर, शोवेल, ड्रिल, पेलोडर, मोटर ग्रेडर ऑपरेटर जैसे एचइएमएम ऑपरेटरों को विभिन्न बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाता है। नामित कर्मचारियों की प्रारंभिक सैद्धांतिक कक्षाएं सीइटीआई, बरकाकाना में आयोजित की जाती हैं एवं उसके पश्चात अन्तःकार्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. तत्पश्चात भविष्य में एचइएम संचालन में उनकी उपयुक्तता परखने हेतु परीक्षा आयोजित की जाती है।

परियोजना प्रभावित जन को प्रशिक्षण एवं बेसिक ऑपरेटर कोर्स के अतिरिक्त विभिन्न रिफ्रेशर कोर्स कंपनी के कर्मचारियों के लिए आयोजित किए जाते हैं, जिसमें उन्हें सीईटीआई/सीआरएस, बरकाकाना के प्राध्यापकों सहित ओईएम/ओईएस द्वारा विभिन्न तकनीकी प्रगति/सुरक्षा सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाती है।

- वर्ष 2018–19 के दौरान, मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कार्यकारी अधिकारियों के प्रबंधकीय कौशल के विकास हेतु एवं गैर–अधिकारियों के कौशल उन्नयन हेतु एमटीसी, रांची, क्षेत्रीय जीवीटीसीयों , बीटीटीआई, भुरकुंडा, सीईटीआई, बरकाकाना, एसटीआई, रांची में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 2018–19 के दौरान 9199 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । वर्ष 2018–19 में राष्ट्र के विभिन्न इंजीनियरिंगध एमबीए/बीबीए/एमसीए/बीसीए/खनन संस्थानों/कॉलेजों के 2782 छात्रों को अंतःकार्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।
- अप्रेंटिस एक्ट के तहत अपरेंटिस प्रशिक्षणः
- वर्ष 2018–19 के दौरान यह सीसीएल एवं कोल इंडिया के मध्य हुए एमओयू के अनुसार सीसीएल की कुल श्रमशक्ति (ठेका कर्मियों सहित) के 2.5% को अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्रदान करने के वचनबद्ध ता थी। मा.सं.वि ने तय समयसीमा के भीतर 2.5% अप्रेंटिस को प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्य की प्राप्ति कर ली जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

क्रं सं	कुल श्रमशक्ति (मार्च '19 तक)	कुल अप्रेंटिस	प्रतिशत
1	43,789	एनएटीएस (आईटीआई) – 705 एनएटीएस(डिप्लोमा) – 402 ———————— कुल = 1107	2.5%

- वित्तीय वर्ष 2018–19 में मानव संसाधन विकास विभाग ने प्रशिक्षण और सेमिनार के आयोजन मद हेतु प्रदत बजट राशि रु.11,66,00,000/– में से रु.9,11,30,522/– की राशि खर्च की है।

16.2 भविष्य की गतिविधियां

- सी० सी० एल० की कुल श्रमशक्ति (ठेकाकर्मियों सहित) में विभिन्न ट्रेडों से 5% का अप्रेंटिस प्रशिक्षण।
- विभिन्न जीवीटीसीयों में आधारभूत संरचना का विकास।
- मगध–आम्रपाली एवं राजहरा क्षेत्र में जीवीटीसी की स्थापना।
- मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल, रांची में आधारभूत संरचना का विकास।
- मा.सं.वि. विभाग,मुख्यालय और बीटीटीआई में प्रशिक्षकों का पदस्थापन।
- खान सुरक्षा से सम्बद्ध इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण।

17. कल्याण विभाग

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एक मिनीरत्न कंपनी है। सीसीएल ने हमेशा सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखा है, जिसमें उत्पादन और कल्याण दोनों समाहित हैं।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कल्याणार्थ बहु–आयामी दृष्टिकोण को अपनाया है, जिसमें स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, शिक्षा, पेयजल और स्वच्छता शामिल है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का लक्ष्य सुरक्षा, संरक्षण एवं गुणवत्ता को सम्यक प्रतिष्ठा प्रदान करते हुए दक्षतापूर्वक और मितव्ययिता के साथ पर्यावरण के अनुकुल योजनाबद्ध परिमाण में कोयला एवं कोयला–उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन करना है।

17.1 मुख्य क्षेत्र

1. **जल आपूर्ति :** राष्ट्रीयकरण के पश्चात जल–आपूर्ति की स्थिति में अत्यंत सुधार हुआ है। फिल्टरित एवं स्वच्छ जल प्रदान करने हेतु ठोस समेकित प्रयास किया जाता है। वर्तमान में , 10 जल प्रशोधन संयंत्र, 78 दाब प्रशोधन संयंत्र , 182 डीप बोर–होल अवस्थित है. इनके अलावा अरगडा–ए, बोकारो–करगली, कथारा और हजारीबाग क्षेत्र में छह (6) की संख्या में जल–प्रशोधन संयंत्र प्रस्तावित है, साथ ही साथ गोविंदपुर चरण –2, कथारा क्षेत्र में एक मल–शोधन संयंत्र का निर्माण किया जाएगा ।

2. **चिकित्सा सुविधाएं:** सीसीएल में 3–स्तरों में चिकित्सीय सेवाएँ प्रदान की जातीं है . प्राथमिक चिकित्सा डिस्पेंसरी के माध्यम से दी जाती है. क्षेत्रीय/केंद्रीय अस्पतालों के द्वारा द्वितीयक और तृतीयक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

यहाँ चार केंद्रीय अस्पताल अवस्थित हैं :

- गांधीनगर अस्पताल,रांची
- केंद्रीय अस्पताल, नई–सराय
- केंद्रीय अस्पताल, धोरी
- केंद्रीय अस्पताल, उत्तरी कर्णपुरा

(क) अवसंरचना :

क्रम सं.	चिकित्सीय अवसंरचना	संख्या
1	अस्पताल	
	• केंद्रीय अस्पताल	04
	• एरिया अस्पताल	05
	• क्षेत्रीय अस्पताल	10
2	बिस्तर	892
3	डिस्पेंसरी	63
4	डॉक्टर	215
5	एम्बुलेंस	80

(ख) केंद्रीय अस्पतालों में मूल्य संवर्धित सेवाएं :

(i) गांधीनगर अस्पताल में मासिक आधार पर कार्डियोलॉजी से सम्बद्ध सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक प्रारंभ किया गया है, जिसमें मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के डॉ राजीव राठी और यशोदा अस्पताल , हैदराबाद के डॉ.पी के कुचलकांति हृदय–रोग(सलाहकार) विशेषज्ञ हैं।

(ii) गांधी नगर अस्पताल में 17 बिस्तरों का क्रिटिकल केयर यूनिट निम्नानुसार हैं :

- क. आई.सी.यू. : 06
- ख. सी.सी.यू. : 05
- ग. डायलिसिस : 03
- घ. रिकवरी : 03

(ग) सीसीएल द्वारा आयोजित मेडिकल कैंपों का विवरण लाभुकों की संख्या सहित (वर्ष 2018–19) :

चिकित्सा शिविरों की संख्या : 645

लाभुकों की संख्या : 101857

3. शिक्षा : सीसीएल में कर्मचारियों पर आश्रित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने पर विशिष्ट महत्व दिया जाता है।

क. वर्ष 2017–18 में निजी प्रबंधन स्कूलों को दिया गया अनुदानः

कम्पनी	राशि (मार्च 2018 तक)
सीसीएलः रांची	डीएवी स्कूल ------ रुपये 20.29 करोड़
	निजी प्रबंधित स्कूल ------ रुपये 1.23 करोड़
	केन्द्रीय विद्यालय ------ रुपये 02.81 करोड़

ख. छात्रवृत्तिः सीसीएल निम्नलिखित योजनाओं के तहत मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देता है, विवरण निम्नानुसार हैं:

सीआईएल छात्रवृत्तिः

क्रम सं.	विवरण	वर्ष	
		2017–18	2018–19
1	व्यय	13.52 लाख रू.	7.65 लाख रू.
2	बच्चों की संख्या	628	343

ग. ट्यूशन शुल्क प्रतिपूर्ति : – एनसीडब्ल्यूए– X के तहत गैर–अधिकारियों के बच्चों के लिए ।

क्रम सं.	विवरण	राशि (लाख में)	
		2017–18	2018–19
1	व्यय	रू. 46.65 करोड़	रू. 53 करोड़
2	बच्चों की संख्या	56	54

4. खेल–कूद और संस्कृति (एक नजर में) : 2018–19 में निम्नलिखित खेल–कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं :

क्र.सं.	कार्यक्रम	स्थान
1.	अंतर क्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम	सीआरएस बरकाकाना
2.	अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं टी. टी.	मुख्यालय, राँची
3.	अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल	बी. एण्ड के.
4.	अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन	कथारा
5.	अन्तर कबड्डी	कुजू
6.	अंतर क्षेत्रीय वॉलीबॉल	अरगडा
7.	अंतर क्षेत्रीय हॉकी	हजारीबाग
8.	अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक मीट	एन.के.
9.	अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट	पिपरवार
10.	कोल इंडिया अंतर कंपनी बैडमिंटन	राँची
11.	ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन टूर्नामेंट (पु. एवं महिला)	राँची
12.	अंतर विद्यालय आमंत्रण फुटबॉल	राँची
13	सीसीएल कायाकल्प बालिका फुटबॉल	राँची
14.	अंतर ग्राम फुटबॉल	अरगडा
15.	सीसीएल एथलेटिक टीम के लिए कोचिंग कैम्प	बरका सयाल
16.	सीसीएल बैडमिंटन टीम के लिए कोचिंग कैम्प	राँची
17.	सीसीएल टेबल टेनिस टीम के लिए कोचिंग कैम्प	राँची
18.	सीसीएल फुटबॉल टीम के लिए कोचिंग कैम्प	अरगडा
19.	सीसीएल क्रिकेट टीम के लिए कोचिंग कैम्प	राँची
20	सीसीएल वॉलीबॉल टीम के लिए कोचिंग कैम्प	राँची
21.	सीसीएल हॉकी टीम के लिए कोचिंग कैम्प	राँची

7.2 भावी योजनाएं : वर्ष 2019–20

1. अंतर क्षेत्रीय खेल–कूद

क्र.सं.	कार्यक्रम	क्षेत्र
1.	शतरंज एवं कैरम	अरगडा
2.	वॉलीबॉल	रजरप्पा
3.	सांस्कृतिक सम्मेलन	बी. एण्ड के.
4.	फुटबॉल	एन. के.
5.	बैडमिंटन एवं टी.टी.	मुख्यालय, राँची
6.	कबड्डी	हजारीबाग
7.	हॉकी	कुजू
8.	एथलेटिक मीट	बरका–सयाल
9.	क्रिकेट	कथारा
10.	सुपर लीग क्रिकेट	मुख्यालय, राँची

2. अंतर कम्पनी एवं अखिल भारती पब्लिक सेक्टर खेल–कूद :

कोल इण्डिया स्पोर्ट्स कैलेंडर तथा पब्लिक सेक्टर को ओवंटित कार्यक्रम के तहत खेल–कूद का आयोजन किया जाएगा।

3. अभ्यास/कोचिंग शिविर :

1. फुटबॉल
2. वॉलीबॉल
3. क्रिकेट
4. टेबल टेनिस
5. बैडमिंटन
6. एथलेटिक
7. हॉकी
8. कबड्डी
9. सांस्कृतिक
10. शतरंज
11. कैरम

4. कम्पनी खेल–कूद के अलावे :

1. सिमडेगा में अन्तर–ग्राम/पंचायत हॉकी
2. राँची डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन एवं अन्य टूर्नामेंट में सीसीएल क्रिकेट टीम की भागीदारी(कर्मचारी तथा उनके बच्चों सहित)।
3. राँची डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन टूर्नामेंट में सीसीएल फुटबॉल टीम की भागीदारी(कर्मचारी तथा उनके बच्चों सहित)।
4. पुरूषों के लिए कायाकल्प अंतर–विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट।
5. कायाकल्प महिला फुटबॉल टूर्नामेंट।
6. अंतर–ग्राम फुटबॉल टूर्नामेंट।

18. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व :

मार्च 2019 तक क्षेत्रवार व्यय (रु लाख में) :

क्षेत्र	व्यय (रु लाख में)
स्वच्छता	42.20
स्वास्थ्य	50.98
खेल प्रोत्साहन	530.01
शिक्षा	175.78
अवसंरचनात्मक विकास	76.88
पेयजल	342.95
पर्यावरण एवं सतत विकास	36.79
कौशल विकास	54.91
समाज कल्याण	5.70
विविध	7.42
स्वच्छ विद्यालय अभियान	2589.32
सा.नि.उत्त. उपरी लागत	200.60
सकल	**4113.54**

नोट : वि.वर्ष 2018–19 में रु. 41.14 करोड़ सा.नि.उत्त. व्यय के रूप में किया गया.

18.1 स्वच्छता

(क) स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत व्यवहृत पहल (स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा–2018) :

1. **स्वच्छता कार्निवल** : 23 जून 2018 को स्कूली छात्रों और आम जनता के मध्य जागरूकता उत्पन्न करने हेतु को एक स्वच्छता कार्निवल का आयोजन किया गया था । उक्त आयोजन में विभिन्न स्कूलों और संस्थानों के 700 से

अधिक छात्रों ने भाग लिया। झारखंड की राज्यपाल महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू स्वच्छ भारत कार्निवल की मुख्य अतिथि थीं एवं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में श्री रामटहल चौधरी, माननीय संसद सदस्य, रांची और डॉ जीतू चरण राम, विधायक, कांके उपस्थित थे । छात्रों के विभिन्न समूहों ने झाड़ू, डस्टबिन, मोप्स, डस्टर आदि जैसे प्रोप का उपयोग करके अपने नृत्य और विषयगत स्किट के साथ स्वच्छता संदेश पर प्रकाश डाला।

2. **स्वच्छता के रंग :** जनता के मध्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दरभंगा हाउस परिसर में एक पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहाँ रांची के प्रमुखध्उभरते हुए कलाकारों द्वारा 'स्वच्छता' विषय पर लाइव पेंटिंग की गई। इनमे शामिल विषय थे – जल संरक्षण, प्लास्टिक को ना, पर्यावरण संरक्षण, धूम्रपान छोड़ो, बिजली बचाओ, वृक्षारोपण आदि. इसका उद्घाटन रांची के सांसद श्री रामटहल चौधरी ने किया।

3. **कार डस्टबिन का वितरण :** स्थानीय वाहन चालकों को कार डस्टबिन का वितरण किया गया जिसका उपयोग वह वाहन चलाते समय डस्टबिन की तरह करें एवं कचरे को सड़क या पार्किंग स्थल पर न फेकें।

4. **सफाई मित्रों का अभिनन्दन :** परिसर को साफ–सुथरा रखने में सफाई मित्रों के अथक प्रयासों के लिए दरभंगा हाउस परिसर में उनका अभिनन्दन किया गया। कार्यालय परिसर को आरोग्य एवं स्वच्छ रखने के लिए उनकी प्रेरणा को उच्चतम स्तर पर रखने की यह एक कोशिश थी ।

5. **चायवालों, पनवाड़ीयों के मध्य जागरूकता :** दरभंगा हाउस परिसर को 'प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र' बनाने हेतु जागरूकता उत्पन्न करने उद्देश्य से एक अभियान प्रारंभ किया गया जिसमे स्टील के कंटेनर, पेपर कप, टी–शर्ट्स और प्लास्टिक मुक्त दुकान को विज्ञापित करता प्लाकार्ड का वितरण दरभंगा हाउस परिसर के चायवालों के मध्य वितरित किया गया ।

6. सीसीएल दरभंगा हाउस परिसर एवं सन्निकट क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु सीसीएल सीएसआर की टीम द्वारा एक विशिष्ट अभियान चलाया गया.

7. **स्वच्छता साइक्लोथॉन :** साइकिल की महत्ता और उसे चलाने से होने वाले लाभों के प्रति आम जनता को संवेदनशील बनाने और आरोग्य जीवनशैली एवं हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रांची में एक स्वच्छता साईक्लोथोन का आयोजन किया गया । इस मुहिम को सफल बनाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 500 प्रतिभागियों एवं प्रोफेशनलों ने भाग लिया । श्री रामटहल चौधरी, सांसद,रांची, श्री महेश पोद्दार, सांसद,राज्यसभा, डॉ.जीतू चरण राम, विधायक, कांके, विधायक श्री राम कुमार पाहन के साथ अ.प्र.नि, सीसीएल, कार्यकारी निदेशकगण एवं मु.स.अधि.,सीसीएल इस साइक्लोथॉन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

8. **स्वच्छता की पाठशाला :** सी.सी.एल कमान क्षेत्र के स्कूली छात्रों के लिए खेलगांव,होटवार में एक शिविर "स्वच्छता की पाठशाला" का आयोजन किया गया, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांग, अनाथ छात्र आदि भी सम्मिलित हुए। शिविर का प्राथमिक उद्देश्य दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदत को विकसित करना था और साथ ही स्वस्थ जीवन के लिए युवा छात्रों को जागरूक करना था। उक्त शिविर में लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया। नैतिक मूल्य, कैरियर परामर्श, आपदा प्रबंधन, सीपीआर अन्य पहलू थे जिसमें छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

उपरोक्त के अलावा, वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान कमान क्षेत्र में लगभग 19 शौचालयों का निर्माण/नवीनीकरण किया गया है।

18.2 स्वास्थ्य :

क) **अलिम्को एवं सीसीएल के मध्य समझौता ज्ञापन :** सीसीएल कमान क्षेत्र के आसपास के दिव्यांगजनों के उत्थान के प्रति सीसीएल की प्रतिबद्धता के आलोक में वित्त वर्ष 2018–19 में एक परियोजना प्रारंभ की गई, जिसमे सीसीएल सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत सीसीएल और अलिम्को के मध्य दिव्यांगजनों की सहायता और उपकरणों के वितरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया हैं।

ख) वर्ष 2018–19 में सीसीएल द्वारा सावन महोत्सव के दौरान देवगढ़ में **मेगा हेल्थ कैंप** लागाया गया जिससे लगभग 40,000 लोग लाभान्वित हुए ।

ग) वित्तीय वर्ष 2018–19 में ईएनटी, हृदयरोग, रक्तल्पता, दन्तरोग, रक्तदान, मधुमेह, एचआईवी, गुर्दा आदि की जांच के लिए कुल **645 स्वास्थ्य शिविरों** का आयोजन किया गया जिसमे 30000 से अधिक रोगी लाभान्वित हुए ।

घ) **सीएसआर डिस्पेंसरी** का परिचालन जहां कमान क्षेत्र के गांवो के निवासियों को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं, कृत्रिम उपकरणों भी वितरित किए गए, जिससे संपूर्ण वर्ष 2018–19 के दौरान 70,500 रोगी लाभान्वित हुए ।

ङ) महिलाओं एवं बच्चो के पोषण की समुचित सुविधा प्रदान करने हेतु हजारीबाग में एक **कुपोषण केंद्र** का नवीनीकरण किया गया।

18.3 खेल–कूद प्रोत्साहन :

सीसीएल सीएसआर कोष और झारखंड सरकार से संयुक्त निवेश से खेल अकादमी को चलने हेतु झारखंड राज्य स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) का गठन गया। खेल अकादमी में 2024 के ओलंपिक खेलों में देश को प्रतिष्ठा दिलाने के उद्देश्य से अब तक, 8–12 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 348 स्पोर्ट्स कैडेट आवासीय सुविधाओं के साथ औपचारिक स्कूली शिक्षा और खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। स्पोर्ट्स कैडेट्स को 9 प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है– एथलेटिक्स, कुश्ती, तीरंदाजी, फुटबाल, ताईक्वान्डो, निशानेबाजी, भारोत्तोलन एवं साइकिल चालन .

आज की तारीख तक राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेल अकादमी के कैडेटों नें **154 स्वर्ण, 89 रजत** एवं **77 कांस्य** पदक प्राप्त किए हैं .

नए बैच के 100 स्पोर्ट्स कैडेटों के चयन हेतु जनवरी 2019 से एक वृहत प्रतिभा चयन कार्यक्रम:**'खेल महाकुम्भ'** का आयोजन किया गया जिससे झारखण्ड राज्य के सभी 24 जिलों से युवा प्रतिभाओं का चयन किया जा सके.

वित्त वर्ष 2018–19 में सीएसआर के अंतर्गत खेल अकादमी को चलने में रु. 527.67 लाख का व्यय किया गया है.

अन्य गतिविधियां – जिसमे फुटबॉल मैच, खिलाडियों का प्रशिक्षण और स्पोर्ट्स किट का वितरण आदि सम्मिलित है,उनके विकास मद में कुल 530.31 लाख रुपये का व्यय किया गया ।

18.4 शिक्षा

(क) सीसीएल के लाल एवं लाडली :

इस योजना के अंतर्गत आईआईटी, एनआईटी और अन्य राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु विशेषकर झारखंड राज्य में स्थित कमान क्षेत्र के गांवों से 10वीं पास कर चुके मेधावी छात्र और छात्राओं का चयन किया गया एवं विभिन्न इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए तैयार किया गया ।

चयनित छात्रों को, झारखंड के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों से एक में **'सीसीएल के लाल'** और **'सीसीएल की लाडली'** हॉस्टल में आवासीय सुविधा और भोजन के साथ 11वीं कक्षा और 12वीं कक्षा की निःशुल्क स्कूली शिक्षा दी जाती है। वर्ष 2017–18 में रांची से वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्षाओं के माध्यम से शिक्षण का विस्तार सीसीएल और बीसीसीएल तीन दूरस्थ स्थानों तक किया गया।

12 विद्यार्थिओं (8 छात्र एवं 4 छात्राएं) ने जेईई मुख्य परीक्षा 2019 में सफलता प्राप्त की है एवं 70% से अधिक विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जिसमें सर्वाधिक प्राप्तांक 92.4% है।

(ख) कायाकल्प पब्लिक स्कूलः

सीसीएल ने सीएसआर के अंतर्गत ''कयाकल्प पब्लिक स्कूल'' की शुरुआत की है, जिसमें समाज के गरीब और कमजोर वर्ग से आने वाले 30 छात्र हैं, जिनके परिजन भिक्षुक, कूड़ा–कचरा बीनने जैसे छोटे–मोटे

कार्य में लगे हुए हैं । इन छात्रों को अध्ययन सामग्री से लेकर यूनिफार्म, किताबें, पौष्टिक नाश्ता और स्कूल में दोपहर के भोजन की पूरी सुविधा दी जाती है । छात्रों को योग और शिष्टाचार सिखाया जाता है और इस प्रकार से ढाला जाता है कि वे आत्म निर्भर, सच्चे और जिम्मेदार नागरिक बन सकें ।

(ग) शिक्षा को समर्थन :

वर्ष 2018–19 में शिक्षा के विकास हेतु सीसीएल के विभिन्न कमान क्षेत्रों में शिक्षा के समर्थन हेतु निर्धन/अभावग्रस्त विद्यार्थियों को गोद लेना,शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में आधारभूत संरचना का विकास, स्कूल किट का वितरण आदि किया गया ।

(घ) कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए राम लखन सिंह यादव स्कूल में एलईडी टीवी का प्रावधान

झारखंड राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण(झालासा) के अनुरोध पर, स्कूल जाने वाले छात्रों हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रोत्साहन प्राप्त कानूनी साक्षरता क्लब को एक एलईडी टीवी दिया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को बाल एवं महिला अधिकार जैसे कानूनी पहलुओं पर सीखने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना है।

18.5 आधारभूत संरचना

वर्ष 2018–19 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों हेतु सीसीएल कमान एवं सन्निकट क्षेत्रों में आधारभूत संरचनात्मक विकासत्मक गतिविधियों हेतु रु 72.91 लाख व्यय किए गए ।

क्रम सं.	गतिविधि	सं./गतिविधि की इकाई	व्यय(रु. लाख में)
1	सामुदायिक भवन	6 nos.	24.85
2	सड़क	3000 मीटर	24.04
3	सौर लाइट	5 nos	3.97
4	ग्रामीण विकास	2 nos	24.02

18.6 पेयजल

वर्ष 2018–19 के दौरान निम्नलिखित कार्य किए गए और सीसीएल कमान क्षेत्रों के परि.प्र.व्य.(पीएपी), निवासियों, ग्रामीणों आदि के लिए पेयजल की व्यवस्था हेतु 342.95 लाख रु. खर्च किए गए ।

गतिविधियाँ	सं	व्यय (लाख रुपए में)
(ए) चापानलों का अधिष्ठापन	22	20.44
(बी) कूपों का निर्माण	13	36.12
(सी) डीप बोरिंग और सबमर्सिबल पंप	39	183.62
(डी) जल पाइपलाइन वितरण	4	11.68
(ई) पानी के टैंकरों के माध्यम से पानी का वितरण	2	86.32
(एफ) वाटर प्यूरीफायर का अधिष्ठापन	6	4.77

उच्च न्यायालय परिसर में वाटर प्यूरीफायर सह कूलर का प्रावधान

उच्च न्यायलय जाने वाले वादियों और ग्रामीणों को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ता है। उन्हें न्यायालय में पेयजल की सुविधा प्रदान के लिए झारखंड उच्च न्यायालय परिसर में 6 वाटर प्यूरीफायर–सह–कूलर लगाए गए हैं।

18.7 पर्यावरण और सतत विकास

पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण भी सीएसआर का कार्यक्षेत्र रहा है जिसमे की विभिन्न कार्य किये गए है, जैसेः

क) बो.एवं कर. क्षेत्र में सीसीएल द्वारा सामुदयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, ''आईडब्लूएसपी (एकीकृत जल आपूर्ति संयंत्र) से एनटीसी कार्यालय तक बहने वाली दामोदर नदी के रिवरसाइड का विकास'' परियोजना कुल 4.09 लाख रुपये पूरी की गयी ।

ख) वित्त वर्ष 2018–19 में 8.94 लाख रुपये के कुल व्यय के साथ 2 चेक बांधों का नवीनीकरण किया गया है।

ग) वित्त वर्ष 2018–19 में 6 तालाबों का नवीनीकरण किया गया है। कुल व्यय 21.98 लाख रुपये

घ) सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में वर्षा जल संचयन किया गया है। कुल व्यय 1.78 लाख रुपये।

18.8 कौशल विकास

ए) भुरकुंडा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (बीटीटीआई)

2015 से भुरकुंडा में सीसीएल अपने तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (बीटीआईआई) में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ 04 साल की अवधि के लिए माइनिंग सरदार का प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

सीसीएल कमान क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को भी बीटीआईआई, भुरकुंडा में इलेक्ट्रिकियन ट्रेड कोर्स का दो साल का आईटीआई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल व्यय : रु. 23.50 लाख

बी) मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एमएसडीसी), बरकाकाना

सीसीएल के विभिन्न कमान क्षेत्रों में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, बरकाकाना में छमाही इलेक्ट्रिक और वेल्डर ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है । अब तक 5 प्रशिक्षु बैचों का नामांकन किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल व्ययः रु. 4.67 लाख

सी) अन्य आजीविका उपार्जन प्रशिक्षण

सीसीएल की प्रमुख कौशल विकास परियोजनाओं के अलावा, सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा अन्य लघु अवधि आजीविका उपार्जन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं.	प्रशिक्षण का नाम	लाभुकों की संख्या	व्यय राशि (रु. लाख में)
1	वाहन मरम्मती प्रशिक्षण	40	0.83
2	ब्यूटीशियन प्रशिक्षण	75	2.55
3	कंप्यूटर प्रशिक्षण	75	1.88
4	खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण	90	2.38
5	मोबाइल मरम्मतीकरण	125	3.78
6	सिलाई प्रशिक्षण	100	12.30
7	माइनिंग सिरदार प्रशिक्षण	63	23.50
8	वेल्डर/इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण	40	4.67
9	विविध	50	3.02
कुल		**658**	**54.91**

19. समाधान योजना

सीसीएल के सभी सेवारत या सेवानिवृत अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों, उपभोक्ताओं या सीसीएल के संबंधित किसी व्यक्ति के शिकायत निवारण हेतु दिनांक 27.04.2012 को एक शिकायत केन्द्र की स्थापना की गई। शिकायत कर्ता अपनी शिकायत लिखित रूप में, टोलफ्री नं. 18003456501, ऑनलाइन, वाट्सएप सेवा नम्बर 7091093753, ट्विटर, आप का दरबार या कार्यालय में सशरीर उपस्थित हो कर मौखिक रूप में कर सकते है। शिकायत को रजिस्टर में दर्ज कर क्रम संख्या दी जाती है एवं शिकायत को प्रकृति को ध्यान रखते हुए उसके निवारण हेतु एक संभावित तिथि तय कर प्राप्ति रसीद दी जाती है। संबंधित विभागाध्यक्ष को फोन के माध्यम से शिकायत प्राप्ति की सूचना दी जाती है। इसके अन्ततर, संबंधित विभागाध्यक्ष को पत्र में शिकायत संलग्नक के रूप दे कर अनुरोध किया जाता है कि शिकायत का निवारण पत्र में दिये गये समयावधि में ही कर दें। विभागाध्यक्षों द्वारा जबाब नहीं मिलने पर उन्हें फोन द्वारा ओर लिखित में अनुस्मारक भेजा जाता है । विभागाध्यक्षों द्वारा दिया गया जवाब यदि संतोषजनक पाया जाता है तो शिकायत कर्ता को फोन मे माध्यम के साथ–साथ लिखित सूचना भी दी जाती है । अगर विभागाध्यक्ष का जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उस मामले को समीक्षा के लिए पुनः विभागाध्यक्ष के पास भेजा जाता है और यदि जवाब पुनः असंतोष पाया जाता है तो मामला स्थाई समिति के पास पुनरीक्षण के लिए भेज दिया जाता है। मामले के पुनरीक्षण पश्चात, स्थाई समिति एवं महाप्रंधक समाधान उचित अनुशसां साथ निदेशक मंडल के पास मंत्रणा के लिए भेज दिया जाता है।

वर्ष 2018–19 में समाधान सेल की उपलब्धियां

वर्ष 2018–19 में समाधान सेल को कुल 223 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे से 183 शिकायतों का निवारण किया गया फलस्वरूप उपलब्धि प्रतिशतता 82.06% रही ।

सीसीएल को 2446 (प्रारंभ से) शिकायते प्राप्त हुई जिसमें कुल 2211 का निवारण कर लिया गया है, फलस्वरूप सकल उपलब्धि प्रतिशतता 90.39% रही ।

20. 31.03.2019 तक सामाजिक ओवरहेड सम्पत्ति पर पूँजीगत व्यय

31.03.2019 तक, हमारे कम्पनी द्वारा सामाजिक ओवरहेड संपत्तियों पर खर्च किए गए संचयी राशि रू. 616.14 करोड़ है जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

(रू. करोड़ में)

क्रम सं.	विवरण	2018-19	2017-18
(i)	भवन	498.50	429.31
(ii)	संयंत्र एवं मशीनरी	63.17	63.21
(iii)	फर्नीचर एवं साज सज्जा	27.21	22.63
(iv)	वाहन	7.28	7.33
(v)	विकास	19.98	18.48
कुल		**616.14**	**540.96**

21. वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष 2017–18 की तुलना में वर्ष 2018–19 के दौरान आपकी कंपनी की वित्तीय परिणाम निम्नांकित है:

(रू. करोड़ में)

क्रम सं.	विवरण	2018-19	2017-18 (पुनर्लिखित)
i.	संचालन से राजस्व	12179.90	11550.71
ii.	अन्य आय	313.03	508.96
iii.	सकल राजस्व	12492.93	12059.67
iv.	मूल्य ह्रास, ब्याज का छोड़कर व्यय	9381.20	10149.85
v.	मूल्य ह्रास, ब्याज से पहले लाभ	3111.73	1909.82
vi	मूल्य ह्रास/परिशोधन/हानि	344.28	351.52
vii.	ब्याज	75.25	170.81
viii.	कर से पहले लाभ	2692.20	1387.49
ix.	कर व्यय	987.73	579.71
x.	कर के पहले निबल लाभ	1704.47	807.78
xi.	अन्य व्यापक आय	(30.27)	155.59
xii	अन्य व्यापक आय पर कर	(10.58)	53.85
xiii.	कंपनी के मालिकों के लिए लाभ	1704.47	807.78

आपकी कम्पनी के निदेशकमण्डल ने रू. 297.04 करोड़ के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है (पिछले वर्ष रू. 531.10 करोड़)। 2018–19 में कुल लाभांश रू. 297.04 करोड़ (रू. 1000/– के 9400000 इक्विटी शेयरों पर लाभांश प्रति इक्विटी शेयर रू. 316, पिछले वर्ष रू. 565)।

22. पूंजीगत व्यय

विगत वर्ष रु. 898.86 करोड़ की तुलना में वर्ष 2018–19 में पूंजीगत व्यय रु. 1377.27 करोड़ है। वर्ष 2018–19 के दौरान शीर्ष–वार पूंजीगत व्यय का विवरण निम्नप्रकार है :

(रू. करोड़ में)

क्र. संख्या	व्यय शीर्ष	2018-19	2017-18
i)	भूमि	26.57	64.39
ii)	भवन	108.36	99.67
iii)	संयंत्र एवं मशीनरी	133.69	190.68
iv)	फर्नीचर एवं साज–सज्जा	3.34	2.07
v)	कार्यालय उपकरण	13.68	10.83
vi)	रेलवे साईडिंग'	848.92	467.60
vii)	वाहन	0.12	0.06
viii)	खनन के लिए अन्य बुनियादी संरचना	238.40	63.55
ix)	सॉफ्टवेयर	4.19	0.01
	कुल	**1377.27**	**898.86**

टिप्पणी :

1. पू.म.रे. से प्राप्त उपयोगिता प्रमाणपत्र के आधार पर रेलवे साइडिंग के अग्रिम पूंजीकरण;समर्थित परिसम्पित्त। टोरी शिवपुर रेलवे लाइनबद्ध पर व्ययित राशि रु. 714.10 करोड़ है।

इस प्रकार आपकी कम्पनी को "कैपेक्स" मानदण्ड में उत्कृष्ट श्रेणी की प्राप्ति हुई। उत्कृष्ट एमओयू लक्ष्य रु. 1100 करोड़ की तुलना में रु. 1377.27 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई ।

23. राजकोष में अंशदान

वर्ष 2017–18 की तुलना में 2018–19 के दौरान राज्य/केन्द्रीय राजकोष में अंशदान का विवरण नीचे दिया गया है :

(रू. करोड़ में)

क्रम सं.	विवरण	2018-19	2017-18
i)	कायले पर रॉयल्टी	1500.05	1500.54
ii)	एनएमईटी (केन्द्रीय निधि)	27.68	29.92
iii)	डीएमएफ (राज्य निधि)	338.78	424.66
iv)	बिक्री कर/वैट	2.16	94.70
v)	स्टोईंग एक्साइज ड्यूटी	-	30.74
vi)	आय कर	1224.77	966.87
vii)	लाभांश कर	61.06	108.12
viii)	सेवा कर	0.52	81.53
ix)	स्वच्छ उर्जा सेस	-	810.87
x)	कोयले पर सेन्ट्रल एक्साइज	2.55	114.27
xi)	जीएसटी	3319.52	2389.34
xii)	अन्य	34.93	15.41
	कुल	**6512.02**	**6566.97**

24. पूंजीगत संरचना

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी और पेड–अप शेयर पूंजी में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ अर्थात् रु.1100.00 करोड़ एवं रु. 940.00 करोड़ क्रमशः। 31 मार्च, 2019 को कम्पनी की निबल संपत्ति रु. 5142.72 करोड़ है जो 31 मार्च, 2018 को रु.3816.04 करोड़ (पुनर्लिखित) थी ।

24.1 ऋण

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कम्पनी रु.150 करोड़ के अल्पकालिक ऋण से मुक्त हुई ।

25. परियोजना कार्यान्वयन की स्थिति

दिनांक 31.03.2019 को, सीसीएल में 117.35 मिलियन टन की स्वीकृत क्षमता के साथ 20 चालू और पूरी हो चुकी 35 खनन परियोजनाएं हैं। सीसीएल की स्वीकृत पूंजी एवं क्षमता क्रमशः 5394.19 करोड़ और 61.35 मिलियन टन है। उत्तरी उरीमारी ओसी (7.5 मिलियन टन/वर्ष) की विस्तार परियोजना (3.0 मिलियन टन/वर्ष) पर विस्तृत चर्चा के उपरांत 14.03.19 सीआइएल बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त हुआ. सीसीएल की पूरी हो चुकीं परियोजनाओं की स्वीकृत पूंजी और क्षमता क्रमशः 3094.74 करोड़ और 56.01 मिलियन टन है. टोरी–शिवपुर रेलवे लाइन (डबल लाइन) एक गैर–खनन परियोजना (लम्बाई–44.37 कि.मी.) है जिसकी स्वीकृत पूंजी रु.2399.07 करोड़ है।

25.1 कुल परियोजनाओं का विवरण (वर्तमान + पूर्ण)

परियोजनाएं	संख्या	स्वीकृत पूंजी (करोड़ रु. में)	स्वीकृत क्षमता (मि. टन प्रतिवर्ष)
रु. 150 करोड़ से उपर	14	6926.22	79.96
रु. 150 करोड़ से 50 करोड़ के मध्य	11	1069.26	21.66
रु. 50 करोड़ से 20 करोड़ के मध्य	2	82.32	1.8
रु. 20 करोड़ से 2 करोड़ के मध्य	28	414.14	13.89
कुल	**55**	**8491.93**	**117.35**

(क) सीसीएल के 20 चालू खनन परियोजनाओं का विवरण

परियोजनाएं	संख्या	स्वीकृत पूंजी (करोड़ रु. में)	स्वीकृत क्षमता (मि. टन प्रतिवर्ष)
रु. 150 करोड़ से उपर	9	4801.32	50.71
रु. 150 करोड़ से 50 करोड़ के मध्य	4	459.91	7.21
रु. 50 करोड़ से 20 करोड़ के मध्य	1	46.78	0.80
रु. 20 करोड़ से 2 करोड़ के मध्य	6	86.186	2.63
कुल	**20**	**5394.19**	**61.35**

20 चालू परियोजनाओं में से परेज(पूर्व) भूमिगत खदान परियोजना और हुरीलौंग भूमिगत खदान परियोजना वन तथा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं के कारण प्रारंभ नहीं की जा सकी। कल्याणी ओसीपी सीसीएल की वर्तमान परियोजनाओं में से एक है, और जिसका आरम्भ वन स्वीकृति और पर्यावरणीय स्वीकृति की प्राप्ति के बाद किया जाएगा।

शेष 17 परियोजनाओं में से आम्रपाली ओसीपी नियत समय पर है, और 16 अन्य परियोजनाओं के विलम्ब का कारण निम्नानुसार हैं :

- क. भूमि का सत्यापन।
- ख. वन्यभूमि स्वीकृति और साइट सौंपने संबंधी।
- ग. पर्यावरण स्वीकृति।
- घ. कोयला निष्कासन की समस्या।
- ड. पुनर्वास और स्थानांतरण के मुई।
- च. सुरक्षा कारण।

(ख) सीसीएल की वर्तमान गैर–खनन परियोजनाओं का विवरण

टोरी – शिवपुर रेलवे लाइन डबल लाइन : पूर्व मध्य रेलवे के साथ मिलकर टोरी–शिवपुर नई ब्रॉड–गेज डबल रेलवे लाइन (लंबाई–44.37 कि.मी.) का निर्माण किया गया है जिसकी कुल परियोजना लगत रु. 2399.07 करोड़ है। संपूर्ण प्राक्कलित राशि पू.म.रेलवे को जमा कर दी गई है । मार्च 2019 तक टोरी–शिवपुर रेल लाइन पर पूर्व मध्य रेलवे को रु. 1855.87 करोड़ का खर्च आया. विद्युतिकरण एवं सिग्नल सेवाओं को छोड़कर शिवपुर स्टेशन (44.37 किलोमीटर) तक केवल सिंगल रेलवे लाइन का निर्माण–कार्य पूरा कर लिया गया है । बालूमाथ, बुकरू तथा फूलबसिया स्टेशनों से कोयले का डिस्पैच प्रारंभ कर दिया गया है । डबल रेल लाइन के पूर्ण होने पर सीसीएल की मगध–आम्रपाली ओसीपी जैसी मेगा माइंस से कोयला–निकासी में वृद्धि होगी।

(ग) सीसीएल की 35 पूर्ण/कमीशन परियोजनाओं का विवरण

परियोजनाएं	संख्या	स्वीकृत पूंजी (करोड़ रु. में)	स्वीकृत क्षमता (मि. टन प्रतिवर्ष)
रु. 150 करोड़ से उपर	5	2124.9	29.25
रु. 150 करोड़ से 50 करोड़ के मध्य	7	609.35	14.45
रु. 50 करोड़ से 20 करोड़ के मध्य	1	35.54	1
रु. 20 करोड़ से 2 करोड़ के मध्य	22	327.9584	11.26
कुल	**35**	**3097.7484**	**56.01**

25.2 वित्तीय वर्ष 2018–19 में स्वीकृत परियोजनाएँ

क्र. सं.	परियोजना	प्रकार	स्वीकृत क्षमता (मि. टन प्रतिवर्ष)	स्वीकृत पूंजी (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1.	नॉर्थ उरीमारी ओसीपी का ईपीआर	ओसी	7.5/10	1553.06	सीसीएल बोर्ड - 13/14.06.2018 सीआईएल बोर्ड -14.03.19.
2.	पिपरवार फेज–1 भूमिगत	यूजी	0.87/1	325.88 (पूर्ण कालीक) 323.12 (लक्ष्य वर्ष तक)	14.45

वित्तीय वर्ष 2018–19 में चालू किए गए परियोजनाएँ : शून्य

वित्तीय वर्ष 2018–19 में पूर्ण/कमीशन किए गए परियोजनाएँ

क्र. सं.	परियोजना	प्रकार	स्वीकृत क्षमता (मि. टन प्रतिवर्ष)	स्वीकृत पूंजी (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1	कोनार ओसीपी (3.5 मि.ट./वर्ष)	ओसी	3.5	74.53	26/05/2018

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित परियोजनाओं को ''सैद्धांतिक स्वीकृति'' मिली है :

क्र. सं.	परियोजना का नाम	नोमिनल/पिक क्षमता (मि. टन प्रतिवर्ष)	वस्तुस्थिति/टिप्पणी	स्वीकृति की तिथि
1.	कोतरे बसंतपुर पचमो ओसीपी	5/6.25	पहले चरण : सैद्धांतिक स्वीकृति में है	13/06/18 & 14/06/18
2.	तेतरियाखार ओसीरी	2.5/3.4	पहले चरण : सैद्धांतिक स्वीकृति में है	09/10/2018
3.	हिंदेगिर ओसीपज	4/5.4	पहले चरण : सैद्धांतिक स्वीकृति में है	09/10/2018
	कुल	**11.5/15.05**		

उपरोक्त परियोजनाओं हेतु अंतिम अनुमोदन प्रक्रियाधीन है।

वित्तीय वर्ष 2018–19 में हमारी कम्पनी का उत्पादन–स्तर इस प्रकार है :

समूह	2018-19 मि.ट.
मौजूदा खदान एवं पूर्ण परियोजनाएं	42.4743
वर्तमान परियोजनाएं	26.2469
कुल	**68.72**

26. वन एवं पर्यावरण

प्राप्त पर्यावरणीय स्वीकृति : रजहरा ओसीपी (0.5 मिलियन टन/वर्ष में)

पर्यावरण स्वीकृति हेतु आवेदन जमा किया गया (उल्लंघन मामले)

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	कारो एक्सपेंसन ओसीपी एवं इन्टीग्रेटेड वाशरी	11/15
2.	चयनित ढोरी ग्रुप के खान	8.25/11

जारी किया गया टी.ओ.आर. (उल्लंघन मामले)

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	कारो एक्सपेंसन ओसीपी एवं इन्टीग्रेटेड वाशरी	11/15
2.	चयनित ढोरी ग्रुप के खान	8.25/11
3.	तारमी ओसीपी	1.0/1.70

फार्म 1 का जमा (उल्लंघन मामले)

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	कुजू ओसीपी	1.50
2.	केदला ओसीपी	1.35
3.	केदला यू जी	0.22
4.	गिद्दी ए ओसीपी	1.00
5.	भुरकुंडा कोलियरी	2.05
6.	गिरिडीह–कबरीबाद समूह के खान	1.30
7.	पुंडी ओसीपी	3.00
8.	करगली ओसीपी	0.75

फार्म 1 आवेदन का जमा (इआइए अधिसूचना, 1994 से इआइए अधिसूचना 2006 का नियमितकरण)

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	नार्थ उरीमारी ओसीपी	3.00
2.	आम्रपानी ओसीपी	12.00
3.	परेज इस्ट ओसीपी	1.75
4.	रजरप्पा ओसीपी एवं वाशरी	3.00
5.	केदला वाशरी	2.60
6.	कथारा सीपीपी	2 x 10 MW

वाशरियों के लिए फार्म 1 आवेदन का जमा

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	बसंतपुर–तापिन कोकिंग कोल वाशरी	4.0
2.	नया कथारा कोकिंग कोल वाशरी	3.0

पर्यावरण स्वीकृति के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं सी. सी. का अनुशंषा : तापिन साउथ ओसीपी (2/2.5 मी.ट./वर्ष)

खान योजना एवं खान बंदीकरण योजना

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	तापिन ओसीपी	3.50
2.	तोपा ओसीपी	1.68
3.	आम्रपाली ओसीपी	12.00
4.	नार्थ उरीमारी ओसीपी	3.00
5.	रजरप्पा ओसीपी	3.00
6.	नार्थ उरीमारी ओसीपी	4.20

पर्यावरण निगरानी

सीएमपीडीआई द्वारा नियमित रूप से सीसीएल के सारे खान/वाशरियों की निगरानी की जा रही है। इस वर्ष पीएम 10(आरपीएम) के 5400 नमूने पीएम 2.5 के 5400 नमूने, भारी धातु विश्लेषण : 255 नमूने, प्रवाही निगरानी के 1800 नमूने, सतही जल गुणवत्ता के 500 नमूने, पेयजल गुणवत्ता के 200 नमूने, ध्वनि निगरानी के 4190 नमूने एवं डीइटीपी के 24 नमूनों की निगरानी की गई है।

स्प्रींक्लर सिस्टम : वायु प्रदूषण के रोकथाम के लिए फीडर ब्रेकर एवं क्रशर

रेलवे साइडिंग के नजदीक में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए विंडस्क्रीन

खुली खदानों के भूमि पुनरूद्धार की वस्तुस्थिति

सीएमपीडीआई द्वारा रिमोट सेंसिंग के जरिये खानों की पुनरूद्धार वस्तुस्थिति का निगरानी नियमित रूप से किया जा रहा है। 5 मि.ली. क्यूबिक मी. से ज्यादा का समग्र उत्खनन क्षमता वाले परियोजनाओं का निगरानी प्रति वर्ष किया जाता है। अशोक, पिपरवार, केडी हेसालोंग, परेज ईस्ट एवं रजरप्पा का वर्ष 2018–19 के दौरान निगरानी किया गया। 5 मि.ली. क्यूबिक मी. से कम समग्र उत्खनन क्षमता वाले परियोजनाओं का निगरानी हर 3 साल में किया जाता है। उनमें से तेतरियाखार ओसीपी, डकरा ओसीपी, मगध ओसीपी, आम्रपाली ओसीपी, गिद्दी ए ओसीपी, पुंडी ओसीपी, केदला ओसीपी, जारंगडीह, कथारा ओसीपी, कोनार ओसीपी, कारो ओसीपी एवं कर्मा ओसीपी थे जिनका 2018–19 में निगरानी किया गया।



वन भूमि का साइट हैंडओवर – 2 सं. (251.61 हे.)

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षमता (मि.ट./वर्ष)
1.	तारमी ओसीपी (55.06 हे.)	55.06
2	सारूबेड़ा ओसीपी (196.55 हे.)	196.55

स्टेज – 1 वन मंजूरी . 2 सं. (275.67 हे.)

क्र. सं.	परियोजना के नाम	क्षेत्रफल (हे. में)
1.	कारो ओसीपी	226.67
2	कोनार वाशरी	49.00

कुल भुगतान – 2 प्रस्ताव (रू. 5312036.00)

क्र. सं.	मद	परियोजना	राशि (रू. में)
1.	वर्तमान निबल मूल्य	लइयो यू.जी. (78.59)	1493210.00
2	क्षतिपूरक वनीकरण	केदला ओसीपी (168.50)	3818826.00

वन मंजूरी निवेदन (ऑनलाइन) – 17 सं. (2220.76 हे.)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)
1.	आरा चमातू रोड	1.56
2	मसीलोंग से चतरा–खलारी रोड	10.72
3	देवलगडा से कुरलोंगा रोड	3.65
4	आरा से फुलबसिया रोड	9.91
5	होन्हे से सराधु रोड	13.70
6	होन्हे से कोइद रोड	1.04
7	बलकुदरा ओसीपी	131.50
8	नार्थ उरीमारी रेलवे साइडिंग	11.11
9	आम्रपाली रेलवे साइडिंग	107.06
10	परेज ईस्ट ओसीपी रिनिवल	43.52
11	परेज ईस्ट ओसीपी	101.00
12	सेलेक्टेड ढोरी ओसीपी	7.45
13	तारमी ओसीपी	147.35
14	तापिन साउथ ओसीपी वे–ब्रिज से चरही मालगोदाम रोड	3.88
15	कोतरे बसंतपुर पचमो ओसीपी	633.19
16	कोतरे बसंतपुर पचमो ओसीपी	372.98
17	भुरकुंडा कोलियरी	621.14

वन मंजूरी निवेदन (ऑनलाइन) – 17 सं. (2220.76 हे.)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)
1.	अरगडा ओसीपी (190.32 हे.)	190.32
2	डीआरडी ओसीपी (373.18 हे.)	373.18
3	तारमी ओसीपी (140.75 हे.)	140.75
4	तारमी ओसीपी (6.60 हे.)	6.60
5	केदला ओसीपी (168.50 हे.)	168.50
6	आम्रपाली ओसीपी (432.59 हे.)	432.59
7	मगध ओसीपी (277.24 हे.)	277.24
8	आरा से फुलबसिया रोड (2.22 हे.)	2.22
9	देवलगडा से कुरलोंगा रोड (3.65 हे.)	3.65
10	होन्हे से सराधु रोड (13.70 हे.)	13.70
11	मगध रेलवे साइडिंग (30.9 हे.)	30.90
12	मसीलोंग से चतरा खलारी रोड (6 हे.)	6.00

जीएमके जेजे हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र : 7 (648.91 हे.)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)
1.	डीआरडी ओसीपी	338.64
2	केदला ओसीपी	56.04
3	आम्रपाली ओसीपी	96.15
4	मगध ओसीपी	152.94
5	देवलगडा से कुरलोंगा रोड	0.19
6	होन्हे से सराधु रोड	0.31
7	मसीलोंग से चतरा खलारी रोड	4.64

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में भेजे हुए प्रस्ताव की संख्या : 6 (996.17 हे.)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)
1.	कारो ओसीपी	226.67
2	रजरप्पा ओसीपी	277.15
3	कारो ओसीपी का कोयला प्रेषण कन्वेयर	7.50
4	पुरनाडीह ओसीपी	323.49
5	केडीएच ओसीपी	126.72
6	उरीमारी ओसीपी	34.64

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं सीसी में एफएसी बैठक की संख्या : 4 (560.32 हे.)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)
1.	कारो ओसीपी	226.67
2	रजरप्पा ओसीपी	277.15
3	कोनार वाशरी	49.00
4	कारो ओसीपी का कोयला प्रेषण कन्वेयर	7.50

वनीकरण :

सीसीएल के खानों में 54.3 हे. क्षेत्रफल में वर्ष 2018–19 के दौरान 1.35 लाख पौधे लगाए गए। यह रोपण राज्य वन विभाग के द्वारा दिया गया। 1992 से (मॉनसून 2018) तक तकरीबन 8400000 पौधों का रोपण किया गया है।

कम्पनीवार आईएमएस (इन्टीग्रेटेड प्रबंधन प्रणाली) प्रमाणीकरण

नवंबर 2018 के दौरान पूरे सेन्ट्रल कोलफील्ड लिमिटेड को आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, ओएचएसएएस 18001:2007 से सम्मानित किया गया।

27. भू–अधिग्रहण की स्थिति :

27.1 भू–अधिग्रहण की स्थिति :

वर्ष 2018–19 के दौरान सीबीए (ए एवं डी) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत भू–अधिग्रहण हेतु निम्नलिखित प्रस्तावों में अग्रेत्तर प्रगति हुई है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (एकड़ में)	अधिग्रहण के लिए अधिसूचना
1.	तोपा–पिंडरा विस्तार परियोजना	780.67	धारा 4 (1) पूर्ण, राजपत्र अधिसूचना दिनांक 20/21.07.2018 एस.ओ.संख्या 1066
2	जीवनधारा खुली खदान	93.98	धारा 4 (1) पूर्ण, राजपत्र अधिसूचना दिनांक 02/04.08.2018 एस.ओ.संख्या 1136
3	आम्रपाली विस्तार परियोजना	305.13	धारा 4 (1) पूर्ण, राजपत्र अधिसूचना दिनांक 10.10.2018 एस.ओ. संख्या – 1468
4	पिछरी ओ.सी.पी -II	78.9	धारा 9 (1) पूर्ण, राजपत्र अधिसूचना दिनांक 10.10.2018 एस.ओ. संख्या 1469
5	कोनार ओ.सी.पी	9.09	धारा 11 (1) पूर्ण, राजपत्र अधिसूचना दिनांक 04.04.2018 एस.ओ. संख्या 1484
6	चैनपुर ओ.सी.पी.	58.41	धारा 11 (1) पूर्ण, राजपत्र अधिसूचना दिनांक 10/14.04.2018 एस.ओ. संख्या 566

बायोलॉजिकल रिक्लामेशन

धारा 4 (1) के अंतर्गत 1179.78 एकड़, धारा–9 (1) के अंतर्गत 78.9 एकड़ और धारा 11 (1) के अंतर्गत 67.50 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई जिसकी उपलब्धि स्वरूप उत्कृष्ट रेटिंग की प्राप्ति हुई ।

27.2 प्रतिपूर्ति भुगतान :

संदर्भित वर्ष के दौरान, सीबीए(ए एवं डी) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत, विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित 19 भुगतान शिविरों में भूमि और वृक्ष हेतु रुपये 676.92 लाख की राशि निर्गत की गई , आवास प्रतिपूर्ति, पुनर्वास लाभ एवं पुनर्वास स्थल के विकास हेतु 1252.90 रुपये संवितरित की गये । भूमि एवं आवास प्रतिपूर्ति के मद में अदालतों के निर्देश के अंतर्गत 544.4 रु. का संवितरण किया गया।

भूमि, आवास एवं वृक्ष प्रतिपूर्ति के मद में (पुनर्वास लाभ सहित) सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि रुपये 3640.01 में से रु. 1498.91 लाख मगध, उत्तरी उरीमारी, बोकारो एवं करगली, पिपरवार (बिजैन) और पुरनाडीह परियोजनाओं में परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वास लाभ हेतु दिया गया ।

27.3 रोजगार :

वर्ष 2018–19 के दौरान 100 लैंड लूजरों या उनके नामितियों को कम्पनी के विभिन्न क्षेत्रों/इकाइयों में रोजगार प्रदान किया गया ।

27.4. पुनर्वासः

वर्ष 2018–19 के दौरान, विभिन्न परियोजनाओं में कुल 216 परिवारों का पुनर्वास किया गया, जिनका विवरण निम्लिखित है

(i) बिजैन (पिपरवार) : 150 प.प्र.प. (PAFs)

(ii) उत्तरी उरीमारी (बरका–सायल) : 25 प.प्र.प. (PAFs)

(iii) तोपा (कुजू) : 28 प.प्र.प. (PAFs)

(iv) पुरनाडीह (उ.कर्णपुरा) : 12 प.प्र.प. (PAFs)

विशिष्ट उपलब्धियां :

1. ग्रामीणों, प्रबंधन और जिला प्रशासन की एक त्रिपक्षीय बैठक आहूत की गई जिसमे RFCTLARR अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अंतर्गत लाभार्थी भूस्वामियों और प्रबंधन के मध्य भूमि के स्वीकृत मूल्य एवं भूमि प्रतिपूर्ति और रोजगार के मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया ।
2. जिला प्रशासन,लातेहार के साथ मिलकर फूलबासिया से बुकरू रेलवे साइडिंग तक सड़क निर्माण ।
3. जिला प्रशासन के सहयोग से बुकरू से जेहलीटांड़ तक रेलवे लाइन के सामानांतर सड़क का निर्माण।

28. रेलवे साइडिंग

संक्षिप्त प्रदर्शन रिपोर्ट निम्नवत है :

28.1 निर्माण के तहत नई साइडिंग

(क) पिपरवार साइडिंग	मेसर्स राइट्स लिमिटेड को पिपरवार रेलवे साइडिंग के शेष कार्य को पूरा करने का काम जमा अवधि के आधार पर 90.61 करोड़ रुपये (लगभग) की लागत पर सौंपा गया था। परियोजना लागत को बाद में संशोधित कर दिया गया है जो 141.00 करोड़ रूपये (लगभग) है। गठन कार्य 30.5 किमी की पूरी लंबाई मे पूरा हो गया है और सरफेस लाईन/मेन लाईन को जोड़ने का ट्रैक कार्य पूरा हो चुका है और जुलाई 2017 से कोयले का प्रेषण शुरू हुआ है। इस रेल लाइन के लूप लाइन के ट्रैक लिंक का कार्य, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग और दूरसंचार का कार्य मेसर्स राइट्स द्वारा प्रगति पर है। मेसर्स राइट्स ने शेष कार्यों के पूरा होने के लिए जून 2019 तक और समय विस्तार का अनुरोध किया है। मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन के जंक्शन बिंदु पर पू. म. रेलवे द्वारा जमा कार्य के रूप में 1.683 किमी के लिए ट्रैक लिंकिंग किया गया है। मेन लाइन और लूप लाइन में आरओआर पुल से संबंधित कार्य पूरा होने के करीब है।
(ख) टोरी–शिवपुर और शिवपुर–कथौटिया नई बीजी रेलवे लाइन का निर्माण वर्तमान स्थिति : (1) टोरी–शिवपुर नई बीजी डबल रेल लाइन ह्टोरी–बिराटोली और बिराटोली–महुवामिलन रेल लाइन कनेक्टिविटी। (प्राक्कलित लागत – रूपये 2399.07 करोड़ रूपये)	एमओईएफ द्वारा अप्रैल 2011 में संशोधित अलाइन्मेंट को स्टेज –1 वानिकी मंजूरी दी गई थी। उसके बाद एमओईएफ द्वारा, टोरी–शिवपुर खंड के संशोधित अलाइन्मेंट के लिए चरण –2 वानिकी मंजूरी 19.06.2013 को दी गई थी। मार्च 2018 में बालूमाथ स्टेशन (19.3 किलोमीटर की लंबाई) तक टोरी की एकल रेल लाइन का उद्घाटन किया गया और बालूमाथ से कोयला प्रेषण शुरू हुआ। तदनुसार बुकरू एवं फुलबसिया साइडिंग से इस रेल लाइन पर कोल ट्रैफिक गतिविधि चालू की गई है। टोरी से शिवपुर तक सिंगल रेल लाइन का सिविल कार्य पूरा कर लिया गया है एवं इस लाइन का रेल लाइन डबलिंग कार्य तथा ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य एवं सिग्नलिंग एवं टेलीकम्युनिकेशन कार्य प्रगति पर है। रेलवे द्वारा टोरी–शिवपुर नई रेल लाइन पर मार्च '19 तक 1855.87 करोड़ रू. का कुल व्यय किया गया है।
(2) शिवपुर–कथौटिया (शिवपुर–हजारीबाग के संशोधित अलाइन्मेंट) (अनुमानित लागत – 1799.64 करोड़ रूपये)	शिवपुर–कथौटिया नई बीजी रेल लाइन का काम अब सीसीएल, ईरकॉन और झारखंड सरकार की नवगठित संयुक्त उद्यम कंपनी यानि "झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड" (जेसीआरएल) की ओर से मेसर्स इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा की जा रही है। ईसी रेलवे ने मेसर्स इरकॉन द्वारा प्रस्तुत डीपीआर (संसोधित परियोजना लागत – 1799.64 करोड़ रूपये) पर अपनी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा रेलवे द्वारा इन्फ्लेटेड माइलेज @ 60% पर स्वीकृति प्रदान की है। दिसम्बर 2018 में पू.म.रे. एवं जे.सी. आर.एल. के मध्य कन्सेशन समझौता पर हस्ताक्षर किया गया है। वन्य स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है एवं स्तर–1 की स्वीकृति प्रतिक्षित है। अन्य भूमि के अधिग्रहण हेतु आवश्यक कदम उठाये गये हैं। अंतिम बंदीकरण प्रक्रियाधीन है।
(ग) कुजू रेलवे साइडिंग	लो लेवल प्लेटफॉर्म के साथ कुजू रेलवे साइडिंग को पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सीसीएल के लिए 8.22 करोड़ रूपये की लागत से जमा अवधि के आधार पर शुरू किया गया है। साइडिंग का उद्घाटन किया गया है और कोयले का प्रेषण चल रहा है।

(घ) सौंदा बी रेलवे साइडिंग	2.84 करोड़ के लागत पर जमा अवधि के तहत ई. सी. रेलवे के द्वारा एक अतिरिक्त लोडिंग लाइन तथा लो लेवल वार्फ दीवार का निर्माण कार्य लिया गया है। निर्माण कार्य जल्द चालू होने वाला है।
(ड.) पिपराडीह रेलवे साइडिंग का निर्माण	यह कार्य पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद डिवीजन द्वारा जमा अवधि के आधार पर किया जा रहा है। ईसी रेलवे अलाइन्मेंट में बदलाव के कारण लागत 8.88 करोड़ रूपये से 22 करोड़ (लगभग) संशोधित की गई है। सीसीएल ने लागत में वृद्धि के लिए विस्तृत औचित्य प्रस्तुत करने के लिए ईसी रेलवे से अनुरोध किया है।
(च) उत्तर उरीमारी रेलवे साइडिंग का निर्माण	सीसीएल ने मई 2017 में मेसर्स राईट्स को उत्तरी उरीमारी साइडिंग के निर्माण के लिए 222.32 करोड़ (लगभग) कार्य सौंपा है। मेसर्स राइटर्स द्वारा कार्य शुरू किया गया है। दामोदर नदी पर बड़े पुल एवं अन्य छोटे पुलों का निर्माण प्रगति पर है।
(छ) पिपरवार – मैक्लुस्किगंज रेल लाइन अलाइन्मेंट के सीएच.17.000 और 18.000 के मध्य दो वार्फवाल के निर्माण हेतु एफएसआर एवं डीपीआर बनाना	यह काम मेसर्स राईट्स लिमिटेड को सौंपा गया है। डीपीआर को पू.म. रेलवे की मंजूरी मिल गई है। मेसर्स राइट्स द्वारा प्रस्तुत डीपीआर के आधार पर संशोधित लागत 99.80 करोड़ रूपये (मेसर्स राइट्स शुल्क और सेवा कर सहित) है – जिसमें चेनेज के 10 किमी और 11 किलोमीटर के बीच कोइलारा में क्रॉसिंग स्टेशन का प्रावधान शामिल है का कार्य प्रगति पर है।
(ज) मगध रेलवे साइडिंग का निर्माण	391.01 करोड़ रूपये (मेसर्स राइट्स शुल्क और सेवा कर सहित) की लागत से मेसर्स राइट्स को कार्य दिया गया है। रेलवे भूमि के कुछ भाग एवं अन्य भागों में निर्माण कार्य प्रगति पर है।
(झ) आम्रपाली रेलवे साइडिंग का निर्माण	413.48 करोड़ रूपये (मेसर्स राईट्स के शुल्क और सेवा कर सहित) की लागत से मेसर्स राईट्स को कार्य दिया गया है। रेलवे भूमि के हिस्से में निर्माण कार्य प्रगति पर है।
(ञ) कोनार रेलवे साइडिंग	46.8 करोड़ रू. की लागत से जमा अवधि के तहत पूर्वी मध्य रेलवे के साथ लो लेवल वार्फ दीवार सहित कोनार रेलवे साइडिंग का निर्माण जारंगडीह रेलवे स्टेशन से बोकारो थर्मल विद्युत स्टेशन किया जा रहा है। निर्माण कार्य अभी प्रगतिशील है।

28.2 मौजूदा रेलवे साइडिंग का नवीनीकरण

करगली (पश्चिम) साइडिंग का नवीनीकरण मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा किया गया है।

पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद डिवीजन द्वारा जमा अवधि के आधार पर रेल पटरियों और स्लीपरों का नवीनीकरण पूरा गया है : (i) ढोरी–I साइडिंग, (ii) ढोरी–II साइडिंग, (iii) तारमी साइडिंग, (iv) जारंगडीह–I साइडिंग, (v) जारंगडीह–II साइडिंग, (vi) एन आर और सारूबेरा (चरण–I), (vii) एन आर और सारूबेरा (चरण–II), (viii) न्यू सेलेक्टेड ढोरी साइडिंग, (ix) डकरा साइडिंग, (x) बचरा साइडिंग, (xi) सौंदा – बी साइडिंग।

29. भूगर्भीय सेवाएँ :

29.1 ड्रिलिंग

वित्तीय वर्ष 2018–19 में, लक्ष्य 63100 मीटर की तुलना में कुल 52965.5 मी./प्रति माह की ड्रिलिंग तोपा और लपंगा स्थित दो बेस स्टेशनों में कार्यरत चार ड्रिलों के माध्यम से की गई जिससे 1103.45 मी./ड्रिल की उत्पादकता प्राप्त हुई। इसमें खनन सेवाओं हेतु ब्लास्ट होल की ड्रिलिंग, जल निकासन हेतु अधिक व्यास वाले बोरहोल, पेयजल हेतु ट्यूबवेल एवं अन्वेषण कार्य के लिए नॉन– कोकिंग बोरहोल सम्मिलित हैं।

29.2 परियोजना दस्तावेजीकरण और सम्बद्ध कार्य

(I) भूविज्ञान संबंधी

वर्ष 2018–19 के दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप पूर्ण हुए ᐤ अधिकांश कार्य उत्पादन समर्थन खनन सेवा और भविष्य की खनन गतिविधियों से संबंधित हैं :

1. हार्डवेयर, एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर और विभागीय कंप्यूटर केंद्र के डाटा की देख–रेख।
2. चालू ब्लॉकों की स्थानिक योजनाओं के संबंध में महाप्रबंधक(गवेषण), क्षे.सं.–III के साथ परस्पर विचार–विमर्श जहां सीसीएल कमान क्षेत्रों में सीआईएल के ब्लॉकों का विभागीय एवं आउटसोर्सिंग माध्यम से गवेषण कार्य चल रहा है, खा.यो.प्रति. में भूगर्भीय सूचना एवं लंबित कोल कोर।
3. विभागीय सह आउटसोर्सिंग माध्यम से सीसीएल के कमान क्षेत्रों में प्रायोजित भूवैज्ञानिक गवेषण का क्षे.सं.–III सीएमपीडीआई, रांची द्वारा पर्यवेक्षण।
4. दिनांक 01.04.18 तक सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कोयला भंडार का संकलन। सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कुल 44837.98 मि.टन का कोयला भंडार है। दिनांक 01.04.17 तक भारत में कोयले का सकल भंडार 319020.33 मि.टन था।
5. विभागीय सह आउटसोर्सिंग माध्यम से सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉकों में सीएमपीडीआई के बिलों की प्रसंस्करण।

आउटसोर्सिंग प्रस्ताव

1. 1 वर्ष के अवधि के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से मगध ओसीपी के 3.799 मि.क्यू.मी. ओबी (0.799 मि.क्यू.मी. के पुनः प्रबंधन सहित) और मगध ओसीपी के मासीलॉन्ग पैच से 0.734 मि.टन कोयले का निष्कर्षण एवं 0.799 मि.क्यू.मी. ओबी को मगध ओसीपी (20.00 मी. टन./वर्ष) की पीआर सीमा के बाहर 120 मी. थ्रोफॉल्ट के नीचे डंप करना और शेष 3.00 मि.क्यू.मी. के ओबी को कोयला धारित क्षेत्र में डंप करना, जिसकी भविष्य में पुनः प्रबंधन की आवश्यकता होगी।
2. मगध ओसीपी में मेसर्स सैनिक एवं एलाइड सर्विसेज लिमिटेड को दिए गए पैच में 1.062 मि.क्यू.मी. ओबी की डंपिंग हेतु आउटसोर्सिंग प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।
3. 1 वर्ष की अवधि हेतु बो. एवं कर. क्षेत्र के कारो ओसीपी में ओबी निष्कासन हेतु (17.11 ला.क्यू.मी.) और कोयला निष्कासन हेतु (41.99 ला.क्यू.मी.) एचईएमएम मशीन किराए पर लेने के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।
4. 2 साल की अवधि के लिए एकेके, ओसीपी (कोनार विस्तार), बो. एवं कर. क्षेत्र के कोनार भाग में (6.28 मि.क्यू.मी.) ओबी के निष्कासन हेतु आउटसोर्सिंग प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

5. 8 महीने की अवधि हेतु बो. एवं कर. क्षेत्र के एकेके, ओसीपी (कोनार विस्तार) के प्रस्तावित खासमहल भाग में 7.10 ला. टन कोयले के निष्कासन एवं जारंगडीह साइडिंग चरण–।। और चरण–।। में परिवहन एवं ओबी(7.60 ला.क्यू.मी.) के निष्कासन हेतु एचईएमएम और अन्य संबद्ध उपकरण किराये पर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

6. उत्तरी तापिन ओसीपी में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से 5 वर्षों की अवधि हेतु 234.78 ला.क्यू.मी. ओबी और 85.91 ला.टन कोयले के निष्कासन के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

7. उत्तरी उरीमारी ओसीपी, बरका–सयाल क्षेत्र में 8 वर्षों हेतु मेसर्स बीजीआर को दिए गए आउटसोर्सिंग पैच में ओबी निस्तारण एवं कोयला निष्कर्षण हेतु पुनर्नियोजित उत्पादन कार्यक्रम के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

8. 2 वर्ष की अवधि के लिए एकेके, ओसीपी (कोनार विस्तार), बो. एवं कर. क्षेत्र के कोनार भाग में (5.06 मि.टन) कोयला निष्कर्षण के आउटसोर्सिंग के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

9. 8 महीने की अवधि हेतु बो. एवं कर. क्षेत्र के एकेके, ओसीपी (कोनार विस्तार) के प्रस्तावित खासमहल भाग में 7.10 ला. टन कोयले के निष्कासन एवं जारंगडीह साइडिंग चरण–। और चरण–।। में परिवहन एवं ओबी(7.60 ला.क्यू.मी.) के निष्कासन हेतु एचईएमएम और अन्य संबद्ध उपकरण किराये पर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

10. 2 साल की अवधि में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से उरीमारी ओसी के गंधौनिया पैच पर 14.37 ला.क्यू.मी. को निस्तारण के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

11. कुजू क्षेत्र के करमा ओसीपी में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से 8 वर्ष की अवधि हेतु 69.797 ला.क्यू.मी. ओबी (7.1 ला.क्यू.मी. को पुनः प्रबंधन सहित) निस्तारण एवं 46. 148 ला.टन कोयले के निष्कासन के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

12. रजहरा क्षेत्र के तेतरियाखार ओसीपी में 09 माह की अवधि हेतु 11.00 ला.टन कोयले को संयुक्त सीम II + III से निकाल कर सरफेस स्टॉकयार्ड तक परिवहन हेतु एचईएमएम को किराये पर लेने के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

13. 03 वर्ष की अवधि हेतु हजारीबाग क्षेत्र के दक्षिणी तापिन परियोजना में 24.80 ला.टन कोयले का निष्कासन एवं 55.80 ला.क्यू.मी. ओबी निष्कासन और परिवहन के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

14. अरगडा क्षेत्र की गिद्दी–ए खुली खदान परियोजना(0. 60मि.टन/वर्ष) के संदर्भ में 29.21 ला.क्यू.मी. ओबी (0.70 ला.क्यू.मी. के पुनः प्रबंधन सहित) के निष्कासन एवं 12.96 ला.टन कोयले के निष्कासन एवं निर्दिष्ट स्थानों तक 03 वर्षों की अवधि तक परिवहन हेतु एवं स्वीकृत परियोजना के विचलन में 29.21 ला.क्यू.मी. ओबी को कोयला धारित क्षेत्र में डंप करने (जिसकी भविष्य में पुनः प्रबंधन की आवश्यकता होगी) हेतु किराये पर। एचइएमएम लेने की सैधांतिक स्वीकृति के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन

15. 05 वर्षों की अवधि हेतु पिपरवार क्षेत्र के अशोक ओसीपी में ओबी (263.30 ला.क्यू.मी.) हटाने एवं कोयले (251.53 ला.टन) के निष्कासन एवं परिवहन प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

16. कथारा क्षेत्र के कथारा ओसीपी में कथारा सीम एवं करगली सीम के मध्य भाग में 49.50 ला.क्यू.मी ठोस ओबी (भूमि अवरोध के कारण कमी के बराबर की मात्रा) को हटाने के लिए पूर्ववत निविदा नियमों एवं शर्तों के अनुसार मेसर्स बीकेबी ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. के पूर्व अनुमोदित आउटसोर्सिंग पैच के विस्तार में लम्बवत पैच एनेक्सेशन(समामेलन) प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

17. 05 वर्षों की अवधि के लिए राजहरा क्षेत्र की तेतरीयाखार ओसी परियोजना में कोयले(80.00 ला. टन) के निष्कासन और निर्दिष्ट गंतव्य तक परिवहन हेतु और ओबी (38.00 ला.क्यू.मी) को हटाने के लिए एचईएमएम किराये पर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव का भूवैज्ञानिक अध्ययन।

(।।) कैपटिव खान ब्लॉक पर :

1. कैपटिव खान ब्लॉक पर विभिन्न प्राधिकारियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

(।।।) अन्यः

1. वर्ष 2019– 20 में विभागीय एवं आउटसोर्सिंग माध्यमों से सीएमपीडीआई द्वारा सीआईएल के कोल ब्लॉक के गवेषण कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।
2. विभाग के पास उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार संसदीय प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

29.3 हाइड्रोजियोलॉजी और टेस्ट होल :

1. सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की आवश्यकता पूरी करने हेतु गहरे ट्यूबवेल बोरवेल्स एवं कोयला और ओबी को सिद्ध करने हेतु कुल 63 की संख्या में टेस्ट होल ड्रिल किए गए।

29.4 विशिष्ट सेवाएं और कंप्यूटरीकरण कार्य

भूविज्ञान विभाग ने आईआईटी खड़गपुर, बीआईटी मेसरा, सीएमपीडीआई, एमईसीएल और जादवपुर विश्वविद्यालय के सहयोग से एसकेसीएफ और डब्ल्यूबीसीएफ के जीआईएस आधारित इंटरएक्टिव जिओ खनन मॉडल पर सीआईएल के शोध एवं विकास द्वारा वित्त पोषित दो प्रमुख परियोजनाएं पूरी की है।

अंतिम रिपोर्ट में विभिन्न एजेंसियों के समस्त परिणामों के निष्कर्ष सम्मिलित हैं।

बोरहोल और मानचित्र का डेटा, प्रसंस्कृत नतीजों और दस्तावेजों सहित सभी बुनियादी डेटा को विभाग रखता है।

कोयला भंडार

दिनांक 01.04.2018 को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा अभीकलित एवं संकलित डेटा के अनुसार सीसीएल के अधिकार क्षेत्र में सिद्ध, सूचित एवं अनुमानित श्रेणियों में कुल 44837.98 मिलियन टन कोयला (1200 मीटर की गहराई तक) अवस्थित है। कोयला भंडार का विवरण निम्नलिखित हैः–

(आंकड़े मि.टन में)

कोयले का प्रकार	प्रमाणित	सूचित	अनुमानित	कुल
कोकिंग	8109.75	9448.77	1692.92	19251.44
नॉन–कोकिंग	16088.94	6658.53	2839.07	25586.54
कुल	24198.69	16107.30	4531.89	44837.98

30. सीसीएल में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

सीसीएल अपने हितधारकों की संतुष्टि के लिए, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शिता एवं संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वर्ष 2018–19 में निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण पहल किये गये हैं :

1. सीआईएल की ईआरपी परियोजना (एसएपी) के प्रस्तावित कार्यान्वयन पर अन्य अनुषंगियों के साथ सीसीएल काम कर रही है।
2. कोल इंडिया लिमिटेड के केन्द्रीय सर्विस प्रदाता के सौजन्य से कोयले का ई–ऑक्शन, वस्तु एवं सेवा का ई–क्रय के साथ–साथ एवं ई–विक्रय तथा जेम (जीईएम) पोर्टल की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा सीआईएल के वेन्डर्स एवं कर्मचारियों को ई–भुगतान तथा सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से व्यापार में शिकायतों के निवारण हेतु ई–फाइलिंग की सुविधा दी गई है।
3. आधार पर आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सीसीएल तथा उसके कमांड एरिया में प्रभावकारी नियंत्रण के लिए शुरू किया गया है।
4. सीसीएल में कोलनेट (ईआरपी का एक प्रकार सॉफ्टवेयर) में वित्त, वेतन, विक्रय, पीआईएस, सामग्री, एवं उत्पादन मॉड्यूल सफलतापूर्वक परिचालन में है।
5. सीसीएल मुख्यालय में एन.आई.सी., के सहयोग से ई–ऑफिस सॉफ्टवेयर प्रारंभ की है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य सीसीएल के व्यापार प्रक्रिया प्रबंधन में गुणात्मक सुधार, उत्पादन, उत्पादकता में वृद्धि एवं इलेक्ट्रॉनिक फाइल सिस्टम के माध्यम से पारदर्शिता लाना है।
6. व्यवसायिक प्रक्रिया के उत्पादकता एवं निपुणता में सुधार के लिए वैन (WAN) के माध्यम से सीसीएल के केन्द्रीय सर्वर से कार्यान्वित किया जा रहा है।
7. सीसीएल के सभी अधिकारियों के लिए सीआईएल द्वारा जारी किए गए कॉरपोरेट ईमेल मैसेज सिस्टम को सूचनाओं के आदान–प्रदान के लिए लागू किया गया है।
8. विभिन्न प्रकार के आंतरिक रूप से विकसित वेब/मोबाइल अनुप्रयोग जैसे – कर्मचारियों से आमंत्रित परिवर्तनात्मक सुझाव के लिए क्राउड सोर्सिंग, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एसएमएस अलर्ट के साथ सीपीआरएमएसई, सेवा प्रदाता/विक्रेता आदि के लिए बिल ट्रेकिंग अनुप्रयोग स्थापित किया गया है।
9. सीसीएल के सभी अधिकारियों का प्रदर्शन मूल्यांकन, सतर्कता सूचना एवं वार्षिक संपत्ति विवरण सीआईएल द्वारा प्रबंधित केन्द्रीयकृत वेब प्रणाली के द्वारा की जाती है।
10. कोलनेट के विभिन्न मॉड्यूलों में जीएसटी को सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

31. सुरक्षा प्रबंधन

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का सुरक्षा विभाग एक 24x7 कार्यकारी विभाग है जो अवैध खनन, कोयला चोरी जैसे अवैध कार्यों की रोकथाम के लिए "खान प्रहरी" राज्य एवं सिविल प्राधिकारियों के साथ मिलकर आवश्यक निषेधात्मक कदम लेता है। विगत वर्ष यानी 2018–19 में सुरक्षा विभाग का उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। विभाग ने विभिन्न खानों/परियोजनाओं एवं ईकाइयों के चौबीसों घंटे निगरानी हेतु एक अति वृहत तंत्र विकसित किया है। अद्यतन सूचनओं को संकलित कर प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआइएस) के रूप में जमा कर दिया जाता है।

सुरक्षा विभाग ने वर्ष 2018–19 में अधिकतम छापेमारी की है जिसमें 13 क्षेत्रों में कुल 652 छापेमारी की एवं 435.51 मिट्रिक टन से ज्यादा कोयला बरामद किया है, जिसका अनुमानित मूल्य 9,47,106.00 (नौ लाख सैतालिस हजार एक सौ छः रूपये) है। सफल छापेमारी अनैतिक कार्यों की प्रभावी रोकथाम की कसौटी है। सीसीएल के लीज्डहोल्ड क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन की सूचना प्राप्त होने पर, विभाग नजदीकी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाकर संबंधित जिला टास्क फोर्स की सहायता से उपद्रवियों को कब्जे में ले लिया जाता है। अवैध खनन की रोकथाम के लिए कई रैट होलों का ध्वंस किया गया है।

इसके अतिरिक्त सुरक्षा विभाग द्वारा कोयला खानों के समीप अतिरिक्त चेक पोस्ट का निर्माण, रेलवे साइडिंग के पास कंटीली तारों का घेरा, रात्रि पेट्रोलिंग गस्ती दल एवं कॉंटा घरों के पास सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है जो कि 24x7 घंटों की रिकॉर्डिंग करती है। जी.पी.एस. एवं आर.एफ.आई.डी. प्रणाली व्यवस्थित की गयी है। विभाग द्वारा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की कारगर सेवा ली जा रही है जो विभाग को और शक्तिशाली कर रहा है जो सभी तरह के आधुनिक गैजेट, क्यूआरटी गाड़ियाँ, रात्रि में देख पाने वाले ग्लास उपकरण एवं आधुनिक हथियारों से लैस हैं।

उपरोक्त के अलावे, 129 अतिरिक्त कैट–1/9.4.3., 9.4.0. के अधीन, भू–विस्थापितों को वर्ष 2018–19 में सिक्युरिटी ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, गाँधीनगर राँची में प्रशिक्षित कर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में वाच एण्ड वार्ड ड्यूटी में लगाया गया है।

सुरक्षा विभाग के द्वारा कम्पनी की सम्पत्ति एवं उपकरणों की देख–भाल के लिए एवं सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने के मद्दे नजर, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था क्षेत्रीय खदानों तथा आवासीय कॉलोनी में की गयी है जिससे कि असामाजिक तत्वों पर निगरानी 24x7 रखी जा सके। इसके लिए विभाग द्वारा प्रभावी निगरानी एवं नियंत्रण हेतु सीसीएल दरभंगा हाउस परिसर में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित की गई है।

32. राजभाषा कार्यान्वयन प्रतिवेदन : 2018–19

झारखंड की राजधानी रांची में स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कम्पनी – सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 'क' क्षेत्र में अवस्थित है। यहाँ लगभग 90 प्रतिशत कार्मिक हिन्दी के कार्यसाधक ज्ञान से युक्त हैं। भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु आपकी कम्पनी का राजभाषा विभाग सदैव तत्परता से कार्य करता है। गृह–मंत्रालय या कोयला–मंत्रालय से आए निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जाता है। वर्ष पर्यंत सभी के सहयोग से समयबद्ध कार्यशालाएं और तिमाही बैठकें आयोजित की गयीं ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक/निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें क्रमशः दिनांक–08.02.18, 21.07.18,26.10.2018 एवं 18.03.2018 को आयोजित की गयीं। इन बैठकों में कंपनी के क्षेत्रों/विभागों के विभागाध्यक्षों/प्रतिनिधियों एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों ने भाग लिया ।

मुख्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन हेतु एक दस सदस्यीय उप–समिति बनाई गई है जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक(का./रा.भा.) करतीं है। मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रति तिमाही एक कार्यशाला आयोजित करना अनिवार्य है । इस वर्ष मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल के सहयोग से राजभाषा विभाग द्वारा मुख्यालय में क्रमशः दिनांक 25.06.2018, 26.06.2018, 18.09.2018, 27.12.2018, 28.12.2018 को कुल पांच कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमें एक कार्यशाला कम्पनी में नव–पदस्थापित प्रबंधन प्रशिक्षुओं हेतु आयोजित की गयी।

सीसीएल के समस्त क्षेत्रों एवं केन्द्रीय कर्मशाला, बरकाकाना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का पुर्नगठन किया गया है । क्षेत्रीय महाप्रबंधक की अध्यक्षता में प्रति तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है। प्रति तिमाही क्षेत्रों में कार्यशाला का आयोजन भी किया जाता है।

दिनांक 08.06.2018 को श्री डी.जे.नायक, महाप्रबंधक (का. एवं औ.सं./राजभाषा), कोल इंडिया की अध्यक्षता में सीसीएल के समस्त क्षेत्रों/मुख्यालय के विभागाध्यक्षों एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों के साथ एक निरीक्षण बैठक सीसीएल मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक में सीसीएल द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समीक्षा एवं सराहना की गयी एवं राजभाषा नीति के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु महाप्रबंधक (का.एवं औ.सं./राजभाषा),कोल इंडिया द्वारा विभिन्न सुझाव एवं आदेश दिये गये जिसका अनुपालन किया जा रहा है।

दिनांक 04.09.2018 से 07.09.2018 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ राजभाषा माह मनाया गया। 14 सितम्बर,2018 को अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सीसीएल की अध्यक्षता में राजभाषा दिवस सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया । शहर के एक वरिष्ठ साहित्यकार को सम्मानित किया गया । सभी विजयी प्रतिभागियों को मंत्रालय के निर्देशानुसार तय की गई राशि का नगद पुरस्कार दिया गया । मुख्यालय के तीन विभागों एवं तीन क्षेत्रों को वर्ष पर्यन्त राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य के लिए शील्ड प्रदान किया गया । एक क्षेत्र को राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य हेतु विशेष राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को प्रोत्साहित करने हेतु 95 कर्मियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

वर्ष 2018–19 कोयला मंत्रालय, गृहमंत्रालय की एक बैठक दिल्ली में आयोजित हुई। इस बैठक में कम्पनी के निदेशक (कार्मिक), महाप्रबंधक (कार्मिक/राजभाषा) एवं राजभाषा विभाग के अधिकारी शामिल हुए । राजभाषा कार्यान्वयन हेतु सफल प्रयासों के लिए सीसीएल की सराहना हुई ।

राजभाषा विभाग की पहल से 'मानक प्रारूप संकलन' सीसीएल प्रेस के सहयोग से प्रकाशित किया गया था जिसमें नियमित कार्योपयोगी पत्र/नोटशीट/टिप्पणियों का संकलन है एवं इसे सभी विभागों एवं क्षेत्रों में वितरित किया गया । इसी प्रकार सभी विभागों के उपयोग में आनेवाले कठिन अंग्रेजी शब्दों का हिन्दी में सरलीकरण एवं अनुवाद कर एक'कार्यालय सहायिका' पुस्तिका बनाई गई है जिससे हिन्दी में कार्य करना सुगम हो पाये। साथ ही इसे सीसीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है।

समय–समय पर सीसीएल के सभी क्षेत्रों, केन्द्रीय इकाइयों एवं मुख्यालय के विभागों का निरीक्षण किया जाता है और राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उचित सलाह दी जाती है। कार्यान्वयन की प्रतिपुष्टि भी की जाती है ।

सीसीएल, मुख्यालय में इ–ऑफिस के लागू होने से राजभाषा कार्यान्वयन में अपेक्षित प्रगतिहोगी। इस वर्ष आठ अनुवादकों के पद सृजित किये गये थे । उनका चयन प्रक्रियागत है। दिनकर पुस्तकालय हेतु हिन्दी पुस्तकों का क्रय प्रक्रियागत है ।

राजभाषा विभाग, सीसीएल द्वारा मंत्रालयों के निर्देशों के शत–प्रतिशत अनुपालन का प्रयास रहता है जिससे फलस्वरूप कम्पनी में राजभाषा कार्यान्वयन प्रगति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

33. सतर्कता विभाग

33.1 सतर्कता विभाग, सीसीएल का प्रदर्शन

(क) प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या एवं कृत कार्रवाई :

शिकायतें	वर्ष 2018–19
अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक प्राप्त शिकायतों की संख्या	405
बेनामी / छद्मनामी / दायर मामलों की संख्या	92
1अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक की अवधि में परीक्षण/सत्यापन हेतु लिए गए शिकायतों की संख्या	175
विभागाध्यक्ष /महाप्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित शिकायतों की संख्या	138

(ख) नियमित परीक्षण के मामले (नि.परि. मामले):

परीक्षण	वर्ष 2018–19
1 अप्रैल, 2018 तक लंबित मामलें	14
1अप्रैल, 2018 से 31 मार्च 2019 तक परीक्षण हेतु लिए गए मामले	06
1 अप्रैल,2018 से 31 मार्च,2019 तक परीक्षण पूर्ण मामलों की संख्या	17
31 मार्च,2019 तक लंबित मामलें	03

(ग) अनुशासनात्मक कार्रवाई (आरडीए मामले) हेतु मामलों की संख्या :

अनुशासनात्मक कार्रवाई (आरडीए) केमामलों की संख्या	वर्ष 2018–19	
	मामले	व्यक्तियों की संख्या
बड़े	15	40
छोटे	03	08

(घ) विभागीय जांच :

पूर्ण किए गए विभागीय जांच की संख्या	वर्ष 2018–19	
	मामले	व्यक्तियों की संख्या
	20	28

(ङ) वैसे मामलों की संख्या जिनमें जुर्माना लगाया गया :

वैसे मामलों की संख्या जिनमें जुर्माना लगाया गया	वर्ष 2018–19	
	मामले	व्यक्तियों की संख्या
बड़े	18	32
छोटे	13	21

(च) वर्ष 2018–19 के दौरान औचक निरीक्षण:

वर्ष	संपन्न औचक निरीक्षण	नियमित जांच में परिवर्तित
वर्ष 2018–19 (1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019)	11	02

(छ) गहन परीक्षण के मामले (ग.तक.परी.मामले) :

वर्ष	संपन्न ग. तक.परी.	नियमित जांच में परिवर्तित
वर्ष 2018–19 (1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019)	03	00

(ज) अधिकारियों के संपत्ति विवरणी की संवीक्षा : :

वर्ष (2019–19)	संपन्न संवीक्षाओं की संख्या
(1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019)	438

(झ) सहमति सूची/ओडीआई सूची प्रत्येक वर्ष तैयार की जा रही है ।

(ञ) परीक्षण के दौरान प्रचलित प्रणाली में दृष्टिगत अनियमितताओं एवं सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा किए गए औचकनिरीक्षणके आधार पर प्रणालीगत सुधार हेतु सक्षम प्राधिकारी को निवारक उपायों की सिफारिश की जाती है।

33.2 भ्रष्टाचार के अवसरों को न्यून करने हेतु निम्न प्रणालीगत सुधारों की अनुशंसा की गई ।

1. निगरानी हेतु आईटी सुविधाओं के कार्यान्वयन के मानक संचालन प्रक्रिया (मा.सं.प्र.) का निर्माण

ए) उपायों/पहल का संक्षिप्त विवरण : –

व्यवहृत उपाय : ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) आधारित वेट कंट्रोल सिस्टम जैसी निगरानी के लिए आईटी सुविधाओं के कार्यान्वयन के लिए मा.सं.प्र. ।

संचालन परिमिति : सीआइएलकी अन्य सहायक कंपनियों के साथ–साथ सीसीएल में वृहत पैमाने मेंलागू किया गया.

बी) पृष्ठभूमि :–

(i) कोल इंडिया लिमिटेड में कोयला चोरी, अवैध उत्खनन, ट्रकों और वैगनों की ओवरलोडिंग, कोयला भण्डार की ओवररिपोर्टिंग और अंडररिपोर्टिंग आदि के कारण राजस्व का नुकसान कोल इंडिया प्रबंधन के लिए प्रारंभ से ही एक गंभीर समस्या बनी रही है । विगत वर्षों में हुई प्रौद्योगिकीय प्रगति के कारण वीटीएस, सीसीटीवी निगरानी और आरएफआईडी सहित कम्प्यूटरीकृत वजनीकरण जैसी आईटी सुविधाओं को इस प्रकार होने वाले राजस्व–हानि की रोकथाम हेतु लगाया गया था। पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रणालीगत सुधार लाने के उद्देश्य से ये कदम उत्कृष्ट थे ।

(ii) कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों में विभिन्न स्तरों पर कोयला चोरी एवं अन्य संवर्गी मुद्दों की रोकथाम हेतु उठाये गए कदमों के प्रभाव की समीक्षा मेंयह दृष्टिगत हुआ कि आरंभिक दौर में प्रत्याशित वांछित परिणाम नहीं आए थे। कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों का यही व्यावहारिक परिदृश्य था ।

(iii) सभी अनुषंगी कंपनियों में निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु इन आईटी सुधारों के व्यापक ऑडिट में प्राप्त परिणाम अति उत्साहजनक नहीं थे और इनके कार्यान्वयन में व्यावहारिक मुद्दे दृष्टिगत हुए हैं । यह देखागया कि मा.सं.प्र.(एसओपी) में विभिन्न अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को एकरूप एवं स्पष्टतः परिभाषित नहीं किया गया था,अतःइन सुधारात्मक उपायों में लागू करने में क्षेत्र स्तरीय अधिकारियों की गंभीर अनिच्छा थी। यह भी देखा गया कि इसके कार्यान्वयन और रख–रखाव हेतु जिम्मेवार अधिकारियों की समीक्षा नहीं की गई । लैन/वैन कनेक्टिविटी, इंटरनेट उपलब्धता, आरएफआईडी बूम बैरियर को नुकसान, जीपीएस उपकरणों से छेड़छाड़ और चोरी तथा इसी प्रकार के अन्य ढेरों मुद्दे थे, जिन्होंने इन उपायों के कार्यान्वयन को अपर्याप्त बना दिया था।

सी) कार्यान्वयन :

(i) हालांकि 2012 से प्रारंभ हुई इन आईटी उपायों की अवधारणा उत्कृष्ट थीलेकिन इनके संचालन एवं रखरखाव का तंत्र विकसित नहीं किया गया था जिसके कारण इन आईटी उपायों के कार्यान्वयन में गंभीर अवरोध उत्पन्न हुआ । एक मा.सं.प्र.(एसओपी) की आवश्यकता सभी ने महसूस हुई परन्तु कोई अग्रेत्तर करवाई नहीं की गयी जिसके कारण इन को लागू नहीं किया जा सका ।

(ii) सीआईएल की सभी सहायक कंपनियों में इन आईटी सुविधाओं की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए एक समान मा.सं.प्र. (एसओपी) विकसित करने हेतु नई दिल्ली में 9.01.18 को समीक्षा बैठक के दौरानसीवीओ, सीसीएल ने कोयला मंत्रालय समक्ष मामला रखा था । तदनुसार, अन्य सहायक कंपनियों

के मुख्य सतर्कता अधिकारियों से सहयोग लिया गया एवं मा.सं.प्र. (एसओपी) की तैयारी जनवरी'18 में शुरू हुई ।

(iii) मा.सं.प्र.(एसओपी) तैयार करते समय, यह आवश्यकता महसूस की गयी कि इस मा.सं.प्र. (एसओपी) को दीर्घकालिक रूप से प्रभावी बनाने हेतु प्रत्येक गतिविधि / उप–गतिविधियों के लिए स्पष्ट जिम्मेदारी आवश्यक है। तदनुसार, एसओपी के व्यापक दायरे में एक जिम्मेदारी मैट्रिक्स का प्रारूप भी तैयार किया गया है , जो विभिन्न स्तरों पर इन पहलों की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए विभिन्न अधिकारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है ताकि प्रभावशीलता और स्थायित्व सुनिश्चित की जा सके।

(iv) सीआईएल की प्रत्येक सहायक कंपनियों में एकरूपता लाने हेतु सतर्कता विभाग, सीसीएल द्वारा मा.सं.प्र. (एसओपी) बनाया गया और दिनांक 05.02.2018 को सीईएल के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

(v) मा.सं.प्र. (एसओपी) को अंतिम रूप प्रदानकरने के उपरांत, सभी क्षेत्रों में इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। तत्पश्चात विभिन्न समन्वय बैठकोंमें इसकी जानकारी दी गई। स्वीकृत मा.सं.प्र. (एसओपी) के कार्यान्वयन हेतु मुख्यालय सहित क्षेत्रों के नियंत्रण कक्षों का भी नियमित निरीक्षण भी किया गया।

डी) प्रभाव और लाभ :

(i) उपर्युक्त एसओपी, कंपनियों में व्याप्त विभिन्न विभागों की भूमिका में अस्पष्टता / संदेह दूर करने में मदद करता है। उक्त एसओपी में, गतिविधियों को उप–गतिविधियोंमें विभाजित कर एवं व्यक्तिगत जवाबदेहियों को स्पष्ट रूप विनिर्दिष्ट किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अस्पष्टता दूर की जा सके एवं इस एसओपी को दीर्घकालिक रूप से प्रभावी बनाया जा सके। इससे यह सुनिश्चित होगा कि इन आईटी उपायों का कार्यान्वयन मु.स.अ. द्वारा संचालित होता नहीं बल्कि यह एक व्यक्तिनिरपेक्ष स्वतंत्र एवं अभिन्न प्रक्रिया है।

(ii) यथोचित स्तर तक अलर्ट में कमी। 27.01.18 को, कुल 9146 अलर्ट उत्पन्न हुए। इतनी बड़ी संख्या में अलर्टोंकी निगरानी व्यावहारिक तौर अपर संभव नहीं थी । हालांकि, मा.सं.प्र. (एसओपी) लागू होने के पश्चात यथोचित स्तर तक अलर्ट कम हुए हैं। मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष के निरीक्षण के दौरान, देखा गया कि सीसीएल के सभी 12 क्षेत्रों में अलर्टों की संख्या 200 के आसपास थीं । क्षेत्रों को सलाह दी जाती है की ऐसे अलर्टों पर प्रतिबंधात्मक और दंडात्मक कार्रवाई करें ।

(iii) अतः, एसओपी के माध्यम से वांछित परिणाम की प्राप्ति में सहायता मिल रही हैजिस प्रकार इस की परिकल्पना कर इसे प्रारंभ किया गया था । इसलिए हालांकि इन उपायों को बहुत पहले ही शुरू कर दिया गया था लेकिन वास्तविक प्रभावशीलता और स्थिरता इस एसओपी द्वारा प्राप्त हुई ।

(iv) आवधिक अंतराल पर कोयला उत्पादन, परिवहन एवं पारदर्शिता तथा जवाबदेही लाने के विभिन्न पहलुओं पर इसके प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है।

ई) प्रतिकृति क्षमता

अन्य सहायक कंपनियों में पहले हीउक्त एसओपी को लागू किया जा चुका है ।

2. रेलवे को अंडर–लोडिंग शुल्क भुगतान के एवज में अनावश्यक व्यय की पहचान एवं एनआईटी में यथोचित परिवर्तन का सुझाव।

ए) उपाय / पहल का संक्षिप्त विवरणः –

व्यवहृत उपाय : रेलवे को अंडर–लोडिंग शुल्क के भुगतान के एवज में रु .50 से 200 करोड़ / वर्ष के अनावश्यक व्यय की पहचान और एनआईटी में परिवर्तन का उपाय सुझाया गया ।

संचालन परिमिति : प्रबंधन द्वारा एनआईटी में परिवर्तन को स्वीकार कर लिया गया है और इसे सीसीएल में वृहत पैमाने पर शुरू किया जाएगा।

बी) पृष्ठभूमि :–

(i) एफएसए के साथ–साथअन्य ई–नीलामी उपभोक्ताओं को सीसीएल अपने क्षेत्रों में अवस्थित 30 रेलवे साइडिंगों से रेलद्वारा को कोयले की आपूर्ति कर रहा है।

(ii) इन साइडिंगों पर रेलवे वैगनों कोअनुबंधित पे–लोड द्वारा लोड किया जाता है। वैगन लोडिंग हेतु अनुबंध अधिकांशतः सीएमसी विभाग, सीसीएल (मुख्यालय) द्वारा रिवर्स नीलामी के साथ ई–टेंडरिंग के माध्यम से दिया जाता है ।

(iii) वैगन लोडिंग कीव्यवस्था संविदात्मक होने के कारण रेलवे रेकों की अक्सर ओवरलोडिंग और अंडर–लोडिंग हो जाती है। रेलवे द्वारा दंडात्मक ओवर–लोडिंग (पीओएल) और अंडर–लोडिंग नियम सामयिक रूप से विभिन्न प्रकार के वैगनों एवं विभिन्न मार्गों के लिए अधिसूचित किया जाताहै। उपभोक्ता समझौतों के अनुसार, किसी खेप में रेलवे द्वारा लगाए गए ओवरलोडिंग जुर्माना क्रेता (उपभोक्ता) द्वारा देय होगा। अतः, वैगनों की ओवरलोडिंग के मामलों में, रेलवे को पीओएल शुल्क का भुगतान उपभोक्ता द्वारा किया जाता है ।

(iv) हालांकि, वैगनअंडर लोडिंग के मामलों में आईडल फ्रेट क्रेडिट की अनुमति कोल बिल में है / या उसमे समायोजित की जाती है। वैगन में लोड कोयले का वास्तविक दर्ज वजन के अनुसार लागू माल भाड़ा और लागू माल ढुलाई के बीच के अंतर के रूप में आईडल फ्रेट की प्रतिपूर्ति की जाती है। इसी प्रकार, रेलवे द्वारा सामयिक रूप से अधिसूचित (वैगनवार या मार्गवार) निकृंत(स्टेनसाईलड) वहन क्षमता या टेयर वजन पर आधृत वास्तविक वहन क्षमता या अनुमत वहन क्षमता से कम अंडर लोडिंग के आईडल फ्रेट का भुगतान विक्रेता / सीसीएल द्वारा वहन किया जाता है।

(v) कुछ साइडिंगों पर उपलब्ध आंकड़ों का गहन विश्लेषण किया गया था। यह दृष्टिगत हुआ कि कुजू न्यू साइडिंग ने 2017–18 में लगभग/ रु 144 /टन अंडर–लोडिंग चार्ज का भुगतान किया है । इसी प्रकार, एनआर साइडिंग ने अंडर–लोडिंग चार्ज के रूप में वर्ष 2016–17 के लिए रु. 75/टन एवं 2017–18 के लिए / रु 61/टन का भुगतान किया है । संपरीक्षित लेखा अनुसार, संपूर्ण सीसीएल में, अंडर लोडिंग के मद में निम्लिखित व्यय किया गया :

(रु करोड़ में)

वर्ष	अंडर–लोडिंग शुल्क
2015–16	144.52
2016–17	142.16
2017–18	199.57

(vi) ओवरलोडिंग शुल्क उपभोक्ताओं द्वारा वहन किया जाता है, लेकिन रेलवे पटरियों को नुकसान पहुंचाने के अलावा, रेकों की लगातार ओवरलोडिंग न सिर्फ उपभोक्ताओं को अधिक मात्रा में कोयला परिवहन अपितु उन्हें कम समयावधि एवं कम कोयले के रेकों में अनुबंधित कोयले की मात्रा के परिवहन की सुविधा प्रदान करता है।

सी) कार्यान्वयन :

(i) अध्ययन के दौरान यह बात सामने आई कि हालांकि वैगन की लोडिंग अनुबंध के माध्यम से की जाती है, ओवरलोडिंग और अंडर–लोडिंग का चार्ज क्रमशः क्रेता और विक्रेता/सीसीएल द्वारा वहन किया जाता है। इस प्रकार इन दोनों स्थिति ठेकेदार के लिए लाभप्रद है, जबकि दोष पूर्णरूपेण उसी का है।

(ii) रेकों में वैगन लोडिंग का कार्य करने वाले ठेकेदार की ओवरलोडिंग और अंडरलोडिंग के मद में प्रतिपूर्ति का कोई प्रावधान वैगन लोडिंग की एनआईटी में नहीं है। अतः, वैगन लोडिंग ठेकेदारों से कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जा रही है।

(iii) इस मामले को दिनांक 1.08.18 एक नोट के माध्यम से अ.प्र.नि.,सीसीएल के ध्यान में लाया गया है जिसमे दोषी ठेकेदारों से अंडर–लोडिंग शुल्क की प्रतिपूर्ती प्रावधान का समावेश करने का सुझाव दिय गया है ।

(iv) उपर्युक्त विषय–वस्तु पर सीसीएल (मुख्यालय) में निम्नलिखित मदों में अतरिक्त निगरानी का भी सुझाव दिया गया था :

(क) अंडर–लोडिंग शुल्क की साइडिंग–वार जानकारी न तो विक्रय एवं विपणन विभाग द्वारा रखी जाती है और न ही वित्त विभाग,मुख्यालय में उपलब्ध है ।

(ख) ओवरलोडिंग और अंडर–लोडिंग की सूचनाएं वित्त विभाग, मुख्यालय द्वारा अलग से ना रखी जाती है ना ही सूचित की जातीं हैं ।

(ग) सीसीएल को अंडर–लोडिंग चार्ज के मद में विगत 3 वित्त वर्षों में अनुमानतः 500 करोड़ रु का बड़ा नुकसान हुआ है ।

(घ) प्रभाव और लाभ :

(i) कंपनी को प्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों करोड़ रुपयों की बचत हुई जिससे राजस्व और लाभकारिता में सुधार हुआ।

(ii) चूंकि रेक की अपर्याप्त उपलब्धता हैं, इसलिए उपरोक्त उपाय से राष्ट्रीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग होगा। अंडर–लोडिंग घटनाओं की रोकथाम से उतने ही उपलब्ध रेकों से प्रेषण क्षमता में वृद्धि आएगी ।

(iii) ओवरलोडिंग की रोकथाम से रेलवे लाइनों को नुकसान कम होगा जिससे रेलवे की रख–रखाव लागत में कमी आएगी।

(iv) उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग शुल्क का न देना पड़े तो इससे उपभोक्ताओं के मध्य सद्भावना का प्रसार होगा एवं कंपनी के ब्रांड में अभिवृद्धि होगी ।

(ड.) प्रतिकृति क्षमताः

ओवरलोडिंग और अंडर–लोडिंग की घटनाओं को सीआईएल की अन्य सहायक कंपनियों में खारिज नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, 2017–18 में रेलवे द्वारा प्रेषित 1.16 बिलियन टन माल भाड़े में से कोयले का योगदान लगभग 50% है।

3. सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक परियोजना में कोयला परिवहन में लोडिंग और अनलोडिंग सिरों पर भार के अंतर के संबंध में जुर्माने का अध्ययन।

(क) उपाय/पहल का संक्षिप्त विवरणः

- सीसीएल को वित्तीय नुकसान देने वाली मौजूदा प्रणाली जिसमे परिवहन ठेकेदार(रों) की प्रतिभूति राशि में से जुर्माना राशि की कटौती की जा रही थी, उसे बदलकर सभी परियोजनाओं में मासिक बिल से जुर्माना राशि की कटौती की जा रही है और इससे परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है ।
- परिचालन परिमिति : संपूर्ण कंपनी में वृहत पैमाने में लागू किया गया.

(ख) पृष्ठभूमिः

(i) कोयला परिवहन में लोडिंग और प्राप्ति के सिरों पर में जुर्माना राशि की कटौती में हुई अनियमितताओं का विषयक का अध्ययन किया गया ।

(ii) परिवहन अनुबंध विशिष्ट नियम एवं शर्त की धारा 18.0 में स्पष्टतः उल्लेख है : "अगर ट्रक का

वजन लोड करने के छोर एवं अनलोड के छोर के दोनो के सिरो पर होता है, तो दोनो सिरों पर वजन के आंकड़ों का मिलान प्रत्येक ठेकेदार के साथ होगा एवं अगर अनलोडिंग छोर पर अगर कोयला कम है, तो जितना कोयला कम है उसके वर्तमान मूल्य की दोगुणी राशि, सभी रायल्टी, उपकर, संबद्ध ठेकेदार की प्रतिभूति राशि से काट ली जाएगा या जो विशेष रूप से आदेश/समझौते में उल्लेखित हो ।

(iii) अध्ययन में आगे पता चला है कि प्रतिभूति राशि से मासिक आधार पर जुर्माने की कटौती (अनलोडिंग सिरे में प्राप्त की गई मात्रा हेतु) व्यावहारिक रूप से संभव नहीं थी क्योंकि ठेकेदार द्वारा बैंक गारंटी के रूप में प्रतिभूति राशि जमा की गयी थी । इसलिए मासिक जुर्माने की गणना परियोजना अधिकारियों द्वारा की गई , लेकिन जुर्माना राशि मासिक आधार पर नहीं काटी जा सकती थी। ऐसे मामलों में जहां ये अनुबंध तीन, पांच या आठ वर्ष के लिए होते हैं, यह अनुबंध की समाप्ति के पश्चात ही किया जा सकता है।

(iv) उपर्युक्त विषय के मामले में, कोयला परिवहन अनुबंध की पूरी अवधि के लिए लोड एवं प्राप्ति सिरों पर 6512.765 टन के वजन में अंतर (कमी) था। इसलिए लोडिंग और प्राप्ति सिरों पर 6512.765 टन का वजन में अंतर (कमी) हेतु आउटसोर्सिंग ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जाना था। ठेकेदार की प्रतिभूति राशि से वसूली के लिए रु. 2,66,92,201.00 की गणना की गई। जुर्माने की यह राशि प्रतिभूति राशि से तब तक नहीं काटी जा सकती, जब तक ठेकेदार अपना अंतिम बिल जमा नहीं करता । ठेकेदार के अंतिम बिल जमा करने के पश्चात, जुर्माने की उपरोक्त राशि अर्थात रु.2,66,92,201.00, ठेकेदार की प्रतिभूति राशि से काट ली गई ।

(ग) समस्या/सतर्कता जोखिम का समाधान :

(i) चूंकि दंड प्रक्रिया अवधि के अंत में जुर्माने का समायोजन किया जा रहा था , इसलिए कोयले की मात्रा के मासिक सामंजस्य में हेरफेर की संभावना थी ।

(ii) कंपनी की जुर्माना राशि पूरे अनुबंध अवधि के लिए अवरुद्ध हो गई थी, जोकि कंपनी के लिए हानि थी।

(iii) पिछली पद्धति में, कुछ मामलों में जुर्माना राशि ठेकेदार की प्रतिभूति राशि से अधिक थी, अतः उन मामलों में पूरी जुर्माना राशि की कटौती मुश्किल थी, लेकिन जुर्माने की मासिक कटौती से इस समस्या का समाधान हो गया।

(घ) कार्यान्वयन :

(i) सतर्कता विभाग की पहल पर, सेंट्रल कोलफील्ड्स लि. के सक्षम प्राधिकारी से एक दिशानिर्देश जारी किया गया है कि सीसीएल की सभी परियोजनाओं में ठेकेदारों की प्रतिभूति राशि की जगह ठेकेदारों के मासिक ए/सी बिलों से जुर्माने की कटौती (परिवहन संविदा की धारा 18.0 के अनुसार) की जाएगी । वर्तमान में इसे सभी क्षेत्रों के साथ साथ पूरी कम्पनी में लागू कर दिया गया है ।

(ii) सभी सम्बद्ध परियोजना अधिकारियों को उपरोक्त दिशानिर्देशों के विषय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(ड.) प्रभाव और लाभ :

ठेकेदारों के मासिक ए/सी बिलों से जुर्माना कटौती के नए दिशानिर्देशों को अंगीकार करने से कंपनी को निम्लिखित लाभ होंगे :

- कंपनी के राजस्व में वृद्धि क्योंकि जुर्माना की राशि कंपनी के खाते में मासिक आधार पर आएगी।
- लोडिंग एंड और अनलोडिंग सिरों के मध्य कोयले की चोरी में कमी।
- लोडिंग और अनलोडिंग सिरों के मध्य परिवहन में कोयले की मात्रा में वृद्धि क्योंकि ठेकेदार दोनों सिरों के मध्य होने वाले अंतर से बचना चाहेगा।
- उपभोक्ताओं को कोयले के प्रेषण में वृद्धि ।

(च) प्रतिकृति क्षमता

अतः सतर्कता विभाग की पहल पर, सीसीएल की सभी परियोजनाओं में ठेकेदार के ए/सी बिलों से मासिक परिवहन हेतु परिवहन अनुबंध के अनुसार दंड में कटौती के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रणालीगत सुधार के लिए एक दिशानिर्देश जारी किया गया है। यह दिशानिर्देश कंपनी के समस्त क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है ताकि कंपनी राजस्व में बचत हो सके और अनंतर किसी भी कानूनी समस्या से बचा जा सके।

4. सिविल में समान कार्य को परिभाषित करना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में विभाग का ई–टेंडर

(क) उपाय/पहल का संक्षिप्त विवरणः

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में इस व्यवहृत उपाय के अंतर्गत ई–निविदा प्रकिया को अधिक पारदर्शी बनाने हेतु विभिन्न सिविल कार्यों में "समान कार्य" मानदंड को अधिक

विस्तृत बनाया गया है। यह सम्पूर्ण सीसीएल के सिविल विभाग में पूर्व से ही लागू है ।

(ख) पृष्ठभूमि :

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 2.00 लाख रुपये से ऊपर के अनुमानित मूल्य के विभिन्न प्रकार के सिविल कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग की पद्धति अपनायी है। इसके लिए, बोली लगाने वाले को उसी प्रकार के समान कार्यों का कार्य–अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो उसके द्वारा पहले कहीं और सफलतापूर्वक संपन्न किया गया हो। प्रमाण–पत्रों के आधार पर, विभाग यह विश्लेषण करता है कि क्या इसे समान कार्य के रूप में माना जा सकता है या नहीं।

यहाँ निविदत्त कार्यों से सम्बद्ध किसी प्रकार का कोई स्पष्ट मानक दिशानिर्देश उपलब्ध नहीं था कि किस प्रकार के कार्य को समान कार्य के रूप में माना जाए। क्षेत्र/मुख्यालय कि प्रत्येक निविदा–इकाईयों ने समान कार्य को अपनी आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार से परिभाषित किया। कंपनी में समान कार्य की परिभाषा में कोई स्पष्टता / समानता नहीं थी।

इसके कारण एनआईटी में उद्धृत समान कार्य नियमों अनुसार बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण–पत्र की उपयुक्तता के विषय में निविदा समिति स्तर पर व्यक्तिनिष्ठ व्याख्याएं दी गईं। अक्सर , इससे बोली कर्ताओं में असंतोष व्याप्त हुआ क्योंकि उनकी निविदाओं को इस कारण से खारिज कर गया कि उनके द्वारा प्रस्तुत कार्य–अनुभव प्रमाण–पत्र को निविदत्त कार्य के समान कार्य के रूप में माना नहीं जा सकता। पक्षपात की संभावना अधिक थी। कई बार इसके कारण सतर्कता संबंधी शिकायतें भी प्राप्त हुईं।

(ग) कार्यान्वयनः

इसलिए, एनआईटी में ''समान कार्य'' की परिभाषा में स्पष्ट धारा को शामिल करने की आवश्यकता महसूस हुई ताकि भावी बोलीकर्ता प्रारंभ में ही निविदा हेतु अपनी उपयुक्तता तय कर सकें।

तदनुसार, सतर्कता विभाग द्वारा एक आतंरिक विस्तृत अध्ययन किया गया एवं निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने हेतु ''समान कार्य की परिभाषा'' पर सुस्पष्ट दिशानिर्देश बनाने हेतु निदेशक (तक.),परियोजना और योजना, सीसीएल को प्रणालीगत सुधार का सुझाव दिया गया। विभिन्न फील्ड इंजीनियरों और निविदा अधिकारियों के साथ कई बैठकों एवं प्रबोधन के पश्चात समान मानक दिशानिर्देश तैयार किया गया, जिसे पूरे सीसीएल में कार्यान्वयन हेतु महाप्रबंधक (सिविल),सीसीएल, मुख्यालय द्वारा जारी किया गया ।

अतः सांस्थानिक/आतंरिक मानव तकनीकी संसाधन के उपयोग से, एक नए निवारक सतर्कता उपाय का विकास किया गया जिससे सीसीएल की ई–टेंडरिंग पद्धति को और अधिक पारदर्शी होगी।

(घ) प्रभाव और लाभय

इस परिपत्र में कार्य को सोलह श्रेणियों में विभक्त कर स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है कि किसी विशेष प्रकार के कार्य हेतु समान कार्य के अंतर्गत किस काम को लिया जा सकता है। इसमें डब्ल्यूबीएम/ बिटुमिनस/कंक्रीट रोड का काम, औद्योगिक शेड सहित भवन निर्माण का काम, भवन निर्माण कार्यों का रखरखाव और नवीनीकरण, जल–आपूर्ति/आंतरिक और बाह्य स्वच्छता संबंधी कार्य जिनमें स्थैतिक धूल–शमन प्रणाली, डीप बोरवेल/ट्यूबवेल, मलजल (सीवेज) उपचार संयंत्र का निर्माण/नवीनीकरण/जल उपचार संयंत्र, भूजल जलाशय के निर्माण, आरसीसी ओवरहेड टैंक, पुलों के निर्माण/नवीकरण, पुलिया/चहारदीवारी/नाली/प्रतिधारण भित्ति (रिटेनिंग वाल)/पंप फाउंडेशन आदि, मिट्टी का तटबंध का निर्माण/नाला डायवर्सन/खुदाई के मुख्य कार्य, भवनों का रख–रखाव, बागवानी एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य।

यह उन अनावश्यक विवादों से बचने में सहायक सिद्ध हुआ जो निविदा के अंत समय में देरी का कारण बनते है। निविदा को अंतिम स्वरुप देने में लागत में वृद्धि एवं श्रमदिन दोनों की बचत में सहायक सिद्ध हो रही है।

समान कार्य मानदंड के चयन की मौजूदा प्रणाली अनुचित थी और तदनुसार इस धारा को बोलीकर्ताओं को सुस्पष्ट करने के लिए पुनः डिजाइन किया गया है। इस नए प्रावधान ने एनआईटी क्लॉज को स्पष्ट करने में बहुत योगदान दिया है और निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में पारदर्शिता लाई है।

निविदा की धारा अस्पष्ट होने से सतर्कता विभाग को कई शिकायतें प्राप्त हो रहीं थी । निविदा के प्रावधान में स्पष्टता आने से सिविल विभाग की निविदाओं से सम्बद्ध सतर्कता संबंधी शिकायतों में कमी आई है ।

इससे कंपनी की छवि पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा जो वर्तमान की प्रतिस्पर्धी व्यापारिक दुनिया में पर व्यापक प्रभाव डालती है। कम विवादों का आशय है कि निविदा प्रक्रिया में तेजी और समय एवं पैसों दोनों की बचत।

(ड.) प्रतिकृति क्षमताः

हालांकि यह नई प्रक्रिया, सिविल विभाग में लागू की गई है, लेकिन सीसीएल में वि.एवं यां. विभाग, खनन विभाग आदि जैसी अन्य टेंडर हैंडलिंग विभागों में उपयुक्तता अनुसार आंशिक संशोधनों के साथ बहुत उपयोगी हो सकती है । टेंडर प्रक्रिया पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

5. संविदात्मक टिपरों द्वारा कोयले के परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का गठन

(क) उपाय/पहल का संक्षिप्त विवरण : –

व्यवहृत उपाय : संविदा टिप्परों द्वारा कोयले के परिवहन के लिए मा.सं.प्र. (एसओपी)

प्रारम्भ एवं पूर्ण :

सीसीएल द्वारा दिसंबर 18 में आरम्भ और फरवरी 19 में पूर्ण

ऑपरेशन परिमिति :

सीसीएल में वृहत पैमाने पर प्रारंभ किया गया {पत्रांक जीएम(सीएमसी)/एसओपी/2019/230 दिनांक 04.02.19}

(ख) पृष्ठभूमि :–

उपरोक्त कारणों से एसओपी के गठन और कार्यान्वयन की आवश्यकता थी :

(i) कोयला परिवहन में गैर–अधिकृत ट्रकों/टिपरों का प्रयोग ।

(ii) बहु प्रवेश/निकास द्वार वाले खदानों में से ट्रकों / टिपरों की अप्रतिबंधित प्रविष्टि/नकास।

(iii) कोयला स्टॉक/बेड स्टॉक पर लोड किए जा रहे वाहनों का समुचित पर्यवेक्षण न होना.

(iv) कोयला परिवहन में लगे वाहनों के पास नकली/जाली चालान एवं अन्य दस्तावेज का होना.

(v) कोयला परिवहन में उपयोग किये जा रहे वाहनों का समुचित वजन न करना और/या सिर्फ एक सिरे पर वजन

(vi) परिवहन के दौरान/चोरी/उठाईगीरी

(vii) अनुचित रुकावट के रूप में ठेकेदारों को अनावृत्त रियायत .

कंपनी के राजस्व की हानि में उपरोक्त कारण एक गंभीर समस्या बनी रही है। आईटी सुविधाओं जैसे वीटीएस, सीसीटीवी की निगरानी और आरएफआईडी के साथ कम्प्यूटरीकृत वजन के कार्यान्वयन के बाद, उपर्युक्त विषय के एसओपी का कार्यान्वयन और द्वारा अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही हेतु महसूस किया गया ।

उपर्युक्त विषय की एसओपी में, स्रोत(खान) से गंतव्य (साइडिंग/वाशरी) तक परिवहन गतिविधियों की संपूर्ण श्रृंखला में विभिन्न अधिकारियों और गैर–अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को परिभाषित किया गया है।

(ग) कार्यान्वयन : –

(i) सीसीएल (मुख्यालय) में दिनांक 14.12.18 को समीक्षा बैठक के दौरान उपर्युक्त मामले को सीवीओ, सीसीएल ने विभागाध्यक्षों एवं महाप्रबंधक/क्षेत्रीय महाप्रबंधक के समक्ष रखा . सीवीओ, सीसीएल ने प्रत्येक विशिष्ट गतिविधि हेतु जिम्मेदारी को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने वाली महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की एसओपी तैयार करने के महत्व पर जोर दिया।

(ii) विषयक एसओपी निर्माण करते समय, यह महसूस किया गया कि इस एसओपी को दीर्घकाल तक प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक गतिविधि/उप गतिविधि हेतु एक सुस्पष्ट जिम्मेदारी तय करना आवश्यक है । तदनुसार, एक मसौदा एसओपी भी तैयार किया गया है ताकि विभिन्न स्तरों पर विभिन्न अधिकारियों और गैर–अधिकारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जा सके जिससे प्रभावशीलता और स्थायित्व सुनिश्चित किया जा सके।

(iii) एसओपी को सम्बद्ध विभाग के साथ विचार–विमर्श के पश्चात सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा तैयार किया गया और 26.12.18 बोर्ड में स्वीकृत किया गया ।

(iv) एसओपी को मूर्त रूप देने के पश्चात, उपर्युक्त को सभी क्षेत्रों को पत्र क्रमांक GM (CMC) / SOP / 2019/230 दिनांकित 04.02.2019 के माध्यम से वृहत रूप से परिचालित किया गया।

(घ) प्रभाव एवं लाभः

(i) उपर्युक्त मा.सं.प्र. से कंपनी में कार्यरत विभिन्न अधिकारियों की भूमिका में व्याप्त अस्पष्टताओं को दूर करने में सहायता मिली है। उक्त मा.सं.प्र. में, गतिविधि को उप–गतिविधियों में विभाजित करना और स्पष्ट रूप से व्यक्तिगत जिम्मेदारियों को तय करना, किसी प्रकार अस्पष्टताओं को दूर करने के लिए किया गया है ताकि लंबे समय तक इस मा.सं.प्र. को प्रभावी बनाया जा सके।

(ii) मा.सं.प्र. कार्यान्वयन के आरंभिक चरण में है। इससे निश्चित रूप से परिवहन नेटवर्क में गैर–अधिकृत वाहनों के उन्मूलन में सहायता होगी, खदान परिसर में वाहनों की लोडिंग और निकास बिन्दुओं की उचित निगरानी सुनिश्चित होगी, दोनों सिरों पर कोयले के वजन में भिन्नता की से सम्बद्ध जीटीसी खंड 18 की जुर्माना वसूली का कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा जिससे अंततः कोयला चोरी की रोकथाम में सहायता मिलेगी ।

(iii) कोयला उत्पादन, परिवहन, पारदर्शिता लाने और जवाबदेही के विभिन्न पहलुओं पर इसके संपूर्ण प्रभाव का समय–समय पर आवधिक अध्ययन किया जा रहा है।

(ड.) प्रतिकृति क्षमता :

उपरोक्त मा.सं.प्र. में परिवहन के दौरान कोयला चोरी समाप्त करने की क्षमता है।

6. सीसीएल कमान क्षेत्र में ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं के बिलों की स्वीकृति/प्रसंस्करणरु/पारित/भुगतान के लिए मानक संचालन प्रविधि (मा.सं.प्र) का निर्माण

(क) उपाय/पहल का संक्षिप्त विवरणः –

सीवीसी ने दिनांक 03.05.2018 को परिपत्र संख्या 02/04/18 जारी कर निर्देश दिया कि विगत तीन वर्षों में ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं को बिलों के भुगतान में अकारण विलम्ब का विश्लेषण करें। कारणों के विश्लेषण में मुख्यतः यह पाया गया कि विभिन्न प्रणालीगत

मुद्दे जैसे मल्टी डिपार्टमेंट प्रोसेसिंग, विभागीय असमन्वय एवं मा.सं.प्र. के रूप में प्रविधि और क्रमविकास को वर्णित करने वाले मानक दिशानिर्देश की अनुपस्थिति ने भुगतान में हुए विलम्ब की जिम्मेदारियों को तय करना अत्यंत दुरूह बना दिया था ।

सभी प्रमुख मुद्दों पर चर्चा एवं समाधान हेतु मा.सं.प्र. के रूप में प्रत्येक प्रविधि एवं क्रमविकास हेतु नौ मुख्य विभागों की एक अंतर विभागीय समिति का गठन किया गया जिसमे व्यक्तिगत जवाबदेही भी तय की जानी थी एवं विलम्बित मामलों में विशिष्ट जिम्मेदारी तय कर मा.सं.प्र. में दिखायी जानी थी ।

(ख) पृष्ठभूमि : –

(i) यह पाया गया कि भण्डार–गृह, पुर्जों, पीओएल, विस्फोटक/संविदा/सेवा प्रदाता आदि के बिलों के प्रसंस्करण के समस्त मामलों में बिल के स्रोत से ही ठोस एवं पारदर्शी बिल ट्रैकिंग सिस्टम को लागू किया जाना चाहिए यानि कि निष्पादन विभाग/जहां सामग्री प्राप्त की जाए/जहाँ कार्य निष्पादित हो से लेकर वित्त विभाग द्वारा अंतिम भुगतान के बिंदु तक। इससे प्रणाली तीव्र, पारदर्शी बन पाएगी साथ ही अवरोध/विलंब दृष्टिगत हो पाएगा ।

(ii) सभी निविदा दस्तावेजों/अनुबंधों/पीओ में भुगतान हेतु समयावधि (दिनों की संख्या) निर्धारित की जानी चाहिए (स्पष्ट और स्वीकार्य बिल जमा करने की तारीख से), जिसके भीतर भुगतान रिलीज किया जायेगा। भुगतान जारी करने हेतु समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को पदनामित किया जाना चाहिए।

(iii) ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत बिल पर ठेकेदारो/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं से किसी भी प्रकार का स्पष्टीकरण, अनुबंध में प्रदत्त एक निर्दिष्ट समय सीमा (दिनों की संख्या) के भीतर मांगी जानी चाहिए। विशेष परिस्थिती में, ये स्पष्टीकरण एक बार में मांगे जाने चाहिए। इसी प्रकार, ठेकेदार को निर्दिष्ट समयसीमा के भीतर वांछित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए ।

(iv) बिल के किसी संभाग पर संगठन और ठेकेदार के बीच मध्य असहमति के मामलों में, इस प्रकार के संभाग को बाकी संभागों से अलग किया जा सकता है। सहमत और स्वीकार्य संभाग के विरुद्ध भुगतान को निर्धारित प्रविधि के अनुसार प्रसंस्कृत किया जा सकता है, जबकि विवादित भाग को अनुबंध के प्रावधान के अनुसार निपटाया जा सकता है जैसे सुलह, विवाद समाधान, मध्यस्थता आदि।

(v) फीफो (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) प्रणाली प्रचलित नहीं है और विलंबित मामलों की निगरानी, समीक्षा/हस्तक्षेप हेतु उच्चस्तरीय प्रबंधन को सचेत करने के लिए ऑनलाइन बिल ट्रैकिंग सिस्टम मौजूद नहीं थी ।

(ग) कार्यान्वयनः–

(i) मानक संचालन प्रविधि को स्वीकृति दी गई है और यह ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं को ससमय भुगतान सुनिश्चित करेगा। इसकी निगरानी विभिन्न स्तरों पर यथोचित जवाबदेही के साथ की जा सकती है। यह ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं को भुगतान में होने वाले विलम्ब को नियंत्रित करने में मदद करेगा।

(ii) संबंधित विभागों के साथ विस्तृत विचार–विमर्श के पश्चात एवं सभी विभागों प्रदत्त जानकारी के आधार पर, समिति ने इस एसओपी को अंतिम रूप दिया है, जिसमे निश्चित समयावधि के भीतर बिलों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए समयसीमा और जिम्मेदारी तय है।

(iii) चूंकि बिलों के भुगतान की प्रक्रिया में कुछ अंतर हैं, एसओपी के दो भाग हैं–भाग एः जहां का भुगतान प्राधिकरण मुख्यालय है और भाग बीः जहां का भुगतान प्राधिकरण सम्बद्ध क्षेत्र है। नए मा.सं.प्र. में सभी बिलों को उचित विवरण के साथ कुछ अपवादों को छोड़कर, फीफो (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) प्रणाली से भुगतान सुनिश्चित किया गया है। इसका अर्थ है कि जो बिल पहले प्राप्त किए गए हैं, उन्हें सामान्य परिस्थितियों में पहले प्रसंस्कृत किया जाएगा।

(iv) ऑनलाइन बिल ट्रैकिंग सिस्टम के साथ यह विलंबित मामलों की निगरानी, उच्च स्तरीय प्रबंधन को समीक्षा/हस्तक्षेप हेतु को अलर्ट भी करता है.

(घ) प्रभाव और लाभः–

(i) 19.01.2019 की 5 वीं बैठक में कार्यकारी निदेशक मंडल द्वारा मानक संचालन प्रविधि को स्वीकृति दी गई है और सीसीएल कमान क्षेत्रों में भी इसकी सूचना दे दी गई है।

(ii) अब ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं को विभिन्न स्तरों पर उचित जवाबदेही के साथ समय पर भुगतान की निगरानी की जा सकती है । इस प्रणाली में शामिल व्यक्तिगत कर्मचारियों की जिम्मेदारी इस मा.सं.प्र. में तय की जा सकती है।

7. सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में कार्यान्वयन हेतु सिविल इंजीनियरिंग विभाग के मानक संचालन प्रविधि (मा.सं.प्र.) का निरूपण

(क) उपाय/पहल का संक्षिप्त विवरणः–

सीसीएल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में दैनिक कार्यकलापों हेतु कालानुक्रमिक क्रम में मानक संचालन प्रक्रिया कार्यान्वित करने हेतु अपनाया गया । इसकी पहल दिसंबर 2018 के मध्य में शुरू की गई और फरवरी के मध्य, 2019 (कुल – 2 महीने) में पूरी हुई। यह सिविल विभाग,सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों और समस्त मुख्यालय में पहले से ही कार्यान्वित है ।

(ख) पृष्ठभूमि :–

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में, सिविल इंजीनियरिंग से सम्बद्ध विभिन्न कार्य अनुबंध के आधार पर किया जाता है।

वास्तविक आवश्यकता, कार्य–स्थल सर्वेक्षण, ड्राइंग आदि के आधार पर अपेक्षित कार्य हेतु प्रस्ताव/प्राक्कलन तैयार किए जाते हैं। जाँच पश्चात, इसे संबंधित अभियंता द्वारा अनुमोदन हेतु प्रसंस्कृत किया जाता है । विभिन्न स्तरों पर प्रस्ताव की स्क्रूटिनी की जाती है और अंततः स्वीकृत शक्तिओं के प्रत्यायोजन (डीओपी) अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन के पश्चात वित्तीय सहमति प्रदान की जाती है। इसके पश्चात संस्वीकृति आदेश जारी किया जाता है।

तत्पश्चात्, निविदा जारी की जाती हैं, प्रस्ताव प्राप्त कर जांच की जाती हैं एवं निविदा समिति की सिफारिशों को अनुमोदन को प्रसंस्कृत किया जाता है। उचित स्क्रूटिनी के पश्चात, इसे पुनः डीओपी के अनुसार अनुमोदन एवं वित्तीय सहमति प्रदान की जाती है और कार्यादेश जारी किया जाता है तथा औपचारिक समझौता किया जाता है। फिर अनुबंध की मानक शर्तों के अनुसार कार्य निष्पादित किया जाता है, बिलों का भुगतान किया जाता है और फिर प्रतिभूति राशि जारी करने के बाद अनुबंध समाप्त कर दिया जाता है।

यह देखा गया कि कई बार बिना किसी यथोचित कार्यादेश के ही 'अग्रिम कार्य' के रूप में कार्य निष्पादन किया गया। इसके अलावा उच्चतर मूल्य के कार्यों को कमतर मूल्य के कार्यों में विभाजित किया जाता है ताकि कनीय अधिकारी की डीओपी के अंतर्गत लाया जा सके या ई–निविदा की प्रक्रिया से बचा जा सके। इसे 'काम का विभाजन' कहा जा सकता है। प्राक्कलन/टीसीआर को आधिकारिक डाक से भेजा नहीं जाता है और कभी–कभार पूर्णरूपेण जाँच /स्क्रूटिनी नहीं की जाती है। कुछ अन्य निष्पादन संबंधी अनियमितताएं जैसे समझौते के निष्पादन में विलम्ब, समय विस्तार, बिल भुगतान, विचलित प्राक्कलन/संशोधित प्राक्कलन आदि भी दृष्टिगत हुए । इन मुद्दों पर सतर्कता विभाग को शिकायतें प्राप्त हुईं ।

उपरोक्त सभी अनियमितताओं हेतु लिखित रूप में कहीं भी स्पष्ट रूप से परिभाषित कोई जिम्मेदारी नहीं थी, कि अनियमितता के लिए प्रथम दृष्टया जिम्मेदार कौन होगा ?

(ग) कार्यान्वयनः–

अतः, प्रत्येक चरण/गतिविधि हेतु स्पष्ट चरणों के अनुपालन के साथ सुपरिभाषित विस्तृत जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता थी। यह सभी संबंधित व्यक्तियों को नियमों और विनियमों के महत्व को स्पष्टतः समझने में सहायक होगा।

उचित सुधारात्मक उपायों के संबंध में सिविल विभाग के अधिकारियों से बात की गई । मुख्यालय/क्षेत्र इंजीनियरों के साथ बैठकों की श्रृंखला में और बैठक विभिन्न एक मानक संचालन प्रविधि (मा.सं.प्र.) तैयार किया गया था, जिसमें उचित जोर जैसा कि ऊपर उल्लेख विभिन्न अनियमितताओं को नियंत्रित करने के लिए कदम पर दिया गया था। इसके अलावा, प्रत्येक गतिविधि के लिए टेंडरिंग और निष्पादन को बंद करने के आकलन से लेकर, बेहतर प्रशासन के लिए विशिष्ट जिम्मेदारी तय की गई थी।

इस मा.सं.प्र. को जीएम/2019/1958, दिनांक 7 फरवरी 2019 को महाप्रबंधक (सिविल) – 1, सीसीएल,मुख्यालय द्वारा पूरे सीसीएल में कार्यान्वयन हेतु जारी किया गया था।

अतः, मौजूदा आतंरिक मानव तकनीकी संसाधन के उपयोग से, एक नया निवारक सतर्कता उपाय विकसित किया गया जिससे सीसीएल के सिविल अनुबंधात्मक कार्य अधिक प्रभावीशाली एवं जवाबदेह बन पाएंगे ।

(घ) प्रभाव और लाभ :–

यह मा.सं.प्र. फील्ड इंजीनियरों के साथ–साथ सिविल विभाग में संविदात्मक कार्यों की प्रक्रिया के विषय में अन्य संबंधित अधिकारियों के मध्य इस विषय को सुस्पष्टता करने में सहायता कर रहा है। गतिविधि अनुसार जिम्मेदारियों का वितरण सभी संबंधितों के मध्य कार्य के प्रति अधिक जिम्मेदारीपूर्ण दृष्टिकोण विकसित कर रहा है। इसका निर्माण मौजूदा प्रक्रियाओं को व्यवस्थित रूप से पुनर्परिभाषित करके किया गया है।

अग्रिम कार्य निष्पादन, कार्य विभाजन, निविदा प्रविधि में अनियमितता और कार्य निष्पादन आदि की मौजूदा प्रणाली के कारण कई सतर्कता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं । नए मा.सं.प्र. में जिम्मेदारी संवितरण के साथ सुस्पष्टता से सतर्कता संबंधी शिकायतों के कम होने की संभावना है।

इससे कंपनी की समग्र छवि पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा । पारदर्शी प्रणाली, निष्पक्ष लेनदेन, व्यवस्थित कामकाज और जिम्मेदारीपूर्ण दृष्टिकोण से कंपनी की छवि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा ।

(च) प्रतिकृति क्षमता :–

हालांकि,सिविल विभाग में यह नवीन प्रविधि लागू की गई है, लेकिन अन्य विभागों में भी यह बहु उपयोगी साबित हो सकती है।

8. सीसीएल की डीजल वितरण इकाइयों (डीडीयू) में डीजल की प्राप्ति, निर्गम, भंडारण और खपत से सम्बद्ध मानक संचालन प्रविधि (मा.सं.प्र.) का निर्माण।

(क) उपाय/पहल का संक्षिप्त विवरणः–

व्यवहृत उपाय :

सीसीएल की डीजल वितरण इकाइयों में डीजल की प्राप्ति, निर्गम, भंडारण और खपत से सम्बद्ध मा.सं.प्र. ।

आरम्भ एवं पूर्ण :

दिसम्बर '18 में प्रारंभ एवं जनवरी '19 में पूर्ण ।

संचालन परिमिति :

सीसीएल की सभी डीजल वितरण इकाइयों में प्रारंभ।

(ख) पृष्ठभूमिः

(i) सीसीएल में डीजल की वार्षिक खपत के आंकड़े लगभग रु.350 करोड़ तक पहुँच रहे थे। यह कंपनी के वार्षिक लाभ के परिपेक्ष्य में बड़ी राशि है। कंपनी ने समय–समय पर डीजल प्राप्ति, निर्गम, भंडारण और खपत को नियंत्रित करने हेतु उपाय और पहल किए हैं। परन्तु, फिर भी डीजल वितरण इकाइयों से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त होती हैं जैसे निस्तारण, डीजल चोरी, डीजल का कम निस्तारण, अनधिकृत वाहनों को डीजल प्रदान करना आदि।

(ii) सीसीएल की डीजल वितरण इकाइयों में अनियमितता को रोकने में इन पहलों की समीक्षा के दौरान, इन पहलों का प्रत्याशित प्रभाव का नहीं पाया गया ।

(iii) यह भी देखा गया कि विभिन्न अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को स्पष्टतः परिभाषित करने हेतु समान मा.सं.प्र. का निर्माण नहीं किया गया था।

(ग) कार्यान्वयन :

(i) हालाँकि,सीसीएल की डीजल वितरण इकाइयों में प्रविधिओं को सुव्यवस्थित करने की गंभीर पहल निदे(तक/संचा), सीसीएल द्वारा वर्ष 2004 और 2010 में 24 बिन्दुओं के प्रविधि पत्र के साथ प्रारंभ की गयी थी, परन्तु व्यक्तिगत भूमिका और जिम्मेदारी के विषय में अस्पष्टता इन पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन में एक गंभीर अड़चन है। अतः सुस्पष्ट एवं परिभाषित भूमिका और जिम्मेदारियों के साथ एक मा.सं.प्र. की आवश्यकता महसूस की गई।

(ii) इस मामले को सीवीओ, सीसीएल द्वारा दिनांक 14.12.18 को सीसीएल, मुख्यालय, रांची में आयोजित विभागाध्यक्षों/महाप्रबंधकों की समन्वय बैठक में उठाया गया था, जिसमें मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं हेतु एक समान मा.सं.प्र. के निर्माण हेतु आयोजित किया गया था एवं डीडीयू भी उनमें से एक था। । तदनुसार, मा.सं.प्र. के निर्माण की तैयारी दिसंबर 18 में शुरू हुई थी। मुख्यालय, सीसीएल के साथ–साथ फील्ड डिपो अधिकारियों और फील्ड डीडीयू के कर्मचारियों एवं दो सम्बद्ध विभागों – उत्खनन और केंद्रीयकृत स्थिति निगरानी विभाग (सीसीएमसी) से इनपुट मांगे गए थे।

(iii) तदनुसार, मा.सं.प्र. की प्रभावशीलता और स्थिरता को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न स्तरों के अधिकारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए तैयार किया गया है ।

(iv) सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सामान रूप से लागू करने हेतु, निदे(तक/संचा),सीसीएल के अनुमोदन से एक मा.सं.प्र. का निर्माण किया गया.

(v) इसके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु फील्ड डीडीयू का नियमित निरीक्षण किया जाता है।

(घ) प्रभाव और लाभ :

(i) उपरोक्त मा.सं.प्र. डीडीयू में विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका पर अस्पष्टता को दूर करने में सहायता करता है। उक्त मा.सं.प्र. में, उप गतिविधियों में गतिविधि में विभाजित करना और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों को तय करना किसी भी प्रकार की अस्पष्टता को दूर करने के लिए किया गया है ताकि दीर्घकाल तक इस मा.सं.प्र. को प्रभावी बनाया जा सके।

(ii) एसओपी कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में है। डीडीयू के साथ जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की स्पष्ट परिभाषित भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के साथ, डीडीयू की दो प्रमुख गतिविधियां – डीजल टैंकर के निस्तारण और उपस्कर में डीजल डालने की की सीसीटीवी निगरानी से कंपनी के स्तर पर डीजल की प्राप्ति, निर्गम, भंडारण और खपत में काफी सुधार होगा।

(iii) पारदर्शिता और जवाबदेही लाने हेतु इसके संपूर्ण प्रभाव के आवधिक अध्ययन की योजना बनाई गई है और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपायों को शामिल किया जाएगा।

(ड.) संभावित प्रतिकृति क्षमताः

उपरोक्त मा.सं.प्र. सीसीएल में कार्यान्वित की जा रही है।

9. सीसीएल कमान क्षेत्र के अंतर्गत रेल और सड़क धर्म–काँटों का नियोजन, संचालन एवं रखरखाव के कार्यान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (मा. सं. प्र.) का निर्माण :

(क) उपाय/पहल के संक्षिप्त विवरणः–

अपनाए गए उपायः

सीसीएल के कमांड रेल तथा सड़क मार्ग के धर्म–काँटों के नियोजन, संचालन और रखरखाव हेतु क्षेत्रों में मानक संचालन प्रक्रिया आरम्भ की गई।

यह कार्य कब शुरू और पूरा किया गया ?

इसे अक्टूबर 2018 में वि. एवं यां विभाग, सीसीएल द्वारा शुरू किया गया और फरवरी 2019 में पूरा हुआ।

ऑपरेशन के पैमानेः

सीसीएल भर में इसे वृहत पैमाने पर लागू किया गया

(ख) पृष्ठभूमिः–

(i) सीसीएल कमांड क्षेत्र के अंतर्गत रेल और सड़क मार्ग के धर्म–काँटों का अनुचित नियोजन, संचालन और रखरखाव के कारण सीसीएल को राजस्व का नुकसान प्रारंभ से ही हो रहा है, और सीसीएल प्रबंधन के लिए यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। हाल के दिनों में,

प्रौद्योगीकीय की प्रगति का साथ, वीटीएस, सीसीटीवी निगरानी और आरएफआईडी के साथ कम्पूटरीकृत संबंधित आईटी पहलुओं के तहत राजस्व की हानि को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

(ii) यह भी देखा गया की सीसीएल कमांड क्षेत्र के तहत सड़क पुलों के लिए एक– समान का मानक संचालन प्रक्रिया, विभिन्न अधिकारियों और गैर– अधिकारियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए नहीं दिया गया।

(ग) कार्यान्वयन :

(i) सीसीएल कमान क्षेत्रों के अंतर्गत सभी धर्म–काँटों के मध्य एकरूपता लाने हेतु रेल और रोड धर्म–काँटो के संचालन,योजना के विषय में सीसीएल में कोई मा.सं.प्र. नहीं थी।

(ii) सीवीओ, सीवीएल द्वारा, वि. एवं यां विभाग,सीसीएल के साथ संपूर्ण सीसीएल में धर्म–काँटों की योजना, संचालन और रखरखाव से सम्बद्ध में एकरूप एसओपी विकसित करने के लिए चर्चा की गयी। तदनुसार, एसओपी निर्माण की तैयारी अक्टूबर '2018 में शुरू हुई।

(iii) एसओपी निर्माण के समय, यह भी आवश्यकता महसूस की गयी कि लंबे समय तक इस एसओपी को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक गतिविधि/उप–गतिविधि हेतु एक स्पष्ट जिम्मेदारी तय करना आवश्यक है। तदनुसार, एसओपी के व्यापक दायरे के अंतर्गत एक जिम्मेदारी मैट्रिक्स का प्रारूप बनाया गया है जिसमे धर्म–कांटों की योजना, संचालन और रखरखाव हेतु विभिन्न स्तरों पर विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्टतः परिभाषित करते हुए तैयार किया गया है ताकि प्रभावशीलता और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

(iv) इस मा.सं.प्र. का सूत्रपात वि. एवं यां. विभाग द्वारा किया गया एवं सक्षम अनुमोदन द्वारा बनायी गयी समिति के द्वारा इसका निर्माण किया गया जिसमे निम्नलिखित सदस्य थे।

(v) विभागाध्यक्ष (वे.ब्रि.), विभागाध्यक्ष (वीटीएस/आरएफआईडी), महाप्रबंधक (वि.एवं यां),महाप्रबंधक (विप. एवं विक्र.), महाप्रबंधक (प्रणाली), महाप्रबंधक (ई एवं टी), सीसीएल जिसे 04/02/2019 को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से गठित किया गया ताकि संपूर्ण सीसीएल के कमान क्षेत्रों के समस्त धर्म–काँटों में संचालन में एकरूपता आ पाए।

(vi) मा.सं.प्र.को अंतिम रूप देने के बाद, सीसीएल के सभी क्षेत्रों में 13/02/2019 को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। इसके पश्चात विभिन्न समन्वय बैठकों के दौरान इस मामले की जानकारी दी गई।

(घ) प्रभाव और लाभ :

(i) उपरोक्त एसओपी कंपनी के विभिन्न कार्यक्षेत्रों की भूमिका में व्याप्त अस्पष्टता को दूर करने में सहायता करता है। उक्त एसओपी में,किसी भी प्रकार की अस्पष्टता को दूर करने हेतु गतिविधि को उप–गतिविधियों में विभाजित किया गया है एवं स्पष्टतः व्यक्तिगत जिम्मेदारियां तय की गयी हैं ताकि इस एसओपी को लंबे समय तक प्रभावी बनाया जा सके।

(ii) इस प्रकार, एसओपी उन वांछित परिणामों की प्राप्ति करने में सहायक सिद्ध हो रहा है जिनकी परिकल्पना प्रारंभ में की गई थी।

(iii) धर्म–काँटों में व्याप्त अनियमितताओं के विभिन्न पहलुओं पर इसके संपूर्ण प्रभाव और आवधिक अंतराल में पारदर्शिता और जवाबदेही का अध्ययन किया जा रहा है।

(ड.) प्रतिकृति क्षमता

उपरोक्त मा.सं.प्र.को पहले ही 13/02/2019 से सीसीएल कमान क्षेत्र में पेश किया जा चुका है ।

12. सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अनुपालन :

केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन में 29.10.2018 से 03.11.2018 तक सीसीएल की सभी इकाइयों, क्षेत्रों और मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह –2018 को अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। वस्तुतः, यह जागरूकता अभियान सीसीएल विजिलेंस विभाग द्वारा दुर्गा पूजा (15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक) के दौरान विभिन्न पूजा पंडालों में सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ प्रारंभ किया गया , सतर्कता जागरूकता सप्ताह –2018 के दौरान खेल अकादमी (जेएसएसपीएस),खेलगांव,रांची में खेल गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान, विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों के साथ इन गतिविधियों का समापन हुआ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2018 का अनुपालन सीसीएल (मुख्यालय), रांची के साथ–साथ सीसीएल के सभी क्षेत्रों और परियोजनाओं/इकाइयों में सभी कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ शुरू हुआ। दिनांक 29.10.2018 को सीसीएल (मुख्यालय) में सीवीओ, सीसीएल, निदेशक (वित्त), सीसीएल, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, और निदेशक (तकनीकी / पीपी), सीसीएल द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई । भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश को सीसीएल के मु.सतर्क.अधि. और कार्यकारी निदेशकों द्वारा भी पढ़ा गया।

वस्तुतः , सभी कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों को सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार निरोध एवं भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2018 से बहुत पहले से ही सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाना शुरू कर दिया गया था। यह गतिविधि केवल मुख्यालय और क्षेत्र की इकाइयों तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि मंदिर, पूजा पंडालों, पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालय आदि जैसे कई अन्य स्थानों पर इसका आयोजन किया गया।

ई–प्रतिज्ञा हेतु कर्मचारियों के साथ–साथ ग्राहकों, ठेकेदारों, नागरिकों आदि को प्रेरित करने और प्रभावित करने के लिए सभी प्रयास किए गए। इस प्रयोजन के लिए, सीसीएल की वेबसाइट

एक हाइपरलिंक www.cvc.nic.in "सत्यनिष्ठा–प्रतिज्ञा" को पर सक्रिय किया गया एवं सीसीएल, मुख्यालय में ई–प्रतिज्ञा लेने के लिए 5 ई–प्रतिज्ञा बूथ अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों, नागरिकों, क्रेता, ठेकेदार, संविदा कर्मियों आदि की सुविधा हेतु स्थापित किया गया॰ ज्यादातर कर्मचारी पहले से ही वीएडब्ल्यू–2017 के दौरान प्रतिज्ञा ले चुके थे, हालांकि, इस वर्ष भी अधिकारियों, गैर–अधिकारियों, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, नागरिकों आदि समेत 4000 से अधिक लोगों को ई– प्रतिज्ञा दिलाई गई।

दिनांक 29.10.18 को मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल एवं सीसीएल के कार्यकारी निदेशकों ने सीसीएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ (वाहन) के चारों ओर भ्रष्टाचार निरोधक एवं जागरूकता नारे, तस्वीरें एवं संदेश आदि छपे हैं एवं रांची के समस्त आवासीय क्षेत्रों में रथ ने परिभ्रमण किया। इसे सीसीएल में अवस्थित 12 क्षेत्रों के 8 जिलों में (रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, चतरा, लातेहार, पलामू) में दुहराया गया जिसने 2600 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र की यात्रा की।

(क) मुख्यालय और क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

दिनांक 30.10.2018 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, सीसीएल के कर्मचारियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसका नारा भ्रष्टाचार मिटाओ– नया भारत बनाओ था, जिसमें भारत के नव–निर्माण हेतु आवश्यक सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, ईमानदारी जैसे नैतिक मूल्य संदेश भी शामिल है, सतर्कता जागरूकता सप्ताह–18 के दौरान इसी टीम ने अलग–अलग दिनों में सीसीएल के 06 जिलों (रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, चतरा) में स्थित 09 विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

(ख) सतर्कता जागरूकता मार्च

रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद, भ्रष्टाचार के अस्तित्व, कारण और खतरे के बारे में सार्वजनिक जागरूकता हेतु सीसीएल मुख्यालय, रांची में एक सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में लगभग 500 प्रतिभागी थे, जिन्होंने उत्तेजक नारे लगाएं। मार्च को सीवीओ, सीसीएल श्री ए. के. श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सीसीएल के सीवीओ के साथ सीसीएल के कार्यकारी निदेशकों ने इस मार्च में भाग लिया। उपरोक्त अभियान को सीसीएल के सभी 12 क्षेत्रों में भी दोहराया गया है। इसके अलावा कई प्रभात फेरियों का आयोजन सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों से छात्रों को शामिल करते हुए किया गया।

(ग) सीसीएल मुख्यालय रांची और रांची के विभिन्न विद्यालयों/संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमः–

दिनांक 29.10.18 की दोपहर में, एक निबंध प्रतियोगिता 'भ्रष्टाचार मिटाओ– एक नया भारत बनाओ' और सतर्कता से संबंधित मुद्दों पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों के बीच आयोजित की गइ। 30.10.18 को कर्मचारियों के बीच स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इनके आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के विरुद्ध कर्मचारियों में भावना को मजबूत करना और इस खतरे के विरुद्ध लड़ाई में उनके समर्थन प्राप्त करना था।

विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों के बीच भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों तक पहुंचने और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। मुख्य उद्देश्य उनके कोमल मन में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना और अमल था क्योंकि वे देश के भविष्य के मानव पूंजी है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान रांची के 4 विद्यालयों और 3 महाविद्यालयों में वाद– विवाद, वक्तृता, भाषण, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, हंसी, निबंध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन आदि का आयोजन किया गया।

निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी दिनांक 03.11. 2018 को सीसीएल के लाल तथा सीसीएल की लाडली के बीच आयोजित किया गया (सीएसआर पहल के तहत सीसीएल द्वारा परियोजना प्रभावित व्यक्ति के बच्चों को आईआईटी और अन्य राष्ट्रीय स्तर के इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु मुफ्त भोजन, आवास और कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई)। 29 अक्टूबर 2018 को पूर्वाहन 11:00 बजे सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अनुपालन भी प्रतिज्ञा समारोह के साथ शुरू हुआ। क्षेत्र के महाप्रबंधक, इकाइ/क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा प्रतिज्ञा को दिलाई गयी। सभी इकाइयों/कार्यालयों/क्षेत्रों के विशिष्ट स्थानों पर विचार– उत्तेजक नारे वाले बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

क्षेत्र स्तर के 52 विद्यालयों में स्कूली बच्चों के मन में अच्छे मूल्यों और नैतिकता को विकसित करने के लिए, वाद– विवाद/भाषण/पेंटिंग/पोस्टर मेकिंग, स्क्रिप्ट निबंध लेखन प्रतियोगिता, आदि का आयोजन किया गया। विद्यालयों में इंटीग्रिटी क्लब का भी गठन किया गया।

(घ) पेशेवर कलाकारों द्वारा ओपन एयर पेंटिंग कार्यशालाः–

भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव के प्रचलन हेतु कुछ परिवर्तनात्मक उपायों को भी अपनाया गया। उनमें से एक खुली चित्रकला कार्यशाला थी, जिसे दिनांक 02.11. 2018 को सीसीएल मुख्यालय, रांची में विषय वीएडब्ल्यू के साथ आयोजित किया गया। उसका समापन दिनांक 03.11. 2018 को हुआ। उपर्युक्त कार्यशाला में 18 पेशेवर कलाकारों ने भाग लिया और विभिन्न रंगों में नए भारत का चित्रण करके अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया।

(ङ.) सीसीएल मुख्यालय और विभिन्न क्षेत्रों में सेमिनार/कार्यशालाएं :

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सीसीएल सतर्कता द्वारा निम्नलिखित कार्यशाला और सेमिनार किया गया :

सीसीएल मुख्यालय, रांची में सामग्री प्रबंधन विभाग, अनुबंध निगरानी सेल और सिविल विभाग के सहयोग से संगोष्ठी/कार्यशालाएं–सह– विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 190 कर्मचारियों के अलावा 60 आपूर्तिकर्ताओं, विक्रेताओं, ठेकेदारों आदि ने भाग लिया।

विक्रेताओं, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं को उनके सामने आने वाली समस्याओं का उजागर करने के साथ–साथ अपने सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित किया जा सके और कंपनी की समग्र दक्षता में सुधार किया जा सके।

सीसीएल सतर्कता के अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित विषय पर सीसीएल के समस्त क्षेत्रों में 3 कार्यशालाएं की गयीं :–

(i) अनुशासन की अवधारणा, सीडीए नियम 1978 और प्रमाणित स्थाई आदेश और उनका कार्यान्वयन।

(ii) घरेलू जांच प्रक्रियाएं एवं दंड और अपील लागू करना।

(iii) ऑनलाइन के माध्यम से वार्षिक सम्पति की फाइलिंग।

(iv) सिविल, वि एवं यां., संविदात्मक और अन्य मामलों में देखी गई सामान्य अनियमितताएं।

उपरोक्त कार्यशालाओं में जीवंत परस्पर संवादात्मक सत्र के साथ समाप्त हुई और प्रतिभागियों/विक्रेताओं/ठेकेदारों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया गया।

उपरोक्त के अलावा, 4 कार्यशाला/सम्मेलन/संवेदीकरण कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों द्वारा सीसीएल सतर्कता के मार्गदर्शन में किया गया।

(च) सतर्कता पत्रिका "जागृति" का प्रकाशन :

सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2018 के अवसर पर, सीसीएल सतर्कता ने "जागृति" – एक जागरूकता पत्रिका प्रकाशित की। सीसीएल सतर्कता के आंतरिक संसाधनों को जुटाकर इस पत्रिका में सीसीएल कोट्स, आदि के कुछ सीवीसी सर्कुलर, केस रणनीति, लेखा को संकलित करने का सीसीएल के कर्मचारियों का यह अनूठा प्रयास था। जागृति का प्रकाशन सीसीएल के कर्मचारियों के बीच आम तौर पर देखी गई खामियों और विसंगतियों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि उनकी पुनरावृत्ति को रोका जा सके ।

(छ) खेलगांव रांची में मिनी मैराथन और 100 मीटर/200 मीटर/400 मीटर का रेसः

27 अक्टूबर 2018 को, आउटरीच गतिविधियों के अंतर्गत, एक जागरूकता मिनी– मैराथन और 100 मीटर/200/400 मीटर का दौड़ खेल अकादमी, खेलगांव में आयोजितकी गयी, जिसमें झारखंड राज्य स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी (जेएसएसपीएस) के लगभग 300 कैडेटों ने भाग लिया ।

(ज) जागरूकता ग्राम सभाः

सीसीएल के 11 क्षेत्रों और 01 स्वतंत्र इकाई में 26 जागरूकता सभाओं का आयोजन किया गया । सभाओं में मुखिया, सरपंच, ग्रामीणों, छात्रों, आदि ने भाग लिया। भ्रष्टाचार के दुष्प्रभाव पर जागरूकता उत्पन्न करने हेतु जागरूकता सभाओं के दौरान, ग्रामीणों को सामूहिक– प्रतिज्ञा दिलाई गई।

(झ) सीयूजी मोबाइल और सोशल मीडिया (ट्विटर) में संदेश के माध्यम से जागरूकताः

सीसीएल सतर्कता ने सप्ताह के दौरान जागरूकता फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और सीसीएल के अधिकारियों को अधिक संवेदनशील बनाने के लिए कुछ अभिनव तरीके अपनाए।

(i) इस दिशा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान प्रत्येक दिन अधिकारियों के सीयूजी मोबाइल पर प्रेरणादायक संदेश भेजे गए ।

(ii) विषयों के साथ–साथ प्रमुख घटनाओं की तस्वीरें भी सीसीएल के अधिकारिक ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड किया गया । आयोग द्वारा कई ट्वीट को फिर से री–ट्वीट किया गया ।

(iii) वीएडब्ल्यू–2018 के दौरान आकाशवाणी, दूरदर्शन और स्थानीय एफएम चौनलों पर प्रेरणादायक संदेश प्रसारित किए गए ।

34. सूचना का अधिकार की स्थिति

आरटीआई अधिनियम 2005 के तहत, वर्ष 2018–19 के दौरान निपटाएं गए आवेदन का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

1.	प्राप्त आवेदनों की संख्या	:	451
2.	निपटाएं गए आवेदनों की संख्या	:	441
3.	प्रक्रिया के तहत आवेदनों की संख्या	:	शून्य
4.	आरटीआई अधिनियिम 2005 के अनुच्छेद 6(3) के तहत स्थानांतरित किए गए आवेदनों की संख्या	:	148
5	खारिज आवेदनों की संख्या	:	शून्य
6.	सीसीएल के किसी भी अधिकारी का सीआईसी द्वारा प्रदत्त कोई दण्ड	:	नहीं

35. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के अन्तर्गत सूचना

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत सीसीएल में आन्तरिक शिकायत समिति काम कर रही है। सीसीएल के वेबसाइट के महिला सशक्तिकरण पोर्टल पर समिति के संवैधानिक आदेश को अपलोड कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के धारा 22 के संदर्भ में संबंधित सूचना निम्नलिखित है :

प्राप्त शिकायतों की संख्या	कार्रवाई किए गए मामलों की संख्या	कार्रवाई की गई
शून्य	शून्य	–

36. निगमित प्रशासन

आपकी कंपनी, सीसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी है जिसका यह मत है कि निष्पक्ष, नैतिक और पारदर्शी प्रशासन प्रणालियों की समृद्ध विरासत पर महान कंपनियों की नीव डाली जा सकती है जिनमें से कई प्रणालियाँ ईमानदारी, नैतिकता, प्रोफेशनल आचार एवं अन्य सुशासन पद्धतियों के सर्वोत्तम मानदंडों का कंपनी द्वारा अंगीकरण के पूर्व विद्यमान थे। कोल इंडिया लिमिटेड (एक महारत्न कंपनी) की अनुषंगी के रूप में यह कंपनी निगमित प्रशासन प्रणाली की सर्वोत्कृष्ट प्रणालियों एवं मानकों का अनुपालन एवं संव्यवहार करती है। हितधारकों, शेयरधारकों, प्रबंधन, कर्मचारीगण, ग्राहकों, विक्रेता, नियामक प्राधिकारियों एवं व्यापक रूप से समुदायों के अंतर्संबंधों का प्रभावी प्रबंधन निगमित प्रशासन का मुख्य ध्येय है। आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि इन संबंधों को निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदेयता की सहायता से सुदृढ़

किया जा सकता है। आपकी कंपनी विश्वसनीय वित्तीय जानकारी, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, सशक्तिकरण एवं वैधानिक अनुपालन को प्राथमिक महत्व देती है।

निगमित प्रशासन प्रतिवेदन अनुलग्नक– I में संलग्न है। 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष हेतु अंकेक्षकों द्वारा आपकी कंपनी की निगमित प्रशासन प्रावधानों के अनुपालन संबंधी प्रमाणन अनुलग्नक– I I में संलग्न है।

सेबी(इन्साइडर ट्रेडिंग की रोकथाम)विनियमन,1992 एवं संशोधन (2008) की धारा 12(1) के अनुसार मु.म.प्र. (वित्त)/कंपनी सचिव,सीआईएल के कार्यालय–आदेश संख्या सीआईएलः IX (डी):04007:2010:1856, दिनांक : 30.11/ 01.12.2010 के अनुसरण में इन्साइडर ट्रेडिंग आचार संहिता से सम्बद्ध निर्गत परिपत्र का संवितरण समस्त निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, समस्त कार्यकारी निदेशकगण, समस्त मुख्य महाप्रबंधकों एवं महाप्रबंधकों और कंपनी के नामित विभागों में कार्यरत अधिकारीगणों के मध्य किया गया।

निगमित प्रशासन की एम ओ यू उपलब्धि

क्र. सं.	मानदंड	उत्कृष्ट रेटिंग के लिए एमओयू 2018–19 का लक्ष्य	एमओयू 2018 – 19 का वास्तविक उपलब्धि
1.	डीपीई द्वारा जारी निगमित प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन के आधार पर ग्रेडिंग	85 और ऊपर	90.11

37. शेयरधारकों की निरीक्षण के लिए मुख्यालय में वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा की उपलब्धता

सीसीएल की वार्षिक लेखा और संबंधित विस्तृत जानकारियां नियंत्रक कंपनी एवं सहायक कंपनियों के शेयरधारकों द्वारा किसी भी समय मांगे जाने की स्थिति में उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है । सीसीएल के मुख्यालय में वार्षिक लेखा किसी भी शेयरधारक द्वारा निरीक्षण के लिए रखा गया है।

अतएव निगमित मामलों के मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी 8 फरवरी 2011 के सामान्य परिपत्र संख्या 2/ 2011 के अनुपालन में तथा उत्तरवर्ती पत्र संख्या सी आई एल :एक्स आई (डी) : 04032/2011:2255 दिनांक :08 मार्च 2011 के अनुपालन में, सीआईएल के शेयरधारकों को जानकारी देने के लिए उनकी मांग पर सीसीएल के लेखा को रांची (मुख्यालय) में उपलब्ध कराया गया है।

38. निदेशक मंडल

संदर्भाधीन वर्ष के दौरान निदेशकीय बोर्ड की 15(पंद्रह) बैठकों का आयोजन किया गया। दिनांक 07 .08.2018 को आयोजित 62वीं वार्षिक आम बैठक के दिन आपकी कंपनी में निम्नलिखित निदेशकगण थेः

1. श्री गोपाल सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
2. श्री आशीष उपाध्याय, भा.प्र.से., संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली,
3. श्री आर.पी.श्रीवास्तव, निदेशक (का. एवं औ.सं.), सीआईएल, कोलकाता
4. श्री डी.के.घोष, निदेशक (वित्त),सीसीएल
5. श्री आर. एस. महापात्र, निदेशक (कार्मिक), ,सीसीएल
6. श्री ए. के. मिश्रा, निदेशक तक. (संचालन),सीसीएल
7. श्री वी.के.श्रीवास्तव, निदेशक तक. (परियोजना एवं योजना)

अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशकगणः

1. श्री अशोक गुप्ता, सीए
2. श्री भरत भूषण गोयल, पूर्व अतिरिक्त मुख्य सलाहकार (लागत), व्यय विभाग

स्थाई आमंत्रितः

1. श्री सलील कुमार झा, सी.ओ.एम, पूर्व मध्य रेलवे
2. श्री सुनील कुमार वर्णवाल, सचिव, खान एवं भूगर्भ विभाग, झारखंड सरकार

दिनांक 30.11.2018 को श्री ए.के.मिश्रा, निदेशक(तक./संचालन) की सेवानिवृत्ति के परिणामस्वरूप श्री भोला सिंह ने दिनांकः15.01.2018 को निदेशक(तक./परि.–यो.) के पद पर योगदान किया, श्री वी.के श्रीवास्तव ने निदेशक(तक./यो./परि.) के पद का परित्याग कर दिनांकः18.01.2019 को निदेशक(तक./संचालन) के पद पर योगदान दिया।

दिनांक 13.12.2018 को श्री सुभाऊ कश्यप सीसीएल बोर्ड के अप्रशासकीय अंशकालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए। दिनांक 29.01. 2019 को अप्रशासकीय अंशकालीन निदेशक – श्री अशोक गुप्ता द्वारा पद से इस्तीफ़ा देने के पश्चात श्री भोला सिंह 15.01.2019 को निदेशक (तक./परि.–यो.) के पद पर नियुक्त किये गए।

दिनांक 30.11.18 को श्री डी. के. घोष, निदेशक (वित्त) की सेवानिवृत्ति के परिणामस्वरूप श्री नागनाथ ठाकुर ने 03.05.2019 को निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण किया। इसके पश्चात श्री एन.एन.ठाकुर ने 18.07.2019 को अपने पद का परित्याग कर दिया और श्री निरंजन कुमार अग्रवाल ने 18.07.2019 को पदभार ग्रहण किया।

तदनुसार,आपकी कंपनी की 63वीं वार्षिक आम बैठक के दिन निम्नलिखित निदेशकगण हैः

1. श्री गोपाल सिंह अ.प्र.नि.सी.सी.एल.
2. श्री आशीष उपाध्याय, संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली
3. श्री निरंजन कुमार अग्रवाल, निदेशक(वित्त),सी.सी.एल.
4. श्री आर. एस. महापात्र, निदेशक(कार्मिक),सी.सी.एल.
5. श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदेशक (तक./संचा.),सी.सी.एल.
6. श्री भोला सिंह, निदेशक (तक./परि.एवं यो.),सी.सी.एल.
7. श्री आर .पी. श्रीवास्तव, निदेशक(का.–औ.सं),सी.आइ.एल.

अप्रशासकीय अंशकालीन निदेशकगण

1. श्री सुभाऊ कश्यप, एमबीबीएस
2. श्री भरत भूषण गोयल,पूर्व अतिरिक्त मुख्य सलाहकार (लागत), व्यय विभाग

स्थाई आमंत्रित

1. श्री सलील कुमार झा, सी.ओ.एम, पूर्व मध्य रेलवे
2. श्री अबुबकर सिद्दिकी पी., सचिव, खान एवं भूगर्भ विभाग, झारखंड सरकार
3. श्रीमती जाजुला गौरी, अधिवक्ता
4. श्री शिव अरोडा, सी.ए.
5. श्री हरबंस सिंह, पूर्व एपेक्स महानिदेशक, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया

39. निदेशकों का उत्तरदायित्व वक्तव्य :

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 134(5) के अनुसरण में, निदेशकों के उत्तरदायित्व वक्तव्य के संबंध में, एतदद्वारा द्वारा पुष्टि की जाती हैः

1. यह की, 31 मार्च,2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वित्तीय विवरणी के निर्माण में नियंत्रक कंपनी–सीआईएल द्वारा अनुमोदित एकसामान लेखांकन नीति का अनुपालन किया गया है। उपर्युक्त एकसामान लेखांकन नीति का निर्माण कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम,2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) के अनुरूप तैयार किया गया है।
2. निम्नलिखित के अलावा, वित्तीय विवरणी का निर्माण ऐतिहासिक लागत के आधार पर किया गया है–
   - कुछ वित्तीय परिसंपत्ति देयताओं को उचित मूल्य पर मापा गया है।
   - परिभाषित लाभ योजना– योजना परिसंपत्तियों को उचित मूल्य पर मापा गया है।
   - लागत पर भंडार सूची या एनआरवी में जो कम हो।
3. यह कि, निदेशकों द्वारा वैसी लेखा नीतियों का चयन कर निर्णय व प्राक्कलन किया गया जो उचित एवं विवेकपूर्ण माने गए ताकि संदर्भाधीन वर्ष हेतु लाभ एवं हानि का तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर में कंपनी की वस्तुस्थिति के विषय में सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण ज्ञात किया जा सके ।
4. यह कि, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के लेखा आंकड़ों का समुचित एवं उपयुक्त निर्वहन ताकि धोखाघड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने के साथ उनकी रोकथाम की जा सके ।
5. यह कि, निदेशकों ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु ''कार्यशील संस्था'' के आधार पर वित्तीय विवरणी का निर्माण किया है।
6. यह कि, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की प्रणाली समुचित है एवं पूर्णरूपेण प्रभावकारी प्रकार्य से संचालित की जा रही है।
7. यह कि, समस्त लागू विनियमों के अनुपालन के लिए यह प्रणाली विकसित की गई है और यह प्रणाली समुचित एवं प्रभावी रूप से काम कर रही थी ।

40. कंपनी के अंकेक्षक

सांविधिक अंकेक्षक

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत वर्ष 2018–19 के लिए आपकी कम्पनी की लेखा–रिपोर्ट के अंकेक्षण कार्य हेतु भारत के नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक द्वारा निम्नलिखित चार्टर्ड अकाउन्टन्ट्स फर्मों की नियुक्ति की गई है :

(क) सांविधिक अंकेक्षक

मेसर्स के. सी. टाक एण्ड कम्पनी
न्यू अनंतपुर, राँची, झारखंड

शाखा अंकेक्षक

1. **मेसर्स वी. रोहतगी एण्ड कम्पनी**
   प्रथम तल्ला, सर्जना बिल्डिंग,
   मेन रोड़, राँची, झारखंड
2. **मेसर्स एन. के. डी. एण्ड कम्पनी**
   दूसरा तल्ला, राधागौरी, गौशाला चौक,
   नार्थ मार्केट रोड़, अपर बाजार,
   राँची, झारखंड
3. **मेसर्स एल. के. सराफ एण्ड कम्पनी**
   दूसरा तल्ला, चौहान मेंसन, लालजी हिरजी रोड़,
   राँची, झारखंड
4. **मेसर्स संजय बजोरिया एण्ड एसोसिएट्स**
   4, कुंजलाल स्ट्रीट, अपर बाजार

(ख) मूल्य अंकेक्षक :

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार निदेशक मंडल की बोर्ड ने 430वीं बोर्ड बैठक मद क्रमांक 4(6) दिनांक 28.09.2016 द्वारा मूल्य अंकेक्षण वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 हेतु निम्नलिखित मूल्य अंकेक्षक फर्मों को नियुक्त किया।

मेसर्स एस. सी. मोहन्ती एण्ड एसोसिएट्स
प्लॉट नं. – 370/1861/2157 शक्ति भवन
टोयोटा शोरूम के बगल में, पाटिया
पो. – के. आई. आई. टी., भुवनेश्वर – 751 024
ओड़िसा।

शाखा मूल्य अंकेक्षक

1. **मनी एण्ड कम्पनी**
   अशोका भवन, 111 साउदर्न एवेन्यु
   कोलकाता – 700 029
2. **मुसीब एण्ड कम्पनी**
   नं. – 204, गजराज मेन्सन, द्वितीय तल्ला,
   डायगोनल रोड़, बिष्टुपुर, जमशेदपुर, झारखंड
3. **के. बी. सक्सेना एण्ड एसोसिएट्स**
   तृतीय तल्ला, सगुन पैलेस, सप्रु मार्ग
   हजरतगंज, लखनऊ – 226 001
4. **के. जी. गोयल एण्ड एसोसिएट्स**
   4 ए, पॉकेट 2, मिक्स हाउसिंग, न्यू कोंडली,
   मयूर विहार–111, नई दिल्ली – 110 096

(ग) सचिवीय अंकेक्षक :

कम्पनी अधिनियम 2013 के सेक्शन 204 के अनुसार निदेशक मंडल

जब कंपनी परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है या पास–थ्रू व्यवस्था में प्रवेश किया है, तो यह मूल्यांकन करता है कि क्या और किस हद तक इसने स्वामित्व के जोखिमों एवं पुरस्कारों को संभाल कर रखा है। जब यह न तो स्थानांतरित हो गया है और न ही परिसंपत्ति के सभी जोखिमों एवं पुरस्कारों को बनाए रखा है, न ही परिसंपत्ति का स्थानांतरण किया है, कम्पनी अपने निरंतर सहभागिता की सीमा तक स्थानांतरित परिसंपत्ति को मान्यता देता रहता है। उस मामले में, कम्पनी एक संबद्ध दायित्व को भी मान्यता देती है। स्थानांतरित किये गये परिसपत्ति एवं संबद्ध देयता को इस आधार पर मापा जाता है कि वह कम्पनी के द्वारा रखे गये अधिकारों एवं दायित्वों को दर्शाता है। स्थानांतरित परिसंपत्ति पर गारंटी का आकार लेने वाली सतत् भागीदारी को, संपत्ति के मूल वहन राशि एवं कम्पनी के द्वारा विचाराधीन अधिकतम चुकाने की राशि, में से न्यूनतम पर मापा जाता है।

2.15.2.7 वित्तीय परिसंपत्तियों की विकृति/हानि

भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार, कम्पनी अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) प्रतिमान को मापने और निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों एवं खुले हुए क्रेडिट जोखिम पर हानि के नुकसान की पहचान करती है :

(ए) वित्तीय परिसंपत्तियाँ जो कि ऋण साधन है, और परिशोधित लागत पर मापे जाते हैं जैसे कि ऋण, ऋण प्रतिभूतियां, जमा, व्यापार प्राप्य एवं बैंक शेष।

(बी) वित्तीय परिसंपत्तियाँ जो कि ऋण साधन है और एफवीटीओसीआई पर मापी जाती है

(सी) भारतीय लेखा मानक 17 के तहत प्राप्य पट्टे

(डी) व्यापार प्राप्तियाँ या नकद या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्ति, जो कि भारतीय लेखा मानक 11 एवं भारतीय लेखा मानक 18 के सीमा के अंदर हुए लेनदनों के कारण उत्पन्न होता है, को प्राप्त करने के लिए कोई संविदात्मक अधिकार।

निम्नलिखित पर विकृति हानि भत्ता के मान्यता के लिए कम्पनी "सरलीकृत दृष्टिकोण को अनुसरण करती है :

- व्यापार प्राप्य या संविदा राजस्व प्राप्य; तथा
- भारतीय लेखा मानक 17 के सीमा के अंदर हुए लेनदेन के कारण उत्पन्न सभी पट्टे प्राप्तियाँ

सरलीकृत दृष्टिकोण की अनुप्रयोग के लिए कम्पनी को क्रेडिट जोखिम में होने वाले परिवर्तनों को पता लगाने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि इसे प्रारंभिक मान्यता से शुरू प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर जीवन भर के इसीएल के आधार पर विकृति हानि भत्ता को मान्यता देती है।

2.15.3 वित्तीय देनदारियाँ

2.15.3.1 प्रारंभिक मान्यता एवं मापन

कम्पनी की वित्तीय देनदारियों में व्यापार एवं अन्य देनदारियां, बैंक ओवरड्राफ्ट सहित ऋण एवं उधार शामिल है।

सभी वित्तीय देनदारियों को प्रारंभिक रूप में अंकित मूल्य पर लिया जाता है और, ऋण और उधार तथा देनदारियों के मामले में, प्रत्यक्ष तौर पर आरोपित लेन–देन लागतों का निबल राशि।

2.15.3.2 बाद के मापन

वित्तीय देनदारियों का माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है, जो कि नीचे वर्णित है :

2.15.3.3 लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियाँ

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियों में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर नामित व्यापारिक एवं वित्तीय देनदारियों के लिए वित्तीय देयताएं शामिल होते हैं। वित्तीय देयताओं को व्यापार के लिए रखे जाने के तौर पर वर्गीकृत किया जाता है यदि वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए गए हैं। इस श्रेणी में कम्पनी द्वारा दर्ज वैसे व्युत्पन्न वित्तीय साधनों को भी शामिल किया गया है जिन्हें भारतीय लेखा मानक 109 के द्वारा परिभाषित हेज संबंध में हेजिंग साधन के तौर पर नामित नहीं किया गया है। अलग अलग एमबेडेड डेरीवेटिव्स को भी ट्रेडिंग के लिए वर्गीकृत किया जाता है, जबतक उन्हें प्रभावी हेजिंग साधन के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है।

व्यापार के लिए रखे गये देनदारियों पर लाभ या हानि को लाभ–हानि में लिया जाता है।

लाभ या हानि के माध्यम से अंकित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता के रूप में नामित वित्तीय देनदारियों को इस प्रकार मान्यता की प्रारंभिक तारीख पर नामित किया जाता है, यदि भारतीय लेखा मानक 109 में दिये गये मानदंडों की संतुष्टि होती है। एफवीटीपीएल के रूप में नामित देनदारियों के रूप में, ओसीआई में स्वयं के क्रेडिट जोखिम में परिवर्तन के कारण उचित मूल्य लाभ/हानि को मान्यता दी जाती है। ये लाभ/हानि बाद में लाभ एवं हानि में हस्तांतरित किये जाते हैं। यद्यपि कम्पनी इक्विटी के तहत सचित लाभ या हानि को हस्तांतरित कर सकती है। ऐसे दायित्व के उचित मूल्य में अन्य सभी परिवर्तन लाभ या हानि के विवरण में मान्यता दिए जाते हैं। कंपनी ने लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में किसी वित्तीय देयता को निर्दिष्ट नहीं किया है।

2.15.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देनदारियाँ

प्रारंभिक मान्यता के बाद, इन्हे प्रभावी ब्याज दर विधि के द्वारा बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है। लाभ या हानियों को तभी लाभ या हानि में मान्यता दिया जाता है जब देनदारियों को प्रभावी ब्याज दर परिशोधन विधि के माध्यम से साथ ही साथ

असंबद्ध किया जाता है। परिशोधित लागत की गणना, कोई भी कटौती या अधिग्रहण पर प्रीमियम एवं फीस या लागत, जो कि प्रभावी ब्याज दर के अभिन्न अंग होते हैं, को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को वित्तीय लागत के रूप में लाभ एव हानि विवरण में शामिल किया जाता है। सामान्यतः यह श्रेणी उधार लेने की स्थिति पर लागू होती है।

2.15.3.5 अस्वीकृति

एक वित्तीय देयता की मान्यता को समाप्त किया जाता है जब देनदारियों के अन्तर्गत दायित्व का निर्वाह किया जाता है या रद्द या समाप्त किया जाता है। जब एक मौजूदा वित्तीय देयता को एक ही ऋणदाता से काफी भिन्न शब्दों पर बदल दिया जाता है, या मौजूदा दायित्व की शर्तों को काफी हद तक संशोधित किया जाता है, तो इस तरह के विनिमय या संशोधन को मूल उत्तरदायित्व की मान्यता और नई देनदारी की मान्यता के रूप में माना जाता है। वित्तीय देयताओं (या वित्तीय देनदारी का हिस्सा) के वहन राशि जो कि समाप्त हो चुके हैं या दूसरी पार्टी को हस्तांतरित किए गए हैं एवं कोई भी गैर नगद परिसंपत्ति हस्तांतरित किया गया या माने गए देयताओं के बीच के अंतर को लाभ या हानि में मान्यता दिया जाएगा।

2.15.4 वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण

कम्पनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए कोई पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है जो इक्विटी साधन एवं वित्तीय देनदारियां हैं। वैसे वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए जो ऋण साधन हैं, पुनर्वर्गीकरण तभी किया जाता है यदि उन परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार प्रतिमान में कोई बदलाव किया गया हो। व्यापारिक प्रतिमान मे होनेवाले बदलाव के लिए विलक्षण होने की संभावना है। कम्पनी के वरिष्ठ प्रबंधन, व्यापार के प्रतिमान में परिवर्तन को बाहरी या आंतरिक परिवर्तन के परिणाम के रूप में निर्धारित करता है जो कम्पनी के संचालन के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे परिवर्तन बाह्य पक्षों के लिए स्पष्ट होता है। व्यवसाय प्रतिमान में बदलाव तब होता है जब कम्पनी या तो शुरू होती है या किसी गतिविधि को पूरा करने के लिए समाप्त होती है जो कि उसके संचालन के लिए महत्वपूर्ण होती है। यदि कम्पनी वित्तीय परिसंपत्तियों को पुनर्वर्गीकृत करती है तो यह पुनर्वर्गीकरण की तारीख से पुनः परिष्करण पर लागू होता है जो व्यापार प्रतिमान में बदलाव के तुरंत बाद अगली रिपोर्टिंग अवधि का पहला दिन होता है। कम्पनी पहले से किसी भी मान्यता प्राप्त लाभ, हानि (विकृति के कारण लाभ या हानि सहित) या ब्याज को पुनर्लिखित नहीं करती है।

निम्नलिखित तालिका में विभिन्न पुनर्वर्गीकरणों को एवं उनके लेखाकरण के तरीकों को दिखलाया गया है।

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखा उपचार
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	उचित मूल्य को पुनर्वर्गीकरण तारीख पर मापा जाता है। पिछले परिशोधित लागत एवं अंकित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि में लिया जाता है।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य नई समेकित वहन राशि बन जाती है। ईआईआर की गणना नई समेकित वहन राशि के आधार पर की जाती है।
परिशोधित लागत	एफवीटीओसीआई	उचित मूल्य को पुनर्वर्गीकरण तारीख पर मापा जाता है। पिछले परिशोधित लागत एवं उचित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि में लिया जाता है। पुनर्वर्गीकरण के कारण ईआईआर में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य नई समेकित वहन राशि बन जाती है। यद्यपि ओसीआई में संचयी लाभ या हानि को उचित मूल्य के विरूद्ध समायोजित किया जाता है। बाद में, परिसंपत्ति को इस प्रकार मापा जाता है मानो कि यह परिशोधित लागत पर हमेशा मापा गया था।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य नई समेकित वहन राशि बन जाती है। अन्य कोई समायोजन की जरूरत नहीं है।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीएल	परिसंपत्तियों को निरंतर उचित मूल्य पर मापा जाता है। ओसीआई में लिये गये पहले से संचयी लाभ या हानि को पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर लाभ या हानि में वर्गीकृत किया जाता है।

2.15.5 वित्तीय साधनों का प्रति संतुलन

वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देनदारियो को प्रति संतुलित कर दिया जाता है तथा समेकित तुलन पत्र में निबल राशि की सूचना दी जाती है यदि, वर्तमान में मान्यता प्राप्त राशियों को प्रति संतुलित करने के लिए कानूनी अधिकार होता है तथा परिसंपत्तियों को प्राप्त करने एवं देयदारियों का निपटारा एक साथ करने के लिए, निबल आधार पर निपटारा करने का इरादा हो।

2.15.6 नकद एवं नकद समतुल्य

तुलन–पत्र में नकद एव नकद समतुल्य के अन्दर तीन महीने या उससे कम की परिपक्वता वाले छोटी अवधि के जमा तथा बैंकों एवं हाथ में नकद राशि दर्शायी गयी है, जो कि मूल्य में परिवर्तन के महत्वहीन जोखिम के अधीन है। नकद प्रवाह के समेकित विवरण के लिए उपरोक्त नकद एवं नकद समतुल्य के अन्दर नकद एवं छोटी अवधि जमा, बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट का निबल को रखा गया है, क्योंकि इन्हें कम्पनी के नकद प्रबंधन का अभिन्न अंग माना गया है।

2.16 उधार लेने की लागत

उधार लेने की लागत व्यय के रूप में खर्च कर दी जाती है इस अपवाद के साथ, जहां वे योग्य संपत्ति के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए प्रत्यक्ष रूप से श्रेय दे रहे हैं अर्थात, जो परिसंपत्तियाँ इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने में पर्याप्त समय लेते हैं, उस मामले में उस परिसंपत्ति के लागत में हिस्से के रूप में, योग्य परिसपत्ति के अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने की तारीख तक पूंजीकृत होते हैं।

2.17 कर आरोपन

आयकर व्यय वर्तमान में देय तथा स्थगित कर के योग को दर्शाता है।

वर्तमान कर एक निश्चित अवधि के लिए कर योग्य लाभ (कर नुकसान) के संबंध में आयकर देय (वसूली) की राशि है। लाभ या हानि के विवरण एवं अन्य व्यापक आय में दर्ज होने के अनुसार योग्य लाभ, (आयकर से पहले लाभ) से अलग होता है क्योंकि इसमें आय या व्यय की वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है जो कि अन्य वर्षों में कर योग्य या घटाया जा सकता है और फिर इसमें उन वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है जो कभी भी कर योग्य या घटाने लायक नहीं होते हैं। मौजूदा कर के लिए कम्पनी की देनदारी उन करों का उपयोग करके गणना की गई है जिसे अधिनियमित किया गया है या रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वास्तविक रूप से अधिनियमित किया गया है।

आस्थगित कर देनदारियों को आम तौर पर सभी कर योग्य अस्थाई अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर परिसंपत्ति आम तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थाई अंतर के लिए उस सीमा तक मान्यता प्राप्त होती है जहाँ संभावित है कि कर योग्य मुनाफा उपलब्ध होगा, जिसके साथ उन घटाने योग्य अस्थाई अंतरों का उपयोग किया जा सकता है। ऐसी परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को मान्यता नहीं दी जाती है यदि अस्थाई अंतर सदभावना से या प्रारंभिक मान्यता (व्यापार संयोजन के अलावा) से अन्य परिसंपत्तियों या देनदारियों के लेनदेन से उत्पन्न होता है जो न तो कर योग्य लाभ और न ही लेखा लाभ को प्रभावित करता है।

आस्थगित कर देनदारियों को अनुषंगियों एवं सहयोगी कम्पनियों में निवेश से संबंधित कर–योग्य अस्थाई अंतर के लिए लिया जाता है सिवाय उस स्थिति में जहाँ कम्पनी अस्थाई अंतर के उत्क्रमण को नियंत्रित करने में सक्षम है तथा यह संभव है कि अस्थाई अतर निकट भविष्य में बदल नहीं जाएगा। आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ इस प्रकार के निवेशों एवं हितों से संबद्ध कटौती योग्य अस्थाई अंतरों से उत्पन्न होनेवाले आस्थगित कर परिसंपत्ति को सिर्फ उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जहाँ यह संभव है कि अस्थाई अतरों के लाभ को उपयोग करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ मौजूद होगा।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रेषित राशि की प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समीक्षा की जाती है और इस सीमा तक कम की जाती है कि यह संभावित नहीं है कि संपत्ति सभी या हिस्से को पुनर्प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कर योग्य मुनाफा उपलब्ध

होगा। अमान्य स्थगित कर परिसंपत्तियों को प्रत्येक रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में पुनर्मुल्यांकन किया जाता है और इस सीमा तक मान्यता दी जाती है कि यह संभावित हो गया है कि आस्थगित कर परिसंपत्ति के सभी या हिस्से को पुनर्प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर परिसंपत्ति एवं देनदारियों को कर की दर से मापा जाता है जो कि उस अवधि में लागू होने की उम्मीद की जाती है, जिसमें देयता का निपटारा होता है या परिसंपत्ति की प्राप्ति होती है, कर दर (और कर कानून) के आधार पर लागू किया जाता है जिसे अधिनियमित किया गया है या रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वास्तविक रूप से अधिनियमित किया गया है।

आस्थगित कर देनदारियों एवं परिसंपत्तियों का माप, कर परिणामों को दर्शाता है जो कि कम्पनी की उम्मीद के अनुसार चलता है ताकि कम्पनी के परिसंपत्ति एवं देयताओं के वहन राशि का वसूली या निपटारा हो जाए।

वर्तमान और आस्थगति कर को लाभ या हानि में पहचाना जाता है सिवाय, जब वे अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में पहचाने गये वस्तुओं से संबंधित होते हैं, जिस मामले में वर्तमान और आस्थगित कर भी अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में मान्यता प्राप्त होते हैं। जब मौजूदा कर या आस्थगित कर एक व्यापार संयोजन के लिए प्रारंभिक लेखा से उत्पन्न होता है तब कर प्रभाव को व्यापार संयोजन के लिए लेखांकन में शामिल किया जाता है।

2.18 कर्मचारी लाभ

2.18.1 लघु–अवधि के लाभ

सभी अल्प–कालिक कर्मचारी लाभ उस अवधि में पहचाने जाते हैं जिसमें वे खर्च किये गये हैं।

2.18.2 रोजगारोंपरांत लाभ तथा अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

2.18.2.1 परिभाषित योगदान योजनाएँ

एक परिभाषित योगदान योजना प्रोविडेन्ट फंड एवं पेंशन के लिए रोजगारोपरांत लाभ योजना है जिसके तहत कंपनी कानून के एक अधिनियम के तहत गठित एक सांविधिक निकाय (कोयला खान भविष्य निधि) द्वारा रखी गयी निधि में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और कम्पनी के पास कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा या अधिक मात्रा में भुगतान करने के लिए।

2.18.2.2 परिभाषित लाभ योजना

परिभाषित लाभ योजना एक परिभाषित योगदान योजना के अलावा रोजगारोंपरांत लाभ योजना है। ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, परिभाषित लाभ योजनाएं (लाभों पर उपरी सीमा के साथ) होती हैं। परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में कम्पनी की शुद्ध दायित्वों को भविष्य लाभ की राशि का आंकलन करके गणना की जाती है, जो कि कर्मचारियों ने अपनी सेवा के बदले वर्तमान एवं पूर्व की अवधि में अर्जित किया है। यदि कोई हो, तो लाभ के वर्तमान मूल्य की गणना के लिए इसे कटौती पश्चात योजना परिसंपत्तियों के उचित मूल्य से घटा दिया जाता है। छूट की दर रिपोर्टिंग तिथि पर भारत सरकार प्रतिभूति के प्रचलित बाजार देय पर आधारित होती है जिनकी, कम्पनी के दायित्वों के अवधियों की सीमितीकरण द्वारा प्राप्त, परिपक्वता तिथियां होती हैं तथा वे उसी मुद्रा में नामित होते हैं जिसमें लाभों को भुगतान करने का अनुमान है।

वास्तविक मूल्यांकन के प्रयोग में, कटौती दर के बारे में अनुमानों को बनाने, परिसंपत्तियों पर अनुमानित प्राप्ति दर, भविष्य की वेतन वृद्धियां, मरणशीलता दर इत्यादि शामिल होते हैं। इन सब योजनाओं के दीर्घकालीन स्वभाव के कारण इस प्रकार के अनुमानों में अनिश्चितता रहती है। प्रत्येक तुलन पत्र पर गणना बीमांकित के द्वारा प्रक्षेपित इकाई क्रेडिट विधि का उपयोग करते हुए की जाती है। जब गणना परिणाम कम्पनी के हित में होती है तो मान्यता प्राप्त परिसंपत्ति को योजना में भविष्य योगदानों में कटौती या योजना से प्राप्त कोई भविष्य वापसी धन के रूप में मौजूद आर्थिक लाभों के वर्तमान मूल्य तक परिसंपत्ति को सीमित किया जाता है। कम्पनी को आर्थिक लाभ तब मिलता है जब यह योजना के जीवन काल के दौरान प्राप्त करने योग्य हो या, योजना देनदारियों के निपटारे पर।

परिभाषित निबल लाभ देयता का पुनर्मापन जिसमें योजना परिसंपत्तियों (ब्याज छोड़कर) पर प्राप्ति एवं परिसंपत्तियों की सीमांकन के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, वैसे वास्तविक लाभ तथा हानि शामिल होते हैं जिन्हें तैयार किया जाता है, को अन्य विस्तृत व्यापक आय में तुरंत मान्यता दिया जाता है। कम्पनी अवधि के लिए परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) के निबल राशि पर प्राप्त होनेवाली निबल ब्याज व्यय (आय) का निर्धारण परिभाषित लाभ दायित्व में मापने के लिए उपयोग किये जानेवाले कटौती दर का इस्तेमाल करती है। परिभाषित लाभ योजना से संबंधित निबल ब्याज व्यय एवं अन्य व्ययों की लाभ एवं हानि में मान्यता प्राप्त होता है।

जब योजना के लाभ में सुधार होता है तब बढे हुए लाभ के हिस्से – कर्मचारियों के पूर्व में सेवा के द्वारा, को लाभ–हानि विवरण में व्यय के रूप में शीघ्र लिया जाता है।

2.18.3 अन्य कर्मचारी लाभ

कुछ अन्य कर्मचारी लाभ जैसे कि एलटीए, एलटीसी, लाइफ कवर स्कीम, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, सेटलमेंट भत्ता, सेवानिवृति के बाद चिकित्सा लाभ योजना एवं खान दुर्घटनाओं में मृतक के आश्रितों को मुआवजे आदि को परिभाषित लाभ योजना के लिए उपर वर्णीत अनुसार उसी आधार पर मान्यता प्राप्त होता है। इन लाभों का विशिष्ट निधि नहीं है।

2.19 विदेशी मुद्रा

कम्पनी की रिपोर्ट की मुद्रा एवं उसके संचालन के लिए कार्यात्मक मुद्रा भारतीय मुद्रों में है (भारतीय मुद्रा) जो कि आर्थिक वातावरण का मुख्य मुद्रा है जिसमें कम्पनी संचालित होती है। विदेशी मुद्राओं में लेन–देन को, लेन देन तारीख में प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करके कम्पनी की सूचित मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओ में नामित मौद्रिक परिसंपत्ति एवं देनदारी, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दरों पर अनुवादित होती है। मौद्रिक परिसंपत्तियों एवं देनदारियों के निपटारे पर या मुद्रा की परिसंपत्तियों और देनदारियों के उन दरों से अलग होने पर अंतर जो उस अवधि या पिछले वित्तीय विवरणों में प्रारंभिक मान्यता पर अनुवादित किए गए थे, अवधि में लाभ या हानि के बयान में लिये जाते हैं जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

लेन–देन की तारीख को प्रचलित विनिमय की दरों पर विदेशी मुद्रा में निहित गैर–मौद्रिक वस्तुओं का मूल्यांकन किया जाता है।

विदेशी मुद्रा में नामित गैर–मौद्रिक वस्तुओं का मुल्यांकन लेन–देन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दरों के आधार पर किया जाता है।

2.20 स्ट्रीपिंग गतिविधि व्यय/समायोजन

खुली खदान के संबंध में, कोयले की प्राप्ति एवं इसके निष्कर्षण के लिए खान की बेकार पदार्थों (ओवरबर्डेन), जो कि कोल सीम के उपरी सतह पर मिट्टी एवं चट्टान का बना होता है, को हटाना जरूरी होता है। इस ओवरबर्डेन को हटाने की गतिविधि को "स्ट्रीपिंग" कहा जाता है। खुली खदानो के संदर्भ में, कंपनी को इस तरह की व्ययों का वहन, खान के पूरी जीवन की अवधि तक करना पड़ता है (सीएमपीडीआईएल के द्वारा तकनीकि आंकलन किया जाता है एवं इसे परियोजना रिपोर्ट में दर्ज किया जाता है)।

अतः, एक नीति के तहत, एक मिलियन प्रति वर्ष एवं उससे ज्यादा के रेटेड क्षमता वाले खानों में, स्ट्रीपिंग की लागत को खानों को राजस्व में लाने के बाद स्ट्रीपिंग गतिविधि परिसंपत्ति एवं अनुपात–विचलन लेखा के लिए जरूरी समायोजन के साथ, प्रत्येक खान पर तकनीकि रूप से आकलित औसत स्ट्रीपिंग अनुपात (कोयला : ओबी)पर चार्ज किया जाता है। स्ट्रीपिंग गतिविधि परिसंपत्ति एवं अनुपात–विचलन के निबल शेषों के तुलन पत्र में गैर–मौजूद परिसंपत्ति/गैर–मौजूद प्रावधानों के मद के तहत, जैसा भी केस हो, स्ट्रीपिंग गतिविधि समायोजन के रूप में तुलन–पत्र में दिखलाया जाता है।

ओबीआर लेखा के लिए अनुपात की गणना हेतु रिकार्ड के अनुसार दर्ज ओबीआर की मात्रा को महत्व दिया जाता है, जहाँ दर्ज की गई मात्रा एवं मापी हुई मात्रा के बीच विचलन, दो स्वीकार्य विकल्प सीमाओं में से न्यूनतम के अंदर होता है जिससे नीचे लिखे तालिका में दिखाया गया है।

खान के ओबीआर का वार्षिक मात्रा	विचलन की स्वीकार्य सीमा %
1 मिलियन क्यू. मी. से कम	+/- 5%
1 एवं 5 मिलियन क्यू. मी. के बीच	+/- 3%
5 मिलियन से अधिक	+/- 2%

यद्यपि, जहाँ पर विचलन उपरोक्त स्वीकार्य सीमा से अधिक है, मापी गई मात्रा को महत्व दिया जाता है।

रेटेड क्षमता 1 मिलियन टन से कम वाली खानों के संदर्भ में, उपरोक्त नीति नहीं अपनाई जाती है एवं वर्ष के दौरान स्ट्रीपिंग गतिविधियों पर खर्च हुई वास्तविक लागत को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकारा जाता है।

2.21 संपत्ति सूची

2.21.1 कोयले का स्टॉक

कोयले/कोक के संपत्ति–सूची को लागत के न्यूनतम पर एवं शुद्ध प्राप्तियोग्य मूल्य पर लिखा जाता है। संपत्ति–सूची की गणना प्रथम आवक और प्रथम निर्गत विधि के द्वारा किया जाता है। निबल प्राप्ति योग्य मूल्य, समाप्ति के सभी अनुमानित लागतों एवं विक्रय करने के लिए जरूरी लागतों को घटाते हुए, प्राप्त अनुमानित संपत्ति–सूची विक्रय मूल्य को वर्णीत करती है।

कोयले के दर्ज भंडार को लेखा मे स्वीकारा जाता है जहाँ दर्ज भडार तथा 15 प्रतिशत तक मापी गई भंडार के बीच विचलन एवं उन केसों में जहाँ विचलन 5 प्रतिशत से ज्यादा है, मापे गए भंडार को स्वीकारा जाता है। इस प्रकार के भंडार का मूल्यांकन, निबल प्राप्ति योग्य मूल्य या लागत, दोनों जो कम हो, के आधार पर किया जाता है। कोक को कोयले के भंडार का अंश के रूप में समझा जाता है।

कोयले तथा कोक–फाइन्स को लागत या निबल प्राप्तियोग्य मूल्य में से न्यूनतम पर मूल्यांकित किया जाता है तथा इन्हें कोयले के भंडार के अंश के रूप में समझा जाता है।

स्लटी (कोकिंग/अर्द्ध कोकिंग), मिडलिंग (वाशरी के) तथा उप–उत्पादनों को निबल प्राप्ति योग्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और इन्हें कोयले के भंडार के अंश के रूप में समझा जाता है।

2.21.2 भण्डार एवं कलपूर्जे

केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय स्टोर्स में मौजूद स्टोर्स में मौजूद स्टोर्स एवं स्पेयर पार्ट्स के भंडार को मूल्यकृत स्टोर्स खाता बही में अनिवार्य शेषों के रूप में समझा जाता है तथा इन्हें पारित औसत विधि के आधार पर गणना किए गए लागत के रूप में मूल्यांकन किया जाता है। कालरियों/उप–स्टोर्स/ड्रीलिंग कैंपों/उपभोग केन्द्रों के संपत्ति–सूची को वर्ष के अंत में सिर्फ व्यक्तिगत रूप से जांचे हुए स्टोर्स के अनुसार, समझा जाता है तथा उन्हें लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

ठीक नहीं करने योग्य, बिगड़े हुए एवं पुराने पड़ चुके स्टोर्स के लिए 100 प्रतिशत के दर से प्रावधान किया है तथा 5 वर्षों से नहीं निकाले गए वैसे स्टोर्स एवं स्पेयर्स के लिए 50 प्रतिशत की दर से प्रदान किया है।

2.21.3 अन्य संपत्ति–सूची

वर्कशॉप कार्यों जिनमें प्रगति में कार्य शामिल होते हैं, को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रेस कार्यों के भंडार (प्रगति में कार्य शामिल) एवं प्रिंटिंग प्रेस में स्टेशनरी तथा केन्द्रीय अस्पताल में दवाओं को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

यद्यपि, स्टेशनरी के भंडार (प्रिंटींग प्रेस में पडे हुए के अलावा), ईंटों, बालु, दवा (केन्द्रीय अस्पताल को छोड़ कर), एयरक्राफ्ट स्पेयर्स एवं स्क्रैप को संपत्ति–सूची में नहीं स्वीकारा जाता है। इस सोच के साथ कि उनके मूल्य उतने महत्वपूर्ण नहीं होते हैं।

2.22 प्रावधान, आकस्मिक देयता एवं आकस्मिक परिसंपत्तियाँ

प्रावधानों को मान्यता तब दी जाती है जब कंपनी के पास, बीते हुए घटनाओं के कारण वर्तमान देनदारियों/देयताएँ (कानुनी या रचनात्मक) होती है, और यह संभावित है कि आर्थिक लाभों की बाह्य प्रवाह दायित्व के निपटारे के लिए जरूरी होगी तथा दायित्व के राशि का एक विश्वसनीय आकलन बनाया जा सकेगा। जहाँ रुपये का समय–मूल्य वस्तु है, प्रावधानों को, दायित्व के निपटारे के लिए अनुमानित व्यय की वर्तमान मूल्य पर लिखा जाता है।

सभी प्रावधानों को प्रत्येक तुलन–पत्र की तारीख पर समीक्षा किया जाता है एवं मौजूदा बेहतरीन आकलन को प्रतिविम्बित करने के लिए, समायोजित किया जाता है।

जहाँ यह संभावित नहीं है कि आर्थिक लाभों को, बाह्य प्रवाह की आवश्यकता होगी, या राशि का विश्वसनीय तरीके से आकलन नहीं किया जा सकेगा, दायित्व को आकस्मिक देयता के रूप में दिखलाया जाता है, जबतक कि आर्थिक लाभों के बाह्य प्रवाह की संभावना दूर नहीं है। संभावित दायित्वों, जिनका अस्तित्व, कंपनी के पूर्ण नियंत्रण में नहीं रहने वाले एक या अधिक भावी अनिश्चित घटनाओं के होने या न होने के द्वारा ही सिर्फ सुनिश्चित होगी, को भी आकस्मिक देयताओं के रूप में प्रकट किया जाता है जबतक कि आर्थिक लाभों के बाह्य प्रवाह की संभावना दूर है। आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तिय विवरणों में नहीं लिया जाता है। यद्यपि, जब आय की वसुली एकदम से निश्चित है, तब संबंद्ध परिसंपत्ति आकस्मिक परिसंपत्ति आकस्मिक परिसंपत्ति नहीं होता है और इसकी स्वीकार्यता उपयुक्त है।

2.23 प्रति शेयर कमाई/आय

मूल्य आय प्रतिशेयर की गणना, कर के बाद निबल लाभ की अवधि के दौरान बकाये इक्विटी शेयरों के भारित औसत संख्या के द्वारा भाग दे कर की जाती है। मिश्रित आय प्रति शेयर की गणना, प्रतिशेयर मूल आय की प्राप्ति के लिए स्वीकार्य गये इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा कर के बाद लाभ को भाग देकर की जाती है तथा इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या के द्वारा भी, जिसे कि सभी मिश्रित भावी इक्विटी शेयरों के रूपांतरण के पश्चात निर्गत किया जा सकता था।

2.24 निर्णय, आकलन तथा मान्यताएँ

भारतीय लेखा मानक के अनुरूप वित्तिय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को आकलनों, निर्णय एवं मान्यताओं का निर्माण करना होता है जो कि लेखा नीतियों के अनुप्रयोग तथा परिसंपत्तियों एवं देयता की दर्ज राशि, वित्तीय विवरण की तारीख पर आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं का प्रकटीकरण और रिर्पोटिंग अवधि के दौरान राजस्व की राशि एवं व्यय को प्रभावित करता है। इन वित्तीय विवरणों में लेखा नीतियों के अनुप्रयोग जिसमें जटिल एवं विषयात्मक निर्णय शामिल हैं, तथा मान्यताओं के उपयोग को प्रदर्शित किया जाता है। लेखा आकलन समय के साथ परिवर्तित हो सकता है। वास्तविक परिणाम एवं आकलित परिणामों में अंतर हो सकता है। आकलन एवं जुड़े हुए मान्यताओं की समीक्षा एक सतत आधार पर की जाती है। लेखा आकलन में पुनरीक्षण, को आकलन पुनरीक्षण के अवधि में मान्यता दी जाती है तथा, अगर वस्तु है, तो उनके प्रभावों को वित्तीय विवरणों के टिप्पणियों में प्रदर्शित किया जाता है।

2.24.1 निर्णय

कंपनी के लेखा नीनियों को लागू करने के पद्धति में, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णयों का निर्माण किया है, जो समेकित वित्तीय विघटनों में लिए गए राशियों पर सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है।

2.24.1.1 लेखा–नीतियों का प्रतिपादन

लेखा–नीतियों को इस प्रकार प्रतिपादित किया जाता है कि वि. वि. में लेन–देन संबंधी सार्थक एवं विश्वसनीय सूचना अन्य घटनाओं एवं शर्तों जिसमें वे लागू होते हैं, परिणम स्वरूप प्रदर्शित हों। इन नीतियों को लागू करने को जरूरत नहीं जब उनके लागु करने का प्रभाव मायने ना रखता हो।

लेन–देन के संबंध में विशेष रूप से लागु होने वाली भारतीय लेखा मानक, अन्य घटना या शर्त की अनुपस्थिति में, प्रबंधन ने अपने निर्णय को विकसित करने में एवं लेखा–नीति लागू करने के लिए उपयोग किया है जिसके परिणाम स्वरूप निम्न सूचनाएं मिलती है यानि :

(ए) उपयोग कर्त्ता के आर्थिक निर्णय–निर्माण आवश्यकताओं की सार्थकता तथा

(बी) इस वर्ष में विश्वसनीय की वित्तीय विवरणः

(i) विश्वास करने योग्य वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन एवं तत्व के नगद प्रवाहों को विश्वसनीय तरीके से प्रदर्शित करती है

(ii) लेन–दनों, अन्य घटनाओं एवं शर्तों के आर्थिक पहुलओं को दर्शाती है, न कि सिर्फ कानूनी स्वरूप कोय

(iii) उदासी न होते हैं, यानि किसी प्रकार के पक्षपात से मुक्त,

(iv) विवेकपूर्ण है, तथा

(v) सतत आधार पर सभी प्रकार के वस्तुगत पहलुओं में परिपूर्ण है।

निर्णय–निर्माण के संबंध में प्रबंधन, निम्नलिखित स्रोतों को अवनतिक्रम में निर्दिष्ट करती है और उनके लागू करने की योग्यता पर विचार करती है ,

(ए) समान एवं संबद्ध विषयों को साथ व्यवहार करने के भारतीय लेखा मानक की आवश्यकताएं , तथा

(बी) परिभाषाएं, मानदंड मान्यता तथा फ्रेमवर्क में परिसंपत्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय के लिए मापीकरण अवधारणा।

निर्णय निर्माण में प्रबंधन अंतरर्राष्ट्रीय लेखा मानक बोर्ड के सबसे हाल के उदघोषणाओं पर विचार करती है तथा उनके अनुपस्थिति में अन्य दूसरे स्टैण्डर्ड–सेटिंग संस्थाओं का जो समान अवधारणा ढांचे का उपयोग, लेखा मानकों, अन्य लेखा पत्रिका एवं स्वीकृत औद्योगिक अभ्यासों को विकसित करने के लिए करती है, उस सीमा तक जहाँ ये उपरोक्त सारांश में स्रोतों के साथ प्रतिकूल नहीं होती है।

कंपनी खनन क्षेत्र में संचालित होती है (एक ऐसा क्षेत्र जहाँ अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन चरण विभिन्न स्थलाकृतिक एवं भूखनन इलाकों पर आधारित है, जो दशकों से चल रहे पट्टे अवधि में फैला हुआ है और लगातार बदलाव की संभावना है), जिसकी लेखा नीतियाँ, अनुसंधान समितियों द्वारा समर्थित विशिष्ट उद्योग पद्धतियों एवं पिछले कई दशकों में इसके लगातार अनुप्रयोगों के कारण तथा विभिन्न नियामकों द्वारा अनुमोदन के आधार पर विकसित हुई है। कुछ विशेष क्षेत्रों में विशिष्ट लेखांकन साहित्य, मार्गदर्शन एवं मानकों की अनुपस्थिति में, जो विकास की प्रक्रिया में हैं। कंपनी लेखांकन साहित्य के विकास के साथ–साथ लेखा–नीतियों को विकसित करने का प्रयास करती है और इसमें किसी भी विकास को भारतीय लेखा मानक 8 में विशेष तौर पर रखे गये प्रावधानों के अनुसार परिदृश्यात्मकता के लिए लेखाकृत की जाएगी।

वित्तीय विवरणों को लेखा की एक्रुवल आधार को उपयोग करते हुए एक सतत प्रयास के तहत तैयार की जाती है।

2.24.1.2 भौतिकता

भारतीय लेखा मानक उन वस्तुओं पर लागु होता है जो सामग्री है। प्रबंधन यह तय करने के लिए निर्णय का उपयोग करता है कि यदि अलग–अलग वस्तुएं या वस्तु के समुहों वित्तीय विवरण में सामग्री के रूप में है या नहीं। भौतिकता का निर्धारण वस्तु के आकार एवं प्रकृति के संदर्भ में किया जाता है। निर्णायक कारक यह है कि क्या वित्तीय चूक या गलत विवरण उन आर्थिक फैसलों पर अलग–अलग या सामुहिक से प्रभाव डाल सकते हैं, जिन्हें उपयोगकर्त्ताओं ने वित्तीय विवरणों के आधार पर लिया है। प्रबंधन भारतीय लेखा मानक की अनुपालन आवश्यकताओं की निर्धारित करने के लिए भौतिकता के फैसले का भी उपयोग करता है। विशेष परिस्थितियों में या तो प्रकृति या किसी वस्तु की मात्रा या वस्तुओं का कुल योग निर्धारित कारक हो सकते हैं। आगे, एक, तत्व की, कानून द्वारा जरूरी होने की स्थिति में, निराकार वस्तुओं को अलग से प्रस्तुत करने के लिए, आवश्यकता भी हो सकती है।

2.24.1.3 संचालित पट्टा

कंपनी ने पट्टा समझौते में प्रवेश किया है। समझौते के नियम एवं शर्त्तों के मूल्यांकन के आधार पर, जैसे कि वे पट्टे अवधि जो परिसंपत्ति के अंकित मूल्य तथा वाणिजयिक संपत्ति के आर्थिक जीवन का वृहत भाग न हो, कंपनी ने तय किया है कि वह इन

संपत्तियों के स्वामित्व के सभी महत्वपूर्ण जोखिमों एवं पुरस्कारों को तथा निविदाओं के लिए लेखा को, संचालित पट्टो के रूप में अपने पास रखती है।

2.24.2 अनुमान एवं मान्यताएँ

रिपोटिंग तिथि पर भविष्य तथा अनुमान अनिश्चितता के अन्य मुख्य स्रोतों से संबंधित मुख्य मान्यताएं, जिनके पास अगले वित्तीय वर्ष में परिसंपत्तियों एवं देनदारियों की मात्रा में सामग्री समायोजन करने का महत्वपूर्ण जोखिम है, नीचे वर्णित है। समेकित वित्तीय वक्तव्यों की तैयार करते समय कपनी ने मौजूद पारामीटर पर अपने प्राकलन एवं अनुमानों को आधारित किया था। भविष्य की घटनाओं के बारे में मौजुदा हालात एव घटनाएँ, यद्यपि, बाजार में बदलावों या उत्पन्न होनेवाली वैसी परिस्थितियां जो कि कंपनी के नियंत्रण के बारे है, के कारण बदल सकती है। इस प्रकार के परिवर्तन घटित होने की स्थिति में मान्यताओं में प्रदर्शित होते हैं।

2.24.2.1 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

हानि/विकृति के संकेत दिखलाई पड़ते हैं, यदि किसी परिसंपत्ति या नगदी उत्पन्न करने वाली ईकाई का वहन मूल्य इसके वसूली योग्य राशि से अधिक होता है, जो कि निपटारे की लागत कम करके इसके अंकित मूल्य तथा उपयोगी मूल्य से अधिक है। कंपनी प्रत्येक खानों को एक अलग नकदी उत्पन्न करने वाली ईकाईयों के रूप में समझती है, हानि/विकृति की जांच उपयोग मे मूल्य की गणना डी सी एफ प्रतिमान पर आधारित होती है। नगदी प्रवाह अगले 5 वर्षों के लिए बजट से प्राप्त होता है तथा इसमें, पुर्नगठन गतिविधियां जिसपर कंपनी अभी तक प्रतिबद्ध नहीं है या वैसे महत्वपूर्ण भविष्य की निवेश जो जाँच किए जा रहे सी जी यू के परिसंपत्ति प्रदर्शन में वृद्धि करेगी, शामिल नहीं होते हैं। वसूली योग्य राशि डी सी एफ प्रतिमान के साथ–साथ अपेक्षित भावी नगदी प्रवाह एवं इन्टरपोलुशन प्रयोजनों के लिए उपयोग की गई विकास दर के लिए उपयोग की गई छूट के प्रति संवेदनशील है। ये सभी अनुमान अन्य खनन बुनियादी ढांचे के सबसे अधिक सार्थक है। विभिन्न सी जी यू के लिए वसूली योग्य राशि की निर्धारण के लिए उपयोग की जानेवाली मुख्य मान्यताएं प्रदर्शित की जाती है तथा उन्हें आगे संबंधित टिप्पणियों में समझाया गया है।

2.24.2.2 कर

आस्थगित कर परिसंपत्तियों को अप्रयुक्त कर हानियों के लिए उस हद तक मान्यता प्राप्त है जहां यह संभव है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके विरूद्ध हानियों को उपयोग किया जा सकता है। भावी कर नियोजन रणनीतियों के साथ–साथ संभावित समय–निर्धारण एवं भविष्य के कर योग्य लाभों के स्तर के आधार पर आस्थगित कर संपति की राशि को निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय आवश्यक है। करों पर अधिक जानकारी को नोट – 38 में दिखलाया गया है।

2.24.2.3 परिभाषित लाभ योजनाएँ

परिभाषित लाभ ग्रेच्युटी योजना तथा अन्य रोजगारोपरान्त चिकित्सा लाभों की लागत एवं ग्रेच्युटी दायित्व के वर्तमान मूल्य को बीमांकिक मूल्यांकन के द्वारा निर्धारित किया जाता है। एक बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न मान्यताएं शामिल होते हैं जो भविष्य में वास्तविक विकास से अलग हो सकती है। इनमें, छुट दर, भविष्य वेतन वृद्धि एवं मृत्यु दर का निर्धारण शामिल होता है।

परिभाषित लाभ दायित्व के मूल्यांकन तथा इसके दीर्घकालीन प्रकृति में शामिल जटिलताओं के कारण, यह इन मान्यताओं में परिवर्तन के प्रति अति–संवेदनशील होता है। प्रत्येक रिपोटिंग की तारीख पर सभी मान्यताओं की समीक्षा की जाती है। सबसे अधिक परिवर्तन होने वाला प्राचलिक, छुट दर है। भारत में संचालित की जाने वाली योजनाओं के लिए उपयुक्त, छुट दर का निर्धारण करने में, प्रबंधन रोजगारोपरांत लाभ दायित्व के मुद्राओ के अनुरूप मुद्रा में सरकारी बॉन्ड की ब्याज दरों पर विचार करता है।

मृत्यु दर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध देश के मृत्यु–दर तालिका पर आधारित होता है। यह मृत्यु–दर तालिका, जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के जवाब में सिर्फ उस अंतराल पर परिवर्तन की प्रवृति रखता है। भावी वेतन वृद्धि एवं ग्रेच्युटी बढ़ोतरी भविष्य की अनुमानित मुद्रास्फीति दर पर आधारित होता है।

2.24.2.4 वित्तीय साधनों का अंकित मूल्य मापन

जब्ब तुलन–पत्र में दर्ज वित्तीय परिसंपत्ति तथा वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य को सक्रिय बाजारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर मापा नहीं जा सकता है, तो उनके उचित मूल्य को डी सी एफ प्रतिभाग सहिज मूल्य निर्धारण तकनीकों का उपयोग

करके मापा जाता है। जहाँ तक संभव हो, इन प्रतिमानों को देखे जाने योग्य बाजारों से लिया जाता है, लेकिन जहाँ यह संभव नहीं है, उचित मूल्यों की स्थापित कर्ज के लिए निर्णय के एक अंश की आवश्यकता पड़ती है। निर्णय में नगदी की जोखिम, क्रेडिट जोखिम तथा अस्थिरता जैसे महत्व वाले इनपुट शामिल होते हैं। इन कारणों के बारे में मान्यताओं में परिवर्तन, वित्तीय साधनों के दर्ज उचित मूल्य को प्रभावित कर सकता है।

2.24.2.5 विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति

कंपनी परियोजना के लिए विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति को लेखा नीति के अनुसार पूंजीकृत करती है। लागत का प्रारंभिक पूंजीकरण प्रबंधन के निर्णय पर आधारित है कि तकनीकि एवं आर्थिक व्यवहार्यता की पुष्टि की जाती है, आमतौर पर तब जब एक परियोजना प्रतिवेदन केन्द्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थाएं लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के द्वारा तैयार की जाती है।

2.24.2.6 खान बंदीकरण, स्थल पुनर्स्थापन एवं सेवामुक्तिकरण दायित्व

खान बंदीकरण, स्थल पुनर्स्थापन एवं सेवामुक्तिकरण दायित्व के लिए प्रावधान के उचित मूल्य के निर्धारण हेतु, मान्यताओं एवं आकलनों को छुट दरों, स्थल पुनर्स्थापन की अनुमानित लागत तथा विघटन और निराकरण की उम्मीद की लागत के संबंध में बनाया जाता है। कंपनी परियोजना/खान के जीवन को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित मान्यताओं के आधार पर डी सी एफ पद्धति का उपयोग करते हुए प्रावधान का आकलन करती है।

- कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों में निर्दिष्ट अनुसार अनुमानित लागत प्रति हेक्टेयर।
- छुट दर (कर के पहले), जो रुपये के समय–मूल्य का मौजूदा बाजार निर्धारण तथा देयता से संबंधित विशिष्ट जोखिमों को प्रदर्शित करता है।

2.25 प्रयुक्त संक्षेपण

ए.	सीजीयू	नकद उत्पन्न करने वाली ईकाई	जी.	ओसीआई	अन्य व्यापक आय
बी.	डीसीएफ	कटौती पश्चात नकद प्रवाह	एच.	पीएण्डएल	लाभ एवं हानि
सी.	एफवीटीओसीआई	अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य	आइ.	पीपीई	संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण
डी.	एफवीटीपीएल	लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य	जे.	एसपीपीआई	मूलधन एवं ब्याज का मात्र भुगतान
इ.	जीएएपी	आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांत	के	ईआईआर	लागु ब्याज दर
एफ.	इन्ड एएस	भारतीय लेखा मानक			

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ
नोट 3 : सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	पूर्ण स्वामित्व भूमि	अन्य भूमि	भूमि उद्धार/स्थल वापसी लागत	भवन, जल आपूर्ति, सड़क एवं कल्वर्ट	संयत्र एवं उपकरण	दूरसंचार	रेलवे साइडिंग	फर्नीचर एवं फिक्सचर	कार्यालय उपस्कर	वाहन	एयरक्राफ्ट	अन्य खनन आधारभूत सरचना	सर्वेक्ष ऑफ परिसंपत्ति	अन्य	योग
अग्रेनित राशि :															
01 अप्रैल, 2017 को	17.49	670.49	475.60	189.15	1,461.51	1.79	34.73	9.67	32.45	12.24	–	198.26	82.57	–	3,185.95
जोड़	–	64.39	–	61.23	206.64	0.07	–	2.07	10.83	0.06	–	13.05	3.72	–	362.06
विलोपन/समायोजन	–	–	–	–	(10.17)	–	–	–	(0.06)	(0.01)	–	(0.29)	(5.78)	–	(16.31)
31 मार्च, 2018 को	**17.49**	**734.88**	**475.60**	**250.38**	**1,657.98**	**1.86**	**34.73**	**11.74**	**43.22**	**12.29**	–	**211.02**	**80.51**	–	**3,531.70**
01 अप्रैल, 2018 को	17.49	734.88	475.60	250.38	1,657.98	1.86	34.73	11.74	43.22	12.29	–	211.02	80.51	–	3,531.70
जोड़	–	26.57	–	46.24	144.78	1.75	234.05	3.34	13.68	0.12	–	55.86	6.70	–	533.09
विलोपन/समायोजन	–	–	(2.97)	(0.87)	(24.37)	–	(43.54)	–	(7.26)	(0.01)	–	(3.43)	(21.99)	–	(104.44)
31 मार्च, 2019 को	**17.49**	**761.45**	**472.63**	**295.75**	**1,776.39**	**3.61**	**225.24**	**15.08**	**49.64**	**12.40**	–	**263.45**	**65.22**	–	**3,960.35**
संचित मूल्य ह्रास एवं हानि															
01 अप्रैल, 2017 को	–	69.63	95.07	17.38	466.24	0.37	6.86	4.24	12.16	2.49	–	42.32	46.39	–	763.15
वर्ष के लिए शुल्क	–	54.98	36.13	10.68	213.76	0.14	3.94	1.44	7.83	1.53	–	17.94	–	–	348.37
हानि	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	5.83	(1.65)	–	4.18
विलोपन/समायोजन	–	0.78	–	(0.07)	(6.30)	–	–	(0.01)	0.06	–	–	0.48	(0.03)	–	(5.09)
31 मार्च, 2018 को	–	**125.39**	**131.20**	**27.99**	**673.70**	**0.51**	**10.80**	**5.67**	**20.05**	**4.02**	–	**66.57**	**44.71**	–	**1,110.61**
01 अप्रैल, 2018 को	–	125.39	131.20	27.99	673.70	0.51	10.80	5.67	20.05	4.02	–	66.57	44.71	–	1,110.61
वर्ष के लिए शुल्क	–	56.73	34.76	13.93	202.02	0.36	9.55	1.76	8.10	1.38	–	29.08	–	–	357.67
हानि	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	5.75	(19.75)	–	(14.00)
विलोपन/समायोजन	–	0.78	2.47	0.82	(8.68)	0.11	11.56	(1.09)	(4.21)	–	–	8.53	(0.31)	–	9.98
31 मार्च, 2019 को	–	**182.90**	**168.43**	**42.74**	**867.04**	**0.98**	**31.91**	**6.34**	**23.94**	**5.40**	–	**109.93**	**24.65**	–	**1,464.26**
निबल अग्रणित राशि															
31 मार्च, 2019 को	17.49	578.55	304.20	253.01	911.35	2.63	193.33	8.74	25.70	7.00	–	153.52	40.57	–	2,496.09
31 मार्च, 2018 को	17.49	609.49	344.40	222.39	984.28	1.35	23.93	6.07	23.17	8.27	–	144.45	35.80	–	2,421.09

1. भारतीय लेखा मानक के अनुपालन में, 01.04.2015 को सकल मूल्य घटाव संचित मूल्य ह्रास को परिवर्तन की तिथि पर अग्रणित मूल्य पर माना गया।

विवरण	पूर्ण स्वामित्व भूमि	अन्य भूमि	भूमि उद्धार/स्थल वापसी लागत	भवन, जल आपूर्ति, सड़क एवं कल्वर्ट	संयत्र एवं उपकरण	दूरसंचार	रेलवे साइडिंग	फर्नीचर एवं फिक्सचर	कार्यालय उपस्कर	वाहन	एयरक्राफ्ट	अन्य खनन आधारभूत संरचना	सर्वेक्ष ऑफ परिसंपत्ति	अन्य	योग
सकल वहन राशि :															
01 अप्रैल, 2015 को	16.87	630.42	656.05	437.66	3,335.00	16.90	88.08	20.77	50.16	32.79	–	759.19	71.73	–	6,115.62
संचित मूल्य ह्रास एवं हानि															
01 अप्रैल, 2015 को	–	372.29	176.30	270.57	2,239.44	15.24	73.22	15.18	36.96	26.36	–	652.32	–	–	3,877.88
निबल अग्रणित राशि	**16.87**	**258.13**	**479.75**	**167.09**	**1,095.56**	**1.66**	**14.86**	**5.59**	**13.20**	**6.43**	–	**106.87**	**71.73**	–	**2,237.74**

2 अन्य भूमि के अंतर्गत कोल बियरिंग क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 एवं अन्य अधिनियमों के तहत अधिग्रहित भूमि शामिल है।
3 अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है, जिसे प्रत्येक वर्ष के अंत में प्रभावी लेखा नीति की अनुच्छेद संख्या 2.8 में उल्लिखित अधिकारित समिति द्वारा समीक्षा की जाती है। इसमें लाइफ ऑफ वैल्यू का अन्य कोई महत्वपूर्ण घटक नहीं है, अतः घटक लेखांकन नहीं किया गया है।
4 चालू वर्ष के दौरान, परित्यक्त परिसंपत्ति सम्बद्ध ह्रास की राशि 19.75 करोड़ रुपये (विगत वर्ष 1.65 करोड़ रुपए चार्ज किया गया) अपलेखित गई है।
5 लीज समझौतों के विषय में, कंपनी ने अपने ग्राहकों को, पिछले साल व्यवसाय करने और कंपनी की कुछ संपत्तियों का उपयोग जिनका कुल मूल्य 80.09 करोड़ रुपये और 2.50 करोड़ रुपये की निकासी करने का अधिकार दिया है।
6 357.67 करोड़ रुपये के कुल मूल्य ह्रास में अन्य खनन आधारभूत संरचना से सम्बन्धित 29.08 करोड़ रुपये का परिशोधन शामिल है।

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 4 : कैपिटल डब्ल्यूआईपी

(₹ करोड़ में)

विवरण	भवन (जल आपूर्ति, सड़क एवं कल्वर्ट सहित)	संयंत्र एवं उपकरण	रेलवे साइडिंग	विकास	अन्य	योग
अग्रेनीत राशि :						
01 अप्रैल, 2017 को	103.60	64.08	847.84	139.24	–	1,154.76
जोड़	96.41	13.56	467.60	38.99	–	616.56
पूंजीकरण / विलोपन	(57.97)	(29.59)	–	(12.00)	–	(99.56)
31 मार्च, 2018 को	**142.04**	**48.05**	**1,315.44**	**166.23**	–	**1,671.76**
01 अप्रैल, 2018 को	142.04	48.05	1,315.44	166.23	–	1,671.76
जोड़	127.99	16.22	779.95	144.64	–	1,068.80
पूंजीकरण / विलोपन	(65.87)	(29.06)	(165.08)	(106.86)	–	(366.87)
31 मार्च, 2019 को	**204.16**	**35.21**	**1,930.31**	**204.01**	–	**2,373.69**
संचित प्रावधान एवं हानि						
01 अप्रैल, 2017 को	1.60	3.11	7.70	9.82	–	22.23
वर्ष के लिए शुल्क	0.35	2.16	3.85	1.82	–	8.18
हानि	–	–	–	1.45	–	1.45
विलोपन / समायोजन	(0.01)	(0.20)	–	(0.51)	–	(0.72)
31 मार्च, 2018 को	**1.94**	**5.07**	**11.55**	**12.58**	–	**31.14**
01 अप्रैल, 2018 को	1.94	5.07	11.55	12.58	–	31.14
वर्ष के लिए शुल्क	0.03	0.65	0.12	3.52	–	4.32
हानि	–	–	–	6.99	–	6.99
विलोपन / समायोजन	(0.72)	(3.78)	(11.55)	(7.89)	–	(23.94)
31 मार्च, 2019 को	**1.25**	**1.94**	**0.12**	**15.20**	–	**18.51**
निबल अग्रनित राशि						
31 मार्च, 2019 को	**202.91**	**33.27**	**1,930.19**	**188.81**	–	**2,355.18**
31 मार्च, 2018 को	**140.10**	**42.98**	**1,303.89**	**153.65**	–	**1,640.62**

1. **भारतीय लेखा मानक के अनुपालन में, 01.04.2015 को सकल मूल्य घटाव संचित मूल्य ह्रास को परिवर्तन की तिथि पर अग्रणित मूल्य पर माना गया।**

	भवन (जल आपूर्ति, सड़क एवं कल्वर्ट सहित)	संयंत्र एवं उपकरण	रेलवे साइडिंग	विकास	अन्य	योग
कुल अग्रनित राशि :						
01 अप्रैल, 2015 को	62.53	132.02	136.74	188.12	–	519.41
संचित प्रावधान एवं हानि						
01 अप्रैल, 2015 को	10.52	12.29	45.74	36.84	–	105.39
निबल अग्रनित राशि	**52.01**	**119.73**	**91.00**	**151.28**	–	**414.02**

2. मशीनरी / परिसपत्तियो के मामले में, जिसका खरीद / अधिग्रहण के तारीख से तीन साल से अधिक समय तक उपयोग नहीं किया जा सकता है, चौथे वर्ष से प्रभावी मूल्य ह्रास के समतुल्य प्रावधान वर्ष के दौरान किया गया है जिसकी कुल राशि 4.32 करोड़ रुपये (विगत वर्ष 8.18 करोड़) है जिसे वित्तीय विवरण के नोट 33 के अंतर्गत दर्शाया गया है।

3 सीआईएल बोर्ड ने अपनी 350[वीं] बोर्ड मीटिंग में कोयले की सहज निकासी के लिए टोरी–शिवपुर रेल–लाइन परियोजना से सम्बद्ध 2399.07 करोड़ रुपये की संशोधित परियोजना लागत को मंजूरी दी जिसके लिए पूर्व–मध्य रेलवे को 2431.13 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। पू. म. रेलवे ने 1855.64 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जिसे सीडब्ल्यूआईपी में "रेलवे साइडिंग" मद के अंतर्गत सक्षम परिसंपत्ति के रूप में स्वीकृत किया गया है और 575.49 करोड़ रुपये की शेष राशि नोट – 10 में पूंजीगत अग्रिम के रूप में दिखाई गई है। उपर्युक्त परियोजना के लिए सीसीडीएसी के लिए कंपनी को अबतक 536.55 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है।

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 5 : अनुसंधान एवं मूल्यांकन परिसम्पत्ति

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनुसंधान एवं मूल्यांकन लागत
अग्रनित राशि :	
01 अप्रैल, 2017 को	237.83
जोड़	23.51
विलोपन/समायोजन	—
31 मार्च, 2018 को	**261.34**
01 अप्रैल, 2018 को	261.34
जोड़	75.35
विलोपन/समायोजन	69.41
31 मार्च, 2019 को	**406.10**
संचित प्रावधान एवं हानि	
01 अप्रैल, 2017 को	0.67
वर्ष के लिए शुल्क	—
हानि	—
विलोपन/समायोजन	—
31 मार्च, 2018 को	**0.67**
01 अप्रैल, 2018 को	0.67
वर्ष के लिए शुल्क	—
हानि	—
विलोपन/समायोजन	—
31 मार्च, 2019 को	**0.67**
निवल अग्रनित राशि	
31 मार्च, 2019 को	**405.43**
31 मार्च, 2018 को	**260.67**

भारतीय लेखा मानक के अनुपालन में, 01.04.2015 को सकल मूल्य घटाव संचित मूल्य ह्रास को परिवर्तन की तिथि पर अग्रणित मूल्य पर माना गया।

सकल अग्रनित राशि	
01 अप्रैल, 2015 को	176.04
संचित प्रावधान एवं हानि	
01 अप्रैल, 2015 का	2.21
निवल अग्रनित राशि	**173.83**

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 6 : अन्य अप्रत्यक्ष परिसम्पत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	कम्प्युटर सॉफ्टवेयर	विक्रय के लिए कोल ब्लॉक	अन्य	योग
अग्रनित राशि				
01 अप्रैल, 2017 को	5.21	1.71	—	6.92
जोड़	0.01	—	—	0.01
विलोपन/समायोजन	—	—	—	—
31 मार्च, 2018 को	**5.22**	**1.71**	—	**6.93**
01 अप्रैल, 2018 को	5.22	1.71		6.93
जोड़	4.19	—	—	4.19
विलोपन/समायोजन	—	—	—	—
31 मार्च, 2019 को	**9.41**	**1.71**	—	**11.12**
संचित प्रावधान एवं हानि				
01 अप्रैल, 2017 को	3.33	—	—	3.33
वर्ष के लिए शुल्क	1.44	—	—	1.44
हानि	—	—	—	—
विलोपन/समायोजन	—	—	—	—
31 मार्च, 2018 को	**4.77**	—	—	**4.77**
01 अप्रैल, 2018 को	4.77	—	—	4.77
वर्ष के लिए शुल्क	0.61	—	—	0.61
हानि	—	—	—	—
विलोपन/समायोजन	—	—	—	—
31 मार्च, 2019 को	**5.38**	—	—	**5.38**
निबल अग्रनित राशि				
31 मार्च, 2019 को	**4.03**	**1.71**	—	**5.74**
31 मार्च, 2018 को	**0.45**	**1.71**	—	**2.16**

1. विक्रय हेतु कोयला ब्लॉक खानो के प्रारंभिक विकास पर किए गए व्यय को दर्शाते हैं जिसे प्राधिकरण द्वारा ऐसे ब्लॉकों के विक्रय से वसूला जाएगा।
2. भारतीय लेखा मानक के अनुपालन में, 01.04.2015 को सकल मूल्य घटाव संचित मूल्य ह्रास को परिवर्तन की तिथि पर अग्रणित मूल्य पर माना गया।

सकल अग्रणित राशि :				
01 अप्रैल, 2015 को	4.74	1.71	—	6.45
संचित प्रावधान एवं हानि				
01 अप्रैल, 2015 को	—	—	—	—
निबल अग्रणित राशि	**4.74**	**1.71**	—	**6.45**

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 7 : निवेश

(₹ करोड़ में)

	धारित शेयरों की संख्या	31 मार्च, 2019 को	31 मार्च, 2018 को
गैर चालू			
शेयरों में निवेश			
अनुषंगी कंपनी में इक्विटी शेयर्स अनुषंगी कंपनी – जेसीआरएल	3,20,00,000 (3,20,00,000)	32.00	32.00
अन्य निवेश शेयर अनुप्रयोग राशि		—	—
सिक्योर्ड बॉण्ड्स में		—	—
कॉ–ऑपरेटिव शेयर्स में		—	—
कुल		**32.00**	**32.00**
उद्धृत निवेशों का निबल मूल्य :		—	—
उद्धृत निवेशों का बाजार मूल्य :		—	—
अनुद्धृत निवेशों का निबल राशि :		32.00	32.00
निवेश के मूल्य में निबल हानि :		—	—

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 7 : निवेश (जारी...)

(₹ करोड में)

	इकाईयों की सख्या चालू वर्ष/ (पूर्ववर्ती वर्ष)	फेस मूल्य प्रति युनिट (₹ में)	31.03.2019 को	31.03.2018 को
चालू				
म्युचुअल फंड निवेश				
यूटीआई म्युचुअल फंड	515315.242/-	1019.4457/-	52.53	–
एसबीआई म्युचुअल फंड	271.885/-	1003.2500/-	0.03	–
केनरा रोबैको म्युचुअल फड			–	–
युनियन केबीसी म्युचुअल फंड			–	–
डीओआई एएक्सए म्युचुअल फंड			–	–
अन्य निवेश				
8.5% कर मुक्त स्पेशल बॉन्ड (पूर्णतः पेड–अप)			–	–
(व्यापार प्राप्य के प्रतिभूतिकरण पर)			–	–
बड़े राज्य के आधार का विश्लेषण				
–उ. प्र.			–	–
–हरियाणा			–	–
कुल			**52.56**	–
उद्धत निवेशों का संकलित मूल्य			–	–
उद्धत निवेशों का बाजार मूल्य			–	–
अनुद्धत निवेशों की संकलित मूल्य			52.56	–
निवेश मूल्यों में हानि का संकलित मूल्य			–	–

वर्ष के दौरान खरीदे गए एवं बेचे गए म्युचुअल फंड का विवरण :

(₹ करोड़ों में)

विवरण	वर्ष के दौरान कुल खरीद		वर्ष के दौरान विमोच्य		प्राप्त लाभांश	
	युनिटों की सं.	राशि	युनिटों की सं.	राशि	युनिटों की सं.	राशि
युटीआई म्युचुअल फंड	*1,471,387.830*	*150.00*	*975,726.320*	*99.47*	*19653.730*	*2.00*
एसबीआई म्युचुअल फड	*2,242,711.190*	*225.00*	*2,271,517.570*	*227.89*	*29078.260*	*2.92*
कुल	**3,714,099.020**	**375.00**	**3,247,243.890**	**327.36**	**48731.990**	**4.92**

टिप्पणी :

कम्पनी उपर्युक्त म्युचुअल फंड की लिक्विड योजना (दैनिक लाभांश) में निवेश करती है। दैनिक लाभांश योजना में म्युचुअल फंड की इकाइयों के रूप में दैनिक लाभांश प्राप्त होते हैं और योजना के एन.ए.वी. का मूल्य स्थिर रहता है।

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 8 : ऋण

(₹ करोड़ में)

	31.03.2019 को	31.03.2018 को
गैर–चालू		
संबद्ध पार्टियों को ऋण		
— सुरक्षित, सुविचारित	0.66	0.47
— असुरक्षित, सुविचारित	—	—
— ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ	—	—
— क्षीण ऋण	—	—
	0.66	0.47
घटाव : संदेहास्पद ऋणों के लिए भत्ता	—	—
	0.66	**0.47**
वर्गीकरण		
सुरक्षित, सुविचारित	0.66	0.47
असुरक्षित, सुविचारित	—	—
ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ	—	—
क्षीण ऋण	—	—
चालू		
कर्मचारियों को ऋण		
— सुरक्षित, सुविचारित	—	—
— असुरक्षित, सुविचारित	—	—
— क्षीण ऋण	—	—
	—	—
घटाव : संदेहास्पद ऋणों के लिए भत्ता	—	—
	—	—
वर्गीकरण		
सुरक्षित, सुविचारित	—	—
असुरक्षित, सुविचारित	—	—
ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ	—	—
क्षीण ऋण	—	—

31 मार्च, 2019 को स्टैण्डअलॉन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट 9 : अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियाँ

(₹ करोड़ में)

		31.03.2019 को		31.03.2018 को
गैर चालू				
बैंक में जमा		—		—
बैंक में निम्न मदों में जमा				
– खदान बदीकरण योजना		1,182.01		1,019.85
– स्थानातरण एवं पुनर्वासन निधि रिकव		—		—
अन्य जमा		145.09		100.99
खदान बदीकरण व्यय के लिए एस्क्रो एकाउट से प्राप्य		140.63		413.16
अन्य जमा एवं प्राप्य		—		—
कुल		**1,467.73**		**1,534.00**
चालू				
खदान बदीकरण व्यय के लिए एस्क्रो एकाउंट से प्राप्य		272.54		-
होल्डिंग कंपनी के साथ चालू खाता		-		72.74
लंबी अवधि के ऋण का वर्तमान परिपक्वता		-		-
उपार्जित ब्याज		14.57		59.04
दावे एवं अन्य प्राप्य	346.03		409.67	
घटाव : संदेहास्पद दावों का प्रावधान	4.76	341.27	3.85	405.82
कुल		**628.38**		**537.60**

1. चूंकि दिनांक 01.03.2011 की प्रभावी तिथि से कोयला एक्साइज के अंतर्गत आ गया है, रॉयल्टी और एस.ई.डी. को "अन्य कर" के रूप में मानकर लेन–देन मूल्य से बाहर रखा गया था। सेन्ट्रल एक्साइज इन्टेलिजेंस (डी.जी.सी.ई.आई.), नई दिल्ली के महानिदेशालय द्वारा जारी किए गए समन के परिणामस्वरूप, सीआईएल, होल्डिंग कंपनी जिसने इस मुद्दे का प्रतिनिधित्व किया, को लेन–देन मूल्य में वादित रॉयल्टी एस.ई.डी. शामिल करने और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी जबतक माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 9 सदस्यी बैंच में लंबित मामले का निपटारा नहीं हो जाता। तदनुसार, मार्च 2011 से फरवरी 2013 के अवधि के दौरान वादित कोयले के प्रेषण और वाशरी मे कच्चे कोयले की खपत के लिए 85.14 करोड़ रू. का भुगतान किया गया है और इसके परिणामस्वरूप उक्त अवधि के दौरान 79.95 करोड़ रू. का पूरक बिल एकत्र किया गया है, जिसमें से नकद बिक्री ग्राहकों से 4.56 करोड़ रू. की शेष राशि "अन्य प्राप्ति" मद के अंतर्गत दर्शाया गया है। 4.56 करोड़ रू. में से, ग्राहकों ने कोलकाता और झारखंड के माननीय उच्च न्यायालयो से 2.66 करोड़ रू. के लिए स्थगन आदेश लिया है और 1.90 करोड़ रू. के शेष के विरूद्ध 1.90 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है।
2. खदान बंदीकरण से संबंधित कुल 1182.01 करोड़ रू. एस्क्रो एकाउन्ट में जमा है (पिछले वर्ष 1019.85 करोड़ रू.), जिसमें एस्क्रो एकाउन्ट से प्राप्त निबल ब्याज 253.91 करोड़ रू. सम्मिलित है (पिछले वर्ष 198.81 करोड़ रू.) – निर्दिष्ट नोट सं. 21
अधिक होता है और इसका निर्धारण व्यक्तिगत परिसंपत्ति के लिए किया जाता है, जबतक कि परिसंपत्ति नगदी प्रवाह उत्पन्न नहीं करती जो कि काफी हद तक अन्य परिसंपत्ति या परिसंपत्तियों के समूह से स्वतंत्र होती है, उस स्थिति में नगद उत्पन्न करनेवाली इकाई के लिए वसूली योग्य राशि निर्धारित की जाती है जिसके लिए परिसंपत्ति संबंधित है। कंपनी व्यक्तिगत खानों को हानि के परीक्षण के उद्देश्य के लिए अलग नगदी उत्पन्न करने वाली इकाइयों के रूप में मानती है।

अगर किसी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि को उसकी वहन राशि से कम होने का अनुमान लगाया गया है तो परिसंपत्ति की वहन राशि इसके वसूली योग्य राशि से कम हो जाती है और इससे हुए हानि को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

2.14 निवेश संपत्ति

वैसी संपत्ति (भूमि या भवन या किसी भवन का हिस्सा या दोनों) जिसे किराया या पूंजी की वृद्धि या दोनों के लिए रखा गया है, बजाय माल या सेवाओं के उत्पादन या आपूर्ति या प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करने अथवा व्यापार के साधारण क्रम में बिक्री के लिए, को निवेश संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

निवेश संपत्ति की शुरूआत अपनी लागत पर होती है जिसमें संबंधित लेन–देन लागत तथा जहां कहीं भी लागू उधार लागत शामिल होता है।

निवेश गुणों में अवमूल्यन उसके अनुमानित उपयोगी जीवन पर सीधी रेखा पद्धति का उपयोग करते हुए होता है।

2.15 वित्तीय साधन

वित्तीय साधन एक ऐसा अनुबंध है जो एक इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति और किसी अन्य इकाई के वित्तीय देयता या इक्विटी साधन को उत्पन्न करता है।

2.15.1 वित्तीय परिसंपत्तियाँ

2.15.1.1 प्रारंभिक मान्यता और मापन

वैसे सभी वित्तीय परिसंपत्तियाँ को, जिनको लाभ हानि विवरण के माध्यम से अंकित मूल्य में नहीं दर्ज किया गया है तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के कारण उत्पन्न लेन–देन लागत के संबंध में, प्रारंभिक रूप से अंकित मूल्य पर मान्यता दिया जाता है। खरीदारी या वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री, जो बाजार में मौजूद नियमन या प्रथा के द्वारा स्थापित किए गए समय सीमा के अंदर परिसंपत्तियों के देनदारी के लिए जरूरी होता है, को व्यापार तिथि पर मान्यता प्राप्त होता है, यानि जिस तारीख पर कम्पनी परिसंपत्ति की खरीदारी या बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होती है।

2.15.1.2 बाद के मापन

बाद के मापन के उद्देश्यों के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है :

- परिशोधित लागत पर ऋण साधन।
- अन्य व्यापक आय (एफ भी टी ओ सी आई) के माध्यम से अंकित मूल्य पर ऋण साधन।
- लाभ और हानि (एफ भी टी पी एल) के माध्यम से अंकित मूल्य पर ऋण साधन, व्युत्पन्न एवं इक्विटी साधन ।
- अन्य व्यापक आय (एफ भी टी ओ सी आई) के माध्यम से अंकित मूल्य पर मापे गए इक्विटी साधन।

2.15.2.1 परिशोधित लागत पर ऋण साधन

ऋण साधन को परिशोधित लागत पर मापा जाता है यदि निम्न स्थितियाँ पूरी होती है :

(ए) परिसंपत्ति को एक व्यापार प्रतिमान के अंदर रखी जाती है जिसका उद्देश्य संविदागत नगदी को प्रवाह एकत्रित करने के लिए परिसंपत्ति रखना है, और

(बी) परिसंपत्ति के अनुबंध संबंधी शर्तें निर्दिष्ट तिथियों में नगदी प्रवाह को उत्पन्न करते हैं जो कि बकाया मूलधन राशि पर सिर्फ मूलधन एवं ब्याज (एस पी पी आई) का भुगतान होता है।

प्रारंभिक माप के बाद ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रभावी ब्याज दर (ई आई आर) पद्धति का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण पर प्रीमियम या कटौती तथा फीस या लागत जो कि ई आई आर का अभिन्न अंग होता है। ई आई आर परिशोधन को लाभ या हानि में वित्तीय आय के रूप में शामिल किया गया है। विकृति के कारण उत्पन्न हानियो को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

2.15.2.2 एफवीटीओसीआई पर ऋण साधन

ऋण साधन को एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि निम्न दोनों मानदंड पूरे हो जाते हैं :

(ए) व्यापार प्रतिमान का उद्देश्य दोनों संविदागत नगदी प्रवाह को एकत्र करके तथा वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचकर हासिल किया जाता है, और

(बी) परिसंपत्ति के नगदी प्रवाह एसपीपीआई का प्रतिनिधित्व करते हैं।

एफवीटीओसीआई श्रेणी में शामिल ऋण साधनों को शुरूआत में ही तथा साथ ही साथ प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को उचित मूल्य पर मापा जाता है। उचित मूल्य चलन को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में लिया जाता है। यद्यपि कम्पनी, ब्याज आय, विकृति हानि एवं उत्क्रमण तथा विदेशी विनिमय से संबंधित लाभ या हानि को, लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता देती है। परिसंपत्ति की मान्यता रद्द होने पर ओसीआई में पहले सेमान्यता प्राप्त संचेय लाभ या हानि को इक्विटी से लाभ/हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। एफवीटीओसीआई ऋण साधन रखने पर ईआईआर पद्धति का उपयोग करते हुए ब्याज आय के रूप में अर्जित ब्याज को दर्ज किया जाता है।

2.15.2.3 एफवीटीपीएल पर ऋण साधन

एफवीटीपीएल ऋण साधनों के लिए एक अवशिष्ट श्रेणी है। किसी भी ऋण साधन, जो वर्गीकृत किए गए मानदंडों को परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई के रूप पूरा नहीं करता है, को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अलावा, कम्पनी एक ऋण साधन नामित करने का चुनाव कर सकती है, जो अन्यथा एफवीटीपीएल के अनुसार परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंडों को पूरा करती है। यद्यपि ऐसे चुनाव की अनुमति केवल तभी दी जाती है जब कोई माप या मान्यता असंगतता को कम कर देता है या समाप्त कर देता है (जिसे "बेमेल लेखा" कहा जाता है)। कम्पनी ने किसी भी ऋण साधन को एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल ऋण साधनों को उचित मूल्य पर मापा जाता है, जिसमें लाभ एवं हानि में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तन मौजूद होते हैं।

2.15.2.4 सहायक, सहयोगी और संयुक्त उद्यम में इक्विटी निवेश

भारतीय लेखा मानक 101 (भारतीय लेखा मानक का पहली बार अंगीकरण) पारगमन की तिथि पर पिछले जीएएपी के अनुसार इन निवेशों की वहन राशि को स्वीकृत लागत के रूप में माना जाता है। इसके बाद सहायक, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यमों में निवेश को लागत पर मापा जाता है।

समेकित वित्तीय विवरण के संदर्भ में, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यमों में इक्विटी निवेशों का लेखाकरण भारतीय लेखा मानक 28 के पारा 10 में वर्णीत इक्विटी विधि के अनुसार किया जाता है।

2.15.2.5 अन्य इक्विटी निवेश

भारतीय लेखा मानक 109 के दायरे में अन्य सभी इक्विटी निवेशों को लाभ या हानि के माध्यम से अंकित मूल्य पर मापा जाता है।

अन्य सभी इक्विटी साधनों के लिए, कंपनी उचित मूल्य में व्यापक आय के बाद के बदलाव में प्रस्तुत करने के लिए अटल चुनाव कर सकती है।

कम्पनी इस तरह के चुनाव साधन–दर–साधन के आधार पर करती है। वर्गीकरण प्रारंभिक मान्यता पर किया जाता है और यह अपरिवर्तनीय होता है।

अगर कम्पनी एफवीटीओसीआई पर आधारित इक्विटी साधन को वर्गीकृत करने का फैसला करती है, तो लाभांशों को छोड़कर, साधन पर सभी उचित मूल्यो में परिवर्तनों को ओसीआई में लिया जाता है। इन राशियों का ओसीआई से लाभ एवं हानि में किसी भी प्रकार का पुनर्वृति नहीं होता है, निवेशों के बिक्री पर भी नहीं। यद्यपि कम्पनी इक्विटी के तहत संचयित लाभ या हानि को स्थानांतरित कर सकती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी के अंदर शामिल इक्विटी साधनों को लाभ एवं हानि में लिये गये सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापा जाता है।

2.15.2.6 अस्वीकृति

एक वित्तीय परिसंपत्ति (या, जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का एक हिस्सा या समान वित्तीय परिसंपत्तियों के एक समूह का हिस्सा) की मान्यता को मुख्यतः समाप्त (अर्थात, कम्पनी के समेकित तुलन पत्र से हटाई गई) किया जाता है जब :

- ❖ परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार की समय सीमा समाप्त हो गई है, या
- ❖ कम्पनी ने परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है या "पास–थ्रू" व्यवस्था के तहत किसी तीसरे पक्ष को बिना भौतिक देरी के पूरी तरह से प्राप्त नकदी प्रवाह का भुगतान करने के लिए एक दायित्व को ग्रहण किया है : और या तो (ए) कम्पनी ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों एवं पुरस्कारों को काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया है, या (बी) कम्पनी ने न तो स्थानांतरण किया है और न ही परिसपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को संभाल कर रखा है, बल्कि परिसंपत्ति पर नियंत्रण को स्थानांतरित कर दिया है।

जब कंपनी परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है या पास–थ्रू व्यवस्था में प्रवेश किया है, तो यह मूल्यांकन करता है कि क्या और किस हद तक इसने स्वामित्व के जोखिमों एवं पुरस्कारों को संभाल कर रखा है। जब यह न तो स्थानांतरित हो गया है और न ही परिसंपत्ति के सभी जोखिमों एवं पुरस्कारों को बनाए रखा है, न ही परिसंपत्ति का स्थानांतरण किया है, कम्पनी अपने निरंतर सहभागिता की सीमा तक स्थानांतरित परिसंपत्ति को मान्यता देता रहता है। उस मामले में, कम्पनी एक संबद्ध दायित्व को भी मान्यता देती है। स्थानांतरित किये गये परिसंपत्ति एवं संबद्ध देयता को इस आधार पर मापा जाता है कि वह कम्पनी के द्वारा रखे गये अधिकारों एवं दायित्वों को दर्शाता है। स्थानांतरित परिसंपत्ति पर गारंटी का आकार लेने वाली सतत् भागीदारी को, संपत्ति के मूल वहन राशि एवं कम्पनी के द्वारा विचाराधीन अधिकतम चुकाने की राशि, में से न्यूनतम पर मापा जाता है।

2.15.2.7 वित्तीय परिसंपत्तियों की विकृति/हानि

भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार, कम्पनी अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) प्रतिमान को मापने और निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों एवं खुले हुए क्रेडिट जोखिम पर हानि के नुकसान की पहचान करती है :

(ए) वित्तीय परिसंपत्तियाँ जो कि ऋण साधन है, और परिशोधित लागत पर मापे जाते हैं जैसे कि ऋण, ऋण प्रतिभूतियां, जमा, व्यापार प्राप्य एवं बैंक शेष।

(बी) वित्तीय परिसंपत्तियाँ जो कि ऋण साधन है और एफभीटीओसीआई पर मापी जाती है

(सी) भारतीय लेखा मानक 17 के तहत प्राप्य पट्टे

(डी) व्यापार प्राप्तियाँ या नकद या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्ति, जो कि भारतीय लेखा मानक 11 एवं भारतीय लेखा मानक 18 के सीमा के अंदर हुए लेनदनों के कारण उत्पन्न होता है, को प्राप्त करने के लिए कोई संविदात्मक अधिकार।

निम्नलिखित पर विकृति हानि भत्ता के मान्यता के लिए कम्पनी ''सरलीकृत दृष्टिकोण को अनुसरण करती है :

- ❖ व्यापार प्राप्य या संविदा राजस्व प्राप्य; तथा
- ❖ भारतीय लेखा मानक 17 के सीमा के अंदर हुए लेनदेन के कारण उत्पन्न सभी पट्टे प्राप्तियॉ

सरलीकृत दृष्टिकोण की अनुप्रयोग के लिए कम्पनी को क्रेडिट जोखिम मे होने वाले परिवर्तनों को पता लगाने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि इसे प्रारंभिक मान्यता से शुरू प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर जीवन भर के इसीएल के आधार पर विकृति हानि भत्ता को मान्यता देती है।

2.15.3वित्तीय देनदारियाँ

2.15.3.1 प्रारंभिक मान्यता एवं मापन

कम्पनी की वित्तीय देनदारियों में व्यापार एवं अन्य देनदारियां, बैंक ओवरड्राफ्ट सहित ऋण एवं उधार शामिल है।

सभी वित्तीय देनदारियों को प्रारंभिक रूप मे अंकित मूल्य पर लिया जाता है और, ऋण और उधार तथा देनदारियों के मामले में, प्रत्यक्ष तौर पर आरोपित लेन–देन लागतों का निबल राशि।

2.15.3.2 बाद के मापन

वित्तीय देनदारियों का माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है, जो कि नीचे वर्णित है :

2.15.3.3 लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियाँ

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियों में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर नामित व्यापारिक एवं वितीय देनदारियों के लिए वित्तीय देयताएं शामिल होते हैं। वित्तीय देयताओं को व्यापार के लिए रखे जाने के तौर पर वर्गीकृत किया जाता है यदि वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए गए हैं। इस श्रेणी में कम्पनी द्वारा दर्ज वैसे व्युत्पन्न वित्तीय साधनों को भी शामिल किया गया है जिन्हे भारतीय लेखा मानक 109 के द्वारा परिभाषित हेज संबंध में हेजिंग साधन के तौर पर नामित नहीं किया गया है। अलग अलग एमबेडेड डेरीवेटिब्स को भी ट्रेडिंग के लिए वर्गीकृत किया जाता है, जबतक उन्हें प्रभावी हेजिंग साधन के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है।

व्यापार के लिए रखे गये देनदारियों पर लाभ या हानि को लाभ–हानि में लिया जाता है।

लाभ या हानि के माध्यम से अंकित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता के रूप में नामित वित्तीय देनदारियों को इस प्रकार मान्यता की प्रारंभिक तारीख पर नामित किया जाता है, यदि भारतीय लेखा मानक 109 में दिये गये मानदंडों की संतुष्टि होती है। एफवीटीपीएल के रूप में नामित देनदारियों के रूप में, ओसीआई में स्वयं के क्रेडिट जोखिम में परिवर्तन के कारण उचित मूल्य लाभ/हानि को मान्यता दी जाती है। ये लाभ/हानि बाद में लाभ एवं हानि में हस्तांतरित किये जाते हैं। यद्यपि कम्पनी इक्विटी के तहत संचित लाभ या हानि को हस्तांतरित कर सकती है। ऐसे दायित्व के उचित मूल्य में अन्य सभी परिवर्तन लाभ या हानि के विवरण में मान्यता दिए जाते हैं। कंपनी ने लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में किसी वित्तीय देयता को निर्दिष्ट नहीं किया है।

2.15.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देनदारियाँ

प्रारंभिक मान्यता के बाद, इन्हें प्रभावी ब्याज दर विधि के द्वारा बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है। लाभ या हानियों को तभी लाभ या हानि में मान्यता दिया जाता है जब देनदारियों को प्रभावी ब्याज दर परिशोधन विधि के माध्यम से साथ ही साथ असंबद्ध किया जाता है। परिशोधित लागत की गणना, कोई भी कटौती या अधिग्रहण पर प्रीमियम एवं फीस या लागत, जो कि प्रभावी

ब्याज दर के अभिन्न अंग होते हैं, को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को वित्तीय लागत के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया जाता है। सामान्यतः यह श्रेणी उधार लेने की स्थिति पर लागू होती है।

2.15.3.5 अस्वीकृति

एक वित्तीय देयता की मान्यता को समाप्त किया जाता है जब देनदारियों के अन्तर्गत दायित्व का निर्वाह किया जाता है या रद्द या समाप्त किया जाता है। जब एक मौजूदा वित्तीय देयता को एक ही ऋणदाता से काफी भिन्न शब्दों पर बदल दिया जाता है, या मौजूदा दायित्व की शर्तों को काफी हद तक संशोधित किया जाता है, तो इस तरह के विनिमय या संशोधन को मूल उत्तरदायित्व की मान्यता और नई देनदारी की मान्यता के रूप में माना जाता है। वित्तीय देयताओ (या वित्तीय देनदारी का हिस्सा) के वहन राशि जो कि समाप्त हो चुके हैं या दूसरी पार्टी को हस्तांतरित किए गए हैं एवं कोई भी गैर नगद परिसंपत्ति हस्तांतरित किया गया या माने गए देयताओं के बीच के अंतर को लाभ या हानि में मान्यता दिया जाएगा।

2.15.4 वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण

कम्पनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देनदारियो का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए कोई पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है जो इक्विटी साधन एवं वित्तीय देनदारियां है। वैसे वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए जो ऋण साधन हैं, पुनर्वर्गीकरण तभी किया जाता है यदि उन परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार प्रतिमान में कोई बदलाव किया गया हो। व्यापारिक प्रतिमान में होनेवाले बदलाव के लिए विलक्षण होने की संभावना है। कम्पनी के वरिष्ठ प्रबंधन, व्यापार के प्रतिमान में परिवर्तन को बाहरी या आंतरिक परिवर्तन के परिणाम के रूप में निर्धारित करता है जो कम्पनी के सचालन के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे परिवर्तन बाह्य पक्षों के लिए स्पष्ट होता है। व्यवसाय प्रतिमान में बदलाव तब होता है जब कम्पनी या तो शुरू होती है या किसी गतिविधि को पूरा करने के लिए समाप्त होती है जो कि उसके संचालन के लिए महत्वपूर्ण होती है। यदि कम्पनी वित्तीय परिसंपत्तियों को पुनर्वर्गीकृत करती है तो यह पुनर्वर्गीकरण की तारीख से पुनः परिष्करण पर लागू होता है जो व्यापार प्रतिमान में बदलाव के तुरंत बाद अगली रिपोर्टिंग अवधि का पहला दिन होता है। कम्पनी पहले से किसी भी मान्यता प्राप्त लाभ, हानि (विकृति के कारण लाभ या हानि सहित) या ब्याज को पुनर्लिखित नहीं करती है।

निम्नलिखित तालिका में विभिन्न पुनर्वर्गीकरणों को एवं उनके लेखाकरण के तरीकों को दिखलाया गया है।

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखा उपचार
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	उचित मूल्य को पुनर्वर्गीकरण तारीख पर मापा जाता है। पिछले परिशोधित लागत एवं अंकित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि में लिया जाता है।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य नई समेकित वहन राशि बन जाती है। ईआईआर की गणना नई समेकित वहन राशि के आधार पर की जाती है।
परिशोधित लागत	एफवीटीओसीआई	उचित मूल्य को पुनर्वर्गीकरण तारीख पर मापा जाता है। पिछले परिशोधित लागत एवं उचित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि में लिया जाता है। पुनर्वर्गीकरण के कारण ईआईआर में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य नई समेकित वहन राशि बन जाती है। यद्यपि ओसीआई में संचयी लाभ या हानि को उचित मूल्य के विरूद्ध समायोजित किया जाता है। बाद में, परिसंपत्ति को इस प्रकार मापा जाता है मानो कि यह परिशोधित लागत पर हमेशा मापा गया था।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर उचित मूल्य नई समेकित वहन राशि बन जाती है। अन्य कोई समायोजन की जरूरत नहीं है।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीएल	परिसंपत्तियों को निरंतर उचित मूल्य पर मापा जाता है। ओसीआई में लिये गये पहले से संचयी लाभ या हानि को पुनर्वर्गीकरण की तारीख पर लाभ या हानि में वर्गीकृत किया जाता है।

2.15.5 वित्तीय साधनों का प्रति संतुलन

वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देनदारियों को प्रति संतुलित कर दिया जाता है तथा समेकित तुलन पत्र में निबल राशि की सूचना दी जाती है यदि, वर्तमान में मान्यता प्राप्त राशियों को प्रति संतुलित करने के लिए कानूनी अधिकार होता है तथा परिसंपत्तियों को प्राप्त करने एवं देयदारियों का निपटारा एक साथ करने के लिए, निबल आधार पर निपटारा करने का इरादा हो।

2.15.6 नगद एवं नगद समतुल्य

तुलन–पत्र में नगद एवं नगद समतुल्य के अन्दर तीन महीने या उससे कम की परिपक्वता वाले छोटी अवधि के जमा तथा बैंकों एवं हाथ में नगद राशि दर्शायी गयी है, जो कि मूल्य में परिवर्तन के महत्वहीन जोखिम के अधीन है। नगद प्रवाह के समेकित विवरण के लिए उपरोक्त नगद एवं नगद समतुल्य के अन्दर नगद एव्र छोटी अवधि जमा, बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट का निबल को रखा गया है, क्योंकि इन्हें कम्पनी के नगद प्रबंधन का अभिन्न अंग माना गया है।

2.16 उधार लेने की लागत

उधार लेने की लागत व्यय के रूप में खर्च कर दी जाती है इस अपवाद के साथ, जहां वे योग्य संपत्ति के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए प्रत्यक्ष रूप से श्रेय दे रहे हैं अर्थात, जो परिसंपत्तियाँ इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने में पर्याप्त समय लेते हैं, उस मामले में उस परिसंपत्ति के लागत में हिस्से के रूप में, योग्य परिसंपत्ति के अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने की तारीख तक पूंजीकृत होते हैं।

2.17 कर आरोपन

आयकर व्यय वर्तमान में देय तथा स्थगित कर के योग को दर्शाता है।

वर्तमान कर एक निश्चित अवधि के लिए कर योग्य लाभ (कर नुकसान) के संबंध में आयकर देय (वसूली) की राशि है। लाभ या हानि के विवरण एवं अन्य व्यापक आय में दर्ज होने के अनुसार योग्य लाभ, (आयकर से पहले लाभ) से अलग होता है क्योंकि इसमें आय या व्यय की वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है जो कि अन्य वर्षों में कर योग्य या घटाया जा सकता है और फिर इसमें उन वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है जो कभी भी कर योग्य या घटाने लायक नहीं होते हैं। मौजूदा कर के लिए कम्पनी की देनदारी उन करों का उपयोग करके गणना की गई है जिसे अधिनियमित किया गया है या रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वास्तविक रूप से अधिनियमित किया गया है।

आस्थगित कर देनदारियों को आम तौर पर सभी कर योग्य अस्थाई अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर परिसंपत्ति आम तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थाई अंतर के लिए उस सीमा तक मान्यता प्राप्त होती है जहाँ संभावित है कि कर योग्य मुनाफा उपलब्ध होगा, जिसके साथ उन घटाने योग्य अस्थाई अंतरों का उपयोग किया जा सकता है। ऐसी परिसंपत्तियो एवं देनदारियों को मान्यता नहीं दी जाती है यदि अस्थाई अंतर सदभावना से या प्रारंभिक मान्यता (व्यापार संयोजन के अलावा) से अन्य परिसंपत्तियों या देनदारियों के लेनदेन से उत्पन्न होता है जो न तो कर योग्य लाभ और न ही लेखा लाभ को प्रभावित करता है।

आस्थगित कर देनदारियों को अनुषंगियों एवं सहयोगी कम्पनियों में निवेश से संबंधित कर–योग्य अस्थाई अंतर के लिए लिया जाता है सिवाय उस स्थिति में जहाँ कम्पनी अस्थाई अंतर के उत्क्रमण को नियंत्रित करने में सक्षम है तथा यह संभव है कि अस्थाई अंतर निकट भविष्य में बदल नहीं जाएगा। आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ इस प्रकार के निवेशों एवं हितों से संबद्ध कटौती योग्य अस्थाई अंतरों से उत्पन्न होनेवाले आस्थगित कर परिसंपत्ति को सिर्फ उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जहाँ यह संभव है कि अस्थाई अंतरों के लाभ को उपयोग करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ मौजूद होगा।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रेषित राशि की प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समीक्षा की जाती है और इस सीमा तक कम की जाती है कि यह संभावित नहीं है कि संपत्ति सभी या हिस्से को पुनर्प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कर योग्य मुनाफा उपलब्ध होगा। अमान्य स्थगित कर परिसंपत्तियों को प्रत्येक रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में पुनर्मुल्यांकन किया जाता है और इस सीमा तक मान्यता दी जाती है कि यह संभावित हो गया है कि आस्थगित कर परिसंपत्ति के सभी या हिस्से को पुनर्प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर परिसंपत्ति एवं देनदारियों को कर की दर से मापा जाता है जो कि उस अवधि में लागू होने की उम्मीद की जाती है, जिसमें देयता का निपटारा होता है या परिसंपत्ति की प्राप्ति होती है, कर दर (और कर कानून) के आधार पर लागू किया जाता है जिसे अधिनियमित किया गया है या रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वास्तविक रूप से अधिनियमित किया गया है।

आस्थगित कर देनदारियों एवं परिसंपत्तियों का माप, कर परिणामों को दर्शाता है जो कि कम्पनी की उम्मीद के अनुसार चलता है ताकि कम्पनी के परिसंपत्ति एवं देयताओं के वहन राशि का वसूली या निपटारा हो जाए।

वर्तमान और आस्थगति कर को लाभ या हानि में पहचाना जाता है सिवाय, जब वे अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में पहचाने गये वस्तुओं से संबंधित होते हैं, जिस मामले में वर्तमान और आस्थगित कर भी अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में मान्यता प्राप्त होते हैं। जब मौजूदा कर या आस्थगित कर एक व्यापार संयोजन के लिए प्रारंभिक लेखा से उत्पन्न होता है तब कर प्रभाव को व्यापार संयोजन के लिए लेखांकन मे शामिल किया जाता है।

2.18 कर्मचारी लाभ

2.18.1 लघु–अवधि के लाभ

सभी अल्प–कालिक कर्मचारी लाभ उस अवधि में पहचाने जाते हैं जिसमें वे खर्च किये गये हैं।

2.18.2 रोजगारोंपरांत लाभ तथा अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

2.18.2.1 परिभाषित योगदान योजनाएँ

एक परिभाषित योगदान योजना प्रोविडेन्ट फंड एवं पेंशन के लिए रोजगारोपरांत लाभ योजना है जिसके तहत कंपनी कानून के एक अधिनियम के तहत गठित एक सांविधिक निकाय (कोयला खान भविष्य निधि) द्वारा रखी गयी निधि में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और कम्पनी के पास कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा या अधिक मात्रा में भुगतान करने के लिए।

2.18.2.2 परिभाषित लाभ योजना

परिभाषित लाभ योजना एक परिभाषित योगदान योजना के अलावा रोजगारोंपरांत लाभ योजना है। ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, परिभाषित लाभ योजनाएं (लाभों पर उपरी सीमा के साथ) होती हैं। परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में कम्पनी की शुद्ध दायित्वों को भविष्य लाभ की राशि का आंकलन करके गणना की जाती है, जो कि कर्मचारियों ने अपनी सेवा के बदले वर्तमान एवं पूर्व की अवधि में अर्जित किया है। यदि कोई हो, तो लाभ के वर्तमान मूल्य की गणना के लिए इसे कटौती पश्चात योजना परिसंपत्तियों के उचित मूल्य से घटा दिया जाता है। छूट की दर रिपोर्टिंग तिथि पर भारत सरकार प्रतिभूति के प्रचलित बाजार देय पर आधारित होती है जिनकी, कम्पनी के दायित्वों के अवधियों की सीमितीकरण द्वारा प्राप्त, परिपक्वता तिथियां होती है तथा वे उसी मुद्रा में नामित होते हैं जिसमें लाभों को भुगतान करने का अनुमान है।

वास्तविक मूल्यांकन के प्रयोग में, कटौती दर के बारे में अनुमानों को बनाने, परिसंपत्तियों पर अनुमानित प्राप्ति दर, भविष्य की वेतन वृद्धियां, मरणशीलता दर इत्यादि शामिल होते हैं। इन सब योजनाओं के दीर्घकालीन स्वभाव के कारण इस प्रकार के अनुमानों में अनिश्चितता रहती है। प्रत्येक तुलन पत्र पर गणना बीमांकित के द्वारा प्रक्षेपित इकाई क्रेडिट विधि का उपयोग करते हुए की जाती है। जब गणना परिणाम कम्पनी के हित में होती है तो मान्यता प्राप्त परिसंपत्ति को योजना में भविष्य योगदानों में कटौती या योजना से प्राप्त कोई भवि य वापसी धन के रूप में मौजूद आर्थिक लाभों के वर्तमान मूल्य तक परिसंपत्ति को सीमित किया जाता

है। कम्पनी को आर्थिक लाभ तब मिलता है जब यह योजना के जीवन काल के दौरान प्राप्त करने योग्य हो या, योजना देनदारियों के निपटारे पर।

परिभाषित निबल लाभ देयता का पुनर्मापन जिसमें योजना परिसंपत्तियों (ब्याज छोड़कर) पर प्राप्ति एवं परिसंपत्तियों की सीमांकन के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, वैसे वास्तविक लाभ तथा हानि शामिल होते हैं जिन्हें तैयार किया जाता है, को अन्य विस्तृत व्यापक आय में तुरंत मान्यता दिया जाता है। कम्पनी अवधि के लिए परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) के निबल राशि पर प्राप्त होनेवाली निबल ब्याज व्यय (आय) का निर्धारण परिभाषित लाभ दायित्व में मापने के लिए उपयोग किये जानेवाले कटौती दर का इस्तेमाल करती है। परिभाषित लाभ योजना से संबंधित निबल ब्याज व्यय एवं अन्य व्ययों की लाभ एवं हानि में मान्यता प्राप्त होता है।

जब योजना के लाभ में सुधार होता है तब बढ़े हुए लाभ के हिस्से – कर्मचारियों के पूर्व में सेवा के द्वारा, को लाभ–हानि विवरण व्यय के रूप में शीघ्र लिया जाता है।

2.18.3 अन्य कर्मचारी लाभ

कुछ अन्य कर्मचारी लाभ जैसे कि एलटीए, एलटीसी, लाइफ कवर स्कीम, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, सेटलमेंट भत्ता, सेवानिवृति के बाद चिकित्सा लाभ योजना एवं खान दुर्घटनाओं में मृतक के आश्रितों को मुआवजे आदि को परिभाषित लाभ योजना के लिए उपर वर्णीत अनुसार उसी आधार पर मान्यता प्राप्त होता है। इन लाभों का विशिष्ट निधि नहीं है।

2.19 विदेशी मुद्रा

कम्पनी की रिपोर्ट की मुद्रा एवं उसके संचालन के लिए कार्यात्मक मुद्रा भारतीय मुद्रों में है (भारतीय मुद्रा) जो कि आर्थिक वातावरण का मुख्य मुद्रा है जिसमें कम्पनी संचालित होती है। विदेशी मुद्राओं में लेन–देन को, लेन देन तारीख में प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करके कम्पनी की सूचित मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं में नामित मौद्रिक परिसंपत्ति एवं देनदारी, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दरों पर अनुवादित होती है। मौद्रिक परिसंपत्तियों एवं देनदारियों के निपटारे पर या मुद्रा की परिसंपत्तियों और देनदारियों के उन दरों से अलग होने पर अंतर जो उस अवधि या पिछले वित्तीय विवरणों में प्रारंभिक मान्यता पर अनुवादित किए गए थे, अवधि में लाभ या हानि के बयान में लिये जाते हैं जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

लेन–देन की तारीख को प्रचलित विनिमय की दरों पर विदेशी मुद्रा में निहित गैर–मौद्रिक वस्तुओं का मूल्यांकन किया जाता है।

विदेशी मुद्रा में नामित गैर–मौद्रिक वस्तुओं का मुल्यांकन लेन–देन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दरों के आधार पर किया जाता है।

2.20 स्ट्रीपिंग गतिविधि व्यय/समायोजन

खुली खदान के संबंध में, कोयले की प्राप्ति एवं इसके निष्कर्षण के लिए खान की बेकार पदार्थों (ओवरबर्डेन), जो कि कोल सीम के उपरी सतह पर मिट्टी एवं चट्टान का बना होता है, को हटाना जरूरी होता है। इस ओवरबर्डेन को हटाने की गतिविधि को ''स्ट्रीपिंग'' कहा जाता है। खुली खदानो के संदर्भ में, कंपनी को इस तरह की व्ययों का वहन, खान के पूरी जीवन की अवधि तक करना पड़ता है (सीएमपीडीआईएल के द्वारा तकनीकि आंकलन किया जाता है एवं इसे परियोजना रिपोर्ट में दर्ज किया जाता है)।

अतः, एक नीति के तहत, एक मिलियन प्रति वर्ष एवं उससे ज्यादा के रेटेड क्षमता वाले खानों में, स्ट्रीपिंग की लागत को खानों को राजस्व में लाने के बाद स्ट्रीपिंग गतिविधि परिसंपत्ति एवं अनुपात–विचलन लेखा के लिए जरूरी समायोजन के साथ, प्रत्येक खान पर तकनीकि रूप से आकलित औसत स्ट्रीपिंग अनुपात (कोयला : ओबी)पर चार्ज किया जाता है। स्ट्रीपिंग गतिविधि परिसंपत्ति एवं अनुपात–विचलन के निबल शेषों के तुलन पत्र में गैर–मौजूद परिसंपत्ति/गैर–मौजूद प्रावधानों के मद के तहत, जैसा भी केस हो, स्ट्रीपिंग गतिविधि समायोजन के रूप में तुलन–पत्र में दिखलाया जाता है।

ओबीआर लेखा के लिए अनुपात की गणना हेतु रिकार्ड के अनुसार दर्ज ओबीआर की मात्रा को महत्व दिया जाता है, जहाँ दर्ज की गई मात्रा एवं मापी हुई मात्रा के बीच विचलन, दो स्वीकार्य विकल्प सीमाओं में से न्यूनतम के अंदर होता है जिससे नीचे लिखे तालिका में दिखाया गया है।

खान के ओबीआर का वार्षिक मात्रा	विचलन की स्वीकार्य सीमा %
1 मिलियन क्यू. मी. से कम	+/- 5%
1 एवं 5 मिलियन क्यू. मी. के बीच	+/- 3%
5 मिलियन से अधिक	+/- 2%

यद्यपि, जहाँ पर विचलन उपरोक्त स्वीकार्य सीमा से अधिक है, मापी गई मात्रा को महत्व दिया जाता है।

रेटेड क्षमता 1 मिलियन टन से कम वाली खानों के संदर्भ में, उपरोक्त नीति नहीं अपनाई जाती है एवं वर्ष के दौरान स्ट्रीपिंग गतिविधियों पर खर्च हुई वास्तविक लागत को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकारा जाता है।

2.21 संपत्ति सूची

2.21.1 कोयले का स्टॉक

कोयले/कोक के संपत्ति–सूची को लागत के न्यूनतम पर एवं शुद्ध प्राप्तियोग्य मूल्य पर लिखा जाता है। संपत्ति–सूची की गणना प्रथम आवक और प्रथम निर्गत विधि के द्वारा किया जाता है। निबल प्राप्ति योग्य मूल्य, समाप्ति के सभी अनुमानित लागतों एवं विक्रय करने के लिए जरूरी लागतों को घटाते हुए, प्राप्त अनुमानित संपत्ति–सूची विक्रय मूल्य को वर्णीत करती है।

कोयले के दर्ज भंडार को लेखा में स्वीकारा जाता है जहाँ दर्ज भंडार तथा 15 प्रतिशत तक मापी गई भंडार के बीच विचलन एवं उन केसों में जहाँ विचलन 5 प्रतिशत से ज्यादा है, मापे गए भंडार को स्वीकारा जाता है। इस प्रकार के भंडार का मूल्यांकन, निबल प्राप्ति योग्य मूल्य या लागत, दोनों जो कम हो, के आधार पर किया जाता है। कोक को कोयले के भंडार का अंश के रूप में समझा जाता है।

कोयले तथा कोक–फाइन्स को लागत या निबल प्राप्तियोग्य मूल्य में से न्यूनतम पर मूल्यांकित किया जाता है तथा इन्हें कोयले के भंडार के अंश के रूप में समझा जाता है।

स्लटी (कोकिंग/अर्द्ध कोकिंग), मिडलिंग (वाशरी के) तथा उप–उत्पादनों को निबल प्राप्ति योग्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और इन्हें कोयले के भंडार के अंश के रूप में समझा जाता है।

2.21.2 मण्डार एवं कलपूर्जे

केन्द्रीय एवं क्षेत्रीय स्टोर्स में मौजूद स्टोर्स में मौजूद स्टोर्स एवं स्पेयर पार्ट्स के भंडार को मूल्यकृत स्टोर्स खाता बही में अनिवार्य शेषों के रूप में समझा जाता है तथा इन्हें पारित औसत विधि के आधार पर गणना किए गए लागत के रूप में मूल्यांकन किया जाता है। कालरियों/उप–स्टोर्स/ड्रीलिंग कैंपों/उपभोग केन्द्रों के संपत्ति–सूची को वर्ष के अंत में सिर्फ व्यक्तिगत रूप से जांचे हुए स्टोर्स के अनुसार, समझा जाता है तथा उन्हें लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

ठीक नहीं करने योग्य, बिगड़े हुए एवं पुराने पड चुके स्टोर्स के लिए 100 प्रतिशत के दर से प्रावधान किया है तथा 5 वर्षों से नहीं निकाले गए वैसे स्टोर्स एवं स्पेयर्स के लिए 50 प्रतिशत की दर से प्रदान किया है।

2.21.3 अन्य संपत्ति–सूची

वर्कशॉप कार्यों जिनमें प्रगति में कार्य शामिल होते हैं, को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रेस कार्यों के भंडार (प्रगति

में कार्य शामिल) एवं प्रिंटिंग प्रेस में स्टेशनरी तथा केन्द्रीय अस्पताल में दवाओं को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

यद्यपि, स्टेशनरी के भंडार (प्रिंटींग प्रेस में पड़े हुए के अलावा), ईंटों, बालु, दवा (केन्द्रीय अस्पताल को छोड़ कर), एयरक्राफ्ट स्पेयर्स एवं स्क्रैप को संपत्ति–सूची में नहीं स्वीकारा जाता है। इस सोच के साथ कि उनके मूल्य उतने महत्वपूर्ण नहीं होते हैं।

2.22 प्रावधान, आकस्मिक देयता एवं आकस्मिक परिसंपत्तियाँ

प्रावधानों को मान्यता तब दी जाती है जब कंपनी के पास, बीते हुए घटनाओं के कारण वर्तमान देनदारियाँ/देयताएँ (कानुनी या रचनात्मक) होती है, और यह संभावित है कि आर्थिक लाभों की बाह्य प्रवाह दायित्व के निपटारे के लिए जरूरी होगी तथा दायित्व के राशि का एक विश्वसनीय आकलन बनाया जा सकेगा। जहाँ रुपये का समय–मूल्य वस्तु है, प्रावधानों को, दायित्व के निपटारे के लिए अनुमानित व्यय की वर्तमान मूल्य पर लिखा जाता है।

सभी प्रावधानों को प्रत्येक तुलन–पत्र की तारीख पर समीक्षा किया जाता है एवं मौजूदा बेहतरीन आकलन को प्रतिविम्बित करने के लिए, समायेजित कि जाता है।

जहाँ यह संभावित नहीं है कि आर्थिक लाभों को, बाह्य प्रवाह की आवश्यकता होगी, या राशि का विश्वसनीय तरीके से आकलन नही किया जा सकेगा, दायित्व को आकस्मिक देयता के रूप में दिखलाया जाता है, जबतक कि आर्थिक लाभों के बाह्य प्रवाह की संभावना दूर नहीं है। संभावित दायित्वों, जिनका अस्तित्व, कंपनी के पूर्ण नियंत्रण में नहीं रहने वाले एक या अधिक भावी अनिश्चित घटनाओं के होने या न होने के द्वारा ही सिर्फ सुनिश्चित होगी, को भी आकस्मिक देयताओं के रूप में प्रकट किया जाता है जबतक कि आर्थिक लाभों के बाह्य प्रवाह की संभावना दूर है। आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तिय विवरणों में नहीं लिया जाता है। यद्यपि, जब आय की वसुली एकदम से निश्चित है, तब संबंद्ध परिसंपत्ति आकस्मिक परिसंपत्ति आकस्मिक परिसंपत्ति नहीं होता है और इसकी स्वीकार्यता उपयुक्त है।

2.23 प्रति शेयर कमाई/आय

मूल्य आय प्रतिशेयर की गणना, कर के बाद निबल लाभ की अवधि के दौरान बकाये इक्विटी शेयरों के भारित औसत सख्या के द्वारा भाग दे कर की जाती है। मिश्रित आय प्रति शेयर की गणना, प्रतिशेयर मूल आय की प्राप्ति के लिए स्वीकार्य गये इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा कर के बाद लाभ को भाग देकर की जाती है तथा इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या के द्वारा भी, जिसे कि सभी मिश्रित भावी इक्विटी शेयरों के रूपांतरण के पश्चात निर्गत किया जा सकता था।

2.24 निर्णय, आकलन तथा मान्यताएँ

भारतीय लेखा मानक के अनुरूप वित्तिय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को आकलनों, निर्णय एवं मान्यताओं का निर्माण करना होता है जो कि लेखा नीतियों के अनुप्रयोग तथा परिसंपत्तियों एवं देयता की दर्ज राशि, वित्तीय विवरण की तारीख पर आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं का प्रकटीकरण और रिर्पोटिंग अवधि के दौरान राजस्व की राशि एवं व्यय को प्रभावित करता है। इन वित्तीय विवरणों में लेखा नीतियों के अनुप्रयोग जिसमें जटिल एवं विषयात्मक निर्णय शामिल हैं, तथा मान्यताओं के उपयोग को प्रदर्शित किया जाता है। लेखा आकलन समय के साथ परिवर्तित हो सकता है। वास्तविक परिणाम एवं आकलित परिणामों में अंतर हो सकता है। आकलन एवं जुड़े हुए मान्यताओं की समीक्षा एक सतत आधार पर की जाती है। लेखा आकलन में पुनरीक्षण, को आकलन पुनरीक्षण के अवधि में मान्यता दी जाती है तथा, अगर वस्तु है, तो उनके प्रभावों को वित्तीय विवरणों के टिप्पणियों में प्रदर्शित किया जाता है।

2.24.1 निर्णय

कंपनी के लेखा नीनियों को लागू करने के पद्धति मे, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णयों का निर्माण किया है, जो समेकित वित्तीय विघटनों में लिए गए राशियों पर सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है।

2.24.1.1 लेखा–नीतियों का प्रतिपादन

लेखा–नीतियों को इस प्रकार प्रतिपादित किया जाता है कि वि. वि. में लेन–देन संबंधी सार्थक एवं विश्वसनीय सूचना अन्य

घटनाओं एवं शर्तों जिसमें वे लागू होते हैं, परिणम स्वरूप प्रदर्शिल हों। इन नीतियों को लागू करने को जरूरत नहीं जब उनके लागु करने का प्रभाव मायने ना रखता हो।

लेन–देन के संबंध में विशेष रूप से लागु होने वाली भारतीय लेखा मानक, अन्य घटना या शर्त की अनुपस्थिति में, प्रबंधन ने अपने निर्णय को विकसित करने में एवं लेखा–नीति लागू करने के लिए उपयोग किया है जिसके परिणाम स्वरूप निम्न सूचनाएं मिलती है यानि :

(ए) उपयोग कर्त्ता के आर्थिक निर्णय–निर्माण आवश्यकताओं की सार्थकता तथा

(बी) इस वर्ष में विश्वसनीय की वित्तीय विवरण:

(i) विश्वास करने योग्य वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन एवं तत्व के नगद प्रवाहों को विश्वसनीय तरीके से प्रदर्शित करती है

(ii) लेन–दनों, अन्य घटनाओं एवं शर्तों के आर्थिक पहुलओं को दर्शाती है, न कि सिर्फ कानूनी स्वरूप कोय

(iii) उदासी न होते हैं, यानि किसी प्रकार के पक्षपात से मुक्त,

(iv) विवेकपूर्ण है, तथा

(v) सतत आधार पर सभी प्रकार के वस्तुगत पहलुओं में परिपूर्ण है।

निर्णय–निर्माण के सबंध में प्रबंधन, निम्नलिखित स्रोतो को अवनतिक्रम में निर्दिष्ट करती है और उनके लागू करने की योग्यता पर विचार करती है ;

(ए) समान एवं संबद्ध विषयों को साथ व्यवहार करने के भारतीय लेखा मानक की आवश्यकताएं ; तथा

(बी) परिभाषाएं, मानदंड मान्यता तथा फ्रेमवर्क में परिसंपत्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय के लिए मापीकरण अवधारणा।

निर्णय निर्माण में प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानक बोर्ड के सबसे हाल के उदघोषणाओं पर विचार करती है तथा उनके अनुपस्थिति मे अन्य दूसरे स्टैण्डर्ड–सेटिंग संस्थाओ का जो समान अवधारणा ढांचे का उपयोग, लेखा मानकों, अन्य लेखा पत्रिका एवं स्वीकृत औद्योगिक अभ्यासों को विकसित करने के लिए करती है, उस सीमा तक जहाँ ये उपरोक्त सारांश में स्रोतों के साथ प्रतिकूल नहीं होती है।

कंपनी खनन क्षेत्र में संचालित होती है (एक ऐसा क्षेत्र जहाँ अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन चरण विभिन्न स्थलाकृतिक एवं भूखनन इलाकों पर आधारित है, जो दशकों से चल रहे पट्टे अवधि में फैला हुआ है और लगातार बदलाव की संभावना है), जिसकी लेखा नीतियाँ, अनुसंधान समितियों द्वारा समर्थित विशिष्ट उद्योग पद्धतियों एवं पिछले कई दशकों में इसके लगातार अनुप्रयोगों के कारण तथा विभिन्न नियमों के द्वारा अनुमोदन के आधार पर विकसित हुई है। कुछ विशेष क्षेत्रों में विशिष्ट लेखांकन साहित्य, मार्गदर्शन एवं मानकों की अनुपस्थिति में, जो विकास की प्रक्रिया में हैं। कंपनी लेखांकन साहित्य के विकास के साथ–साथ लेखा–नीतियों को विकसित करने का प्रयास करती है और इसमें किसी भी विकास को भारतीय लेखा मानक 8 में विशेष तौर पर रखे गये प्रावधानों के अनुसार परिदृश्यात्मकता के लिए लेखाकृत की जाएगी।

वित्तीय विवरणों को लेखा की एक्रुवल आधार को उपयोग करते हुए एक सतत प्रयास के तहत तैयार की जाती है।

2.24.1.2 भौतिकता

भारतीय लेखा मानक उन वस्तुओं पर लागु होता है जो सामग्री है। प्रबंधन यह तय करने के लिए निर्णय का उपयोग करता है कि यदि अलग–अलग वस्तुएं या वस्तु के समुहों वित्तीय विवरण में सामग्री के रूप में है या नहीं। भौतिकता का निर्धारण वस्तु के आकार एवं प्रकृति के संदर्भ में किया जाता है। निर्णायक कारक यह है कि क्या वित्तीय चूक या गलत विवरण उन आर्थिक फैसलों पर अलग–अलग या सामुहिक से प्रभाव डाल सकते हैं, जिन्हें उपयोगकर्त्ताओं ने वित्तीय विवरणों के आधार पर लिया है। प्रबंधन भारतीय लेखा मानक की अनुपालन आवश्यकताओं की निर्धारित करने के लिए भौतिकता के फैसले का भी उपयोग करता है।

विशेष परिस्थितियों में या तो प्रकृति या किसी वस्तु की मात्रा या वस्तुओं का कुल योग निर्धारित कारक हो सकते हैं। आगे, एक, तत्व की, कानून द्वारा जरूरी होने की स्थिति में, निराकार वस्तुओं को अलग से प्रस्तुत करने के लिए, आवश्यकता भी हो सकती है।

2.24.1.3 संचालित पट्टा

कंपनी ने पट्टा समझौते में प्रवेश किया है। समझौते के नियम एवं शर्तों के मूल्यांकन के आधार पर, जैसे कि वे पट्टे अवधि जो परिसंपत्ति के अंकित मूल्य तथा वाणिज्यिक संपत्ति के आर्थिक जीवन का वृहत भाग न हो, कंपनी ने तय किया है कि वह इन संपत्तियों के स्वामित्व के सभी महत्वपूर्ण जोखिमों एवं पुरस्कारों को तथा निविदाओं के लिए लेखा को, संचालित पट्टो के रूप में अपने पास रखती है।

2.24.2 अनुमान एवं मान्यताएँ

रिपोर्टिंग तिथि पर भविष्य तथा अनुमान अनिश्चितता के अन्य मुख्य स्रोतों से संबंधित मुख्य मान्यताएं, जिनके पास अगले वित्तीय वर्ष में परिसंपत्तियों एवं देनदारियों की मात्रा में सामग्री समायोजन करने का महत्वपूर्ण जोखिम है, नीचे वर्णित है। समेकित वित्तीय वक्तव्यों की तैयार करते समय कपनी ने मौजूद पारामीटर पर अपने प्राकलन एवं अनुमानों को आधारित किया था। भविष्य की घटनाओं के बारे में मौजुदा हालात एव घटनाएँ, यद्यपि, बाजार में बदलावों या उत्पन्न होनेवाली वैसी परिस्थितियां जो कि कंपनी के नियंत्रण के बार है, के कारण बदल सकती है। इस प्रकार के परिवर्तन घटित होने की स्थिति में मान्यताओं में प्रदर्शित होते हैं।

2.24.2.1 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

हानि/विकृति के संकेत दिखलाई पड़ते हैं, यदि किसी परिसंपत्ति या नगदी उत्पन्न करने वाली ईकाई का वहन मूल्य इसके वसूली योग्य राशि से अधिक होता है, जो कि निपटारे की लागत कम करके इसके उचित मूल्य तथा उपयोगी मूल्य से अधिक है। कंपनी प्रत्येक खानों को एक अलग नकदी उत्पन्न करने वाली ईकाईयों के रूप में समझती है, हानि/विकृति की जांच उपयोग मे मूल्य की गणना डी सी एफ प्रतिमान पर आधारित होती है। नकदी प्रवाह अगले 5 वर्षों के लिए बजट से प्राप्त होता है तथा इसमें, पुर्नगठन गतिविधियां जिसपर कंपनी अभी तक प्रतिबद्ध नहीं है या वैसे महत्वपूर्ण भविष्य की निवेश जो जाँच किए जा रहे सी जी यू के परिसंपत्ति प्रदर्शन में वृद्धि करेगी, शामिल नहीं होते हैं। वसूली योग्य राशि डी सी एफ प्रतिमान के साथ–साथ अपेक्षित भावी नकदी प्रवाह एवं इन्टरपोलुशन प्रयोजनों के लिए उपयोग की गई विकास दर के लिए उपयोग की गई छूट के प्रति संवेदनशील है। ये सभी अनुमान अन्य खनन बुनियादी ढांचे के सबसे अधिक सार्थक है। विभिन्न सी जी यू के लिए वसूली योग्य राशि की निर्धारण के लिए उपयोग की जानेवाली मुख्य मान्यताएं प्रदर्शित की जाती है तथा उन्हें आगे संबंधित टिप्पणियों में समझाया गया है।

2.24.2.2 कर

आस्थगित कर परिसंपत्तियों को अप्रयुक्त कर हानियों के लिए उस हद तक मान्यता प्राप्त है जहां यह संभव है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके विरूद्ध हानियों को उपयोग किया जा सकता है। भावी कर नियोजन रणनीतियों के साथ–साथ संभावित समय–निर्धारण एवं भविष्य के कर योग्य लाभो के स्तर के आधार पर आस्थगित कर संपत्ति की राशि को निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय आवश्यक है। करों पर अधिक जानकारी को नोट – 38 में दिखलाया गया है।

2.24.2.3 परिभाषित लाभ योजनाएँ

परिभाषित लाभ ग्रेच्युटी योजना तथा अन्य रोजगारोपरान्त चिकित्सा लाभों की लागत एवं ग्रेच्युटी दायित्व के वर्तमान मूल्य को बीमांकिक मूल्यांकन के द्वारा निर्धारित किया जाता है। एक बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न मान्यताएं शामिल होते हैं जो भविष्य में वास्तविक विकास से अलग हो सकती है। इनमें, छुट दर, भविष्य वेतन वृद्धि एवं मृत्यु दर का निर्धारण शामिल होता है।

परिभाषित लाभ दायित्व के मूल्यांकन तथा इसके दीर्घकालीन प्रकृति में शामिल जटिलताओं के कारण, यह इन मान्यताओं में परिवर्तन के प्रति अति–संवेदनशील होता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख पर सभी मान्यताओं की समीक्षा की जाती है। सबसे अधिक परिवर्तन होने वाला प्राचलिक, छुट दर है। भारत में संचालित की जाने वाली योजनाओं के लिए उपयुक्त, छुट दर का निर्धारण करने में, प्रबंधन रोजगारोपरांत लाभ दायित्व के मुद्राओं के अनुरूप मुद्रा में सरकारी बॉन्ड की ब्याज दरों पर विचार करता है।

मृत्यु दर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध देश के मृत्यु–दर तालिका पर आधारित होता है। यह मृत्यु–दर तालिका, जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के जवाब में सिर्फ उस अंतराल पर परिवर्तन की प्रवृति रखता है। भावी वेतन वृद्धि एवं ग्रेच्युटी बढ़ोतरी भविष्य की अनुमानित मुद्रास्फीति दर पर आधारित होता है।

2.24.2.4 वित्तीय साधनों का अंकित मूल्य मापन

जब्त तुलन–पत्र में दर्ज वित्तीय परिसंपत्ति तथा वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य को सक्रिय बाजारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर मापा नहीं जा सकता है, तो उनके उचित मूल्य को डी सी एफ प्रतिभाग सहिज मूल्य निर्धारण तकनीकों का उपयोग करके मापा जाता है। जहाँ तक संभव हो, इन प्रतिमानों को देखे जाने योग्य बाजारों से लिया जाता है, लेकिन जहाँ यह संभव नहीं है, अंकित मूल्यों की स्थापित कर्ज के लिए निर्णय के एक अंश की आवश्यकता पड़ती है। निर्णय में नगदी की जोखिम, क्रेडिट जोखिम तथा अस्थिरता जैसे महत्व वाले इनपुट शामिल होते हैं। इन कारणों के बारे में मान्यताओं में परिवर्तन, वित्तीय साधनों के दर्ज अंकित मूल्य को प्रभावित कर सकता है।

2.24.2.5 विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति

कंपनी परियोजना के लिए विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति को लेखा नीति के अनुसार पूंजीकृत करती है। लागत का प्रारंभिक पूंजीकरण प्रबंधन के निर्णय पर आधारित है कि तकनीकि एवं आर्थिक व्यवहार्यता की पुष्टि की जाती है, आमतौर पर तब जब एक परियोजना प्रतिवेदन केन्द्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थाएं लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के द्वारा तैयार की जाती है।

2.24.2.6 खान बंदीकरण, स्थल पुनर्स्थापन एवं सेवामुक्तिकरण दायित्व

खान बंदीकरण, स्थल पुनर्स्थापन एवं सेवामुक्तिकरण दायित्व के लिए प्रावधान के उचित मूल्य के निर्धारण हेतु, मान्यताओं एवं आकलनों को छुट दरों, स्थल पुनर्स्थापन की अनुमानित लागत तथा विघटन और निराकरण की उम्मीद की लागत के संबंध में बनाया जाता है। कंपनी परियोजना/खान के जीवन को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित मान्यताओं के आधार पर डी सी एफ पद्धति का उपयोग करते हुए प्रावधान का आकलन करती है।

- कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशो में निर्दिष्ट अनुसार अनुमानित लागत प्रति हेक्टेयर।
- छुट दर (कर के पहले), जो रूपये के समय–मूल्य का मौजूदा बाजार निर्धारण तथा देयता से संबंधित विशिष्ट जोखिमों को प्रदर्शित करता है।

2.25 प्रयुक्त संक्षेपण

ए.	सीजीयू	नकद उत्पन्न करने वाली ईकाई	जी.	ओसीआई	अन्य व्यापक आय
बी.	डीसीएफ	कटौती पश्चात नकद प्रवाह	एच.	पीएण्डएल	लाभ एवं हानि
सी.	एफवीटीओसीआई	अन्य विस्तृत आय के माध्यम से उचित मूल्य	आइ	पीपीई	संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण
डी.	एफवीटीपीएल	लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य	जे.	एसपीपीआई	मूलधन एवं ब्याज का मात्र भुगतान
इ.	जीएएपी	आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांत	के.	ईआईआर	लागु ब्याज दर
एफ.	इन्ड एएस	भारतीय लेखा मानक			

31 मार्च, 2019 को समेकित वित्तीय विवरणियों की टिप्पणियाँ

नोट – 3 : सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

(₹ करोड़ों में)

विवरण	खुली भूमि	अन्य भूमि	भूमि उधार/ स्थल वापसी लागत	भवन (जल आपूर्ति, सड़क एवं कलवर्ट)	संयंत्र एवं उपकरण	दूरसंचार	रेलवे साइडिंग	फर्नीचर एवं फिक्सचर	कार्यालय उपकरण	वाहन	एयरक्राफ्ट	अन्य खनन आधारभूत संरचना	सर्वेड ऑफ परिसंपत्ति	अन्य	योग
अग्रणित राशि															
01 अप्रैल, 2017 को	17.49	670.49	475.60	189.15	1461.51	1.79	34.73	9.67	32.45	12.24	–	198.26	82.57	–	3,185.95
जोड़	–	64.39	–	61.23	206.64	0.07	–	2.07	10.83	0.06	–	13.05	3.72	–	362.06
विलोपन/समायोजन	–	–	–	–	(10.17)	–	–	–	(0.06)	(0.01)	–	(0.29)	(5.78)	–	(16.31)
31 मार्च, 2018 को	17.49	734.88	475.60	250.38	1,657.98	1.86	34.73	11.74	43.22	12.29	–	211.02	80.51	–	3,531.70
	17.49	734.88	475.60	250.38	1,657.98	1.86	34.73	11.74	43.22	12.29	–	211.02	80.51	–	3,531.70
01 अप्रैल, 2018 को	–	26.57	–	46.24	144.78	1.75	234.05	3.34	13.68	0.12	–	55.86	6.70	–	533.09
जोड़	–	–	(2.97)	(0.87)	(24.37)	–	(43.54)	–	(7.26)	(0.01)	–	(3.43)	(21.99)	–	(104.44)
विलोपन/समायोजन	17.49	761.45	472.63	295.75	1,778.39	3.61	225.24	15.08	49.64	12.40	–	263.45	65.22	–	3,960.35
31 मार्च, 2019 को	**17.49**	**734.88**	**479.75**	**250.38**	**1,657.98**	**1.86**	**34.73**	**11.74**	**43.22**	**12.29**	**–**	**211.02**	**80.51**	**–**	**3,535.85**
मूल्य ह्रास एवं हानि															
01 अप्रैल, 2017 को	–	69.63	95.07	17.38	466.24	0.37	6.86	4.24	12.16	2.49	–	42.32	46.39	–	763.15
वर्ष के लिए शुल्क	–	54.98	36.13	10.68	213.76	0.14	3.94	1.44	7.83	1.53	–	17.94	–	–	348.37
हानि	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	5.83	(1.65)	–	4.18
विलोपन/समायोजन	–	0.78	–	(0.07)	(6.30)	–	–	(0.01)	0.06	–	–	0.48	(0.03)	–	(5.09)
31 मार्च, 2018 को	–	**125.39**	**131.20**	**27.99**	**673.70**	**0.51**	**10.80**	**5.67**	**20.05**	**4.02**	–	**66.57**	**44.71**	–	**1,110.61**
01 अप्रैल, 2018 को	–	125.39	131.20	27.99	673.70	0.51	10.80	5.67	20.05	4.02	–	66.57	44.71	–	1,110.61
वर्ष के लिए शुल्क	–	56.73	34.76	13.93	202.02	0.36	9.55	1.76	8.10	1.38	–	29.08	–	–	357.67
हानि	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	5.75	(19.75)	–	(14.00)
विलोपन/समायोजन	–	0.78	2.47	0.82	(8.68)	0.11	11.56	(1.09)	(4.21)	–	–	8.53	(0.31)	–	9.98
31 मार्च, 2019 को	–	**182.90**	**168.43**	**42.74**	**867.04**	**0.98**	**31.91**	**6.34**	**23.94**	**5.40**	–	**109.93**	**24.65**	–	**1,464.26**
निवल अग्रणित राशि															
31 मार्च, 2019 को	**17.49**	**578.55**	**304.20**	**253.01**	**911.35**	**2.63**	**193.33**	**8.74**	**25.70**	**7.00**	–	**153.52**	**40.57**	–	**2,496.09**
31 मार्च, 2018 को	**17.49**	**609.49**	**344.40**	**222.39**	**984.28**	**1.35**	**23.93**	**6.07**	**23.17**	**8.27**	–	**144.45**	**35.80**	–	**2,421.09**

31 मार्च, 2019 को समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट – 3 : सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (जारी ..)

1. भारतीय लेखा मानक के अनुपालन में, 01.04.2015 को सकल मूल्य घटाव संचित मूल्य ह्रास को परिवर्तन की तिथि पर अग्रणित मूल्य पर माना गया।

(₹ करोड़ों में)

विवरण	खुली भूमि	अन्य भूमि	भूमि उद्धार/स्थल वापसी लागत	भवन (जल आपूर्ति, सड़क एवं कलवर्ट)	संयंत्र एवं उपकरण	दूरसंचार	रेलवे साइडिंग	फर्नीचर एवं फिक्सचर	कार्यालय उपकरण	वाहन	एयरक्राफ्ट	अन्य खनन आधारभूत संरचना	सर्वेड ऑफ परिसंपत्ति	अन्य	योग
सकल अग्रणित राशि :															
01 अप्रैल, 2015 को	16.87	630.42	656.05	437.66	3,335.00	16.90	88.08	20.77	50.16	32.79	—	759.19	71.73	—	6,115.62
संचित ह्रास एवं हानि															
01 अप्रैल, 2015 को	—	372.29	176.30	270.57	2,239.44	15.24	73.22	15.18	36.96	26.36	—	652.32	—	—	3,877.88
निबल अग्रणित राशि	**16.87**	**258.13**	**479.75**	**167.09**	**1,095.56**	**1.66**	**14.86**	**5.59**	**13.20**	**6.43**	**—**	**106.87**	**71.73**	**—**	**2,237.74**

नोट :

1. अन्य भूमि के अंतर्गत कोल बियरिंग क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1984 एवं अन्य अधिनियमों के तहत अधिग्रहित भूमि शामिल है।
2. अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर मूल्य ह्रास प्रदान किया जाता है, जिससे प्रत्येक वर्ष के अंत में प्रभावी लेखा नीति की अनुच्छेद संख्या 2.8 में उल्लेखित अधिकारित समिति द्वारा समीक्षा की जाती है। इसमें लाइफ ऑफ़ वैल्यु का अन्य कोई महत्त्वपूर्ण घटक नहीं है, अतः घटक लेखांकन नहीं किया गया है।
3. चालू वर्ष के दौरान, परित्यक्त परिसंपत्ति सम्बद्ध ह्रास की राशि 19.75 करोड़ रू. (विगत वर्ष 1.65 करोड़ रू. चार्ज किया गया है) अपहरित गई है।
4. लीज समझौतों के विषय में, कंपनी ने अपने ग्राहकों को पिछले साल, व्यवसाय करने और कम्पनी की कुछ संपत्तियों का उपयोग जिनका कुल मूल्य 88.09 करोड़ रू. और 2.05 करोड की निकासी करने का अधिकार दिया है।
5. 357.67 करोड़ रू. के कुल मूल्य ह्रास में अन्य खनन आधारभूत संरचना से संबंधित 29.08 करोड़ रू. का परिशोधन शामिल है।

31 मार्च, 2019 को समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियाँ

नोट – 4 : कैपिटल डब्ल्यूआईपी

(₹ करोड़ों में)

विवरण	भवन (जल आपूर्ति, सड़क एवं कलवर्ट)	संयंत्र एवं उपकरण	रेलवे साइडिंग	विकास	अन्य	योग
अग्रणित राशि						
01 अप्रैल, 2017 को	103.60	64.08	1,023.42	139.24	-	1,330.34
जोड़:	96.41	13.56	476.31	38.99	-	625.27
पूंजीकरण/विलोपन	(57.97)	(29.59)	-	(12.00)	-	(99.56)
31 मार्च, 2018 को	**142.04**	**48.05**	**1,499.73**	**166.23**	-	**1,856.05**
01 अप्रैल, 2018 को	142.04	48.05	1,499.73	166.23	-	1,856.05
जोड़	127.99	16.22	798.50	144.64	-	1,087.35
पूंजीकरण/विलोपन	(65.87)	(29.06)	(204.07)	(106.86)	-	(405.86)
31 मार्च, 2019 को	**204.16**	**35.21**	**2,094.16**	**204.01**	-	**2,537.54**
संचित प्रावधान एवं हानि						
01 अप्रैल, 2017 को	1.60	3.11	7.70	9.82	-	22.23
7.12 कोल ब्लॉक (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2015 के तहत, कोल इंडिया लिमिटेड और भारत के राष्ट्रपति के समझौते के अनुसार कोटरे बसंतपुर और पंचमो कोयला ब्लॉक के आवंटन और उसके पश्चात 05.12.2017 को हुए डीड ऑफ एडहियरेन्स में पार्टी के रूप मे सीसीएल को आवंटन समझौते के अनुपालन में खानों का संचालन और वाणिज्यिक उपयोग करना है । कंपनी (सीसीएल) ने आवंटन के लिए मनोनीत प्राधिकारी के नामित बैंक खाते मे 20.65 करोड़ रुपए की अग्रिम फीस का 50% और 9.91 करोड़ रुपये की निश्चित राशि और प्रदर्शन बैंक गारंटी (प्रदर्शन सुरक्षा) 286.14 करोड़ रुपये की राशि जमा की है। 31.03.2018 को उपरोक्त जमा पूंजीगत अग्रिम के अंतर्गत है। ₹ 30.56 करोड (₹ 20.65 करोड़ का अग्रिम शुल्क एवं ₹ 9.91 करोड का सुरक्षा जमा) नोट –5 में अन्वेषण मूल्यांकन परिसंपत्तियों के तहत दिखाई दे रहा है। जैसा कि दूसरे और तीसरे किस्त के भुगतान करने के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों की शर्तों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है, ₹ 20.65 करोड़ की शेष राशि पूंजी प्रतिबद्धता के तहत दर्शाई गई है।

7.13 13.10.2017 के आदेश के अनुसार 2016 के हस्तांतरित मामले (सीआईवीआईएल) संख्या 43 में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि डीएमएफ 07.12.2015 को डीएमएफ ट्रस्ट की स्थापना की तारीख से और उसके बाद झारखंड राज्य मे लागू होगा। तदनुसार, 07.12.2015 से पहले की अवधि से संबंधित राज्य सरकार के साथ जमा 286.31 करोड़ रुपये की राशि कंपनी द्वारा देय डीएमएफ से वापस/समायोजित की जाएगी। कहा गया राशि में से 169.37 करोड रुपये की राशि वापस कर दी गई है/समायोजित की गई है और 116.94 करोड रुपये की शेष राशि राज्य सरकार से अभी तक वापस/समायोजित नहीं की जा रही है। राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार, क्षेत्रों ने रिफंड/समायोजन प्राप्त करने के लिए संबंधित डीएमओ के पास दावा किया है।

7.14 आयकर अधिनियम,1961 की धारा 206 (सी) के अंतर्गत आयकर विभाग की मांग के विरुद्ध 106.56 करोड़ रुपये की राशि के लिए, विभाग ने कंपनी के बैंक खाते को जोड़कर 71.79 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं और कंपनी द्वारा शेष राशि 34.77 करोड़ जमा किया गया है। वर्ष के दौरान कंपनी ने ग्राहकों से 75.62 करोड़ रुपये वसूल किए हैं, और शेष राशि 30.94 करोड़ रुपये वसूली की प्रक्रिया मे है।

उपरोक्त में से 30.94 करोड़, ₹ 26.85 करोड 01.04.2012 से 30.06.2012 की अवधि से संबंधित है जब कोयले पर कोई टीसीएस नहीं था। चूंकि टीसीएस को 01.07.2012 से आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कोयले पर लागू किया गया था, एक सुधार याचिका यू/एस 154 पहले से ही 02.02.2018 को दर्ज किया गया था त्रुटि को सुधरने ले लिए, जिसकी सुनवाई अभी तक शुरू नहीं हुई है।

7.15 खान बंदीकरण योजना पर कोयला मंत्रालय द्वारा दिनांक 07/01/2013 को जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी ने सीएमपीडीआई को 64 खानों के अकेक्षण और प्रमाणन के लिए दावा प्रस्तुत किया है। इसमें से 59 खानो के अकेक्षण और प्रभाणन सीएमपीडीआई द्वारा पहले चरण में किया जा चूका है और बाकी पाँच दावे 5 वर्ष की अवधि पूरी न होने के कारण अंकेक्षण और प्रमाणन शेष हैं। तुलन पत्र के अनुसार, 59 खानों के रु। 413.17 करोड़ के दावे विधिवत प्रमाणित किये गए हैं एवं उन्हें सीएमपीडीआई द्वारा नोट –9 के तहत खान बंद करने के खर्चो के लिए एस्क्रो खाते से प्राप्य में दिखाया गया है।

इसके अलावा, क्षेत्रों द्वारा तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर, वित्तीय वर्ष के लिए प्रगतिशील खदान बंद करने के खर्च के खिलाफ वित्तीय वर्ष 16–17, वित्तीय वर्ष 17–18 और वित्तीय वर्ष 18–19 में ₹ 145.09 करोड़ की राशि को नोट 9 (गैर वर्तमान) के तहत अन्य जमा में दर्शाया गया है। इसलिए, 31.03.2019 को कुल खान बंदीकरण प्राप्य, ₹ 558.26 करोड़ है। इसमें से, वित्तीय वर्ष 17–18 तक प्राप्य की राशि, ₹ 514.15 करोड है जिसे खंड सं। 2.24.1.2 महत्वपूर्ण लेखा नीतियों के अनुपालन मे, प्रतिधारित कमाई के रूप से हिसाब लगाया गया है।

नोट – 38 : 31 मार्च, 2019 को समेकित वित्तीय विवरणों की अतिरिक्त टिप्पणियाँ

7.16 कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी खदान बंदीकरण दिशानिर्देश के पैरा 4 के अनुसरण में, "एस्क्रो खाता खोलने के बाद, कोयला नियंत्रक से खदान संचालन की अनुमति प्राप्त करने से पहले, कुल परियोजना क्षेत्र का प्रति हेक्टेयर खदान के लिए भूमि पर किसी भी गतिविधि के शुरू होने के बाद हर साल धन जमा किया जाना है।

अरगाडा ओसीपी, पिंडरा यूजीपी नामक दो खानों का उत्पादन अभी तक शुरू नहीं हुआ है, हालांकि, खदान बंद करने की योजना को बोर्ड द्वारा मंजूरी दी गई थी। इसलिए, उपरोक्त के संबंध में पहले बनाई गई दो खानों के स्थल बहाली परिसम्पति, प्रगतिशील मूल्यह्रास और खान बंदीकरण प्रावधान को वापस ले लिया गया है। खान के अनुसार विवरण नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ों में)

खान का नाम	स्थल बहाली परिसंपत्ति	प्रगतिशील मूल्यह्रास	खान बंदीकरण प्रावधान
अरगडा ओसीपी	8.70	0	10.96
पिंडरा यूजीपी	4.15	0.83	5.23
कुल	12.85	0.83	16.19

7.17 सीसीएल, सेल और आरआईएनएल को धुली हुई मीडियम कोकिंग कोल (डब्ल्यूएमसीसी) की आपूर्ति के लिए, 31.03.2017 तक वैधता के साथ सीसीएल और सेल ६ आरआईएनएल के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए एमओयू के तहत, आपूर्ति की जाती थी । सीआईएल के अनुसार, सीसीएल ने दस्तावेज के अनुपालन में WMCC की कीमत ₹ 11,500 प्रति टन 14/01/2017 के प्रभाव से अधिसूचित की थी, यह कोयला वितरण नीति (एनसीडीपी) द्वारा परिकल्पित, आयात समानता के अनुसरण में ऐश सामग्री के तर्ज पर बोनस/पेनल्टी क्लॉज साथ किया गया था।

चूंकि एमओयू 31/03/2017 तक मान्य था, लेकिन मूल्य अधिसूचना 14/01/2017 को जारी की गई थी, 14/01/2017 से 31/03/2017 के इस अवधि के लिए एमओयू मूल्य के अंतर के लिए और सूचित मूल्य पर प्रेषण के लिए ₹ 155.80 करोड़ की राशि(सेल के संबंध में 126.16 करोड और आरआईएनएल के संबंध मे ₹ 29.64 करोड) का एक प्रावधान, वर्ष 2018–19 के दौरान बनाया गया खातो मे प्रावधान किया गया ।

मेसर्स सेल के दोहराए गए अनुरोधों के बाद, सीसीएल बोर्ड ने दिनांक 28/07/2018 को 6,500 रुपये प्रति की तदर्थ कीमत पर डब्लूएमसीसी की आपूर्ति करने पर सहमति, एक शर्त पर व्यक्त की, के साथ कि निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्य निर्धारण तंत्र की स्थापना के लिए नियुक्त बाहरी एजेंसी की रिपोर्ट लागू हो जानी चाहिए और तदनुसार सेल/आरआईएनएल सीसीएल बोर्ड के निर्णय से सहमत हो गए हैं।

एल 1 मैसर्स पीडब्लूसी जैसे बाहरी एजेसी के नियुक्ति के प्रस्ताव पर मंजूरी के लिए सीआईएल को भेज दिया गया है क्यूंकि प्रस्ताव का मूल्य सीसीएल बोर्ड की वित्तीय शक्ति से परे है। काम जारी करने के आदेश और रिपोर्ट की सीसीएल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति के बाद, यदि आवश्यक हो तो वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्रावधान पर विचार किया जाएगा।

8. पिछली अवधि के समायोजन के पुनर्कथन के कारण तिमाही/वर्ष के लिए लाभ का मिलान :

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31.03.2018 को समाप्त तिमाही के लिए	2017-18
कंपनी की पहले रिपोर्ट की गई कुल व्यापक आय	366.76	880.94
पूर्व अवधि वस्तुओं के लिए समायोजन (डीआर/(सीआर))	7.29	28.55

नोट – 38 : 31 मार्च, 2019 को समेकित वित्तीय विवरणों की अतिरिक्त टिप्पणियाँ

पीपीए के लिए समायोजित व्यय का वैयक्तिक मद	मूल्यह्रास	पीएल फेस	1.00	4.20
	संयंत्र एवं उपकरण का किराया	नोट – 31	2.94	9.69
	प्राकृतिक एवं वृक्षारोपण व्यय	नोट – 35	0 12	0.34
	तेल एवं ल्यूब्रिकेन्ट्स	नोट – 26	2.98	11.12
	संयंत्र एवं मशीनरी मरम्मत	नोट – 30	0.11	0.46
	वेतन, पारिश्रमिक, भत्ता, बोनस इत्यादि	नोट – 28	2.66	11.76
	एचईएमएम कलपूर्जे	नोट – 26	1.20	5.12
	रियायत पर छूट	नोट – 32	0.20	1 20
	कर व्यय	नोट – 36	3.92	25.65
	अन्य व्यापक आय	नोट – 37	-	(10.31)
कंपनी का कुल व्यापक आय (पुनर्लिखित)			374.05	909.49

टिप्पणी :वर्ष 2017–18 अवधि के पूर्व, 474.42 करोड रुपये का समायोजन पहले की अवधि से संबंधित है। इसलिए नोट – 17 में इसे प्रतिधारित आय के रूप में बरकरार रखा गया है।

अन्य :

i. पिछले वर्ष के आंकडे जहां आवश्यक समझे गए हैं, उन्हें फिर से व्यवस्थित और पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

ii. नोट संख्या 3 से 38 में पिछले वर्ष के आंकडे कोष्ठक में दिए गए है।

iii. नोट – 1 और 2 क्रमशः कॉर्पोरेट सूचना और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, 31 मार्च, 2019 को बैलेंस शीट के भाग 3 से 23 के रूप में नोट और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि के विवरण का 24 से 37 फार्म हिस्सा था। नोट – 38 वित्तीय विवरणों के लिए अतिरिक्त नोटों का प्रतिनिधित्व करता है।

ह./–	ह./–	ह./–	ह./–
(रवि प्रकाश)	**(ए. के. गोस्वामी)**	**(एन. एन. ठाकुर)**	**(गोपाल सिंह)**
कम्पनी सचिव	महाप्रबंध (वित्त)	निदेशक (वित्त)	अध्यक्ष – सह – प्रबंध निदेशक
		डीआईएन – 08176571	डीआईएन – 02698059

समसंख्यक तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसरण में
कृते के. सी. टाक एण्ड कं.
चार्टर्ड अकाउन्टेन्टस
(फर्म पंजी सं. 000216C)
ह./–
(अनिल जैन)
पार्टनर
(सदस्यता स. 079005)

स्थान : नई दिल्ली

दिनाक : 28 मई 2019

प्रपत्र ए ओ सी – 1

(कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 5 के साथ पढ़े जाने वाले धारा 129 की उपधारा (3) के पहले प्रावधान के संदर्भ में

अनुषंगियों / सहयोगी कम्पनियों / संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की मुख्य विशेषताओं का विवरण

खण्ड "ए" : अनुषंगियाँ

(प्रत्येक अनुषंगी से सम्बद्ध राशि (करोड़ रु. में) के साथ सूचनार्थ प्रस्तुत

1.	क्रमांक	:	1
2.	अनुषंगी का नाम	:	झारखण्ड सेन्ट्रल रेलवे लिमिटेड
3.	अनुषंगी के अधिग्रहण की तारीख	:	31.08.2015
4.	सम्बन्धित अनुषंगी के लिए रिपोर्टिंग अवधि, यदि नियंत्रक कम्पनी की रिपोर्टिंग अवधि से अलग हो	:	लागू नहीं
5.	विदेशी अनुषंगियों के केस में प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के अंतिम तारीख पर रिपोर्टिंग करेंसी तथा विनिमय दर	:	लागू नहीं
6.	शेयर पूंजी	:	₹ 50.00 करोड़
7.	भण्डार और अधिशेष	:	₹ (0.51) करोड
8.	कुल सम्पत्ति	:	₹ 192.14 करोड़
9.	कुल देनदारी	:	₹ 141.63 करोड़ (₹ 5 करोड़ का शेयर आवेदन राशि सहित)
10.	निवेश	:	–
11.	कारोबार	:	–
12.	कर से पहले लाभ	:	₹ 1.77 करोड़
13.	कर का प्रावधान	:	₹ 0.59 करोड़
14.	कर के बाद लाभ	:	₹ 1.18 करोड़
15.	प्रस्तावित लाभांश	:	–
16.	शेयर धारण की सीमा (प्रतिशत में)	:	64%

निदेशकीय प्रतिवेदन परिशिष्ट

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

प्रति,

सदस्यगण,
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड,
दरभंगा हाउस,
रांची।

भारतीय लेखा मानक के तहत समेकित वित्तीय विवरण के अंकेक्षण पर प्रतिवेदन

यह अकेक्षण प्रतिवेदन समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर दिनांक 28 मई, 2019 (मूल प्रतिवेदन) के पूर्व प्रतिवेदन के स्थान पर है जिसपर कंपनी के निदेशकीय मंडल द्वारा अनुमोदन समतिथि को प्रदान किया गया एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) के आदेशानुसार संशोधित किया जा रहा है। यह संशोधित प्रतिवेदन भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) के लेखा ज्ञापन सं. 04/3 चरण लेखा परीक्षा 2018–19 दिनांकित 07/06/2019 के निर्देशानुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षकीय प्रतिवेदन की, "अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन" के अंतर्गत अनुच्छेद 3(एच)(ii) में हुए संशोधन के मद्देनजर निर्गत की जा रही है। हम इस बात की भी पुष्टि करते है कि उक्त संशोधन हमारे अभिमत तथा सत्य एवं उचित दृष्टिकोण को प्रभावित नहीं करता है, जिसकी अभिव्यक्ति पूर्व में ही की जा चुकी है ।

मूल प्रतिवेदन की तिथि के बाद की घटनाओं पर स्वतत्र अंकेक्षकीय प्रतिवेदन के "अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन" के अंतर्गत अनुच्छेद 3(एच)(ii) में हुए संशोधन तक ही हमारी अंकेक्षण प्रक्रिया सीमित है।

अभिमत

हमने मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात "नियंत्रक कम्पनी") एव इसकी अनुषंगी झारखण्ड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (इसमे इसके पश्चात नियंत्रक कंपनी एवं इसकी अनुषंगियो को 'समूह' के रूप में निर्दिष्ट किया जाएगा), इसके सहयोगीगण और संयुक्त, नियंत्रित इकाइयों, जिसमें 31 मार्च, 2018 तक का समेकित तुलन–पत्र, लाभ तथा हानि विवरणी(अन्य व्यापक आय सहित), समीक्षाधीन वर्ष की समाप्ति तक समेकित नगदी–प्रवाह विवरणी और समेकित इक्विटी परिवर्तन विवरणी, समेकित महत्वपूर्ण अंकेक्षण नीतियों का सारांश तथा अन्य विवरणात्मक सूचनाओं सहित भारतीय लेखा मानक की समेकित विवरणी पर नोट (इसमें इसके पश्चात "समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी" के रूप में निर्दिष्ट किया जाएगा) सम्मिलित है।

हमारे मत मे व हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमे प्रदत्त स्पष्टीकरण अनुसार; उपरोक्त समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
दी गयी जानकारी अधिनियम की आवश्यकताओं के अनुरूप अपेक्षित है एवं सामान्य रूप से भारत में स्वीकृत अंकेक्षण सिद्धान्तों के अनुरूप 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष तक कंपनी की समेकित लाभ/हानि, समेकित नकदी प्रवाह और उक्त तिथि को समाप्त होने वाले वर्ष में इक्विटी परिवर्तन की समेकित दशा पर सत्य व उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं ।	
अभिमत का आधार	
हमारा अंकेक्षण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखा परीक्षण मानक(एसए) के अनुरूप है। उक्त मानकों के अनुसार हमारे प्रतिवेदन के वित्तीय विवरण अनुभाग में समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अंतर्गत अंकेक्षक की जिम्मेदारियों में हमारी जिम्मेदारियाँ वर्णित हैं। आईसीएआई की आचार संहिता के अनुसार हम स्वतंत्र निकाय हैं, एवं कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार हमने अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को निर्वहन किया है। हमारा मानना है कि जो अंकेक्षण साक्ष्य हमे प्राप्त हुए हैं वो अभिमत–आधार हेतु पर्याप्त एवं उपयुक्त हैं।	
मामलों की प्रमुखता	
निम्नलिखित मामलो पर ध्यान आकर्षित करातें हैं .	
(ए) 41 खानों में पर्यावरणीय स्वीकृति की सीमा से अधिक कोयला खनन के सन्दर्भ मे आकस्मिक देयता के मद में रु.13389.38 करोड़ (विगत वर्ष रु. 13389.38) का अर्थदंड। (भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी का नोट सं 38 अनुच्छेद 4(ए)(1) देखें)।	वित्तीय विवरणो के अतिरिक्त नोट में आकस्मिक देयता के तहत इसका पर्याप्त रूप से खुलासा किया गया है (नोट 38 का संदर्भ 4 (ए))
(बी) ऋण की कुछ शेष राशियों, अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों, अन्य चालू और गैर–चालू आस्तियों, व्यापार देयताओं, अन्य वित्तीय देनदारियो एवं अन्य वर्तमान देनदारियों की पुष्टि लंबित हैं, हालांकि, पुष्टिकरण हेतु पत्र निर्गत किया जा चुका है पुष्टि/सामंजस्य/समायोजन के परिणामस्वरूप कोई प्रभाव, यदि कोई हो, तो सुनिश्चित नही किया जा सकता है। इस मामले के सम्बन्ध में हमारी अभिमत में किसी प्रकार का संशोधन नहीं है।	पार्टियों को व्यापार प्राप्ति, व्यापार के भुगतान और अग्रिमों के संबंध में बैलेंस पुष्टिकरण पत्र जारी किए गए हैं। प्रमुख संड्री देनदारों के साथ के शेष का नियमित अंतराल पर सामंजस्य स्थापित किया जाता है और दोनों पक्षों द्वारा संयुक्त सामजस्य बयान पर भी हस्ताक्षर किए जाते हैं।
(सी) सीसीएल द्वारा मेसर्स सेल एवं मेसर्स आरआईएनएल को एमओयू के अधीन पारस्परिक सहमत मूल्य पर परिष्कृत मध्यम कोकिंग–कोल (डब्लूएमसीसी) की आपूर्ति की जा रही थी। हालांकि, वित्त वर्ष 2017–18 और उसके पश्चात सीसीएल और सेल/आरआईएनएल के मध्य किसी एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किया गया. दिनांक 1/4/2017 से, नई कोयला वितरण नीति (एनसीडीपी) के अंतर्गत सीसीएल द्वारा आयात समता–आधारित मूल्य निर्धारण प्रणाली अनुसार डब्लूएमसीसी का मूल्य संशोधित किया जा रहा है, जिसके	यह अतिरिक्त विवरण के वित्तीय विवरणों मे पर्याप्त रूप से प्रकट है (नोट –38 के संख्या 7.17 देखे)

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन		प्रबंधन का उत्तर
	तहत सीसीएल, सेल/आरआईएनएल को अधिसूचित मूल्य पर चालान निर्गत कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2017–18 तथा उसके पश्चात, एमओयू नहीं होने के कारण सेल/आरआईएनएल ने मूल्य निर्धारण तंत्र हेतु बाह्य एजेंसी नियुक्त करने का अनुरोध किया। सीसीएल ने एक पारदर्शी आयात– समता आधारित मूल्य–तंत्र के विकसित करने हेतु बाह्य एजेंसी की नियुक्ति निर्णय लिया, जिसका सक्षम अनुमोदन प्रक्रियाधीन है, और दिनांक 28/07/2018 से अंतरिम व्यवस्था के रूप में, सीसीएल ने 6500/– प्रति टन के तदर्थ मूल्य पर डब्लूएमसीसी की आपूर्ति हेतु सहमति प्रदान की है । सेल ने मूल्य–प्रणाली के निर्धारण हेतु बाह्य एजेंसी की सिफारिशों को दिनांक 28.07.2018 के बजाय 01/04/2017 से लागू करने का अनुरोध किया है। हालाँकि, सीसीएल द्वारा निर्णय लिया गया कि बाह्य एजेंसी द्वारा निर्धारित मूल्य 28/07/2018 से प्रभावी होगा एवं तदनुसार, तदर्थ मूल्य की प्रयोज्यता से पूर्व का विक्रय, त्रैमासिक संशोधन के अधिसूचित मूल्य के आधार पर माना जायेगा। उपरोक्त के मद्देनजर, दिनांक 01/04/2017 से 30/06/2018 तक की अवधि में सीसीएल द्वारा सेल/आरआईएनएल को की गई आपूर्ति के मद में प्रावधानित राशि का निर्धारण, यदि कोई हो, तो वर्तमान में सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। (समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के नोट 38 में अनुच्छेद 7.17)। इस मामले से सम्बद्ध हमारे अभिमत में किसी प्रकार का संशोधन नहीं है।	
(डी)	कंपनी की महत्त्वपूर्ण अंकेक्षण नीति सं 2.24.12 के सन्दर्भ में नोट सं 38.7.15 को पढ़ा जाए, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2017–18 तक क्रमिक खदान बंदीकरण योजाना व्यय के अंतर्गत खान बंदीकरण प्राप्य के मद रु. 514.15 करोड़ का व्यय प्रतिधारित आय (नोट संख्या 17) द्वारा किया है, जिसे निलम्ब लेखा, नोट 9 में दर्शाया गया है, सीएमपीडीआईएल एवं क्षेत्रो द्वारा तकनीकी मूल्यांकन एवं अनुमोदन के पश्चात निलम्ब खातों एवं अन्य जमापूँजी के अधीन अन्य वित्तीय परिसंपत्तियो से डेबिट किया गया है।	यह अतिरिक्त विवरण के वित्तीय विवरणों में पर्याप्त रूप से प्रकट है (नोट –38 के संख्या 7.15 देखें)
(ई)	कथारा वाशरी में 1995–96 से पडे हुए 83795 मिलियन टन संदूषित कोयले की श्रेणी का निर्धारण लंबित है, वर्तमान में जिसका मूल्य शून्य है (सलग्नक–नोट सख्या 12)।	यह नोट –12 के अनुलग्नक में फुट नोट नं 4 पर पर्याप्त रूप से खुलासा किया गया है।

मुख्य अंकेक्षण मामले

हमारे प्रोफेशनल निर्णयानुसार, मुख्य अंकेक्षण मामलों के अंतर्गत वैसे मांमले है, जो वर्तमान अवधि के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

विवरणी के हमारे अंकेक्षण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहे। हमारे अंकेक्षण में, इन मामलों पर समग्र विचार समेकित भारतीय लेखा मानक के संदर्भ में किया गया है, एवं उस प्रकार हमारी अभिमत निर्मित हुई, इनपर हम अलग अभिमत नहीं प्रदान करतें हैं। हमने निम्नलिखित मामलों का निर्धारण मुख्य अंकेक्षण मामलों के रूप में किया है,जो हमारी प्रतिवेदन में सम्मिलित है।

क्रम सं.	अंकेक्षण के प्रमुख मामले	अंकेक्षक की प्रतिक्रिया
1.	**स्ट्रिपींग गतिविधि/समायोजन** खुली खदानों में खनन के लिए,कोयले तक की पहुँचकर उसके निष्कर्षण हेतु खदान अपशिष्ट ("अधिभार") हटाया जाना आवश्यक होता है,जिसमें कोयला सीम के उपर मिट्टी और चट्टान होती है । अपशिष्ट हटाने की इस गतिविधि को 'स्ट्रिपिंग' के रूप में जाना जाता है। खुली खदानों में, कंपनी को खदान के जीवनकाल तक (तकनीकी अनुमान) इस प्रकार का व्यय करना पड़ता है । अतः, नीतिगत दृष्टिकोण में, एक मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता या उससे अधिक क्षमता वाले प्रत्येक खदान मे, खदानों को राजस्वित करने के पश्चात स्ट्रिपिंग गतिविधि आस्तियों एवं अनुपात–प्रसरण लेखा के समायोजन के साथ तकनीकी मूल्यांकन के औसत अनुपात (ओबी: कोयले) के अनुसार स्ट्रिपिंग लागत चार्ज की जाती है । तुलन पत्र की तिथि अनुसार स्ट्रिपिंग गतिविधि आस्तियों का निबल शेष एव अनुपात प्रसरण को स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एडजस्टमेंट के रूप मे गैर–चालू प्रावधान/अन्य गैर–चालू परिसम्पतियों के मद यथास्थिति दिखाया जाता है । अभिलेख के अनुसार अधिभार की सूचित मात्रा को ओबीआर अंकेक्षण हेतु अनुपात की गणना करने में प्रयोग किया जाता है यदि सूचित मात्रा और मापित मात्रा के मध्य विचलन स्वीकृत सीमा के भीतर हो । यदि, विचलन स्वीकृत सीमा से अधिक है, वहाँ मापित मात्रा को मान लिया जाता है। स्टैंडअलोन भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के लाभ हानि विवरणी एवं नोट 21 देखें.	**मुख्य अंकेक्षण प्रविधि** हमने निम्नलिखित मूल प्राविधि का अनुपालन किया : • स्ट्रिपिंग समायोजन कार्य के आकड़ों को लेकर वर्षपर्यंत कुल व्यय को कोयला उत्पादन एवं अधिभार के मध्य आवंटन की जाँच की। अनुपात की गणना में विचार किए गए व्यय की सटीकता एवं व्यय की पूर्णता के बारे में सुनिश्चित किया गया। • वर्ष के दौरान अनुपात प्रसरण की सही गणना निष्कर्षित ओबी की मात्रा तथा अधिभार हेतु आवंटित राशि के आधार पर की गयी है। • विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं का पालन किया तथा व्ययों के तर्क हेतु विभिन्न गतिविधि सामंजस्य गणना पर विचार किए गए विवरणों का परीक्षण किया गया। • स्ट्रिपींग गतिविधि समायोजन के लिए लगाया गया लेखांकन नीति एवं प्रबंधन के निर्णय उचित पाए गए है। **निष्कर्ष** उपरोक्त प्रविधि के आधार पर, हमें कोई वास्तविक मुद्दा ज्ञात नहीं हुआ।

समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अलावा अन्य सूचनाएं तथा उस पर अंकेक्षक का प्रतिवेदन

अन्य सूचनाओं को प्रदान करने की जिम्मेदारी कंपनी के निदेशकीय मंडल की है। अन्य सूचनाओं के अंतर्गत :

प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण, अनुलग्नक सहित बोर्ड की प्रतिवेदन,

प्रबंधन का उत्तर:

कोई टिप्पणी नहीं।

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

व्यावसायिक जवाबदेही प्रतिवेदन, निगमित प्रशासन तथा शेयरधारकों की सूचना, परन्तु समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी एवं हमारा अंकेक्षकीय प्रतिवेदन उक्त में सम्मिलित नहीं होती है।

समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर हमारा अभिमत अन्य जानकारियों को कवर नहीं करता है और हम उक्त पर अश्वाषित निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के हमारे अंकेक्षण से सम्बद्ध, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारियों को पढ़ना है और, यह सुविचार करना है कि क्या समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के साथ अन्य सूचनाओं में मटेरियल असंगतता है या अंकेक्षण दौरान प्राप्त जानकारी या अन्य किसी भी प्रकार से मटेरियल अशुद्धि ज्ञात होती है।

जब हमें अन्य सूचनाएं प्रदान जातीं है और जब उन्हें पढ़कर, यदि हम यह निष्कर्ष निकलते हैं की उसमे कोई वास्तविक अशुद्धि है, तो हमें एसए 720 "अन्य सूचनाओं के अंतर्गत अंकेक्षकों की जवाबदेही" के अंतर्गत उक्त अशुद्धियों को प्रशासन–प्रभारी को सूचित करना होता है।

समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के लिए प्रबंधन एवं प्रशासन–प्रभारी की जवाबदेही

कपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के सन्दर्भ में, नियंत्रक कंपनी का निदेशकीय मंडल वित्तीय विवरणियों के निर्माण एवं प्रस्तुति के लिए जवाबदेह हैं, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत अंकेक्षण मानक सहित भारत में स्वीकृत सामान्य लेखा पद्धतियों के अनुसार कपनी, इसके सहयोगीगण एवं संयुक्ततः नियंत्रित इकाइयों की समेकित वित्तीय स्थिति और समेकित नकदी प्रवाह पर सत्य एवं उचित दृष्टिकोण प्रदान करता है। उक्त समूह में सम्मिलित कंपनी, उसके सहयोगी और सयुक्ततः नियंत्रित इकाइयों से सम्बद्ध निदेशकीय मंडल आस्तियों की सुरक्षा और धांखाधडी एव अन्य अनियमितताओं की पहचान एवं रोकथाम के लिए अधिनियम के प्रावधानानुसार उचित लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव हेतु जवाबदेह हैं; समुपयुक्त अकेक्षण नीतियो का चयन और कार्यान्वयनय समुचित एवं विवेकशील निर्णय और प्राक्कलन, तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का कार्यान्वयन एवं रख–रखाव, जो लेखा अभिलेखों की सटीकता व सपूर्णता सुनिश्चित करने हेतु प्रभावकारी रूप से से कार्य कर रहे थे, समेकित भारतीय लेखा मानक विवरणी के निर्माण और प्रस्तुति हेतु सत्य व उचित दृष्टिकोण प्रदान करते है व धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न मेटेरिअल अशुद्धियों से मुक्त है, जिनकी प्रयुक्ति नियंत्रक कंपनी के निदेशकों द्वारा पूर्वोक्त समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के निर्माण की गयी है।

समेकित भारतीय लेखा वित्तीय विवरणी के निर्माण में, समूह में सम्मिलित कपनी, उसके सहयोगी और संयुक्ततः नियंत्रित इकाइयों से सम्बद्ध निदेशकीय मंडल कार्यशील संस्थाओं क्षमता के आकलन हेतु जवाबदेह हैं और यदि लागू हो तो, कार्यशील संस्थाओं के सम्बद्ध मामलो का अनावरण प्रबंधन की इच्छानुसार समूह का विलयन या जब तक

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
संचालन की समाप्ति नहीं हो जाती है, तब तक कार्यशील संस्था के आधार पर अंकेक्षण किया जाए, या कोई सार्थक विकल्प मौजूद न हो. समूह में सम्मिलित कंपनी, उसके सहयोगी और संयुक्ततः नियंत्रित इकाइयों से सम्बद्ध निदेशकीय मंडल की जिम्मेदारी है कि समूह एवं सहयोगियों एवं संयुक्ततः नियंत्रित इकाइयों की वित्तीय सूचना प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करें।	
वित्तीय विवरणी के अंकेक्षण हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी	
हमारा उद्देश्य इस बारे मे उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समेकित भारतीय लेखा मानक के रूप में समग्र रूप से वित्तीय विवरण धोखाधडी या त्रुटि के कारण होने वाली मटेरियल अशुद्धियों से मुक्त हैं, और अंकेक्षक प्रतिवेदन जारी करें, जिसमें हमारा अभिमत भी शामिल हो । तर्कसंगत आश्वासन एक उच्च स्तरीय आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नही है कि लेखा मानकों के अनुसार अंकेक्षण से सदैव मटेरियल अशुद्धि का पता चलेगा, यदि हो तो। व्यक्तिगत या समग्र रूप से, अशुद्धियाँ, त्रुटी या धोखाधडी से उत्पन्न हो सकतीं है और उन्हें वास्तविक माना जा सकता है, इन समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणियो के आधार पर उक्त अशुद्धियाँ उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय में यथोचित प्रभाव डाल सकतीं है।	
लेखा मानक अनुसार अंकेक्षण के भागीदार के रूप में, हम प्रोफेशनल निर्णय लेते है तथा पूरी अंकेक्षण प्रक्रिया के दौरान प्रोफेशनल संशय से कार्य करते हैं। हम :	
● समेकित भारतीय लेखा मानक की वित्तीय विवरणियों में धोखाधडी या त्रुटि के कारण उत्पन्न मटेरियल अशुद्धियो के जोखिमों की पहचान और उनका आकलन, उन जोखिमो के अध्याधीन अंकेक्षण प्रक्रियाओं का डिजाइन और कार्यान्वियन, एवं वैसे अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करें जो हमारी अभिमत को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित मालूम हो। धोखाधडी के परिणामस्वरूप उत्पन्न मटेरियल अशुद्धियों की जानकारी नहीं होना, त्रुटि के कारण उत्पन्न अशुद्धियों से ज्यादा जोखिमपूर्ण है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर भूल, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण का लंघन हो सकती है।	
● अंकेक्षण प्रक्रियाओं को डिजाइन करने हेतु प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणो की परिस्थितिनुकूल समझ। अधिनियम की धारा 143 (3) (i) के तहत, हम इस विषय पर अपना अभिमत व्यक्त करने के लिए भी जवाबदेह हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियत्रण प्रणाली तथा इस प्रकार के प्रभावकारी नियंत्रण कार्यान्वयन है।	
● प्रयोग में लायी गई अंकेक्षण नीतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए अंकेक्षण प्राक्कलन एवं सम्बद्ध प्रकटीकरण की तार्किकता का मूल्यांकन।	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

- प्रबंधन द्वारा उपयोगित कार्यशील संस्था आधृत अंकेक्षण की उपयुक्तता पर निष्कर्ष एवं, प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य के आधार पर, क्या किसी घटना या वस्तुस्थिति से सम्बद्ध कोई मटेरियल अनिश्चितता विद्यमान है जो कंपनी द्वारा कार्यशील संस्था को चलने में रखने में महती संदेह उत्पन्न करता है। यदि हम यह निष्कर्ष निकलें की कोई मटेरियल अनिश्चितता विद्यमान है, तो हमसे यह अपेक्षित है की हम अपने अंकेक्षण से भारतीय लेखा मानक की वित्तीय विवरणियों में सम्बद्ध प्रकटीकरण की ओर ध्यान आकृष्ट करें या, यदि वैसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हैं,तो हम अपनी अभिमत में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष अंकेक्षण प्रतिवेदन की तारीख तक प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य के आधार पर है हालाँकि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियों के अनुसार कंपनी कार्यशील संस्था के रूप में कार्य करना समाप्त कर सकती है।

- समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी की समग्र प्रस्तुति, स्वरुप एव विषय–सूची का मूल्यांकन, जिसमें प्रकटीकरण भी शामिल हो, और क्या समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं की प्रस्तुति की इस प्रकार करते है जो उचित हो।

मटेरियलिटी, समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में अशुद्धि का एक परिमाण है,जो व्यक्तिगत या समग्र रूप में, समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी का किसी सुविज्ञ उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय क्षमता को प्रभावित करने में सक्षम हो । हम (i) अपने अंकेक्षण की सीमा का नियोजन एवं अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकनय तथा (ii) समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में अभिज्ञात अशुद्धियों के प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं ।

अंकेक्षण के दौरान, अन्य मामलों के साथ–साथ हम अंकेक्षण की अवधि एवं महत्वपूर्ण अंकेक्षण निष्कर्ष एवं योजनाबद्ध स्कोप सहित आतंरिक नियंत्रण में अन्य किसी प्रकार की महत्वपूर्ण अपूर्णता होने पर हम प्रशासन–प्रभारी के साथ संवाद स्थापित करते है।

हम प्रशासन–प्रभारी को स्वयं की स्वतंत्रता से सम्बद्ध प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं के अनुपालन पर एक वक्तव्य प्रदान करते है, तथा समस्त संबंधों एवं अन्य मामलो पर संवाद करते है, जिन्हें तार्किक आधार पर हमारी स्वतंत्रता, एवं जहाँ लागू हो, संरक्षण से संबंधित माना जा सकता है।

शासन–प्रभारी को सम्प्रेषित मामलो से, हम वर्तमान अवधि के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अंकेक्षण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मामलों का निर्धारण करते है और वे प्रमुख अंकेक्षण मुद्दे हैं। जब तक विधि या विनियमन इसके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर निषेध नहीं करता है या अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, जब हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी प्रतिवेदन में उक्त मुद्दे को सम्मिलित नही किया जाना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार के सम्प्रेषण से आम

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
जनता की यथोचित अपेक्षा से यह अधिक होगा और इसके विपरीत परिणाम हो सकते हैं, तब हम अपने अंकेक्षण प्रतिवेदन में इन मामलों का विवरण देते हैं।	
अन्य मामले	
हमने सहायक कंपनी की वित्तीय विवरणी/वित्तीय जानकारियों का अंकेक्षण नहीं किया है, जिसका वित्तीय वक्तव्य/वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2019 तक 192.14 करोड़ की कुल संपत्ति दर्शाता है, कुल राजस्व रु. 1.79 करोड़, और निवल नकदी प्रवाह 12.73 करोड़ उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए, जैसा समेकित वित्तीय विवरणी में माना गया है। इन वित्तीय वक्तव्यों/वित्तीय जानकारी का लेखा – जोखा अन्य अंकेक्षक द्वारा किया गया है जिनकी प्रतिवेदन हमें प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई है, और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारे अभिमत अब तक इस अनुषंगी के सम्बन्ध मे शामिल राशि और प्रकटीकरण से संबंधित है, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाएं और सहयोगी, तथा अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी प्रतिवेदन, अब तक यह उपर्युक्त सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओ और सहयोगियों से संबंधित केवल उस तरह के अन्य अंकेक्षक की प्रतिवेदन पर आधारित है।	
समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणो के बारे मे हमारी अभिमत, एवं नीचे दी गई अन्य कानूनी तथा नियामक आवश्यकताओं पर हमारी प्रतिवेदन, उपरोक्त मामलों के संबंध में सशोधित नही की गई है, जो किये गए कार्य पर हमारी निर्भरता और अन्य अंकेक्षकों की प्रतिवेदन और वित्तीय वक्तव्यों/वित्तीय जानकारी, प्रबंधन द्वारा प्रमाणित प्रतिवेदन के संबंध में है।	कोई टिप्पणी नहीं।
अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन	
अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा आवश्यक,लागू सीमा तक, हम प्रतिवेदित करते है,कि,	
1. अधिनियम की धारा 143 के सब–सेक्शन (11) के आलोक में केन्द्र सरकार द्वारा जारी कम्पनी (अंकेक्षक प्रतिवेदन) आदेश, 2016 ("आदेश"), समेकित भारतीय मानक वित्तीय विवरण पर लागू नही होते हैं जैसा की उक्त आदेश के अनुच्छेद – 2 के प्रावधान में निर्दिष्ट है।	
2 अधिनियम की धारा – 143 (5) की आवश्यकताओं के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महाअंकेक्षक द्वारा जारी दिशा निर्देशों और उप–निर्देशों के अनुसार, उपरोक्त पर हमारी टिप्पणी, समूह की वित्तीय विवरणी एव कृत करवाई अनुलग्नक–ए में वित्तीय विवरणो पर करवाई और प्रकाश डालते हैं।	
3 जैसा की अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार आवश्यक है, हम प्रतिवेदित करते है कि .	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
(ए) हमने समस्त जानकारियों व स्पष्टीकरण की माग की है और प्राप्त किया है, जोकि हमारी जानकारी और विश्वास के सर्वोत्तम है, वित्तीय विवरण के रूप में उपरोक्त भारतीय लेखा मानक के हमारे लेखा परीक्षण के लिए आवश्यक थे, इसे उपरोक्त 'मामलों की प्रमुखता' के मद सं. (ए), (बी), (सी) और (डी) के साथ पढ़ा जाए।	
(बी) हमारे अभिमत में, समेकित आईएनडी एएस वित्तीय विवरणी के निर्माण में विधिक आवश्यकतानुसार बही–खातों का अभिलेख रखा गया है जो अन्य अंकेक्षक के प्रतिवेदन में एवं इन बही–खतों के अभिलेखों के परीक्षण में अब तक दृष्टिगत हुआ है।	
(सी) अधिनियम की धारा 143(8) के तहत नियंत्रक कंपनी (शाखा अंकेक्षकों द्वारा क्षेत्रों का अंकेक्षण सहित) का अंकेक्षण हमारे द्वारा किया गया है एवं अन्य अंकेक्षकों द्वारा भारत में निगमित अनुषगी कंपनी के अंकेक्षित खातों का प्रतिवेदन हमे प्रेषित किया गया है एवं हमने उनका समुचित उपयोग इस प्रतिवेदन के निर्माण में किया है।	
(डी) समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ और हानि एवं नकदी प्रवाह विवरणी, समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के निर्माण के उद्देश्य के लिए बनाए गए बही–खतों से मेल खातें है।	
(ई) हमारे अभिमत में, वित्तीय विवरण के रूप में उपरोक्त भारतीय लेखा मानक अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखा मानकों का अनुपालन करते है।	
(एफ) कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के अनुसरण में, निदेशकों के अयोग्य ठहराने हेतु, अधिनियम की सेक्शन 164 (2), सरकारी कंपनी के लिए लागू नहीं हैं।	
(जी) समूह की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता व इस प्रकार के नियंत्रणो के संचालन प्रभावशीलता के सम्बन्ध में "अनुलग्नक – बी" में हमारी प्रतिवेदन देखे।	
(एच) अन्य मामलो के सम्बन्ध में अंकेक्षक की प्रतिवेदन में कंपनी के नियम 11 (अंकेक्षण व अंकेक्षक) नियम, 2014 के अनुसार हमारे अभिमत मे, हमारी सर्वोत्तम जानकारी अनुसार, एवं प्रदत्त स्पष्टीकरण के अनुसार	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
(i) कंपनी ने समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अतिरिक्त नोट–38 के अंतर्गत लंबित मुकदमों की जानकारी दी है, और इनका प्रभाव, यदि हो तो, उक्त पर तब पड़ेगा जब उक्त पर फैसला आएगा।	
(ii) कंपनी ने पूर्वाभासी भौतिक नुकसान से बचाव हेतु, यदि हो तो, डेरीवेटिव संविदा सहित दीर्घकालिक संविदाओं पर विनियमित विधि या अंकेक्षण मानकों के तहत आवश्यक प्रावधान किए हैं।	
(iii) प्रबंधन द्वारा प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के अनुसार, किसी भी प्रकार की राशि को कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक हो।	

कृते के. सी. टाक एण्ड कं.
चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स,
(फार्म पजीकरण संख्या 000216सी)

(सीए अनिल जैन)
पार्टनर
(मेम्बरशीप संख्या 079005)

स्थान : राँची
दिनांक 11 06 2019

"अनुलग्नक– ए" जो 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में कंपनी के सदस्यों हेतु स्वतंत्र अंकेक्षकीय प्रतिवेदन में "अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन" के अनुच्छेद 1 में निर्दिष्ट है, हम प्रतिवेदित करते हैं कि :

वर्ष 2018–19 के लिए मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के संबंध में कंपनियों के अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत निर्देशों पर रिपोर्ट।

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
1. क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली द्वारा समस्त लेनदेन की प्रक्रिया के प्रसंस्करण की प्रणाली है? यदि हाँ, तो आईटी प्रणाली से बाहर लेनदेन के प्रसंस्करण की सत्यनिष्ठा के साथ–साथ वित्तीय पहलुओं पर प्रभाव,यदि हो तो घोषित करें	
कंपनी के पास लेनदेन के प्रक्रिया को प्रसंस्कृत करने हेतु कोलनेट प्रणाली विद्यमान है जिसे विभिन्न वित्तीय मोड्यूलों को समाहित करने के लिए निर्मित किया गया हैं. यह वित्त,विक्रय एवं विपणन,पे–रोल,समग्री प्रबंधन, कार्मिक एवं अन्य क्षेत्रों को समाहित करता है . हालाँकि, इसका पूर्ण–रूपेण समाकलन नहीं किया गया है एवं जैसा की सूचित किया गया है की विभिन्न मोड्यूलों के मध्य डाटा के आवागमन के लिए कंपनी ईआरपी को लागू करने की प्रक्रियान्तरगत है। **वित्तीय प्रभाव, यदि हैं, तो अज्ञात हैं।**	सभी लेन–देन का हिसाब को कोल नेट प्रणाली द्वारा संशाधित किया गया।
2. क्या कंपनी के ऋण अदायगी असमर्थता के कारण किसी मौजूदा ऋण का कोई पुनर्गठन/ऋण पर बट्ट/ऋण/ब्याज आदि कंपनी द्वारा किया गया है?	
मौजूदा ऋणों का पुनर्गठन या अधित्याग/ऋण पर बट्टा/ऋण/ब्याज आदि का किसी भी मामले में ऋणदाता द्वारा इस वर्ष या किसी अवधि के दौरान. कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता का कोई मामला है.अतः यह लागू नहीं होता है।	कोई टिप्पणी नहीं।
3. केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त धनराशि का नियम एवं शर्तों के अनुसार सदुपयोग/हिसाब किया गया या नहीं? **विचलन के मामलों की सूची प्रदान करें.**	
कंपनी को सीसीडीएसी योजना के अंतर्गत रेलवे साइडिंग/पू.ग. रेलवे द्वारा निर्मित सड़क के मद में प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त हुई है. उक्त का केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार हिसाब एवं सदुपयोग किया गया।	कोई टिप्पणी नहीं।

वर्ष 2018–19 के लिए मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के संबंध में कंपनियों के अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत अतिरिक्त निर्देशों पर रिपोर्ट

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
1. क्या समरूप मानचित्र को ध्यान में रखते हुए कोयला स्टॉक का मापन किया गया था। क्या भौतिक स्टॉक माप प्रतिवेदन सभी मामलों में समरूप मानचित्र सहित है? वर्ष के दौरान बनाई गई नई संचय, यदि कोई हो तो क्या सक्षम पदाधिकारी का अनुमोदन लिया गया है?	
हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, सीआईएल वार्षिक कोयले शेयर मापन के दिशा निर्देश के मुताबिक स्टॉक मापन का आकलन किया गया है, जो माप रिपोर्ट के साथ आया है और यह माप रिपोर्ट के साथ है। आगे, किसी भी नए संचय के निर्माण से पहले सक्षम पदाधिकारी का अनुमोदन लिया जाता है।	कोई टिप्पणी नही।
2. यदि किसी भी क्षेत्र की विलय/पुन: संरचना के समय कम्पनी ने परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन का अभ्यास किया गया था। यदि ऐसा है तो क्या संबंधित सहायक कम्पनी ने अपेक्षित प्रक्रिया का पालन किया है?	
हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी ने एक क्षेत्र के विलय/पुनर्गठन के समय सम्पत्ति और सम्पत्तियों का सत्यापन अभ्यास किया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
3 यदि कंपनी द्वारा प्रत्येक खान के लिए अलग एस्क्रो खातो का रख–रखाव किया गया है। खाते की निधि की उपयोगिता की भी जांच करें।	
हमें दिए गए सूचनाओं एवं व्याख्याओं के अनुसार, 64 खानों के लिए एस्क्रो खाता खोला गया है तथा अद्यतन तिथि तक इन एस्क्रो खातों से किसी प्रकार की राशि नहीं निकाली गई है।	कोई टिप्पणी नही।
4. यदि भारत सरकार के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लागू अवैध खनन के प्रभाव को विधिवत विचार तथा गणना किया गया है।	
भारत सरकार के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसरण में, झारखंड के कुछ जिला खनन पदाधिकारियों द्वारा 13389.38 करोड़ रू. की मांग, 41 खानों में पर्यावरण मंजूरी सीमा से अधिक खनन के एवज में की गई थी। उक्त मांग के विरूद्ध, कंपनी ने भारत सरकार के कोयला मंत्रालय, माननीय कोल ट्राईब्युनल, जो कि एमएमडीआर अधिनियम के तहत न्यायिक निर्णय प्राधिकरण है, के समक्ष सशोधित याचिका दायर किया है। संशोधन प्राधिकरण ने अपने अंतरिम आदेश दिनांक 16.01.2018 द्वारा उपरोक्त मांग के क्रियान्वयन को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। उक्त मांग को ऋण के रूप में स्वीकृत नहीं किया गया है तथा वित्तीय विवरण के टिप्पणी – 38 के पारा 4 (ए) (1) में आकस्मिक देयता में सम्मिलित किया गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।

"अनुलग्नक–बी" जो 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में कंपनी के सदस्यों हेतु स्वतंत्र अंकेक्षकीय प्रतिवेदन में "अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन" के अनुच्छेद 3(एफ) में निर्दिष्ट है, हम प्रतिवेदित करते हैं कि :

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के सेक्शन 143 के सब सेक्शन 3 के अन्तर्गत क्लॉज (i) अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

31 मार्च, 2019 को कंपनी के समेकित वित्तीय वक्तव्यों के हमारे ऑडिट के साथ हमने 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का ऑडिट किया है (इसके पश्चात् "नियंत्रक कंपनी" निर्दिष्ट किया गया है) और इसकी सहायक कंपनी, जो उस तिथि के अनुसार भारत में निगमित कंपनियाँ हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन की जिम्मेदारी

इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया ('आइसीएआइ') द्वारा आतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु निर्गत वित्तीय प्रतिवेदन में अंकेक्षण मार्गदर्शन टिप्पणी में निर्दिष्ट आंतरिक नियंत्रण अनुसार आवश्यक अवयवों पर आधृत कंपनी द्वारा प्रतिस्थापित वित्तीय प्रतिवेदन मानदण्डों अनुसार कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का निर्माण एवं रख–रखाव, नियंत्रक कंपनी से संबंधित निदेशकीय बोर्ड, इसकी अनुषंगी कंपनी, जो कि भारत में निगमित है, की जिम्मेदारी है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का प्रारूप, कार्यान्वयन और रख–रखाव शामिल है, जो अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहे थे, जिसमें कंपनी की नीतियों का अनुपालन, आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की पहचान एवं रोकथाम और लेखा अभिलेख की सटीकता व पूर्णता तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आवश्यक वित्तीय जानकारी का ससमय निर्माण।

अंकेक्षक की जिम्मेदारी

हमारे अकेक्षण के आधार पर कंपनी की वित्तीय सूचनाओं के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर अभिमत प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने अपना अंकेक्षण आईसीएआई के आतंरिक अंकेक्षण हेतु वित्तीय रिपोर्टिंग ('मार्गदर्शन टिप्पणी) और अंकेक्षण मानकों के आधार पर किया है, एवं जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत माना गया है, जो आतंरिक अंकेक्षण नियत्रण की सीमा तक लागू है. दोनों आतंरिक अंकेक्षण नियंत्रण पर लागू होते हैं, तथा दोनों भारत के चार्टर्ड अकाउंटेट्स संस्थान द्वारा जारी किए गए है। उन मानकों व मार्गदर्शन टिप्पणी के लिए आवश्यक है, कि हम नैतिक आवश्यकताओं एवं योजना का अनुपालन करें तथा वित्तीय प्रतिवेदन पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियत्रण स्थापित किए जाने एवं कायम रखने तथा यदि इन नियंत्रणों को सभी भौतिक विषयों के संदर्भ में प्रभावी तरीके से संचालित किया गया, के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने हेतु अकेक्षण किया जाय।

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

हमारे लेखा परीक्षण मे वित्तीय रिपोर्टिंग और उनके संचालन की प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में लेखा परीक्षण साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारे लेखा परीक्षण में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, मटेरियल कमजोरी के जोखिम का आकलन और आकलन जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण व मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाए, लेखा परीक्षक के फैसले पर निर्भर करती है, जिसमे वित्तीय विवरणों के सामग्री के अशुद्ध वर्णन के जोखिम का आकलन शामिल है, जो चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो।

हमने नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में उल्लिखित उनकी रिपोर्ट के संदर्भ में अन्य ऑडिटर्स द्वारा प्राप्त और ऑडिट साक्ष्य, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी ऑडिट राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणी की तैयारी के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए एक प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उन नीतियों और प्रक्रियाओ को शामिल करना है, जो (1) अभिलेख के रख–रखाव से संबंधित है, विवरणात्मक रूप में, कंपनी की परिसंपत्तियों के सटीक एवं उचित लेन–देन और निपटान को दर्शाते हैं, (2) उचित आश्वासन देते है कि लेन–देन स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों अनुरूप वित्तीय विवरणी के निर्माण करने के लिए आवश्यक है और कंपनी प्रबंधन और निदेशकों की अनुज्ञप्ति के पश्चात कंपनी की प्राप्तियां और व्यय किये जा रहे है और (3) कंपनी की संपत्ति का अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की ससमय पहचान और रोकथाम पर उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसके कारण कंपनी के वित्तीय विवरणों पर मेटेरियल प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अन्तर्निहित परिसीमाएँ

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अन्तर्निहित परिसीमा के कारण, त्रुटी या धोखाधडी से मेटेरियल अशुद्धियाँ, मिलीभगत या नियंत्रण पर अनुचित प्रबंधकीय लंघन किया जा सकता है और इनका पता भी नहीं लगाया जा सकता. साथ ही, अंतरिक वित्तीय नियंत्रण की किसी भी भविष्यवाणी के अनुमान का मूल्यांकन का जोखिम यह है कि बदलते परिदृश्य, या नीति या प्रक्रिया के अनुपालन की दशा के कारण वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में अपकर्षण हो सकता है।

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर

अभिमत :

हमारे अभिमत में, नियंत्रक कंपनी, इसकी अनुषंगी कंपनी जो भारत में निगमित कंपनियाँ हैं, उनके पास, सभी मटेरियल परिप्रेक्ष्य में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर समुचित आतंरिक नियंत्रण प्रणाली है एवं इन प्रकार के आतंरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च 2019 को प्रभावकारी रूप से कार्य कर रहे थे, जो इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय विवरण के आतंरिक वित्तीय विवरण के अंकेक्षण हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के मानदंड पर निर्मित की गयीं है।

अन्य मामले

अधिनियम के सेक्शन 143(3)(i) के अन्तर्गत अनुषंगी कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पूर्णता एवं संचालन की प्रभावकारिता से संबंधित हमारी उपरोक्त रिपोर्ट भारत में निगमित कंपनी के अंकेक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

कृते के. सी. टाक एण्ड कं.
चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स,
(फार्म पंजीकरण संख्या 000216सी)

(सीए अनिल जैन)
पार्टनर
(मेम्बरशीप संख्या 079005)

स्थान : राँची
दिनांक : 11.06.2019